RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 41
लखनऊ, रविवार, 28 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




जाह्नवी कपूर ने मिली की शूटिंग पूरी की

विविध-11

# कोरोना के नए स्वरूप को लेकर सतर्क रहने की जरूरतः मोदी

● ओमीक्रोन का पता चलने के बाद प्रधानमंत्री ने शीर्ष अधिकारियों के साथ अहम बैठक की

**भाषा।** नई दिल्ली



शीर्ष अधिकारियों के साथ ऑन लाइन बैठक करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन का पता चलने और इसे लेकर दुनिया भर में पैदा हुई आशंकाओं के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को प्रोएक्टिव रहने की आवश्यकता जताई और संभावित खतरों के मद्देनजर अधिकारियों से अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों में ढील देने की योजना की समीक्षा करने को भी कहा। प्रधानमंत्री ने लोगों से अत्यधिक सतर्क रहने तथा मास्क पहनने व उचित दूरी सहित बचाव के सभी अन्य उपायों का पालन करने की भी अपील की।

देश में कोविड-19 की ताजा स्थिति और जारी टीकाकरण अभियान की समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री ने शीर्ष अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। लगभग दो घंटे चली इस बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को चिंता का विषय बने ओमीक्रोन और उसकी प्रकृति, विभिन्न देशों में इसके प्रभाव और भारत पर इसके असर के बारे में जानकारी दी और साथ ही संभावित प्रभावों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी ने नए स्वरूप को देखते हुए प्रोएक्टिव रहने की आवश्यकता के बारे में बताया। पीएमओ के मुताबिक उन्होंने कहा, नए खतरे को देखते हुए लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है और मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी का पालन करने जैसी उचित सावधानी बरतने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने जोखिम वाले देशों के रूप में चिह्नित किए गए देशों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी अंतरराष्ट्रीय आगमन की निगरानी और दिशानिर्देशों के अनुरूप यात्रियों की जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने अधिकारियों से सामने आ रहे नए साक्ष्यों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों में ढील देने की योजना की समीक्षा करने को भी कहा। प्रधानमंत्री को देश में अनुक्रमण प्रयासों और फैल रहे कोरोना के स्वरूप का संक्षिप्त विवरण दिया गया। इस सिलसिले में उन्होंने निर्देश दिया कि जीनोम अनुक्रमण के नमूने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और समुदाय से नियमों के अनुसार एकत्र किए जाएं, उनकी आईएनएसएसीओजी (इंडियन सार्स-कोविड-2 कंसोर्टियम ऑन जिनोमिक्स) के तहत पहले से स्थापित प्रयोगशालाओं के नेटवर्क तथा कोविड-19 प्रबंधन के लिए चिह्नित शुरूआती (शेष पेज 8)

## नया स्वरूप कोई आपदा नहीं ब्रिटेन के शीर्ष वैज्ञानिकों ने कहा

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन के शीर्ष वैज्ञानिकों ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस का नया स्वरूप कोई बड़ा खतरा नहीं है और टीके अब भी इससे होने वाली बीमारी से बचाव कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वायरस के नए स्वरूप को संभवतः अधिक संक्रामक बताया जा रहा है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ओमीक्रोन नाम दिया है।

वहीं अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. एंथनी फाउची ने कहा है कि अमेरिकी वैज्ञानिक कोरोना के नए स्वरूप ओमीक्रोन की जांच तथा यह पता लगाने के लिए बहुत सक्रियता से संवाद कर रहे हैं कि यह एंटीबॉडी को भेदता है या नहीं। ब्रिटेन सरकार के स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन स्थिति से जुड़े वैज्ञानिक सलाहकार समूह (एसएजीई) के एक सूक्ष्म जीवविज्ञानी प्रोफेसर कैलम सेम्पल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में सामने आया और दुनियाभर में सुर्खियों में छाया नया स्वरूप बी.1.1.1.529 (ओमीक्रोन) कोई बड़ी आपदा नहीं है। उन्होंने बीबीसी से कहा, यह कोई बड़ा खतरा नहीं है, और मेरे कुछ सहयोगियों के इसे भयानक बताने संबंधी सुर्खियां... मुझे लगता है कि स्थिति को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

सेम्पल ने कहा, टीकाकरण से मिलने वाली प्रतिरक्षा अब भी आपको गंभीर बीमारी से बचा सकती है। आपको सूंघने या सिरदर्द या सर्दी संबंधी दिक्कत हो सकती है, लेकिन आपके अस्पताल में भर्ती होने की संभावना, या गहन देखभाल या दुखद रूप से (शेष पेज 8)

# विपक्षी नेताओं के बयानों से गिरगिट भी शरमा जाएः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोंडा, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग बार-बार रंग बदलते हैं और इनके बयानों से तो कभी गिरगिट भी शरमा जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को गोंडा जिले के बलरामपुर चीनी मिल परिसर, मैजापुर, में 450 करोड़ रुपए की लागत से 65.61 एकड़ में बनने वाले एथेनॉल संयंत्र का शिलान्यास करने के बाद एक समारोह यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ये लोग जातिवाद, क्षेत्रवाद, बेईमानी और भ्रष्टाचार फैलाते थे, दंगे करवाते थे, इनके दोहरे चरित्र में आप लोग कभी मत आना, इनके बहकावे में कभी मत आना, इनके बयानों से तो कभी गिरगिट भी शरमा जाए, ए लोग बार-बार रंग बदलते हैं।

उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, आज एशिया के सबसे बड़े एथेनॉल संयंत्र का शिलान्यास हो रहा है, बीजापुर चीनी मिल क्षमता को भी बढ़ाया गया है। यहां पर 15 मेगावाट बिजली भी बनाई जाएगी। इन कार्यों के लिए जनता को बधाई देते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने अयोध्या में बन रहे भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की चर्चा करते हुए कहा, अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने के लिए किसने रोका था। कांग्रेस को किसने रोका, बुआ (मायावती) को किसने रोका और बबुआ (अखिलेश यादव) को किसने रोका। गौरतलब (शेष पेज 8)



जौनपुर के टीडी कालेज में काशी क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण

## उत्तर प्रदेश को न बुआ चाहिए, न बबुआ चाहिए, सिर्फ बाबा चाहिएः राजनाथ


**जौनपुर (भाषा)।** रक्षामंत्री और भाजपा के काशी क्षेत्र के बूथ प्रभारी राजनाथ सिंह ने शनिवार को बसपा की अध्यक्ष मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उप्र. को न बुआ (मायावती) और न बबुआ (अखिलेश यादव) चाहिए, राज्य को सिर्फ बाबा (योगी आदित्यनाथ) चाहिए। यहां टीडी कालेज में काशी क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा उत्तर प्रदेश को न बुआ (मायावती) चाहिए न बबुआ (अखिलेश यादव) चाहिए, सिर्फ बाबा (योगी आदित्यनाथ) चाहिए। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा के गठबंधन के बाद बसपा प्रमुख मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जोड़ी को बुआ-बबुआ का नाम मिला था। सिंह ने कहा आप तो जानते ही हैं कि योगी जी कितने बड़े बल्लेबाज हैं, जिस दिन सोशल मीडिया में योगी जी के कंधे पर मोदी जी के हाथ रखी तस्वीर आई थी, तब जानते हैं कि मोदी जी ने क्या कहा था- योगी जी आप चिंता मत करिए, आप धड़ाधड़ (शेष पेज 8)

## तमिलनाडु में वर्षा का कहर जारी, सामान्य से 75 फीसद अधिक वर्षा हुई

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कई क्षेत्रों में मानसूनी बारिश का कहर अब भी जारी है और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को यहां जलमग्न क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए बड़े पंपों से पानी निकाले जाने की निगरानी की। राज्य में सामान्य से करीब 75 फीसद अधिक वर्षा हुई है। अधिकारियों ने बताया कि तिरूनेलवेली जैसे तमिलनाडु के उत्तरी एवं दक्षिणी हिस्सों में भारी वर्षा होने एवं 29 नवंबर की सुबह तक तट से सटे क्षेत्रों में वर्षा होने के मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर 11,329 लोगों को 123 आश्रय स्थलों पर ठहराया गया है। ये आश्रय स्थल तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपेट, कुड्डालोर, नागपट्टिनम, पुडाकोट्टई, तूतीकोरिन, अरियालूर, पेरंबलूर, डिंडिगुल, रानीपेट्टई, तिरूपत्तूर, तिरुवनमलाई और वेल्लोर जिलों में हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की इकाइयां चेंगलपेट और कांचीपुरम जिलों में तैनात की गई हैं। चेन्नई में 653 लोग छह आश्रय स्थलों में ठहराए गए हैं और आज उनके बीच खाने के 825 पैकेट बांटे गए।

# पराली जलाना अपराध नहीं होगा, सरकार ने किसानों की मांग मानी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रदर्शनकारी** किसानों से अपना आंदोलन समाप्त करने की अपील करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने पराली जलाने को अपराध की श्रेणी से बाहर करने की उनकी मांग पर सहमति जताई है। तोमर ने एक बयान में कहा कि किसानों की दूसरी मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और फसल विविधीकरण पर चर्चा की है। 19 नवंबर को गुरु पर्व के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित समिति के गठन के साथ यह मांग भी पूरी होगी। मंत्री ने कहा, किसानों की मांग पराली जलाने को अपराध से मुक्त करने की थी।

सरकार इस मांग पर सहमत हो गई है। आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ मामले वापस लेने के संबंध में तोमर ने कहा कि यह राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कहा, मामलों की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकारों को फैसला करना होगा और मुआवजे का मुद्दा भी उन्हें ही तय करना होगा। उन्होंने कहा कि हर राज्य अपने प्रदेश के कानून के अनुसार फैसला करेगा। यह कहते हुए कि सरकार द्वारा तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के बाद आंदोलन जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है, तोमर ने कहा, इसलिए मैं सभी किसान संगठनों से विरोध को नैतिक रूप से समाप्त करने और अपना बड़ा दिल दिखाने की अपील करता हूं। उन्हें वापस अपने घर लौटना चाहिए। मंत्री ने कहा कि विरोध करने वाले किसानों ने शुरू में तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग की थी, जिसे सरकार ने उनके हित को ध्यान में रखते हुए स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसे 29 नवंबर से शुरू होने वाले संसद के आगामी सत्र की शुरुआत में पेश किया जाएगा। तोमर ने यह भी कहा कि सरकार को इस बात का अफसोस है कि वह कुछ किसान संगठनों को इन कृषि कानूनों के लाभ के बारे में समझाने में सफल नहीं हो सकी। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे किसानों के आंदोलन को अब एक साल से अधिक हो गया है। दिल्ली की सीमाओं पर बैठे किसानों में ज्यादातर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों से यहां आए हैं।

## 29 नवंबर का संसद तक ट्रैक्टर मार्च स्थगित हुआ

**नई दिल्ली (भाषा)।** किसान नेताओं ने शनिवार को कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने संसद तक 29 नवंबर को आहूत अपने ट्रैक्टर मार्च को स्थगित कर दिया है और अगले महीने एक बैठक में आगे की कार्वाई तय की जाएगी। मार्च को स्थगित करने का निर्णय संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से दो दिन पहले किया गया है। संसद सत्र में तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया जाना है। पिछले एक साल से कानूनों का विरोध कर रहे किसान संगठनों का नेतृत्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा ने यह भी कहा कि वह किसानों को उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन (शेष पेज 8)

## कानून वापसी का बिल संसद में कल आएगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश करेगी जिसमें कहा गया है कि किसानों का एक छोटा समूह इन कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन समय की जरूरत है कि समावेशी विकास के लिए सबको साथ लेकर चला जाए। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन यानी सोमवार की लोकसभा की कार्यवाही सूची में इस विधेयक को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तीनों कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर निचले सदन में इस विधेयक को (शेष पेज 8)

**एयरसेल-मैक्सिस मामला**

# अदालत ने पी. चिदंबरम, उनके बेटे कार्ति को 20 दिसंबर को किया तलब

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** की एक अदालत ने एयरसेल-मैक्सिस मामले में सीबीआई और ईडी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर शनिवार को संज्ञान लिया और उन्हें 20 दिसंबर को तलब किया। विशेष न्यायाधीश एम. के.नागपाल ने इस बात पर गौर करते हुए आदेश पारित किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में चिदंबरम और अन्य आरोपियों को समन भेजे जाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

सीबीआई और ईडी ने अदालत को सूचित किया कि ब्रिटेन और सिंगापुर को जांच से जुड़ी और सूचना प्राप्त करने के वास्ते अनुरोध पत्र भेजे गए हैं और इस संबंध में कुछ प्रगति हुई है। अदालत में ईडी का प्रतिनिधित्व विशेष लोक अभियोजक एन.के. मट्टा ने किया जबकि सीबीआई के लिए अधिवक्ता नूर रामपाल पेश हुए। यह मामला एयरसेल-मैक्सिस समझौते के लिए विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) द्वारा दी गई मंजूरी में कथित अनियमितता से जुडा है। इस समझौते को वर्ष 2006 में मंजूरी दी गई थी, तब चिदंबरम केंद्रीय वित्त मंत्री थे। सीबीआई और ईडी ने आरोप लगाया है कि वित्त मंत्री रहते हुए चिदंबरम ने समझौते को अपने अधिकार क्षेत्र से परे जाकर मंजूरी दी जिससे कुछ लोगों को लाभ हुआ।

## नक्सलियों ने की तोड़फोड़ मालगाड़ी के तीन इंजन और 18 डिब्बे पटरी से उतरे

**भाषा।** दंतेवाड़ा

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में किरंदुल-विशाखापत्तनम रेल मार्ग पर नक्सलियों ने पटरियों को उखाड़ दिया है, जिससे इस घटना में एक मालगाड़ी के तीन इंजन और 18 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है। हालांकि जगदलपुर और किरंदुल के बीच ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई है। दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने शनिवार को बताया कि नक्सलियों ने शुक्रवार रात जिले के भांसी और कामालूर रेलवे स्टेशनों के मध्य पटरियों को उखाड़ दिया है, जिससे मालगाड़ी के तीन इंजन और 18 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। पल्लव ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि लौह अयस्क से लदी ट्रेन बचेली से विशाखापत्तनम के लिए रवाना हुई थी। जब वह भांसी और कामालूर रेलवे स्टेशनों के मध्य पहुंची तब शुक्रवार (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,107 | |
| निफ्टी | 17,026 | |
| सोना | 47,155 | /10g |
| चांदी | 62,145 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हिज्बुल मुजाहिदीन के दो मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलो ने शनिवार को पुलवामा जिले मे हिज्बुल मुजाहिदीन (एचएम) आतंकवादियो के दो सहयोगियो को गिरफ्तार किया है और उनके पास से गोला-बारूद तथा अपराध मे इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। पुलिस केएक प्रवक्ता ने बताया किउनकी पहचान मुजम्मिल अय्यूब भट और सुहैल मंजूर मोहंद केरुप मे हुई है। दोनो शाहाबाद खरपोरा बाला लाल गाम, अवंतीपोरा केनिवासी हैं। प्रवक्ता ने कहा, दक्षिण कश्मीर जिले के अवंतीपोरा इलाके में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्बुल-मुजाहिदीन केआतंकवादियों के दो सहयोगियो को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने कहा किउनकेपास से गोला बारूद और अपराध में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है, जिसमें एके-47 के 383 कारतूस शामिल हैं।

# ईशनिंदा विरोधी कानून की मांग के विरोध में जावेद, शबाना, नसीरुद्दीन

● ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने की थी मांग

**भाषा।** नई दिल्ली




**ऑल** इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से ईशनिंदा विरोधी कानून की मांग किए जाने के कुछ दिनों बाद शनिवार को गीतकार जावेद अख्तर और अभिनेता नसीरुद्दीन शाह समेत कई बुद्धिजीवियों ने इस मांग का पुरजोर विरोध किया और कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में ईशनिंदा को अपराध ठहराने से संबंधित कोई कानून नहीं हो सकता। पिछले दिनों पर्सनल लॉ बोर्ड ने कुछ शरारती तत्वों द्वारा पैगम्बर मोहम्मद का अपमान किए जाने की ओर सरकार का ध्यान खींचा था और कहा था कि ईशनिंदा के खिलाफ कानून होना चाहिए। इंडियन मुस्लिम्स फॉर सेक्युलर डेमोक्रेसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ईशनिंदा विरोधी कानून की मांग करना असंवैधानिक है। इस बयान पर अख्तर, शाह, अभिनेत्री शबाना आजमी, फिल्मकार आनंद पटवर्धन तथा कुछ अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं। बयान में कहा गया है कि यह संगठन इस सिद्धांत का पुरजोर समर्थन करता है कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में ईशनिंदा को अपराध ठहराने का कोई कानून नहीं होना चाहिए।

# अविवेकपूर्ण टिप्पणी संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है

● संविधान दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने न्यायाधीशों से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



संबिधान दिवस पर कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने कहा है कि अविवेकपूर्ण टिप्पणी भले ही अच्छे इरादे से की गई हो, वह न्यायपालिका के महत्व को कम करने वाली संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है। उन्होंने न्यायाधीशों से कहा कि वे अदालत कक्षों में अपनी बात कहने में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें। वहीं प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण ने कहा कि विधायिका कानूनों के प्रभाव का आकलन या अध्ययन नहीं करती है, जो कभी-कभी बड़े मुद्दों की ओर ले जाते हैं और परिणामस्वरूप न्यायपालिका पर मामलों का अधिक बोझ पड़ता है। उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा कि न्याय वह महत्वपूर्ण आधार है, जिसके चारों ओर एक लोकतंत्र घूमता है, तथा यह तब और मजबूत होता है जब राज्य की तीन संस्थाएं- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका- एक सामंजस्यपूर्ण ढंग से अस्तित्व में होती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, संविधान में, प्रत्एक संस्था का अपना परिभाषित स्थान होता है जिसके भीतर वह कार्य करती है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यायपालिका ने अपने लिए उच्चतम मानक स्थापित किया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कोविंद के हवाले से कहा गया, इसलिए, न्यायाधीशों का यह भी दायित्व है कि वे अदालत कक्षों में अपने बयानों में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें। अविवेकपूर्ण टिप्पणी, भले ही अच्छे इरादे से की गई हो, न्यायपालिका के महत्व को कम करने वाली संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है। कोविंद ने कहा कि लोग न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद संस्था मानते हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों के खिलाफ की जाने वाली टिप्पणियों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, ...सोशल मीडिया मंचों पर न्यायपालिका के खिलाफ अपमानजनक (शेष पेज 8)

## ऐसी स्थिति में नहीं रहा जा सकता, जहां कानूनों का क्रियान्वयन मुश्किल होः किरेन रिजिजू


**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को यहां कहा कि ऐसी स्थिति में नहीं रहा जा सकता, जहां विधायिका द्वारा पारित कानूनों और न्यायपालिका द्वारा दिए गए फैसलों को लागू करना मुश्किल हो। उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय संविधान दिवस कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कभी-कभी, अपने अधिकारों की तलाश में, लोग दूसरों के अधिकारों और अपने कर्तव्यों के बारे में भूल जाते हैं।



मंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों के बीच संतुलन तलाशने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद और राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयक और उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले देश के कानून होते हैं। रिजिजू ने हिंदी में कहा, ऐसी नौबत हम कैसे देख सकते हैं कि उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय, विधानसभा या संसद कानून पारित कर दे, फिर भी लागू करने में अगर मुसीबत होती है तो हम सबको (शेष पेज 8)

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 28 नवंबर, 2021








## सीट की तलाश

संगठन के फरमान के बाद से अब नेता जी परेशान हो गए हैं। संगठन ने साफ कहा है कि इस बार मंत्री भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। अब हमारे डिप्टी सीएम साहब उच्च सदन के सदस्य हैं और चुनाव नहीं लड़ा है। हां यह जरूर है कि नगर के प्रथम नागरिक जरूर रह चुके हैं। अब उनकी निगाह लखनऊ की सबसे सुरक्षित सीट की तलाश में है। डिप्टी साहब की नजर शहर की उस सीट पर है जिससे चुने एक जन प्रतिनिधि इस समय शहर के विकास का जिम्मा देख रहे हैं। अब जब उनको इस बात की भनक लगी तो वह भी परेशान हो गए हैं लेकिन अभी संगठन का वरदहस्त शहर का विकास कर रहे मंत्री जी के ऊपर ही है। अब डिप्टी साहब को चुनाव तो लड़ना ही है लेकिन किसी सुरक्षित सीट की तलाश तेज हो गई है ताकि उस सीट से चुनाव लड़ने में कोई अड़चन न आने पाए। अब डिप्टी साहब तो खुद परेशान हो ही गए हैं लेकिन उन्होंने कई माननीयों की टेंशन भी बढ़ा दी है।

## प्रदूषण की चुनौती

कैसे जाएगा प्रदूषण बड़े साहब! जब नगर निगम के एंटी गन वाटर स्प्रिंकल व्हीकल केवल मुख्यालय और उसके सामने की सड़कों तक ही सीमित रहेगा। नगर निगम एनजीटी के आदेश पर पूरे शहर में वायु प्रदूषण को खत्म करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। शहर की प्रथम महिला के आदेश भी बेअसर है। इसमें निर्माणाधीन साइट, अवैध निर्माण और पानी छिड़काव किया जा रहा है। एंटी गन वाटर स्प्रिंकल से वातावरण और पेड़ों पर जमीं धूल को हटाया जा रहा है। दुर्भाग्य से यह कार्य हजरतगंज, लालबाग में जरूर हो रहा है पर पूरे लखनऊ में नहीं किया जा रहा है। जहां हो रहा है, वहां केवल औपचारिकता ही निभायी जा रही है। यही नहीं केवल कुछ गिनी चुनी मशीनों से वातावरण में फैली धूल को कैसा हटाया जा सकेगा। खुले में सरकारी और गैरसरकारी निर्माण कार्य किया जा रहा है। सभी एलडीए और नगर निगम के क्षेत्रों पर बना रहे बिल्डरों पर स त कार्रवाई के स्थान पर उन्हें छूट दी गयी है जिसे ढका तक नहीं जा रहा है। ये हाल है पूरे क्षेत्र का जब स्प्रिंकल वाटर मशीनें तकरोही, केशव नगर, चिनहट, हरदासी खेड़ा, सरदार खेड़ा सहित दूसरे अर्धग्रामीण क्षेत्रों तक जाती ही नहीं हैं।

## जम नहीं रहा खेल

समाजवादी अब राजनीति के साथ ही खेल भी खेलने लगे। इस समाजवादी खेल को खेलने के लिए कैप्टन ऐसे आदमी को बनाया है जिसका बड़ा भाई गांधी परिवार के पंजे में पूरी तरह फंसा हुआ है। यह वही बड़े भैया हैं जो कभी हाथी पर बैठकर गांधी परिवार और समाजवाद को जी भर कोसा करते थे। आज वही बड़ के भैया हाथी से उतरकर गांधी के पंजों में जा बसे हैं और छोटे भैया खेल खिलाड़ी की भूमिका से दूर होकर समाजवाद की राजनीति करने उतरे हैं। समाजवादियों ने फिलहाल अभी इन महोदय को केवल खेल की ही जिम्मेदारी दी है लेकिन वह अभी कोई खास खेल दिखा नहीं पा रहे हैं। शायद उन्हें लगा था कि यह राजनीति भी उनके वॉलीबॉल खेल की तरह है कि बस हाथ मारेंगे गेंद पर ऊपर चली जाएगी लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है। जब से खेल की जिम्मेदारी मिली है तब से वह अपने समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष को रिझाने के लिए वह तरह तरह के करतब दिखा रहे हैं। कभी 'खेल गोला' बनाते हैं कभी कुछ और नया करने का प्रयास करते हैं लेकिन अभी तक फिलहाल केवल गोला ही बना पाए हैं। अब देखना है कि समाजवादी खेल प्रकोष्ठ के नए नवेले अध्यक्ष व प्रभारी महोदय कब तक गोला बनाकर अपने समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष को गोल गोल घुमाते हैं।

## परंपरा के वाहक

योगी सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री अपने पिता की रास्ते पर चल पडे है। उन्होंने ने पिछले दिनों मीडिया के साथ एक आयोजन करके पिता की परंपरा को आगे बढाया। कोरोना संकट के चलते यह पिछले कुछ सालों से टूट चुकी था। परंपरा को फिर से चालू होने पर सरकार के यह मंत्री बहुत भावुक हुये। इस दौरान मंत्री जी की आंखे कई बार भर आयी। खास बात यह थी कि आवास पर रखा गया यह आयोजन किसी अन्य आयोजनों से एकदम हटकर था जिसमे परिवार के सभी सदस्य कुछ इस तरह जुटे थे जैसे पिता के छोड़े किसी काम को आगे बढ़ा रहे है। मंत्री और उनके परिवार को पिता प्रेम इन दिनों नौकरशाही और मीडिया में चर्चा का विषय बना है और हर तरफ उनके व्यवहार की तारीफ हो रही है। आयोजन में आये लोग भी मंत्री जी के पिता की पुरानी यादों को ताजा करके चर्चा करते नजर आये। वैसे मंत्री जी को योगी सरकार में जिम्मेदारी पिता की विरासत के रूप में मिली है और कमोवेश वह उसी विभाग को देख रहे हैं जो यूपी की भाजपा सरकार में कभी उनके पिता देखा करते थे। मीडिया के बीच मंत्री के पिता को एक अच्छे नेता और अविभावक के रूप में गिना जाता है।

## इच्छाधारी संस्थान

उम्र के 100 वर्ष के पड़ाव को पार करने के बाद इच्छाधारी भावना लोकोक्तियों के अनुसार जन्म लेती है। ऐसा ही अपना विश्वविद्यालय हो गया है। जैसे चाहे वैसे करे। कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। बात संस्थान के सालाना जलसे दीक्षान्त से सम्बंधित है। पहले यह जलसा खुले मैदान में होते थे। बड़े बड़े टेंट, सैकड़ों कुर्सियां, साजसज्जा यह बताने के लिए काफी होते थे कि दीक्षान्त उत्सव मनाया जाने वाला है। नामचीन लोगो से लेकर संस्थान के आम छात्र इसमें शिरकत करते थे। मेडल पाने वाले छात्र घण्टों फोटो खींचते थे। अब तो बदली परम्परा में जबसे विभाग स्तर पर मेडल बंटने लगे तब से इसका क्रेज ही गिर गया है। कभी चर्चा भी नहीं होती इन मेडलों की। अब एक दिन पहले की ही बात ले लीजिए, 350 सीट वाले सभागार में आयोजित कार्यक्रम से छात्रों को ही दूर रखा गया। छात्र के नाम पर वही 15 छात्र बस मौजूद थे जिन्हें मेडल मिलना था। बाकी छात्रों को इस कार्यक्रम से दूर रखा गया। यहां तक की पीएचडी स्टूडेंट्स तक को प्रवेश की इजाजत नहीं थी। अगर सही से देखा जाय तो विवि के ही तकरीबन 500 शिक्षक हैं। ऊपर से तकरीबन 1500 के आसपास कर्मचारी। संस्थान का कार्यक्रम है। इसलिए नियमत: सभी को शामिल होने चाहिए। पर 350 सीट वाले सभागार में यह मुमकिन नही है और उसके ऊपर छात्र तो फिर आप अंदाजा लगा सकते हैं। मगर मुखिया की मर्जी पर सादे समारोह की तरह कार्यक्रम को निपटाया गया। अब ऐसे में इसे इच्छाधारी कहा जाय तो ज्यादा मुनासिब होगा।

# बुंदेलखंड पर घड़ियाली आंसू बहाना छोड़ें प्रियंका: खन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बुंदेलखंड को लेकर प्रियंका गांधी वाड्रा के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि दशकों तक देश और प्रदेश में शासन करने वाली कांग्रेस ने बुंदेलखंड को भूखा, प्यासा और विकास से कोसों दूर रखा, आज जब मोदी-योगी सरकार में यहां के लोग भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं तो प्रियंका गांधी वाड्रा महोबा में घड़ियाली आंसू बहा रहीं हैं। प्रियंका को आंसू बहाना ही है तो थोड़ा राजस्थान में भी बहा लेतीं जहां दलितों पर अत्याचार की घटनाएं लगातार सुर्खियां बन रही हैं। सुरेश खन्ना ने कहा कि यह राजनीतिक विडंबना ही है कि अखिलेश यादव को भाजपा के हर विकास कार्यों का श्रेय लेने और प्रियंका को विकास न देख पाने का रोग लग गया है। यही वजह कि प्रियंका को बुंदेलखंड के कायाकल्प की बदलती तस्वीर नहीं दिख रही है आज बुंदेलखंड में सिंचाई की वर्षों से लटकी योजनाएं जमीन पर उतर रहीं हैं। गत दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने बुंदेलखंड को अर्जुन सहायक नहर सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की सौगात दी।


**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल nnlko@up.nic.in

संख्या : 157/मु.अ./21-22 दिनांक : 26.11.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु 10.12.2021 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 09.12.2021 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है । निविदा दिनांक 10.12.2021 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त, लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष मे रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को 10.12.2021 को अपरान्ह 4 बजे बाबू राजकुमार श्रीवास्तव नवीन समिति कक्ष मे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूयटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व वाइब्रेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 12% GST | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म. नं.-ई.डी.-1/349 के बगल वाली गली में नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 680960.00 | 13619.00 | 2 माह | 681.00 | 82.00 | 763.00 |
| 2 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म. नं.-एस.एस.-II/289 के सामने एस.एस.-II/268 तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। . | 730979.00 | 14620.00 | 2 माह | 731.00 | 88.00 | 819.00 |
| 3 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म.नं.-एस.एस.-II/324 से एस.एस.-II/304 तक सड़क व नाली का कार्य। | 857273.00 | 17145.00 | 2 माह | 857.00 | 103.00 | 960.00 |
| 4 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म.नं.-एस. एस./210 तथा एस.एस./865 के सामने आवासीय पार्कों में नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 576692.00 | 11534.00 | 2 माह | 577.00 | 69.00 | 646.00 |
| 5 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में मकान संख्या-एम./334 के आसपास क्षतिग्रस्त मैनहोल का सुधार व मन्दिर प्रांगण के सामने से सम्पर्क मार्ग तक अवशेष नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 801038.00 | 16021.00 | 2 माह | 801.00 | 96.00 | 897.00 |
| 6 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में मकान संख्या-ई.डी.-1/597 गुड्डू दीक्षित के घर के पास इण्टरलाकिग व नाली का कार्य। | 881112.00 | 17622.00 | 2 माह | 881.00 | 106.00 | 987.00 |
| 7 | विद्यावती प्रथम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एफ.में सामुदायिक केन्द्र से लेकर छोटे लाल कनौजिया के मकान तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 863610.00 | 17272.00 | 2 माह | 864.00 | 104.00 | 968.00 |
| 8 | विद्यावती प्रथम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एफ.में म.सं. -एल.-1/23 के सामने पार्क तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 674113.00 | 13482.00 | 2 माह | 674.00 | 81.00 | 755.00 |
| 9 | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत रामगढ़ कालोनी में बीरपाल एडवोकेट के सामने से कानपुर रोड तक भूमिगत जल निकासी का कार्य। | 925217.00 | 18504.00 | 2 माह | 925.00 | 111.00 | 1036.00 |
| 10 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म.नं.-एस.एस.-III/157 से तिवारी जी के घर तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 880001.00 | 17600.00 | 2 माह | 880.00 | 106.00 | 986.00 |
| 11 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-जी. में मल्टीएक्टिविटी के कोने से नाला पुलिया तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 825812.00 | 16516.00 | 2 माह | 826.00 | 99.00 | 925.00 |
| 12 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म.नं.-एस.एस.-II/77 से डी.-1 में एस.एस.-II/59 तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 869466.00 | 17389.00 | 2 माह | 869.00 | 104.00 | 973.00 |
| 13 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में जंगल की सफाई, जलकुंभी, जलीय पौधे व गाद आदि की सफाई का कार्य । | 863000.00 | 17260.00 | 2 माह | 863.00 | 104.00 | 967.00 |
| 14 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब के तटबन्ध हेतु मिट्टी भराई,ड्रेसिंग एवं पानी निकालने आदि का कार्य। | 823000.00 | 16460.00 | 2 माह | 823.00 | 99.00 | 922.00 |
| 15 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब की बाउण्ड्रीवाल, कॉलम एवं रिटेनिंग वॉल व बीम आदि का कार्य। | 863000.00 | 17260.00 | 2 माह | 863.00 | 104.00 | 967.00 |
| 16 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में लोहे के ग्रिल, गेट आदि का कार्य। | 859000.00 | 17180.00 | 2 माह | 859.00 | 103.00 | 962.00 |
| 17 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब के बाहर वॉक-वे के निर्माण का कार्य। | 885000.00 | 17700.00 | 2 माह | 885.00 | 106.00 | 991.00 |
| 18 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में रिटेनिंग दीवाल, प्लास्टर,रंगाई पुताई, कोटा स्टोन आदि का निर्माण कार्य। | 846000.00 | 16920.00 | 2 माह | 846.00 | 102.00 | 948.00 |
| 19 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में बच्चों के खेलने के उपकरण (झूले आदि) व सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 883000.00 | 17660.00 | 2 माह | 883.00 | 106.00 | 989.00 |
| 20 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में शौचालय का निर्माण कार्य। | 846000.00 | 16920.00 | 2 माह | 846.00 | 102.00 | 948.00 |
| 21 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में ओपेन एयर जिम की स्थापना का कार्य। | 839000.00 | 16780.00 | 2 माह | 839.00 | 101.00 | 940.00 |

**शर्ते :-** 1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर , नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। धरोहर राशि 2 प्रतिशत निविदा के समय जमा करनी होगी एवं सफल निविदादाताओं को अनुबन्ध से पूर्व अवशेष जमानत धनराशि (रू0 40.00 लाख की धनराशि तक 8 प्रतिशत एवं 40.00 लाख के ऊपर अवशेष 3 प्रतिशत) जमानत राशि नियमानुसार नगर निगम कोष में जमा करानी होगी। 3. पेवर से सम्बन्धित कार्य पेवर/प्लान्ट से ही क्रियान्वित कराये जायेंगे परन्तु ऐसे कार्यो की निविदाओं में प्रतिभाग हेतु पेवर/प्लांट होना आवश्यक नही है। 4. 15 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदाओं को स्वतः निरस्त माना जायेगा। 5. 15 प्रतिशत कम तक की निविदा हेतु अतिरिक्त जमानत धनराशि (aditional Performance Guarantee) जमा करनी होगी। 6. 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटीध्परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। 7. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी.एस.टी. का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। 8. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019, दिनांक-20.09.19 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। 9. शासनादेश सं. -715/नौ-5-18-120बजट/2013, नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 17.03.2018 के द्वारा लिया गया निर्णय की ''नगरीय सड़क सुधार योजनार्गत सीमेन्ट कंकरीट (सी.सी.) की सड़क पर 05 वर्षो तक रख-रखाव किये जाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदारों की होगी। बिटुमिन रोड के 05 वर्षों तक के रख-रखाव हेतु आगणन मे अतिरिक्त धनराशि सम्मिलित की जायें। परियोजना लागत की 05 प्रतिशत धनराशि परफार्मेश गारन्टी के रूप मे 05 वर्ष रोकने के उपरान्त सड़कों के समुचित रख-रखाव होने की दशा मे भुगतान सम्बन्धित ठेकेदार को किया जायें'' के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित कराना होगा।

**मुख्य अभियन्ता**


### भूमिहीन किसानों के जीवन में लौटी मुस्कान

**लखनऊ।** राज्य के किसानों को अपने एजेंडा में आगे रखकर चल रही योगी सरकार भूमिहीन किसानों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने में सफल होती दिखी है। उन्हें सम्मान देने के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार के सरकार ने बड़े प्रयास किये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 254.04 करोड़ किसानों के खातों में 37388 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2 करोड़ 5 लाख किसानों का बीमा किया गया है। इससे रारज्य के 25 लाख 60 हजार किसानों को लाभ मिला। किसानों के खातों में 2208 करोड़ भेजा गया। एमएसपी में लगभग दोगुना बढ़ोत्तरी की गई है । किसानों से 433.86 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न खरीद कर 66 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया।

# भाजपा सरकार ने महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दी

● बीजेपी के कमल शक्ति संवाद में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विपक्षी दलों पर जमकर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** के कमल शक्ति संवाद कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने विश्वश्वरैया प्रेक्षागृह में शनिवार को आयोजित समारोह को संबोधित किया। स्मृति ईरानी ने इस दौरान राज्य और केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और उत्थान से जुड़ी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बात की गयी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सम्मान व सुरक्षा दी है।

महिलाओं से बात करते हुए उन्होंने कहा की एक मां अपने बच्चे को बतलाती है कि एक वक्त की रोटी परिजनों में कैसे बांटना है, बिना द्वेष की भावना से जो सबसे कमजोर है उसको कैसे खिलाना है। ऐसी माताएं इस देश की मजबूत स्तंभ हैं। साथ ही उन्होंने कहा की पहले इस राज्य में महिलाओं को सरेआम परेशान किया जाता था, उन्हें प्रताड़ित किया जाता था और विपक्षी पार्टी के नेताजी कहा करते थे की लड़के हैं गलती हो जाती है।

उन्होंने महिलाओं को पूर्व सरकार के कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा की वह डर जो केवल बेटी के लिए नहीं बल्कि मां के लिए भी अभिशाप बन जाता था। वह मां जो दरवाजे पर नजरें टिका कर रखती थी कि सूरज ढलने से पहले भगवान करे बेटी लौट आए और लौटे तो सम्मान से ही लौटे। उन्होंने कहा की महिला संरक्षण आज हमारी सरकार के लिए मात्र एक वाक्य नहीं बल्कि आज हमारे जीवन का आधार बन गया है।

आज जब हम घर की दहलीज लांघते हैं तो कहीं ना कहीं खुद को और परिवार को यह विश्वास होता है की बेटी-बहू घर से निकली है तो सर उठा कर गई है, सर झुका कर नहीं आएगी।

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा एंटी रोमियो स्क्वाड के गठन पर बात करते हुए उन्होंने कहा की कुछ लोगों ने इसका उपहास किया लेकिन महिलाओं ने समझा और आज एंटी रोमियो स्क्वायड की मदद से प्रदेश में 10 हज़ार गिरफ्तारियां की गयी हैं और आज मनचले सलाखों के पीछे हैं।

प्रदेश की 55 हज़ार बहन बेटियां बैंक सखी बन कर समाज की सेवा में जुड़ी हुई है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा की जब कांग्रेस सत्ता में थी तो आप पर एहसान मढ़ती थी और बीजेपी वह पार्टी है जो हाथ जोड़कर आप के प्रति आभार व्यक्त करती है। 50 साल से ऊपर एक ही परिवार का राज रहा लेकिन 5 लाख महिलाओं को टॉयलेट भी नहीं बनवा सके, जबकि मोदी जी के नेतृत्व में हमने राज्य में करोड़ों शौचालय बनवाकर महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दिया है।

# भाजपा राज में पिछड़ गया है उत्तर प्रदेश: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश पिछड़ गया है। सबका काम छिन गया है। किसान को धान की कीमत नहीं मिली। नौजवान के पास रोजगार नहीं है। बिजली कारखाने नहीं लगे।

भाजपाई जीप चढ़ाते है और जीभ चलाते हैं। अंग्रेज बांटो और राज करो की नीति पर चलते थे भाजपाई डराकर कर रहे हैं। जनता इनको पहचान गई है। जनता बदलाव चाहती है। सन् 2022 के चुनावों में जनता भाजपा का सफाया करेगी। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अपील थी कि वह भाजपा के खिलाफ मतदान करे। भाजपा की इस बार ऐसी ऐतिहासिक हार होगी जिसका उन्हें अंदाज भी नहीं होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि किसान की आय दुगनी नहीं हुई। बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो गए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा वाले समाजवादियों के काम से अपना काम चला रहे हैं। कोरोना काल में लोगों को भाजपा सरकार ने अनाथ छोड़ दिया था।

# सपा प्रतिनिधिमंडल आज पीड़ित परिजनों से मिलने मथुरा जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 28 नवम्बर को मथुरा पहुंचेगा। समाजवादी पार्टी का यह प्रतिनिधिमंडल 23 नवम्बर 2021 को जनपद मथुरा के एक्सप्रेसवे पर चलती कार में हुई रेप की घटना की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में रामजी लाल सुमन पूर्व सांसद, डॉ. असीम यादव पूर्व एमएलसी, देवेन्द्र अग्रवाल पूर्व विधायक, लोकमणि कान्त जादौन जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी मथुरा, अबरार हुसैन महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मथुरा तथा प्रदीप चौधरी वरिष्ठ नेता सपा शामिल है। सपा प्रवक्ता ने बताया कि इसके साथ ही समाजवादी पार्टी का 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को जनपद इलाहाबाद पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल 25 नवम्बर को जनपद इलाहाबाद के ग्राम गोहरी (मोहनगंज) में दलित परिवार के 4 लोगों की हुई हत्या की जांच एवं पीड़ित परिवार से शोक संवेदना व्यक्त करेगा। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में मिठाई लाल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब वाहिनी, वासुदेव यादव सदस्य विधान परिषद, धर्मराज पटेल पूर्व सांसद, नागेन्द्र सिंह पटेल पूर्व सांसद, योगेश चन्द्र यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रयागराज तथा संदीप पटेल जिला महासचिव समाजवादी पार्टी प्रयागराज शामिल हैं।

# अखिलेश सरकार में यूपी बन गया था आतंकवाद और गुंडाराज का गढ़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के पूर्व पुलिस महानिदेशक व राज्यसभा सांसद बृजलाल ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में अपराधों का रोना रोने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव शायद भूल गए है कि 2012 से 2017 की शुरुआत तक उनके कार्यकाल में प्रदेश में किस तरह का गुंडाराज और माफियाराज था। वे यह भी भूल गए कि जिस संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ से मुलायम सिंह यादव और खुद अखिलेश संसद पहुंचे वह किस तरह से आंतकवाद की फैक्ट्री में बदल गया था। और तो और वे यह भी भूल गए कि उन्होंने अपने घोषणा पत्र में न सिर्फ आंतकवादियों के खिलाफ मुकदमें वापस लेने का वादा किया था और सत्ता में आने के बाद मुकदमें वापस लेने की भरसक कोशिश भी की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा का चुनाव निशान लाइट मशीनगन होना चाहिए था क्योंकि एके 47 से कृष्णानन्द राय को 67 गोली मारी गई थी इस कांड में भी सपा का हाथ था।

बृजलाल ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अखिलेश सरकार में उत्तर प्रदेश आतंकवाद और गुंडाराज का गढ़ बन गया था। आतंकी, गुंडों और माफियाओं को सैफई परिवार की पूरी शह मिली हुई थी। यही अखिलेश यादव थे जिनके मुख्यमंत्री रहते हुए प्रतापगढ़ में एक जांबाज पुलिस अधिकारी जिया-उल-हक की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। यह अखिलेश यादव ही थे जिनके कार्यकाल में जवाहरबाग में अवैद्य कब्जा हटाने गए दो पुलिस अधिकारी मुकुल द्विवेदी और संतोष यादव शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि लोग कैसे भूल सकते है कि अखिलेश सरकार ने कैसे दिल्ली के बाटला हाउस, अजमेर ब्लास्ट, लखनऊ में कचहरी में हुए बम धामकों, वाराणसी में हुए सीरियल ब्लास्ट में शामिल इंडियन मुजाहिदीन के आंतकियों के खिलाफ दर्ज मुकदमें वापस लेने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मैं सलाम करता हूं न्यायालय को जिसने इनकों अपने मंसूबे पूरे नही करने दिये और बाद में कुछ आंतकियों को फांसी की सजा सुनायी और कुछ को आजीवन करावास से दंडित किया। पूर्व डीजीपी ने कहा कि हमने कई अपराधियों को पकड़ा था तब कांग्रेस और सपा रो रही थी।


पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

I, Hafeeza Bano (As per POR/Pension Certificate) spouse of Farid Ahmad resident of A-777, HAL Town Ship, Faizabad Road, Lucknow (U.P.) 226016, have changed my (Spelling) name and date of birth from Hafeeza Bano / 20-12-1968 (as per POR/ Pension Certificate to Hafeeja Bano/01-07-1969 (Correct name and date of birth) as per affidavit dated 02.09.2021.

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**

श्रीमती इन्दिरा गाँधी पी0जी0 कालेज डुमरी मर्यादपुर मऊ सम्बद्ध बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **स्नातकोत्तर स्तर पर अतिरिक्त सेक्शन हेतु विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान 02 पद व गणित 02 पद** पर प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता यू0जी0सी0 एन0सी0टी0ई0 उ0प्र0 शासन/वि0वि0 परिनियमावली/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, बायोडाटा एवं नवीनतम पासपोर्ट साईज के 04 फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबंधक -मो0 9450755646,8795016774

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**

**स्व. जगन्नाथ पटेल मेवालाल पटेल महिला महाविद्यालय रसूलपुर लदिगंवा (बहुआ), फतेहपुर।**

परास्नातक संकाय (एम.ए.) हेतु निम्न विषयों के प्रवक्ताओं के चयन हेतु एक सप्ताह के अन्तर्गत सभी इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रजात स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में प्रेषित करें। विषय - हिन्दी, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, गृह विज्ञान, संस्कृत एवं शिक्षा शास्त्र। वेतनमान/योग्यता यूजीसी के मनकानुसार।
**प्रबन्धक** - जे०पी०एम०पी० महिला महाविद्यालय रसूलपुर लादिगंवा फतेहपुर।
9236093824



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसवाँ, जनपद- सीतापुर**

संख्या- /न.पा.परिबि./2021-22, दिनांक- ........... 2021

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त इच्छुक अर्ह व्यक्ति/फर्म/संस्थान को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बिसवाँ, जनपद- सीतापुर के मैरिज हाल का (किराया अनुबन्ध) ठेका जो दिनांक 20 दिसम्बर 2021 से दिनांक 31 मार्च 2024 को स्वत्तः समाप्त होगी, की ई-निविदा बेसिक धनराशि (बेस प्राइज) रु0 24,00,000/- (चौबीस लाख) है जो वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.11.2021 के अपरान्ह समय 01:00 बजे से दिनांक 15.12.2021 के अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। टेक्निकल बिड 15.12.2021 को अपरान्ह 02:00 बजे व वित्तीय बिड दिनांक 15.12.2021 को अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित निविदा समिति के सदस्यों व निविदादाता/प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसवाँ, जनपद- सीतापुर में खोली जायेंगी। ई-निविदा की जमानत धनराशि रु0 2,40,000/- (रु० दो लाख चालीस हजार) जो (अर्नेस्टमनी व निविदा शुल्क) डिमाण्ड ड्राफ्ट/ई-बैंकिंग के माध्यम से नगर पालिका परिषद बिसवां के एक्सिस बैंक के खाता संख्या 919010015394642 (IFSC CODE-UTIB0000542) में जमा कर रसीद संलग्न व अपलोड करना अनिवार्य होगा। वित्तीय बिड में अधिकतम प्राप्त मूल्य की ई0 निविदा स्वीकार की जायेगी अधिकतम निविदा प्राप्त ठेकेदार/फर्म/संस्थान के साथ प्राविधानित कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार वेबसाइट से नियत अवधि में निविदा डाउनलोड/अपलोड कर सकते हैं। ई-निविदा के नियम, शर्तों का विवरण सन्दर्भित वेबसाईट पर देखा जा सकता है। ई-निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो ई- निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| कर अधीक्षक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| बिसवाँ- सीतापुर | बिसवॉ- सीतापुर | बिसवाँ- सीतापुर |


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# वैक्सीनेशन में तेजी लाने का डीएम ने स्वैच्छिक संस्थाओं को दिया निर्देश

● संस्थाएं करेंगी टीकाकरण को लेकर आमजनमानस की भ्रांतियों को दूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वैक्सीनेशन में** तेजी लाने और अड़ंगों को दूर करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं की बैठक की गई। गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा टीकाकरण में आमजनमानस की भ्रांतियों को दूर किया जाए। बुलावा पर्ची द्वारा लोगों को एक स्थान पर बुलाकर उनका टीकाकरण कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा रेडियो, एफएम और पपेट शो से जागरूकता कार्यक्रम कराने का निर्देश दिया।

शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने जिले में कोविड वैक्सीनेशन में तेजी लाने व वैक्सीनेशन में आने वाले अवरोधों को दूर करने के निर्देश दिए। ग्रामीण व मलिन क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति तक वैक्सीनेशन की पहुंच की जाए। इसके लिए कार्य करने वाले गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ विचार विमर्श किया गया।

स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अभियान को मोड ऐक्शन में लाने के लिए अपने विचार भी दिए गये । जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार कार्य करने वाले स्वैच्छिक संस्थाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में बीडीओ, एसीएम, एमओआईसी और सीडीपीओ को सहयोग प्रदान करते हुए वैक्सीनेशन न कराने वाले लोगों को जागरूक करते हुए उनके मिथों और भ्रमों को दूर कर वैक्सीनेशन करवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये गये।

### बुलावा पर्ची से टीकाकरण कराने आएंगे छूटे लोग

**जिला** प्रशासन द्वारा तैयार करायी गयी बुलावा पर्ची को सभी सहयोगी एनजीओ के साथ इसके साझा किया जाए कि इस बुलावा पर्ची का प्रयोग अपने कार्यकर्ताओं से टीकाकरण न कराने वाले व्यक्तियों को लिए हो। शेष व्यक्तियों का टीकाकरण किए जाने के लिए वितरित कर निर्धारित स्थल पर बुलाकर टीकाकरण कराया जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने जिले में संचालित सभी शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य रूप से कोविड वैक्सीनेशन कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही जिले में कोविड वैक्सीनेशन को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से काउंसलर व स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को ब्रांड एंबेस्डर के रूप में नामित करने के लिए निर्देशित किया गया।

### पपेट शो, रेडियो एफएम से किया जाए जागरूक

स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा रेडियो, एफएम और पपेट शो से जागरुकता कार्यक्रम किया जायेगा, ताकि अधिक लोगों तक कोविड वैक्सीनेशन के लाभ से परिचित कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कोविड वैक्सीनेशन के इस अभियान में सहयोगी स्वैच्छिक संस्थाओं को पूर्व से बने काउंसलर्स व्हॉट्स-एप ग्रुप में जोड़ते हुए रणनीतियों व प्रतिदिन की प्रगति को एक-दूसरे से साझा करने के निर्देश दिये। संपूर्ण अभियान का उद्देश्य टीकाकरण से अवशेष चिन्हित जनसंख्या को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करना और घर-घर जाकर जनमानस में फैले मिथों व भ्रमों को दूर करते हुए उनका टीकाकरण करवाना है।

## उपचार कराने आए दंपति का बदमाशों ने पर्स उड़ाया, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल में उपचार कराने आए दंपत्ति का पर्स अस्पताल गेट पर टप्पेबाजों ने पार कर दिया। पीड़ित दंपत्ति ने पीजीआई कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोरखपुर के रामगढ़ ताल निवासी संजय कुमार अपनी पत्नी शशि प्रभाकर के साथ शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार कराने आए थे। संजय कुमार ने बताया कि माधव सेवा आश्रम के पास टैक्सी से उतरते ही कुछ लोगों ने भीड़ का माहौल बनाया और कहा आइए आपकी मदद कर देता हूं। उसी अफरातफरी के बीच टप्पेबाज उनकी पत्नी का पर्स लेकर भीड़ में गायब हो गया। पर्स में दो मोबाइल फोन, चिकित्सा संबंधी जरूरी कागजात, आधार कार्ड, एटीएम, एक जोड़ी कान की बाली, एक सोने की चैन तथा करीब 10 हजार रुपए नकद थे। स्थानीय लोगों और व्यवसाइयों का कहना था कि यातायात पुलिस के कांस्टेबल के अलावा कोई पुलिस कर्मचारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां ड्यूटी पर नहीं रहता। बाहर से उपचार कराने आने वाले लोग यहां के हालत से अनभिज्ञ होते हैं। बाहर से आने वालों के साथ अक्सर इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय पुलिस इन घटनाओं का संज्ञान नहीं लेती। आज तक इस तरह की घटनाओं का खुलासा कभी नहीं हुआ है। जिससे बदमाशों के हौसले बुलंद हैं।

सरकारी सुरक्षा मुहैया कराने के मामले में हाइकोर्ट की पूर्णपीठ का अहम आदेश

# जिला कमेटी के निर्णय के खिलाफ दाखिल नहीं हो सकती अपील

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सरकारी सुरक्षा** मुहैया करने के मामले में जनपद स्तरीय कमेटी के निर्णय के खिलाफ अपील दाखिल नहीं की जा सकती है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक अहम आदेश में कहा है कि जनपद कमेटी के निर्णय के खिलाफ मण्डल स्तरीय कमेटी भी अपील को नहीं सुन सकती।

चीफ जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस डीके उपाध्याय एवं जस्टिस सरोज यादव की पूर्णपीठ ने यह आदेश कृष्ण दत्त शर्मा की याचिका पर दिया है। पूर्णपीठ इस प्रश्न पर विचार कर रही थी कि सरकारी सुरक्षा प्रदान करने से इंकार करने के जनपद स्तरीय कमेटी के निर्णय के खिलाफ दाखिल अपील पर क्या मण्डल स्तरीय कमेटी के समक्ष सुनवाई संभव है। पूर्णपीठ ने इस मसले पर अपने विस्तृत निर्णय में कहा है कि संबधित व्यक्ति के जीवन पर खतरे का आंकलन करते हुए सुरक्षा मुहैया कराने का निर्णय लेना जनपद स्तरीय कमेटी का काम है। जनपद स्तरीय कमेटी अधिकतम एक महीने की सुरक्षा मुहैया कराने का ही आदेश दे सकती है। वह अपने इस आदेश को अधिकतम दो बार बढ़ा भी सकती है। लेकिन इससे अधिक अवधि की सुरक्षा मुहैया कराने का अधिकार मण्डल व राज्य स्तरीय कमेटियों को है लेकिन इसका आशय यह नहीं है कि जनपद कमेटी के निर्णय को मण्डल कमेटी के समक्ष अपील के माध्यम से चुनौती दी जा सके। पूर्णपीठ ने अपनी इन टिप्पणियों के साथ याचिका को खारिज कर दिया।



अंतर्राष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र का मामला

## सत्र अदालत की ओर से लिया गया संज्ञान का आदेश रद्द

विधि संवाददाता। लखनऊ

**अंतर्राष्ट्रीय** शूटर वर्तिका सिंह के खिलाफएक आपराधिक मामले में दाखिल आरोप पत्र पर सत्र अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान के आदेश को तकनीकि त्रुटियों के चलते हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। सुलतानपुर की एक सत्र अदालत ने वर्तिका सिह के खिलाफदाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लिया था। पीठ ने इसके साथ ही वर्तिका सिंह की पत्रावली उचित आदेश के लिए मजिस्ट्रेट की अदालत में भेजने का आदेश भी दिया है। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह आदेश वर्तिका सिंह की याचिका पर दिया है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने वर्तिका सिंह व कांग्रेस के पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना व आईटी एक्ट के उल्लंघन के मामले में अमेठी के मुसाफिर खाना कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। याचिका पर बहस करते हुए कहा गया कि विवेचना के पश्चात पुलिस ने पूर्व सांसद को क्लीन चिट देते हुए वर्तिका सिंह के खिलाफएमपी-एमएलए की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। जिस पर इस अदालत ने संज्ञान भी ले लिया। तर्क दिया गया कि एमपी-एमएलए की विशेष अदालत सांसद, पूर्व सांसद व विधायक तथा पूर्व विधायकों के लिए गठित की गई है। जबकि याचिकाकर्ता जनप्रतिनिधि नहीं है। यह भी कहा गया कि अभियुक्त बनाए गए पूर्व सांसद का नाम भी आरोप पत्र में नहीं है। एकल पीठ ने भी पाया कि वर्तिका सिंह के खिलाफ जो धाराएं लगाई गईं हैं, उनका ट्रायल मजिस्ट्रेट की अदालत में ही हो सकता है जबकि एमपी-एमएलए की विशेष अदालत सत्र अदालत है। पीठ ने इस पर संज्ञान के आदेश को त्रुटिपूर्ण पाते हुए रद्द कर दिया व फाइल उचित आदेश के लिए मजिस्ट्रेट की अदालत में भेजने का आदेश दिया है।

भागवन्ती एजूकेशन सेन्टर डिग्री कालेज
मन्धना बिठूर रोड, कानपुर।
सम्बद्ध-सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर
आवश्यकता है असिटेन्ट प्रोफेसर
बी.ए. (दो वर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु असिटेन्ट प्रोफेसर की आवश्यकता है शैक्षिक अर्हता छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के नियमानुसार।
नोट:- आवेदन करें सम्पूर्ण अंकतालिकाओं की छायाप्रति, बायोडाटा एवं फोटो सहित कालेज परिसर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा ई-मेल becdc.kanpur@gmail.com प्रबंधक

## सैनिक सम्मेलन में पुलिस आयुक्त ने सुनीं कर्मियों की समस्याएं



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रिजर्व पुलिस** लाइन में शनिवार को सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया । सैनिक सम्मेलन में लखनऊ के समस्त थानों से आए पुलिस कर्मियों की समस्याओं को लखनऊ के पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने बहुत ही गंभीरता के साथ सुना और समस्याओं के निदान के लिए उन्हें आश्वस्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

सैनिक सम्मेलन का उद्देश यही था कि लखनऊ पुलिस समस्या मुक्त होकर अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए कार्य करते हुए भयमुक्त समाज की स्थापना करने में अपना अहम किरदार निभाए। पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर लगातार अपने मातहतों से संपर्क में रहते ही हैं और आज उन्होंने सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर जिस तरह से अपने मातहत अधिकारियों और पुलिस के कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निदान भी किया उससे पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल ज़रूर बढ़ेगा।

# ठाकुरगंज क्षेत्र में हुई चोरी की 11 वारदातों का खुलासा, तीन गिरफ्तार

● एक दर्जन एलईडी टीवी सहित लाखों की कीमत का चोरी का सामान बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पुलिस ने** तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर ठाकुरगंज क्षेत्र में हुई चोरी की 11 वारदातों का खुलासा किया है। चोरों के कब्जे से एक गोदाम से चुराए गए 12 कीमती एलइडी टीवी के अलावा लाखों रुपए कीमत का चोरी का सामान बरामद किया है।

पुलिस की टीम ने रिंग रोड स्थित सिटी हॉस्पिटल के सामने से मुखबिर की सूचना के आधार पर हनुमानपुरी सरोजनी नगर के रहने वाले अजय तिवारी उर्फ अनिल तिवारी निवासी लाल बाग पैलेस के पीछे किराए के मकान में रहने वाले फरीद सिद्दीकी और अशोक नगर धनिया महरी पुल ठाकुरगंज में रहने वाले सचिन रस्तोगी को गिरफ्तार किया। इनकी निशानदेही पर 4 दिन पूर्व रिंग रोड स्थित बंद पड़े एक गोदाम से चुराए गए 12 बड़े एलईडी टीवी बरामद किए। पुलिस के द्वारा चोरों से जब पूछताछ की गई तो एक के बाद एक चोरी की कुल 11 वारदातों का खुलासा हुआ और इन वारदातों से संबंधित लाखों रुपए कीमत के कीमती जेवरात भी पुलिस ने बरामद किए हैं । पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए अजय तिवारी के खिलाफ विभिन्न थानों में 23 मुकदमे दर्ज हैं जबकि सचिन रस्तोगी के खिलाफ सहादतगंज और वजीरगंज में दो मुकदमे दर्ज हैं । बताया जा रहा है कि चोरी के लाखों रुपए कीमत के माल के साथ गिरफ्तार किया गया चोर अजय तिवारी शातिर किस्म का चोर है । डीसीपी पश्चिम सोमेन वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए नकबजन बहुत ही शातिर किस्म के चोर हैं और इन लोगों के संबंध अन्य गिरोह से भी होने का पता चला है जिसकी जांच की जा रही है । वर्मा ने कहा कि पुलिस की टीम को 15000 रुपए का इनाम उत्साहवर्धन के लिए दिया जा रहा है।

# तारपीन की फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

**लखनऊ** । पारा थाना इलाके कटा गांव में स्थित तारपीन की फैक्ट्री में शनिवार की शाम अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया । जिस समय तारपीन की फैक्ट्री के अंदर तारपीन के टैंक में आग लगी थी उस समय फैक्ट्री के अंदर करीब 15 मजदूर भी काम कर रहे थे । तारपीन फैक्ट्री में आग लगने की सूचना के बाद पारा पुलिस मौके पर पहुंची और एक के बाद एक आठ दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया । फायर कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद फैक्ट्री में लगी आग को करीब 2 घंटे के अंदर काबू कर लिया । बताया जा रहा है कि कुल्लड़ कटा में स्थित तारपीन फैक्ट्री चौक के रहने वाले जीवन लाल की है और इस फैक्ट्री के आसपास कई मकान भी बने हैं। राहत की बात यह रही कि तारपीन फैक्ट्री में तारपीन के टैंक में आग लगने के बाद किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। फैक्ट्री के पास रहने वाले बदलू खान, सरदार, राजेश, अनिलए दिल्लू यादव, शिवपाल यादव का परिवार भी रहता है लेकिन राहत की बात ये रही कि फैक्ट्री में लगी आग को दमकल कर्मियों ने बुझा दिया और किसी तरह की कोई जनहानि की कोई खबर नहीं है । बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में आग लगने का कारण किसी मजदूर के द्वारा सिगरेट या बीड़ी पीना बताया जा रहा है लेकिन अभी स्पष्ट तौर से कुछ भी नहीं बताया गया है कि तारपीन की फैक्ट्री में आग कैसे लगी । शाम करीब 4 बजे तारपीन फैक्ट्री में जब आग लगी तो तारपीन के टैंक से निकला धुंआ करीब 100 मीटर ऊपर तक देखा गया जिससे लोगों में हड़कंप मच गया क्योंकि तारपीन अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ होता है लेकिन राहत की बात यह रही कि तारपीन के टैंक में लगी आग को समय रहते काबू कर लिया गया और बड़े नुकसान से फैक्ट्री मालिक को बचा लिया गया । बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# छह देशों के 44 स्कूलों के छात्रों ने किया बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन

● सीएमएस में ऑनलाइन आयोजित इंटरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन 'फैंटज्म-2021' का दूसरा दिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सीएमएस राजेन्द्र** नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा ऑनलाइन आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन 'फैंटज्म-2021' के दूसरे दिन आज आस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस, नेपाल, यू.ए.ई. एवं भारत समेत 6 देशों के 44 प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने ज्ञान-विज्ञान, रचनात्मक कौशल व बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन कर साबित कर दिया कि भावी पीढ़ी में गजब की प्रतिभा भरी पड़ी है। 'फैंटज्म-2021' का मुख्य उद्देश्य प्री-प्राइमरी, प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं के छात्रों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माहौल में अपने ज्ञान-विज्ञान एवं बहुमुखी प्रतिभा के प्रदर्शन व विकास का अवसर उपलब्ध कराना है।

'फैंटज्म-2021' में आज प्रतियोगिताओं का दौर बेहद रोचक सुपर एक्टर्स (रोल प्ले) प्रतियोगिता के सजीव प्रसारण से हुआ, जिसमें 5 से 6 वर्ष उम्र के केजी के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपने सुपरहीरो को अपने ही अंदाज में प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में नन्हें-मुन्हें छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा देखती ही बनती थी। इसी प्रकार, जूनियर वर्ग की लॉ इमैजिनेशन (पोस्टर मेकिंग) प्रतियोगिता में देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने पेंसिल व रंगों की सहायता अपने फेवरेट कैरेक्टर बखूबी प्रस्तुत कर रचनात्मक सोच व कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया।

# 26 शेल्टर होम में 410 व्यक्तियों को किया ठंड से सुरक्षित

● रात में रुके व्यक्तियों को जरूरत के सामान के साथ मुफ्त मिल रहा भोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शीत ऋतु** से गरीब, असहायों को बचाने के लिए 26 शेल्टर होम शुरू किए गए हैं, जिनमें 410 व्यक्तियों को आश्रय दिया गया है। रात्रि में रुकने वाले व्यक्तियों को भोजन भी निशुल्क दिया जा रहा है। साथ ही नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारियों को रात्रि में निरीक्षण कर जरूरत का सामान भी देने का निर्देश दिया है। बढ़ती हुई ठड में नगर निगम द्वारा आश्रयहीन व्यक्तियों के लिए स्थायी और गैर स्थायी रैन बसरों में व्यवस्था की गयी है। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के आदेश पर शहर में 26 शेल्टर होम है जिसमें 18 स्थाई शेल्टर होम में 374 व्यक्तियों और 8 अस्थायी शेल्टर होम में 253 व्यक्तियों के आश्रय की व्यवस्था करायी गयी है, जिसमें हीटर, हॉट ब्लोअर एवं गर्म पानी की व्यवस्था, किसी भी निराश्रित को कंबल की कमी न होने पाये इसके लिए पर्याप्त संख्या में कंबल की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही नगर निगम एवं स्वयं सेवी संस्था अक्षयपात्र से रात्रिकालीन निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। अभी कुल 410 व्यक्तियों की 26 सेल्टर होम में हैं। सभी जोनल अधिकारियों को निरीक्षण करते हुए शेल्टर होम में मूलभूत आवश्यक वस्तुएं बेड, बिस्तर, दरी, कंबल, स्नान की सामग्री जैसे बाल्टी, मग के साथ-साथ जलापूर्ति, साफ-सफाई, शौचालय का समुचित प्रबंध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

ARYAVART BANK आर्यावर्त बैंक
(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) (भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय : लखनऊ, आर्यावर्त भवन, 569/20/के/1, स्नेह नगर, वी.आई.पी.रोड, अवध हॉस्पिटल के सामने, आलमबाग, लखनऊ

कब्जा नोटिस नियम-8(1) के तहत (अचल सम्पत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **आर्यावर्त बैंक** अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, के अन्तर्गत तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (प्रवर्तन) की धारा 13(12) के सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित खातों में उनके नाम के समूख लिखित तिथियों को मांग सूचना पत्र जारी किये थे जिनके द्वारा ऋणियों/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी से नोटिस मे लिखित राशियां ब्याज़ सहित उक्त नोटिस के 60 दिनों के अन्दर जमा करने हेतु कहा गया था। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी ने राशि का भुगतान नही किया। अतः ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से एवं आम जनता को सामान्य रूप से यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्तियों, जिनका विवरण निचे दिया गया है, का कब्जा उक्त एक्ट की धारा 13(4) की सहपठित रूल 8 के अन्तर्गत निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों का अग्रलिखित तिथियों को कब्ज़ा प्राप्त कर लिया है। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से तथा जनता को आम रूप से चेतावनी दी जाती है कि उक्त सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार का संव्यवहार/खरीद फरोख्त न करें। सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार/खरीद फरोख्त **आर्यावर्त बैंक** के प्रभार के तहत बकाया राशि ब्याज़ सहित एवं अन्य व्यय आदि की अदायगी के अधीन होगा।

**उधारकर्ता/ज़मानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**
**जिन सम्पत्तियों का कब्ज़ा लिया गया है उनका विवरण निम्नुसार हैः-**

| ऋणी/ज़मानतकर्ता/का नाम एवं पता/शाखा | सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस के अनुसार बकाया धनराशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| **ऋणीः (1) श्रीमती पुष्पा** पत्नी संतोष यादव **और (2) श्री संतोष यादव** पुत्र जगन्नाथ यादव, दोनों निवासी 32, अल्लू नगर दिगौरिया, मड़ियाँव लखनऊ- 226021 **शाखाः मोहिबुल्लापुर** | **आवासीय सम्पत्तिः** प्लॉट सं. 6ए, खसरा सं. 34 मिंज, स्थित ग्राम दाउदनगर, वार्ड-फैजुल्लागंज, लखनऊ, सेल डीड दिनांक 01.08.2011 के अनुसार, **मालिक**- श्रीमती पुष्पा पत्नी श्री संतोष **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट सं. 5, **पश्चिमः** प्लॉट सं. 6बी, **उत्तरः** सड़क 20 फीट, **दक्षिणः** राम किशोर का खेत **क्षेत्रफलः 64.12 वर्गमीटर** | रू.5,54,002.03 एवं उस पर ब्याज / 03.07.2021 / 25.11.2021 |
| **ऋणीः (1) श्रीमती पूजा देवी** पत्नी जितेंद्र सिंह, निवासी प्लॉट सं. 19, गाटा सं. 80 स, मिर्जापुर, लखनऊ-226021 **और (2) श्री जितेंद्र सिंह** पुत्र सत्यपाल सिंह, दोनों निवासी 48, कटेठी, कानपुर देहात, कानपुर-209121 **शाखाः भितौली खुर्द** | **सम्पत्तिः** प्लॉट सं. 19 का भाग, गाटा सं. 80 स मिंज, स्थित ग्राम मिर्जापुर, परगना- लखनऊ, तहसील- बख्शी का तालाब जिला- लखनऊ, सेल डीड दिनांक 27.04.2017 के अनुसार, **मालिक**- श्रीमती पूजा देवी पत्नी श्री जितेंद्र सिंह **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट सं. 19 का भाग, **पश्चिमः** सड़क 18 फीट चौड़ी, **उत्तरः** सड़क 22 फीट चौड़ी, **दक्षिणः** प्लॉट सं. 18 **क्षेत्रफलः 74.349 वर्गमीटर** | रू.3,60,039.11 एवं उस पर ब्याज / 31.05.2021 / 25.11.2021 |
| **ऋणीः मेसर्स बाबा अमरनाथ बर्फानी** प्रो0- श्री शैलेश मेहरोत्रा निवासी 538के/984, श्रीपुरम त्रिवेणी नगर-2, निराला नगर, लखनऊ-226020 **शाखाः विकास नगर** | **आवासीय सम्पत्तिः** प्लॉट सं. 01, गाटा सं. 114 स मिंज, रूधि परगना-महोना, तहसील-बीकेटी, लखनऊ, सेल डीड दिनांक 17.12.2013 के अनुसार, **मालिक**- श्रीमती सुनिता गुप्ता पत्नी सुरेश चन्द्र गुप्ता **चौहद्दीः पूर्वः** 22 फीट चौड़ा रास्ता, **पश्चिमः** भूमि दीगर शक्स, **उत्तरः** प्लॉट सं. 02 (उर्मिला तिवारी), **दक्षिणः** एयर फोर्स रोड़ **क्षेत्रफलः 226.765 वर्गमीटर** | रू.8,35,319.01 एवं उस पर ब्याज / 21.08.2021 / 24.11.2021 |
| **ऋणीः मेसर्स रंजना इंटरप्राइजेज** प्रो0 श्रीमती रंजना सिंह पत्नी विमल सिंह, निवासी ग्राम- केशरमऊ कलां, पोस्ट- महोना, तहसील- बख्शी का तालाब लखनऊ-226203 **शाखाः इटौंजा** | **सम्पत्तिः** खसरा सं. 236केएच मिंज का एक प्लॉट स्थित केसरमऊ कलां परगना-महोना तहसील-बख्शी का तालाब जिला-लखनऊ, सेल डीड दिनांक 21.10.2010 के अनुसार, **मालिक**- श्रीमती मधुरानी पत्नी अवधराज सिंह **चौहद्दीः पूर्वः** खेत गाटा सं. 228, **पश्चिमः** गाटा सं. 237, **उत्तरः** गाटा सं. 237 व 227, **दक्षिणः** गाटा सं. 253 **क्षेत्रफलः 0.025 हेक्टेयर** | रू.21,05,171.08 एवं उस पर ब्याज / 31.07.2021 / 24.11.2021 |
| **ऋणीः श्री जलीस अहमद पुत्र अनीस अहमद,** निवासी 543/492/2, संगम सिटी मल्हापुर, राजाजीपुरम, लखनऊ-226017 **शाखाः राजाजीपुरम** | **आवासीय सम्पत्तिः** एक किता प्लॉट मिन खसरा सं. 487 स्थित मल्हापुर वार्ड हैदरगंज, लखनऊ, सेल डीड दिनांक 03.12.2014 के अनुसार, **मालिक**- श्री जलीस अहमद पुत्र अनीस अहमद **चौहद्दीः पूर्वः** अराजी दीगर, **पश्चिमः** सड़क 15 फीट चौड़ी, **उत्तरः** प्लॉट शाहजहां, **दक्षिणः** प्लॉट कनिजा खातून **क्षेत्रफलः 46.468 वर्ग मी0** | रू.2,75,378.02 एवं उस पर ब्याज / 27.07.2021 / 25.11.2021 |
| **ऋणीः मेसर्स जैगम इंटीरियर डेकोरेटर** (प्रो0 स्वर्गीय जैगम अली), पताः प्लॉट सं. 25 धनिया मेहरी पुल, अशोक नगर, मोहन रोड, देश भारती पब्लिक स्कूल के पास, राजाजीपुरम, लखनऊ-227107 एवं **कानूनी उत्तराधिकारी (1). मो. इब्राहीम** पुत्र स्वर्गीय जैगम अली, निवासी प्लॉट सं. 4, धनिया मेहरी पुल के पास, अशोक नगर, आलमनगर, राजाजीपुरम लखनऊ-226017 **(2). सुश्री ज़ैनब अली** पुत्री स्वर्गीय ज़ैगम अली, निवासी 355/25, आलमनगर, राजाजीपुरम लखनऊ-226017 **(3). सुश्री ज़ोहा अली** पुत्री स्वर्गीय ज़ैगम अली, इनके अभिभावक मोहम्मद इब्राहिम पुत्र स्वर्गीय जैगम अली, निवासी 356/225/384 अशोक नगर, धनिया मेहरी पुल, देश भारती पब्लिक स्कूल के सामने, राजाजीपुरम लखनऊ-226017 **शाखाः राजाजीपुरम** | **आवासीय सम्पत्तिः** प्लॉट सं. 25, खसरा सं. 136 व 138 मिंज, शेखपुर, हबीबपुर, लखनऊ, सेल डीड दिनांक 22.12.1998 के अनुसार, **मालिक**- श्री ज़ैगम अली पुत्र मुश्ताक अली **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट सं. 26, **पश्चिमः** श्रीमती फातिमा का मकान, **उत्तरः** प्लॉट सं. 24, **दक्षिणः** सड़क 20 फीट चौडी **क्षेत्रफलः 120.817 वर्ग मी0** | रू.2,43,266.26 एवं उस पर ब्याज / 28.07.2021 / 25.11.2021 |

दिनांकः 28.11.2021 स्थान : लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी

## डीजे पर डांस को लेकर बवाल, युवक जख्मी

**मोहनलालगंज।** मऊ गांव में डीजे पर डांस को लेकर शुक्रवार की रात जमकर बवाल हुआ। नौबत मारपीट तक पहुंच गई इस दौरान आपा खोए डीजे संचालक ने एक युवक पर आइरन रॉड से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जलालपुर निवासी मुकेश राजपूत शुक्रवार की रात मोहनलालगंज के मऊ निवासी विनीत राजपूत के घर वैवाहिक समारोह में शामिल होने आए थे। समारोह में डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद के दौरान बीचबचाव करने पहुंचे मुकेश पर डीजे संचालक ने आइरन रॉड से वार कर गंभीर रूप में जख्मी कर दिया।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, दही चौकी, उन्नाव ई–निविदा तिथि अग्रसारण की सूचना ई निविदा सं0 130/विविमंउ/2021–22 जिसकी अपलोड करने की अन्तिम तिथि 08.11.2021 को 17:00 बजे तक तथा ई–निविदा खुलने की तिथि 09.11.2021 को 02:00 बजे अथवा उसके उपरान्त थी, अपरिहार्य कारणों से अब इस ई–निविदा की अपलोड करने की अन्तिम तिथि 06.12.2021 को 17:00 बजे तथा ई–निविदा खुलने की तिथि 07.12.2021 को 02:00 बजे अथवा उसके उपरान्त होगी। निविदा की शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी। साथ ही निविदा में संशोधित बिल ऑफ क्वालिटी अपलोड की जा रही है। (अधीक्षण अभियन्ता) विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव। पत्रांक–6186/वि0वि0मं0उ0/उन्नाव/दिनांक– 27.11.2021 "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें" बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगाएं।



पूर्वोत्तर रेलवे
'ई-टेंडर'
निविदा सूचना संख्या-एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/11/2021
मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं। निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरणः एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/11/2021 पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के औड़िहार-भटनी दोहरीकरण के क्रम में औड़िहार जं. स्टेशन पर सिगनल इन्टरलाकिंग प्लान (SIP) एवं आर.डी.एस.ओ. स्पेसिफिकेशन सं. RDSO/SPN/192/2005 या नवीनतम (नवीनतम संशोधन यदि कोई हो) के आधार पर डिस्ट्रीब्यूटेड टाईप इलेक्ट्रानिक इन्टरलाकिंग (EI) प्रणाली का डिजाइन, प्रोग्रामिंग, संस्थापना, आपूर्ति, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग तथा सामग्री के आंशिक आपूर्ति के साथ इन्डोर एवं आउटडोर कार्य।, अनुमानित लागत (र): 12,91,20,817.16, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः छः माह।, निविदा बन्द होने की तिथिः दिनांक 28.12.2021 को 15:00 बजे। नोटः • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये। मु.सि.दू.इं./निर्माण मुजाधि/सिगनल-53 गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल न. 09794845955 पर SMS करें।
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


# प्रदेश सरकार हमेशा से हर वर्ग के लिए करती आई है कार्यः स्वाती सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाती सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा से हर वर्ग के लिए कार्य करती आई है। समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए कई योजनाओं को जमीन पर उतारा है। स्वाती सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मैं सेवाभाव व समर्पण के साथ सभी लोगों के साथ जुड़ी हुई हूं। महिलाओं की समस्याएं हों या नौजवानों की या किसी गरीब परिवार की समस्या, मैं हमेशा साथ खड़ी रहती हूं। आगे भी इस सेवाभाव में कोई कमी नहीं आएगी, इसका मैं वचन देती हूं। मेरा विधानसभा क्षेत्र मेरे लिए एक परिवार है। यही कारण है कि हम अपने दिव्यांग भाई-बहनों के साथ बात की और इसकी योजना बनाई। यह अभी शुरुआत है। दिव्यांगजनों के साथ अभी लंबी यात्रा करनी है। मैं दिव्यांगजनों को असमर्थ नहीं मानती।



स्वाती सिंह ने यह बात शनिवार को कृष्णा नगर में आयोजित दिव्यांगजन शिविर में कहीं। लगाए गए शिविर में 317 दिव्यांगजनों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। उन्हें ट्राइसाइकिल, चलती-फिरती दुकान, टैबलेट मोबाइल (जिसमें ब्रेल लिपि का प्रयोग होता है) आदि वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए स्वाती सिंह ने कहा यह तो केवल एक शुरुआत भर मात्र है। जो दिव्यांगजन सरोजिनी नगर क्षेत्र के हैं उनको वे स्वयं घर जाकर इन उपकरणों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करायेंगी और जिन दिव्यांगजनों का यहां पंजीकरण हो गया है किंतु उपकरण नहीं मिल पाए हैं वह अपने घर से इन उपकरणों को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर दिव्यांग जनों हेतु बस पास, उनके लिए दिव्यांगजन प्रमाण पत्र, रेलवे रियायत प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड एवं अन्य रियायत प्रमाण पत्र बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीआरएम एवं अन्य सरकारी विभागों के स्टाल लगाए गए थे। जिनमें दिव्यांगजनों ने अपने प्रपत्रों को जमा कर इन प्रमाण पत्रों का निर्माण कराया। मंत्री ने इस अवसर पर 25 चलित दुकानों को भी वितरित किया जो कि संपूर्ण रूप से सुसज्जित थी अर्थात इन दुकानों में समस्त सामग्री के साथ। दिव्यांग जनों को चिन्हित कर उन्हें वितरित किया गया था। इस शिविर में जो दिव्यांग व्यक्ति अथवा महिला अथवा पुरुष इस योग्य थे जो स्वयं अपना कार्य प्रारंभ करना चाहते थे उन्हें भी सिलाई मशीन एवं अन्य ऐसे उपकरणों को वितरित किये गये जिससे वे अपना रोजगार शुरू कर सकें और अपने और अपने परिवार का भरण पोषण एवं पालन पोषण कर सकें। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'स्वाति सिंह आपके द्वार' नामक एक विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें स्वाती सिंह के द्वारा सरोजिनी नगर क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के घर जा करके उनसे संपर्क स्थापित कर और संवाद स्थापित की समस्याओं को जानने और उनके निराकरण के लिए कार्य करना सम्मिलित था।

# कायस्थ समाज को भी यूपी में मिलना चाहिए ओबीसी का लाभः सुबोधकांत सहाय



## ● तीन को लखनऊ में होगी कायस्थ हुंकार रैली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि कायस्थों के मान, सम्मान और अधिकार की धीरे-धीरे उपेक्षा चरम पर पहुंच गई है। कायस्थ समाज के लोग राजनैतिक और आर्थिक रूप से पिछड़ गए हैं। साथ ही सामाजिक रूप से कायस्थों की वर्चस्ववादी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम कायस्थों का तो रिजर्वेशन होता है लेकिन जो हिन्दू कायस्थ सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़ गए हैं उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि कायस्थों को भी ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष एवं आजाद भारत के पहले राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 137 वीं जयंती पर 3 दिसम्बर को लखनऊ के गोमती नदी के तट पर आयोजित होने जा रही कायस्थ हुंकार रैली की तैयारियों का जायजा लेने आए सुबोधकांत सहाय गोमती होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी तरह से उपेक्षा का शिकार कायस्थ समाज के लोग संवाद से संघर्ष तक का रास्ता इस रैली के माध्यम से निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रैली में प्रदेश भर से कायस्थ समाज के लोग इकट्ठा होंगे। रैली में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सहित तमाम कायस्थ नेताओं के भारत की आजादी की लड़ाई और देश के विकास में अमूल्य हो रहे सहयोग पर चर्चा होगी एवं श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रदेश भर से कायस्थ समाज के लोग इस सम्मेलन में आएंगे और उनके विचारों को सुना जाएगा। उत्तर प्रदेश के कायस्थ समाज के विभिन्न संगठन अखिल भारतीय चित्रांश महासभा, अन्तराष्ट्रीय कायस्थ सभा, चित्रांश लोक सेवा समिति, कायस्थ सेवा अन्तराष्ट्रीय, कायस्थ महासभा लखनऊ, चित्रांश सभा, कायस्थ संघ, समता फाउण्डेशन, कायस्थ समाज कल्याण महासभा, कायस्थ कल्याण समिति, कायस्थ स्वाभिमान सभा, संगत-पंगत आदि के सहयोग से ये हुंकार रैली हो रही है। इस रैली को आर के सिन्हा पूर्व सांसद राज्यसभा, सुबोधकांत सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री, मशहूर फिल्म अभिनेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री शत्रुघ्न सिन्हा संबोधित करेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के मौके पर आरके सिन्हा, सुबोध कांत सहाय, विनोद बिहारी वर्मा, इन्द्रसेन श्रीवास्तव, मनोज लाल, विंध्यवासिनी कुमार, रमेश श्रीवास्तव, दीपक रंजन, अमित श्रीवास्तव त्यागी, सौरभ श्रीवास्तव, शेखर श्रीवास्तव और विजय कुमार निगम उपस्थित थे।

## आयुष आपके द्वार योजना के तहत पुरहिया में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

संवाददाता। निगोहां

**आयुष** विभाग उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश पर आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत शनिवार को निगोहां क्षेत्र के पुरहिया गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमे चिकित्सों की टीम के द्वारा बदलते मौसम के अनुसार रोगों व उसके बचाव के लिए इलाज की जानकारी शिविर में दी गई। शनिवार को पुरहिया गांव के पंचायत भवन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय दखिना शेखपुर की ओर से आयुष आपके द्वार के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जहाँ आयुर्वेद के डॉक्टरों द्वारा शिविर में आये कुल 48 रोगियों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। व निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। वहीं राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. शिव करन वर्मा ने रोगियों को स्वस्थ रहने के लिए टिप्स दिए। चिकित्साधिकारी डा. वर्मा ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए इस दौरान खानपान पर भी सबसे अधिक ध्यान रखना चाहिए ताजी व हरी सब्जियों का सेवन करें। इसके अलावा इस शिविर में योग प्रशिक्षक बाबी खान के द्वारा योग के सम्बंध में विशेष जानकारी दी गई योग प्रशिक्षक ने बताया कि ठंड का मौसम चल रहा है। लोगों को आलस्य त्याग कर कम से कम आधा घंटे योग व्यायाम व मार्निंग करना चाहिए। योग करना आयुर्वेद में सबसे उत्तम माना गया है पूर्व में ऋषि मुनि योग से ही निरोग एवं फिट रहा करते थे।

# खाद का आयात होगा कम दिखेगा आत्मनिर्भरता का दम

## ● 7 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों गोरखपुर में होगा खाद कारखाने का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चुनाव** में जाने से पहले योगी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों राज्य को फिर एक और बड़ी सौगात देने जा रही है। सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट गोरखपुर का खाद कारखाना खेतों की हरियाली और रोजगार के क्षेत्र में खुशहाली लाने को पूरी तरह तैयार हो चुका। आगामी 7 दिसम्बर को पीएम मोदी इस कारखाने का लोकार्पण करेंगे। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड द्वारा निर्मित इस खाद कारखाने से प्रतिवर्ष 12.7 लाख मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया का उत्पादन होगा। इतने बड़े पैमाने पर खाद उत्पादन से देश के सकल खाद आयात में भारी कमी आएगी तो आत्मनिर्भरता का दम भी दिखेगा। गोरखपुर में 1968 में स्थापित फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के खाद कारखाने को 1990 में हुए एक हादसे के बाद बंद कर दिया गया। एक बार यहां की मशीनें शांत हुई तो तरक्की से जुड़ी उनकी आवाज को दोबारा सुनने की दिलचस्पी सरकारों ने नहीं दिखाई। 1998 में गोरखपुर से पहली बार सांसद बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने हर सत्र में खाद कारखाने को चलाने या इसके स्थान पर नए प्लांट के लिए आवाज बुलंद की। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने योगी आदित्यनाथ की इस मांग पर संजीदगी दिखाई और 22 जुलाई 2016 को नए खाद कारखाने का शिलान्यास कर पूर्वी उत्तर प्रदेश को बड़ी सौगात दी। मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद खाद कारखाने के निर्माण में किसी तरह की बाधा ही नहीं रह गई, वरन निर्माण कार्य को पंख लग गए। खास बात यह भी है कि यहां पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक गैस आधारित प्लांट लगाया गया है। गोरखपुर के खाद कारखाने के संचालन की जिम्मेदारी हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की है। एचयूआरएल एक संयुक्त उपक्रम है जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड, एनटीपीसी, इंडियन ऑयल कोर्पोरेशन लीड प्रमोटर्स हैं जबकि इसमें फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड और हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड भी साझीदार हैं। इस संयुक्त उपक्रम के अधीन गोरखपुर खाद कारखाने के निर्माण में करीब 8000 करोड़ रुपये की लागत आई है। कारखाना परिसर में 30 करोड़ की लागत से विशेष रबर भी बना है जिस पर गोलियों का भी असर नहीं होता है।

## गोवंशीय पशु केंद्र का संयुक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अमौसी** में संरक्षित गोवंशीय पशु केंद्र का पशु कल्याण नगर निगम के संयुक्त निदेशक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। पशु केंद्र के कर्मचारियों की समस्या पर 6 कर्मचारी और प्रदान किए गए। मुख्य विकास अधिकारी के दिशानिर्देशों पर पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बडी गो संरक्षण केंद्र अमौसी में संरक्षित गोवंशीय पशुओं को बेहतर संचालन के लिए नगर निगम को कहा गया। इसके लिए संयुक्त निदेशक पशु कल्याण नगर निगम डा अरविंद कुमार राव ने शनिवार को गो संरक्षण केंद्र अमौसी का निरीक्षण किया। यहां सभी व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। कर्मचारियों की समस्या पाई गईए जिसके लिए डा अरविंद कुमार राव ने इस गोशाला में नगर निगम द्वारा 6 कर्मचारियों प्रदान करने की सहमति प्रदान कर दी है। इससे वृहद गो संरक्षण केंद्र अमौसी की व्यवस्थाएं और बेहतर हो पाएगी।

## लकड़ कट्टों ने काट डाले नौ हरे पेड़ जिम्मेदार बने रहे अनजान

**मोहनलालगंज।** गनियार गांव की बाग में लकड़कट्टे आधा दर्जन से अधिक हरे पेड़ों को काटकर लकड़ी उठा ले गया लेकिन पुलिस और वन विभाग को भनक तक नहीं लग सकी। शनिवार को कुछ लोगों ने काटे गए पेड़ों की ठूंठ का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। शिकायत अधिकारियों तक पहुंची जिसके बाद वन विभाग की टीम ने पड़ताल कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मोहनलालगंज के गनियार गांव में दो दिन पूर्व किसी लकड़ी ठेकेदार ने आम की बाग में कई हरे पेड़ काटकर गिरा दिए। ठेकेदार हरे पेड़ों की लकड़ी भी उठा ले गया लेकिन पुलिस और वन विभाग की टीम को भनक तक नहीं लग सकी। शनिवार को कुछ जागरुक लोगों ने बाग से काटे गए हरे पेड़ों के ठूंठ की वीडियो वायरल कर वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर रेंजर सत्येन्द्र सिंह ने फौरन टीम भेजकर जांच कराई तो अधिकारी भी सन्न रह गए। गौरतलब है कि हाल ही में वन विभाग दफ्तर के निकट भी हरे पेड़ों की कटान की शिकायत सामने आई थी। लेकिन रसूखदार लकड़ी ठेकेदार की पहुंच के आगे मामला रफा-दफा हो गया। रेंजर के मुताबिक बाग से नौ हरे पेड़ काटे गए हैं। लकड़ी ठेकेदार का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## दारोगा ने डपटकर भगाया, पीआरवी टीम ने बरामद की बाइक

**मोहनलालगंज।** बाइक चोरी की शिकायत लेकर मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचे पीड़ित को दारोगा ने डपटकर भगा दिया। हालांकि पीआरवी टीम ने सक्रियता दिखाकर तीन संदिग्धों को दबोचकर पीड़ित की बाइक बरामद कर ली। मोहनलालगंज के गौरा कालोनी निवासी अनुज कुमार शुक्ल की बाइक शुक्रवार की रात उनके दरवाजे से चोरी हो गई। नींद से जागे अनुज ने बाइक गायब देख मामले की जानकारी पीआरवी टीम को दी और शिकायत लेकर मोहनलालगंज कोतवाली पहुंच गए। पीड़ित अनुज का आरोप है कि कोतवाली में मौजूद दारोगा ने उन्हें भलाबुरा कहकर डपटकर भगा दिया। हालांकि पीआरवी बाइक टीम में शामिल जयपाल सिंह और सुरेश सिंह ने कुछ देर बाद ही रायबरेली हाईवे पर नगर के निकट तीन संदिग्धों को दबोचकर अनुज की बाइक बरामद कर ली। जिसके बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर की है। हालांकि पुलिस अधिकारी पीड़ित से कोतवाली में बुरे बर्ताव के आरोप को सिरे से खारिज कर रहे हैं।

## बाइक चोरी दर्ज करने से कतराती है मोहनलालगंज पुलिस

**मोहनलालगंज** में बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाने में फरियादियों को एड़ियां रगड़नी पड़ रही हैं। हुलासखेड़ा और जबरौली से चोरी हुई बाइक की एफ आईआर दर्ज कराने के लिए भटक रहे फरियादियों का मामला अभी ठण्डा नहीं पड़ा था। शनिवार को उदवतखेड़ा निवासी चन्द्रिका प्रसाद की 19 नवम्बर को चोरी हुई बाइक की एफआईआर पुलिस ने सप्ताह भर बाद दर्ज की। हालांकि इंस्पेक्टर ने बताया शिकायत मिलते ही बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों को पकड़ने के लिए टीम काम कर रही है।

## धार्मिक स्थल निर्माण की शिकायत पर काम रुका, जांच शुरु

**मोहनलालगंज।** बिना अनुमति धार्मिक स्थल निर्माण किए जाने की शिकायत पर शनिवार को प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। वहीं दूसरी तरफ निर्माण करवा रहे लोगों ने शिकायत को बेबुनियाद बताकर टेंट का सामान रखने के लिए गोदाम निर्माण कराए जाने का दावा किया। फिलहाल प्रशासन ने जांच शुरु कर निर्माण करवा रहे लोगों से अभिलेख तलब किए हैं। मोहनलालगंज कस्बे में कुछ समय पहले एक धार्मिक स्थल का निर्माण कराया जा रहा था। जिसका ग्रामीणों ने उस समय विरोध किया था। इसके बाद निर्माण रुक गया था। बीते कुछ दिन से उसी जगह पर निर्माण कार्य चल रहा था। लोगों ने शिकायत की लेकिन निर्माण कार्य नहीं रुका। इस पर नाराज कई लोग शनिवार को थाना समाधान दिवस में पहुंच गए। बिना अनुमति चोरी छिपे धार्मिक स्थल निर्माण कराए जाने का आरोप लगाकर शिकायत की। जिसके बाद थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां निर्माण करवा रहे लोगों ने बताया कि वह लोग टेंट का व्यवसाय करते हैं। टेंट का सामान रखने के लिए गोदाम का निर्माण करवा रहे हैं। फिलहाल शिकायत के बाद निर्माण होता देख तहसीलदार ने तत्काल निर्माण कार्य रुकवा दिया। एसडीएम शुभी सिंह ने बताया निर्माण करवा रहे लोगों से धार्मिक स्थल का निर्माण न करवाने का शपथ पत्र देने के साथ ही निर्माण से पहले एसडीएम व एसपी से अनुमति लेने के लिए कहा गया है।

# वोटर लिस्ट से सर्वे कर छूटे लोगों का वैक्सीनेशन करेगी स्वास्थ्य टीम

## ● बीडीओ और एसडीएम ने मीटिंग कर तैयार कराया माइक्रो प्लान

संवाददाता। मोहनलालगंज

**घर**-घर जाकर स्वास्थ्य टीम अब कोविड वैक्सीनेशन से छूटे लोगों का पता लगाकर उनको वैक्सीन की डोज दिलाएगी। सचिव और लेखपाल भी गांव पहुंचकर वैक्सीनेशन से छूटे रह गए लोगों की टोह लेंगे। मोहनलालगंज में प्रशासन ने अगले पांच दिन में 15 हजार लोगों के वैक्सीनेशन का टारगेट निर्धारित किया है। जिसके लिए सीएचसी प्रशासन ने 42 टीम गठित की हैं। इसके अतिरिक्त मोहनलालगंज सीएचसी और सभी पीएचसी पर भी टीम मौजूद रहकर लोगों का वैक्सीनेशन करेगी। मोहनलालगंज की सभी पंचायतों को कोविड वैक्सीनेशन से संतृप्त करने के लिए जिला प्रशासन ने वोटर लिस्ट के जरिए घर-घर सर्वेक्षण कर वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज से छूटे हर एक शख्स को तलाश कर उनका वैक्सीनेशन करने का माइक्रो प्लान तैयार कराया है। डीएम अभिषेक प्रकाश के निर्देश पर शनिवार को एसडीएम शुभी सिंह और बीडीओ निशान्त राय ने मोहनलालगंज सीएचसी पर डिप्टी सीएमओ केडी मिश्रा व सीएचसी अधीक्षिका डॉ. ज्योति कामले के साथ मीटिंग कर माइक्रो प्लान पर बिन्दुवार चर्चा कर तैयारियों की समीक्षा की। सीएचसी अधीक्षिका डॉ. ज्योति कामले ने बताया सभी एएनएम और सीएचओ को अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे कर वैक्सीन लगवाने से छूटे लोगों को चिन्हित कर प्रतिदिन 250 लोगों के वैक्सीनेशन का टारगेट दिया गया है। 28 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अधीक्षिका ने बताया यदि किसी परिवार में एक भी शख्स को वैक्सीन की डोज नहीं दी जा सकी तो स्वास्थ्य टीम से कारण समेत उसकी रिपोर्ट ली जाएगी।

**राशन दुकान और धान क्रय केन्दों पर भी होगा वैक्सीनेशनः** बीडीओ निशान्त राय ने बताया वैक्सीनेशन से छूटे लोगों का पता लगाकर उनका वैक्सीनेशन करने के लिए कोटेदारों की भी मदद ली जाएगी। सप्लाई इंस्पेक्टर को इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य टीम को बुलाकर कोटेदार ऐसे लोगों का वैक्सीनेशन कराने में अहम भूमिका निभाएंगे। एसडीएम शुभी सिंह ने बताया राशन दुकानों के अतिरिक्त धान क्रय केन्द्र और सहकारी समितियों पर जुटने वाली भीड़ में भी वैक्सीनेशन से छूटे लोगों का पता लगाकर उन्हें वैक्सीन की डोज दी जाएगी।

**मीटिंग में न पहुंचने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का वेतना रोकाः** कोविड वैक्सीनेशन को लेकर जिला प्रशासन के माइक्रो प्लान को अमलीजामा पहनाने के लिए शनिवार को मोहनलालगंज सीएचसी में बुलाई गई मीटिंग में महज तीन सीएचओ और दो एएनएम ही उपस्थित रहीं। जिसे लेकर सीएचसी अधीक्षिका डॉ. ज्योति कामले ने अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन रोककर सीएमओ को रिपोर्ट भेजी है।

## निगोहां में चालक परिचालक की मर्जी पर ही रुकती हैं रोडवेज बसें

संवाददाता। निगोहां

**कस्बे** में दैनिक यात्रियों को परिवहन निगम की बसों के लिए आज भी घण्टों इंतजार करना पड़ता है। निगोहां कस्बे मे बने सांकेतिक बस स्टेण्ड पर यात्रियों के द्वारा रुकने के लिए हाथ से संकेत देने के बावजूद यहां बसें बस चालक व परिचालक की मंशा पर ही रुकती हैं। यात्रियों को डग्गामार वाहनों से लखनऊ के लिए दुकड़ों में सफर करना पड़ रहा है। शाम के समय यहां निजी टैक्सियों की भरमार रहती है यात्रियों को इन्ही निजी वाहनों से महंगे दामों में सफर करना पड़ रहा है एक ओर देश में नई नई टेक्नोलॉजी लागू है फिर भी आजादी के बाद आज भी निगोहां कस्बे में परिवहन निगम का बस अड्डा यहां के यात्रियों को नसीब नहीं हो सका। निगोहां के व्यापारियों व ग्राम प्रधान ने पिछले वर्ष निगोहां में रोडवेज बसों के न रुकने व बस स्टैंड के लिए डिप्टी सीएम से शिकायत की थी जिसके बाद निगम के आला आलाधिकारियों ने निगोहां कस्बे में बस स्टैंड चिह्नित करने के लिए दौरा कर आश्वासन दिया था कि जल्द ही बस स्टॉप बनेगा और बसे रुकेंगी लेकिन वक्त गुजरता गया सरकार पांच साल पूरा करने वाली है। चुनावी बिगुल भी बज चुका है लेकिन यात्रियों के हालात पहले से ज्यादा बदतर हो गए। इस समय शादी बयाह आदि मांगलिक कार्य तेजी से हो रहे हैं। ऐसे में यात्रियों की भीड़ बढ़ी है। लोग कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बस पकड़ने के लिए निगोहां बस स्टैंड पर घण्टों संकेत देते रहते हैं लेकिन बसे नहीं रुकती हैं, खासकर शाम से लेकर देर रात तक बसों का रुकना टेढ़ी खीर है। लोग परिवार के साथ छोटे छोटे बच्चों महिलाओं को लेकर बसों के इंतजार में गुमशुम बैठे रहते हैं जबकि निगोहां से रायबरेली, प्रयागराज, प्रतापगढ़, फतेहपुर और लखनऊ के चारबाग व आलमबाग की सैकड़ों बसे प्रतिदिन गुजरती हैं। इसके अलावा कुछ उपनगरीय बसें भी का संचालन हो रहा है। फिर भी यात्रियों को आज भी डग्गामार वाहनों से जानजोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।

# गोवा फिल्म फेस्टिवल में यूपी की फिल्म पॉलिसी की जमकर सराहना

## ● नवनीत सहगल व शिशिर के मार्गदर्शन में फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने गया है डेलीगेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोवा** में आयोजित इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आफ इन्डिया-2021 में यूपी की फिल्म पॉलिसी को खूब सराहना मिल रही है। यहां यूपी के फिल्म बन्धु का स्टॉल भी लगाया गया है जिसका उदघाटन मशहूर फिल्म निर्माता, निर्देशक रणधीर कपूर और राहुल रावेल ने किया। वहीं फिल्म बन्धु के अध्यक्ष नवनीत सहगल और सचिव शिशिर के मार्गदर्शन में एक डेलीगेशन प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंचा है। फिल्म बन्धु के स्टॉल का उदघाटन करते हुए मशहूर फिल्म निर्देशक रणधीर कपूर ने मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की और कहा कि उनकी दमदार फिल्म नीति की वजह से ही समस्त निर्माता, निर्देशक उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि आज गोवा में आयोजित फिल्म समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार का फिल्म बन्धु स्टाल का उद्घाटन उनके द्वारा हो रहा है। फिल्म निर्देशक राहुल रावेल ने यूपी को एक अद्भुत स्थान बताया। यहां पर ज्यादा से ज्यादा फिल्में बननी चाहिये। उन्होंने यूपी सरकार के कार्यों तथा फिल्म नीति की खूब सराहना की। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित निर्माताए निर्देशक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**एलईडी पर दिखाई जा रहीं यूपी की शूटिंग लोकेशनः** गोवा फिल्म फेस्टिवल में लगाए गए फिल्म बन्धु के स्टॉल पर यूपी सरकार की फिल्म नीतियों का प्रचार-प्रसार बुकलेट, फोल्डर देकर और एलईडी से किया जा रहा है। पूरी दुनिया से आये कलाकारों, निर्देशकों, निर्माताओं, टेकनिकल विशेषज्ञों से सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन, नीति और यूपी की खूबसूरत फिल्म शूटिंग लोकेशन के बारे में चर्चा की जा रही है और प्रसारण किया जा रहा है। बता दें कि गोवा फिल्म फेस्टिवल में यूपी की फिल्म पॉलिसी पर मशहूर फिल्म निर्देशक करन जौहर तो इतने फिदा हो गये कि उनसे यह कहे बिना नहीं रहा गया कि यूपी के लखनऊ, कानपुर और वाराणसी में फिल्म शूट करो तो कहानियां अपने आप उभर जाती हैं।


मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, उन्नाव अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यो को सम्पादित कराने हेतु अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से ई–निविदायें दो भागों में अलग–अलग निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी/निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते ई–टेण्डरिंग की पोर्टल etender.up.nic.in वेबसाइट पर अवलोकित की जा सकती है। निविदा सूचना www.mvvnl.in पर भी अवलोकित की जा सकती है। सभी निविदाओं को अपलोड करने की अंतिम तिथि 08.12.2021 समय 17:00 बजे तक तथा प्रथम भाग खुलने की तिथि 09.12.2021 समय 14:00 बजे नियत है। निविदा में संशोधन, तिथि विस्तारण, पुर्नप्रकाशन आदि की सूचना भी उक्त पोर्टल पर एवं वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बतायें एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न कार्यो के मध्य विभक्त करने/संशोधन/मात्रा को ±10% घटाने/बढ़ाने करने का अधिकार सुरक्षित होगा। 1. निविदा सं0–153/वि0वि0मं0/उ0/2021–22 धरोहर धनराशि – रू0 3400.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। 2. निविदा सं0–154/वि0वि0मं0/उ0/2021–22 धरोहर धनराशि – रू0 7200.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। 3. निविदा सं0–155/वि0वि0मं0/उ0/2021–22 धरोहर धनराशि – रू0 57500.00 निविदा शुल्क – रू0 3000+540=3540/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–तृतीय, पुरवा, उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। 4. निविदा सं0–156/वि0वि0मं0/उ0/2021–22 धरोहर धनराशि – रू0 7300.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–चतुर्थ, बांगरमऊ, उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। 5. निविदा सं0–157/वि0वि0मं0/उ0/2021–22 धरोहर धनराशि – रू0 15500.00 निविदा शुल्क – रू0 3000+540=3540/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–पंचम, हसनगंज उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव। पत्रांक–6194 दिनांक–27.11.2021 "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें" बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगाएं।

# वे दंगा कराते थे और हम दंगल

## बड़ौत की सभा में बोले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

भाषा। लखनऊ



**केंद्रीय** खेल एवं युवा मामलों तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को लक्ष्य करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि सपा राज में उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे और हमारे (भाजपा सरकार) राज में दंगल होते हैं। उन्होंने दावा किया, अखिलेश भाई सुनो, तुम दंगे कराते हो और हम दंगल कराते हैं तो क्या बुराई है। केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के सह प्रभारी अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया अखिलेश यादव, फर्क इतना है कि -- सपा राज में उप्र में दंगे होते थे, हमारे में दंगल। इसके पहले उन्होंने बागपत के बड़ौत में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ में अपने संबोधन में आरोप लगाया, अगर खेलों में आगे बढ़ने का मौका दे रहे तो क्या बुराई है, ए अखिलेश यादव कहता है कि ए सांसद खेल महाकुंभ कराते हैं, अरे, अखिलेश भाई सुनो, तुम दंगे कराते हो और हम दंगल कराते हैं तो क्या बुराई है। ठाकुर ने कहा मुझे पता है कि बागपत के लोग दंगे नहीं जानते, दंगल में ही विश्वास रखते हैं। आप खेलों को बढ़ावा देना जानते हो, राजनीति नहीं जानते हो लेकिन कोई राजनीतिक प्राणी खेल को बढ़ावा दे तो इससे अच्छी बात क्या हो सकती है। उन्होंने आयोजन के लिए बागपत के भाजपा सांसद सतपाल सिंह को धन्यवाद दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में ठाकुर ने सांसद खेल महाकुंभ की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने मोदी जी की सोच को आगे बढ़ाया है क्योंकि ओलंपिक के बाद देश खेल को और खिलाड़ियों को बढ़ावा देना चाहता है और अगर हर सांसद इस दिशा में आगे बढ़े तो यह अपने आप में एक नई शुरुआत है। देश भर के सांसद अगर इस तरह का आयोजन करेंगे तो खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिलेगा।

# योगी ने परखीं भव्य काशी और दिव्य काशी कार्यक्रम की तैयारियां



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे में 13 दिसंबर से 14 जनवरी तक होने वाले"भव्य काशी दिव्य काशी" कार्यक्रम की तैयारियों की शनिवार को समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिया कि 13 दिसंबर को श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण के पश्चात 14, 15 एवं 16 दिसंबर को काशी के प्रत्एक घर में बाबा का विशेष प्रसाद एवं धाम के इतिहास से संबंधित कॉफी टेबल बुक हर हालत में पहुंचाई जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शास्त्रोक्त पद्धति से पूजन -अर्चन के दौरान पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होता रहे। योगी ने श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण से पूर्व पूरे वाराणसी जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन सहभागिता के साथ उत्सव सा माहौल बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिन लोग अपने घरों में विशेष साफ सफाई के साथ ही दीप अवश्य जलाएं। इसके लिए काशी के परिवारों के साथ संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि 1669 में अहिल्याबाई होलकर द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनरुद्धार कराने के लगभग 352 वर्ष के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प के साथ श्री काशी विश्वनाथ धाम का पुनरुद्धार कराया है। उन्होंने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर लोकार्पण के दौरान पूरे एक माह तक काशी में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


# हम भाजपा की लूट वाली नीति खत्म करेंगे: प्रियंका



**महोबा।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को लड़की हूं, लड़ सकती हूं के नारे के उद्घोष के साथ कहा कि भाजपा की नई खनिज नीति, किसानों की दुर्दशा, पानी की समस्या, बेरोजगारी, महंगाई के चलते बुंदेलखंड का बुरा हाल है। प्रियंका ने दावा किया कि हम भाजपा की लूट वाली नीति को खत्म करेंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को यहां छत्रसाल स्टेडियम में प्रतिज्ञा रैली में वादा किया,"उत्तर प्रदेश में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा और महिलाओं को साल में तीन घरेलू गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे" उन्होंने कहा, "कोरोना काल में आर्थिक तंगी के चलते बिजली बिल न जमा करने वालों का बिजली बिल भी माफ होगा" बुंदेलखंड के किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए प्रियंका ने कहा कि बुंदेलखंड के संसाधनों पर बुंदेलखंड के लोगों का हक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर बुंदेलखंड को छलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि खाद की कमी के चलते बुंदेलखंड में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए दावा किया कि दो सालों में 1500 किसानों ने आत्महत्या की।

# सहकारिता को अपनाने से ही प्रगति संभव: द्विवेदी

संवाददाता। बस्ती



**सहकारिता** सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास लेकर लक्ष्य प्राप्ति का साधन है। उक्त विचार प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, डॉ0 सतीश द्विवेदी ने व्यक्त किया। वे भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में जिला सहकारी बैंक के 9वें वार्षिक सामान्य बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि सहकारिता अपना कर ही हम जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकते है। उन्होने अमूल, पराग, ईफ्को, कृभको का उल्लेख करते हुए कहा कि समर्पित भाव से यदि संस्था को संचालित किया जाय, तो सहकारिता के बल पर सफ्लता हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर उन्होने बैंक की वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020-21 पुस्तिका का विमोचन किया। प्रभारी सहकारिता, पूर्व सांसद एवं सदस्य विधान परिषद विद्यासागर सोनकर ने कहा कि भारत में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल किया है। भारत में सहकारिता पुरातनकाल से चली आ रही है। वर्तमान सरकार भी आधुनिक तकनीकी अपनाकर सहकारी बैंको को सुदृढ करने का प्रयास कर रही है। भारत सरकार में पहली बार उ0प्र0 से सांसद बी.एल. वर्मा को सहकारिता राज्य मंत्री बनाया गया है। उन्होने इस बात पर बल दिया कि जिला सहकारी बैंको में कर्मचारियों की संख्या बढाया जाना चाहिए। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ तिवारी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि नाबार्ड द्वारा बैंक को 'डी' से 'सी' ग्रेड में रखा गया है। कहा कि अगर किसी के पास सहकारिता नहीं तो वह मनुष्य नहीं। कहा कि बैंक के अंशपूजी में 31 मार्च 2020 के सापेक्ष 31 मार्च 2021 को 119.94 लाख बढोत्तरी हुयी है। जिले की सभी शाखाए कम्प्यूटरीकृत है एंव सी.बी.एस. प्रणाली पर कार्यरत है। सामान्य बैठक को विधायक दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला, महेश शुक्ला, अशोक सिंह, बाबूराम सिंह, दयाशंकर ने सम्बोधित किया। बैंक के सचिव पीपी गौतम ने बैठक का एजेण्डा प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन अजय पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर यशंकात सिंह, हरीश सिंह, अनूप खरे, जगदीश शुक्ल, अखंड प्रताप सिंह, जटाशंकर शुक्ल, पवन कसौधन, रामशंकर यादव, भोलू सिंह, उदयशंकर शुक्ल, मनमाहन तथा विभिन्न साधन सहकारी समिति के सभापति सदस्य उपस्थित थे।

# सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य कृषि क्षेत्र में तेजी से कर रही है कार्य: डॉ. दिनेश



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**प्रदेश के** उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा जलशक्ति मंत्री डा महेन्द्र सिंह केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। युनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफइंजीनियरिंग कालेज नैनी में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का समापन हुआ। उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा जलशक्ति मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में खेल गांव पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा जिम्नास्टिक का प्रदर्शन एवं सरदार पटेल इण्टर कालेज कोरांव के छात्रों द्वारा ड्रम पर योगा और जिम्नास्टिक का प्रदर्शन किया गया। सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने खेल का प्रारम्भ 16 नवम्बर को किया। जिसका 26 नवम्बर को समापन दिवस था। स्पर्धा में कबड्डी खेल का चयन किया गया। कबड्डी एसोशिएशन तथा प्रशासन के सहयोग से पूरी निष्पक्षता के साथ सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। विजयी खिलाड़ियों को उप मुख्यमंत्री एवं जलशक्ति मंत्री द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गणेश केशरवानी डा अजय भारतीय राजमणि कोल पी के पाण्डेय सीडीओ शिपू गिरि उपस्थित रहे। त्रिवेणीपुरम झूंसी में भारतीय संविधान दिवस एवं वीरांगना ऊदा देवी पासी की शहादत सम्मान दिवस पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा ने बाबा भीमराव अम्बेडकर व वीरांगना ऊदा देवी की चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कहा कि वीरांगना ऊदा देवी ने अंग्रेजों के साथ जिस वीरता के साथ लड़ाई लड़ी और कई अंग्रेजी सैनिकों को अपनी गोलियों से छलनी कर दिया और इतिहास में अपना नाम अमर करा लिया। केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी गणेश केशरवानी विधायक बारा डा अजय भारतीय प्रवीण पटेल उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा जलशक्ति मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने जिला पंचायत सभागार में संविधान दिवस पर आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी का दीप प्रज्जवलन कर एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पणकर रकार्यक्रमका शुभारम्भ किया।

### ● केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर जलशक्ति मंत्री डा महेंद्र सिंह ने भी कई कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

# चुनाव में पिछड़ा वर्ग अहम भूमिका निभाएगा:अनुप्रिया



**गोरखपुर।** केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग अहम भूमिका निभाएगा। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री वी पी सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए बस्ती के लोगों से 2022 के विधानसभा चुनावों में अपना दल (एस) के उम्मीदवारों को विजई बनाने की अपील करते हुए कहा कि "पिछड़ा वर्ग आगामी चुनाव में अहम भूमिका निभाएगा" उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा, "हमें यह सोचने की जरूरत है कि पिछली सरकारों ने आपको क्या दिया और केंद्र की एनडीए सरकार और राज्य की योगी सरकार ने आपको क्या दिया" केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में हर जगह विकास हो रहा है, हवाई अड्डों का नेटवर्क तैयार हो रहा है, मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में वेलनेस सेंटर विकसित किए जाएंगे और प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार जिलों में गहन चिकित्सा :क्रिटिकल केयर: अस्पताल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह"पिछड़ों के मसीहा" थे और यह सोचने का समय है कि आजादी के 40 साल बाद पिछड़ों को आरक्षण क्यों दिया गया? उन्होंने दावा किया कि सरकार बनाने की कुंजी पिछड़ों के पास है। उन्होंने अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि "मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी अल्पसंख्यक मंत्रालय की तर्ज पर ओबीसी मंत्रालय की मांग को स्वीकार करेंगे"

# आगरा में एक बुजुर्ग ने अपनी संपत्ति जिलाधिकारी के नाम की

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में एक बुजुर्ग ने अपनी सारी सम्पत्ति आगरा के जिलाधिकारी के नाम कर दी है। बुजुर्ग व्यक्ति ने वसीयत की कॉपी भी आगरा सिटी मजिस्ट्रेट को सुपुर्द कर दी है। बजुर्ग ने स्वयं इसकी जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह संपत्ति लगभग दो करोड़ रुपए की है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग पेशे से मसाला व्यापारी हैं और वह अपने बड़े बेटे से बहुत परेशान रहते हैं। बुजुर्ग का का कहना है कि काफी सोच समझने के बाद उन्होंने उक्त कदम उठाया है। आगरा के पीपलमंडी निरालाबाद निवासी गणेश शंकर पांडेय ने करीब 225 वर्ग गज की प्रॉपर्टी आगरा के जिलाधिकारी के नाम लिखवा दी है। बुजुर्ग ने पत्रकारों को बताया, घर में किसी चीज की कमी नहीं है। सब आराम से चल रहा है। उनका बड़ा बेटा दिग्विजय, बहू और दो पोते-पोती उनके साथ ही रहते हैं लेकिन कुछ समय से दिग्विजय उसने लगातार संपत्ति के एक चौथाई भाग की मांग कर रहा है, जो उनकी परेशानी का सबसे बड़ा कारण है। पांडेय का कहना है कि उन्होंने कई बार कोशिश की कि दिग्विजय को व्यापार पर बैठाया जाए या उसे समझाया जाए लेकिन वह सुनने को तैयार ही नहीं है और संपत्ति के लिए परेशान करता है। उन्होंने बताया कि इसी उलझन के चलते पांडेय ने जिलाधिकारी को ही सारी संपत्ति दे दी। वहीं इस संबंध में शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट ए के सिंह का कहना है कि बीते बृहस्पतिवार को उनके पास एक बुजुर्ग आए थे, जो पीपल मंडी निरालाबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने बेटे से परेशान होने की बात कही और अपनी पूरी प्रॉपर्टी जिलाधिकारी के नाम लिखवा दी है। इसके लिए वह रजिस्टर्ड वसीयत भी लाए थे, मजिस्ट्रेट ने उनसे प्रॉपर्टी के सारे कागजात ले लिए हैं।

# प्रदेश में झूठ और बंटवारे की राजनीति


### ● महाराजा सल्हीय अर्कवंशी के स्थापना दिवस पर बोले अखिलेश

संवाददाता। संडीला



**प्रदेश के पूर्व** मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले साढ़े चार साल में प्रदेश को केवल झूठे वादों सम्प्रदायिकता फैलाकर भाई को भाई से लड़ाने तथा जातियों का बंटवारा करने की राजनीति करके प्रदेंश को आर्थिक रुप से जर्जर बना दिया गया है। सपा सरकार आने पर प्रदेश पुन: विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेगा।

सुभहसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के साथ हुई इस संयुक्त जनसभा में भीड़ का जो सैलाब उमड़ा उसे देखकर राजनीतिक परिवेक्षक आश्चर्य में पड़ गये। श्रीराजभर एवं अखिलेश यादव ने महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी के चित्र. पर माल्यार्पण किया। विभिन्न लोगों द्वारा डा अश्वनी सिंह, अभिषेक दीक्षित, एमलएलसी मिस्बाहउद्दीन, जीतू वर्मा, शराफ्त अली, आरपी यादव, अवध कुमार सिंह बागी आदि समेत बड़ी संख्या में लोगों ने श्रीयादव को प्रतीक चिन्ह भेंट किये। पूर्व विधायक अनिल वर्मा ने इस अवसर पर सपा में शामिल होने की घोषणा की। जनसभा को सम्बोधित करते हुए एमएलसी राजपाल कश्यप ने कहा कि सुभह सपा और सपा का गठबंधन होने से प्रदेश में बीजेपी का दरवाजा सत्ता के लिए बंद हो गया है। क्योंकि तमाम पिछड़े समाज को केवल मुलायम और अखिलेश यादव ने ही सम्मान दिया है। इसी अवसर पर ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि यह लाल और पीले में डूबी भीड़ बताती है कि हम 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर ही दम लेगें। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रवक्ता ने स्व0 फूलनदेवी पर अमर्यादित टिप्पणी करके समस्त कश्यप बिन्द, राजभर समाजों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करायी जायेगी। कूर्मचारियों की बंद की पुरानी पेंशन को पुन: लागू किया जायेगा तथा पुलिसकर्मियों को आठ घण्टे ड्युटी के साथ साप्ताहिक छुट्टी गृहजनपदों में तैनाती का भी प्रावधान किया जायेगा। इसी अवसर पर बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि विशाल मैदान में बिखरे लाल पीले रंग को देखकर लखनऊ में बैठे लोग जरुर लाल पीले हो जायेंगें। उन्होंने कहा कि हमने सभी रंगों को जोड़कर प्रदेश को गुलदस्ता बनाने का काम किया है और यह काम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि देश का नीति आयोग यह बता रहा है कि उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। यही कारण है कि प्रदेश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है किसी की आय दो गुनी कराने का वादा करके यह सरकार सत्ता में आयी थी। यह दोगुनी के बजाय और कम हो गयी है।



आगरा में शनिवार को ताजमहल को निहारने पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी

# पाक ड्रोन का इस्तेमाल विस्फोटक गिराने के लिए करता है: जितेंद्र

भाषा। जम्मू

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान ड्रोन का इस्तेमाल भारतीय क्षेत्र में हथियार गिराने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए करता है लेकिन भारत इनका प्रयोग मानवता की सेवा के लिए करता है।

सिंह ने यह बात जम्मू कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोविड-19 रोधी टीकों को पहुंचाने के लिए एक ड्रोन की शुरुआत के मौके पर कही। स्वदेश में निर्मित मध्यम दर्जे के मानव रहित वायुयान (यूएवी) ने यहां स्थित सीएसआईआर- भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान परिसर से उड़ान भरी और कोविड-19 रोधी टीके की 50 शीशियों को सफलतापूर्वक जम्मू के मढ़ क्षेत्र में पहुंचाया जो भारत-पाकिस्तान सीमा के पास स्थित है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री सिंह ने कहा, पाकिस्तान अपने ड्रोन का इस्तेमाल लोगों को नुकसान पहुंचाने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए करता है लेकिन हमारे ड्रोन मानवता की भलाई के लिए संजीवनी बूटी ले जाने के रूप में काम करेंगे और इससे शांति का संदेश जाएगा। सिंह ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण में लगे स्वास्थ्यकर्मियों को दूरदराज के इलाकों और पर्वतीय क्षेत्रों तथा जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम स्थानों पर जाने में दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ड्रोन के इस्तेमाल से स्वास्थ्यकर्मियों की मदद होगी और सौ प्रतिशत टीकाकरण का सरकार का संकल्प पूरा होगा। एक अधिकारी ने बताया कि जीपीएस निर्देशित उक्त ड्रोन को राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं (एनएएल) ने विकसित किया है जो वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक इकाई है। उन्होंने कहा कि इस ड्रोन की रेंज 55 किलोमीटर तक है और यह 20 किलोग्राम तक भार वहन कर सकता है।



## जम्मू-कश्मीर में भाजपा नेता ने उपेक्षा का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दिया

**जम्मू।** भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रचार सचिव अरुण के. छिब्बर ने उपेक्षा और अपमान का आरोप लगाते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा की। छिब्बर (65) ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह पार्टी के साथ 40 साल से भी ज्यादा वक्त से जुड़े रहे हैं, पूरे समर्पण और निष्ठा से काम किया है।

छिब्बर ने कहा, अप्रैल 1980 में भाजपा की स्थापना के समय से ही मैं इससे जुड़ा हुआ था और जमीनी स्तर के कार्यकर्ता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैंने कभी अपने परिवार की परवाह नहीं की और देश की सेवा करने के पार्टी के एकमात्र लक्ष्य से प्रभावित रहा। स्नातकोत्तर छिब्बर ने कहा कि उन्होंने सरकारी नौकरी से ज्यादा तवज्जो भाजपा को दी और पार्टी नेतृत्व के हिसाब से हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं।



कन्नूर में पासिंग आउट परेड में भाग लेते भारतीय नेवल एकेडमी के कैडेट

## चेन्नई के विदेशी डाकघर में एमडीएमए की गोलियां और गांजा जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में स्थित विदेशी डाकघर से शनिवार को मादक पदार्थ एमडीएमए की 52 गोलियों के अलावा मेथ क्रिस्टल और गांजे से भरे हुए तीन पार्सल बरामद किए गए। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक जब्त किए गए मादक पदार्थों की कीमत 3.12 लाख रुपए आंकी गई है। अधिकारियों ने एक विशेष सूचना के आधार पर यह कार्वाई की। प्राप्त सूचना के मुताबिक एमडीएमए की गोलियां किसी विदेशी जगह से आ रही थी। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने इसके आधार पर पार्सल बरामद कर लिए। यह पार्सल नीदरलैंड और अमेरिका से आए थे। सीमा शुल्क विभाग की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक एक पार्सल में हरे रंग की 52 गोलियां थीं, जिनके मेथालेंडियोक्सी मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) होने की आशंका जताई जा रही है।

## राजस्थान के शाही परिवार की संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री व दो अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**कोटा।** एक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने बूंदी के पूर्व शाही परिवार की संपत्ति को हथियाने के लिए कथित रूप से धोखाधड़ी करने और न्यास दस्तावेज (ट्रस्ट डीड) बनाने के मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह और दो अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पुलिस ने बताया कि जितेंद्र, उनके ससुर बिजेंद्र सिंह और बूंदी के पूर्व जिला प्रमुख श्रीनाथ सिंह हाडा के खिलाफ 18 नवंबर को गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। अदालत ने पुलिस को तीनों को गिरफ्तार कर छह जनवरी, 2020 को पेश करने का आदेश दिया है। बूंदी नगर पुलिस ने दिसंबर, 2017 में जितेंद्र और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी), 467 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 471 (फर्जी दस्तावेज को असली के रूप में इस्तेमाल करना) और 120 (बी) (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया था। यह मामला पूर्व राजपरिवार के आखिरी राजा बहादुर सिंह के बेटे रंजीत सिंह के मित्र होने का दावा करने वाले अविनाश कुमार चांदना की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

जितेंद्र सिंह, रंजीत सिंह के भतीजे हैं। चांदना का आरोप है कि तीनों आरोपियों ने रंजीत सिंह की संपत्ति पर कब्जा करने के लिए षड्यंत्र रचा और मई, 2008 की पिछली तारीख का न्यास दस्तावेज तैयार कर उस पर उनके जाली हस्ताक्षर किए। रंजीत की कोई संतान नहीं थी। चांदना ने दावा किया कि रंजीत उनके दोस्त थे और वह 2010 में आखिरी सांस लेने तक दिल्ली स्थित उनके आवास में उनके साथ ही रहे थे। उन्होंने दावा किया कि शाही परिवार के वंशज ने 2009 में सारी संपत्ति उन्हें हस्तांतरित कर दी थी। चांदना का आरोप है कि जितेंद्र ने कुल देवी आशापुरा माताजी न्यास की स्थापना की और इसके माध्यम से रंजीत की सारी संपत्ति धोखे से अपने नाम कर ली। अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए कहा कि जितेंद्र और दो अन्य आरोपियों ने अनुचित लाभ लेने के लिए फर्जी न्यास दस्तावेज जमा कराके अदालत को धोखा देने की कोशिश की। अदालत ने इस बात पर भी गौर किया कि जितेंद्र ने जांच अधिकारी को दस्तावेज की मूल प्रति मुहैया नहीं कराई, बल्कि अधिकारी को एक निजी फोरेंसिक प्रयोगशाला द्वारा जारी एक फर्जी रिपोर्ट दी गई। जितेंद्र द्वारा जमा कराई गई इसी रिपोर्ट के आधार पर बूंदी पुलिस ने मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी।

## उपराष्ट्रपति ने लोगों से कार्बन उत्सर्जन कम करने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश के प्रमुख शहरों में, विशेषकर सर्दियों के दौरान बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर शनिवार को चिंता व्यक्त की और लोगों से यथासंभव कार्बन उत्सर्जन कम करने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित करने पर जोर दिया और निजी क्षेत्र से आह्वान किया कि वे सरकार के प्रयासों में सहयोग करते हुए अपने शहरी अस्पतालों के दूरस्थ केंद्र ग्रामीण इलाकों में खोले। उपराष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक उपराष्ट्रपति निवास से इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी के कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वाहनों से होने वाले प्रदूषण का वायु गुणवत्ता खराब होने के कारकों में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि स्थाई विकास को लेकर लोगों के नजरिए पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे जीवनशैली का मूल्यांकन करें और यथासंभव कार्बन उत्सर्जन कम करने की कोशिश करें। देश में फेफड़ों की बीमारियों सहित गैर संचारी रोगों के बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने युवाओं को सलाह दी कि वे स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाएं।

## इंदौर का नाम बदलने की अटकलें बेबुनियाद : सांसद

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर का नाम बदलने को लेकर सोशल मीडिया पर तूल पकड़ रहीं अटकलों को बेबुनियाद करार देते हुए स्थानीय सांसद शंकर लालवानी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार देश के सबसे स्वच्छ शहर का नाम बदलने के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। गौरतलब है कि इंदौर का नाम पूर्व होलकर राजवंश की शासक देवी अहिल्याबाई के नाम पर रखे जाने की अटकलों को लेकर सोशल मीडिया पर पिछले तीन दिन से बहस चल रही है। हालांकि, ज्यादातर लोग इंदौर के नाम परिवर्तन की बात के खिलाफ सोशल मीडिया पर विरोध जताते हुए कह रहे हैं कि शहर का नाम बदले जाने की कोई जरूरत नहीं है। लालवानी ने बयान जारी कर बताया, इंदौर का नाम बदलने की अटकलों को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मेरी चर्चा हुई है। उन्होंने मुझे बताया है कि प्रदेश सरकार इंदौर का नाम बदलने के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। सांसद ने कहा, इंदौर का नाम इंदौर ही रहेगा।

## बूस्टर खुराक के बारे में फैसला करना चाहिए केंद्र सरकार को: गहलोत

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान सहित पूरे देश में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को चिंताजनक बताते हुए शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को बूस्टर खुराक लगाने के बारे में फैसला करना चाहिए। इसके साथ ही गहलोत ने दूसरी खुराक लगाने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, देश में लोगों को दूसरी खुराक ही नहीं लगी है और जब तक आपको दूसरी खुराक नहीं लगे तब पहली का फायदा नहीं होता।

बचाव के लिए दोनों खुराक लेना जरूरी है। देश में दूसरी खुराक तो सिर्फ 35-40 प्रतिशत लगी है। तो एक अभियान चले देश में जिसमें दूसरी खुराक लग जाए, उसके बाद में नंबर आएगा बूस्टर डोज का। केंद्र सरकार द्वारा बूस्टर खुराक के बारे में फैसला किए जाने पर जोर देते हुए गहलोत ने कहा, हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है कि जिसको खुराक लगे सालभर होने को आ गया है, उसका प्रभाव कम हो जाता है, आपको चाहिए कि आप बूस्टर खुराक की अनुमति दें, जिसे दो खुराक लग गई उसको तीसरी बूस्टर खुराक भी लगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बारे में अभी फैसला नहीं किया है शायद वे चाहते हैं कि पहले लोगों को दूसरी खुराक लगे। गहलोत के अनुसार लेकिन जो बुजुर्ग हैं या बीमार हैं अगर उनको बूस्टर खुराक नहीं लगेगी तो फिर तकलीफ हो सकती है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर हमें कार्वाई करनी पड़ेगी। मुंबई यात्रा से यहां पहुंचे गहलोत ने यहां ईएचसीसी हॉस्पिटल में भर्ती जैन साध्वी प्रमुख कनखप्रभा जी से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम जानी।



बेंगलुरू में आने वाले यात्रियों की कोविड जांच के लिए सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी

## पूर्व आईएएस सहित तीन के खिलाफ केस वापस लेने की याचिका खारिज

एजेंसी। जयपुर

**एक** स्थानीय अदालत ने एकल पट्टा प्रकरण में एक पूर्व आईएएस सहित तीन अधिकारियों के खिलाफ केस वापस लेने की राज्य सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने राज्य सरकार की इस संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। सरकार ने पूर्व आईएएस जी एस संधू, सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी निष्काम दिवाकर व मौजूदा आरएएस अधिकारी ओंकार मल सैनी के खिलाफ केस को वापस लेने के लिए यह याचिका दायर की थी। परिवारी की ओर से इस मामले में 2014 में मामला दर्ज करवाया गया था। उसके वकील संदेश खंडेलवाल ने कहा, एसीबी अदालत ने तीनों के खिलाफ अभियोजन वापस लेने की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। उन्होंने बताया कि एसीबी ने इनके खिलाफ 2016 में आरोप पत्र दाखिल किया था। पूर्व आईएएस अधिकारी जीएस संधू इस समय शहरी विकास और आवास (यूडीएच) विभाग के सलाहकार हैं। वे 2011 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय प्रधान सचिव (यूडीएच) थे जब एक सोसायटी से सम्बद्ध 27301.50 वर्ग गज से अधिक भूमि का एकल पट्टा बिल्डर को जारी करने में कथित अनियमितताएं हुईं। यह पट्टा हालांकि बाद में रद्द कर दिया गया। इस सिलसिले में राम शरण सिंह ने 2014 में एसीबी में केस दर्ज कराया था। एसीबी ने जीएस संधू, निष्काम दिवाकर और ओंकारमल सैनी समेत छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। तीन अन्य आरोपी आम व्यक्ति हैं। जब 2018 में कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई तो उसने संधू और दो अन्य ने राज्य सरकार को मामला वापस लेने के लिए अभ्यावेदन दिया, जिसके बाद एक समिति गठित की गई।

## कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को लेकर ठेकेदारों की शिकायतों की जांच कराने की मांग की

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** में ठेकेदारों के संगठन की ओर से लगाए गए रिश्वत के आरोपों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराने की अपनी मांग पर कायम कांग्रेस ने अधिकारियों द्वारा की जाने वाली जांच की विश्वसनीयता पर शनिवार को सवाल उठाया।

विपक्षी दल ने राज्य सरकार से इस मुद्दे पर गौर करने के लिए सदन की एक समिति गठित करने का भी आग्रह किया है। ठेकेदारों द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने जांच का आदेश दिया था। मुख्य सचिव पी रवि कुमार ने शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव (जल संसाधन) राकेश सिंह से 10 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले कार्य के संबंध में निविदा प्रक्रिया या बिल भुगतान में किसी भी तरह की अनियमितता पर रिपोर्ट मांगी और अनियमितताओं की शिकायतों की जांच करने को कहा। जुलाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे अपने पत्र में कर्नाटक स्टेट कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने मंत्रियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों और अन्य लोगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने का दावा करते हुए उन पर अनुबंध को मंजूरी देने के लिए निविदा राशि का 30 प्रतिशत तक और लंबित बिल को जारी करने के संबंध में 5-6 प्रतिशत की धनराशि मांग करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, पिछले दस वर्षों की जांच कर लें, हमें कोई आपत्ति नहीं है। इसमें जो भी शामिल है, चाहे वह कांग्रेस से हो या जनता दल (सेक्युलर) या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से, दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए, क्योंकि यह जनता का पैसा है, इसके लिए एक उचित खाता होना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश सिंह जांच कैसे करेंगे, यह सवाल उठाते हुए शिवकुमार ने कहा, वह (सिंह) एक अच्छे अधिकारी हो सकते हैं, यह अलग विषय है। उच्चतम न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश द्वारा जांच कराने का आदेश दें या सदन की समिति गठित करें। मैं सदन की समिति से जांच कराने की मांग करता हूं, भले उनकी ही पार्टी (सत्तारूढ़ दल) के सदस्य को इसका अध्यक्ष बनाया जाए। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के प्रमुख शिवकुमार ने कहा कि सरकार सदन की समिति का गठन ही कर दे क्योंकि वे न्यायिक समिति की जांच के लिए सहमत नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी सत्र के दौरान राज्य विधानमंडल में इस मुद्दे को उठाएगी। शिवकुमार ने कहा, यह ठेकेदारों के संगठन की शिकायत है, इस पंजीकृत संगठन से एक लाख सदस्य जुड़े हैं।

## तमिलनाडु के सीएम ने राज्यपाल से नीट से संबंधित विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजने का आग्रह किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को राज्यपाल आर एन रवि से आग्रह किया कि वह राज्य को नीट के दायरे से बाहर रखने तथा 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिला देने के लिए विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी के वास्ते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पास भेजें। स्टालिन ने यहां राजभवन में रवि से मुलाकात की और उनसे विधेयक को तत्काल कोविंद को भेजने का अनुरोध किया ताकि इसके लिए राष्ट्रपति की शीघ्र स्वीकृति मिल सके। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यहां कहा गया है कि मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन, स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम और शीर्ष सरकारी अधिकारी भी थे। राजभवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि भारी बारिश और कोविड-19 महामारी के संबंध में सरकार की पहलों पर भी बैठक में चर्चा हुई। इस साल मई में सत्ता में आने के बाद, द्रमुक सरकार ने सलेम में एक मेडिकल परीक्षार्थी की आत्महत्या की पृष्ठभूमि में यह विधेयक पारित कराया था। राज्य विधानसभा ने 13 सितंबर 2021 को तमिलनाडु स्नातक मेडिकल डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश विधेयक, 2021 पारित किया था। इस विधेयक में राज्य को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दायरे से बाहर रखने और 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर दाखिला देने की अनुशंसा की गई थी। विधेयक की प्रस्तावना के अनुसार, नीट दाखिले का उचित या न्यायसंगत तरीका नहीं है क्योंकि यह समाज के अमीर और समृद्ध वर्गों के पक्ष में है।

## माओवादी शिविर मामले में एनआईए ने मोबाइल फोन के दुकान की तलाशी ली

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पांच साल पहले केरल के निलांबुर जंगलों में भाकपा (माओवादी) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर से जुड़े मामले की जांच में शनिवार को मोबाइल फोन की एक दुकान पर छापा मारा।

पुलिस ने बताया कि कोच्चि की एक टीम ने प्रशिक्षण शिविर में शामिल रहे कुछ लोगों द्वारा उपयोग किए गए सिम कार्ड के मामले में वेल्लोर की एक दुकान पर छापा मारा और दुकान मालिक से पूछताछ की। एनआईए ने कुछ महीने पहले शहर में दानिश और दिनेश के आवासों पर छापा मारा था और ग्रामीण क्षेत्र में अंगलकुरीची में संतोष कुमार के आवास की तलाशी ली थी। पुलिस ने बताया कि निलांबुर में 23 अगस्त, 2016 से सात दिनों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर के संबंध में एनआईए ने 19 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें ए लोग भी शामिल हैं।

## सरकार को सर्दी के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने चाहिए: आजाद

भाषा। श्रीनगर



**कांग्रेस** के नेता गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि केंद्र को फरवरी तक जम्मू-कश्मीर में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करके सर्दी के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव कराने चाहिए। श्रीनगर से लगभग 75 किलोमीटर दूर दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के देवसर इलाके में कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए आजाद ने यह भी कहा कि सर्दी के अगले चार महीने में चुनाव कराना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, अगले चार महीने में चुनाव संभव नहीं हैं और अगर वे (केंद्र) चाहें तो भी हम ना कहेंगे। हम सभी ने (जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई) सर्वदलीय बैठक में कहा था कि पहले राज्य का दर्जा बहाल किया जाए और फिर परिसीमन होना चाहिए। आजाद ने पत्रकारों से कहा, लेकिन, सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया। इसलिए, उन्हें फरवरी तक परिसीमन प्रक्रिया समाप्त करनी चाहिए और सर्दी खत्म होने के बाद, अप्रैल में चुनाव होने चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्राथमिकता यह नहीं है कि कौन मुख्यमंत्री बने, बल्कि यह है जम्मू-कश्मीर में 4 अगस्त, 2019 की स्थिति को कैसे बहाल किया जाए। उन्होंने कहा, प्राथमिकता मुख्यमंत्री को लेकर नहीं है, यह मुद्दा ही नहीं है। प्राथमिकता यह है कि 4 अगस्त 2019 की स्थिति को कैसे बहाल किया जाए। ऐसा राज्य का दर्जा बहाल करने और फिर विधानसभा चुनाव कराने से होगा। आजाद ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कश्मीर केंद्रित नहीं है।

## कोडीन की तस्करी के आरोप में चिकित्सक समेत छह लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा के जरिए कोडीन आधारित कफ सिरप (सीबीसीएस) की तस्करी की कोशिश के आरोप में एक चिकित्सक सहित कम से कम छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के कोलकाता जोन ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए बृहस्पतिवार रात बैरकपुर में छापेमारी की गई और छह लोगों को गिरफ्तार किया। ए लोग कोडीन सिरप की कथित तौर पर तस्करी में शामिल एक गिरोह का हिस्सा हैं। नशे के आदी लोग इस सिरप का सेवन करते हैं। टीम ने कफ सिरप की 2,245 बोतलें भी जब्त की। अधिकारियों का दावा है कि दोनों देशों के बीच सीमा पर कांटेदार तार के जरिए इन बोतलों को तस्करी करके भेजने के लिए संग्रहित किया गया था। अधिकारी ने कहा, आरोपी हल्के छोटे वाहनों में बैरकपुर से नदिया तक कफ सिरप बोतलों की तस्करी में शामिल रहे हैं। पहले, हमने दो लोगों को पकड़ा और फिर उनसे पूछताछ के बाद चिकित्सक और डॉ रेड्डीज के एक चिकित्सा प्रतिनिधि को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक ने कफ सिरप बोतलों को भंडारित करने के लिए अपना गोदाम उपलब्ध कराया था, जबकि चिकित्सा प्रतिनिधि पूरी प्रक्रिया का समन्वय कर रहा था। उन्होंने कहा कि गोदाम बिना लाइसेंस का था।

## गिर में शेर सफारी कम से कम होनी चाहिए: उच्च न्यायालय

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने शेर सफारी के लिए गिर जंगलों में पर्यटकों की भीड़ जुटने पर चिंता जताते हुए कहा है कि एशियाई शेरों को शांति से रहने दिया जाना चाहिए तथा इंसानों और बिल्लियों की प्रजाति के इस विशालकाय जानवर के बीच संपर्क घटाया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति जे पी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर मेहता की खंडपीठ ने इस संबंध में दूसरे देशों द्वारा अपनाए गए कदमों का अध्ययन करने के बाद इस मामले में सरकार से नीति बनाने के लिए कहा।

गुजरात के गिरनार अभयारण्य में प्रस्तावित पर्यटन क्षेत्र का विरोध करने वाले एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि गिर अभयारण्य में सफारी गतिविधियां न्यूनतम होनी चाहिए और सरकार को मनुष्यों और जानवरों के बीच संपर्क को कम करने के लिए एक नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा, आपको इससे क्या मिलेगा? उन्हें शांति से रहने दें। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर उनका मानना है कि इंसानों को कभी भी जानवरों के साम्राज्य में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, शेर और शेरनियों को शांति से रहने दें, आप उन्हें क्यों परेशान करते हैं? अगर किसी को उन्हें देखने की इच्छा है तो वे चिड़ियाघर जा सकते हैं। प्रकृति में हस्तक्षेप न करें।

उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा हस्तक्षेप से शेरों को मजबूरन आबादी क्षेत्रों की तरफ आना पड़ेगा। एक करतब के लिए एक शेर को एक जीवित गाय से फुसलाने की हालिया खबर का हवाला देते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बड़ी बिल्लियों के शिकार कौशल को कम कर देंगे, और फिर वे मनुष्यों के लिए एक बड़ी समस्या पैदा करेंगे।

# मूल अधिकार और कर्तव्यों में संतुलन से ही राष्ट्रहित की सही पालना संभव

**भाषा।** जयपुर



**राज्यपाल** कलराज मिश्र ने शनिवार को कहा कि संविधान ने हमें मूल अधिकार दिए हैं तो कर्तव्य बोध भी दिया है। प्रत्एक नागरिक दोनों के बीच संतुलन रखकर राष्ट्रहित और नैतिक मूल्यों की सही मायने में पालना कर सकता है। राज्यपाल जवाहर कला केन्द्र में श्री अरविन्द सोसायटी द्वारा आयोजित संविधान में कलाकृतियां - श्री अरविन्द के आलोक में विषयक प्रदर्शनी के उद्घाटन से पूर्व समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश के संविधान की मूल प्रति में भारतीय संस्कृति का चित्रण भारत की संस्कृति और सभ्यता को समझने का आधार है। उन्होंने कहा कि संविधानसभा के सदस्यों द्वारा भारत की भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक संदेश देने का प्रयास इसके जरिए किया गया है। एक बयान के अनुसार राज्यपाल ने महर्षि अरविन्द को राष्ट्र ऋषि बताते हुए कहा कि वे राष्ट्रीयता से ओतप्रोत महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने राष्ट्रवाद को सच्चा धर्म मानते हुए अपने चिंतन और सृजन से समाज को नई दिशा दी। वह भारतीय संविधान को देश का जीवंत दस्तावेज मानते हैं। ऐसा इसलिए कि इसमें भारतीय संस्कृति की उदात्त जीवनधारा को साक्षात अनुभव किया जा सकता है। राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति विनोद शंकर दवे ने कहा कि भारत का मूल संविधान 22 भागों में बांटा गया है और सभी भाग भारतीय सभ्यता के चित्रण से आरम्भ होते हैं, जो हमारे महापुरुषों और मनीषियों के ज्ञान को समेटे हुए हैं। पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता गुरुचरण सिंह गिल ने कहा कि संविधान में सांस्कृतिक चित्रण का मूल विचार संविधानसभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का था। उन्होंने इन चित्रों के महत्व और संदेश को अपने संबोधन में रेखांकित किया।

# गोवा में सभी राजनीतिक दलों का भाजपा के साथ साठगांठ : तृणमूल

भाषा। **पणजी**

● नेता महुआ मोइत्रा का आरोप

**तृणमूल कांग्रेस** (टीएमसी) की नेता महुआ मोइत्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि गोवा में सभी दलों के साथ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साठगांठ है और उन्होंने कांग्रेस पर इतने वर्षों में कुछ नहीं करने का आरोप भी लगाया। मोइत्रा ने संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा की निंदा की और कहा कि उनकी पार्टी को पश्चिम बंगाल में खारिज कर दिया गया, इसलिए वह गोवा में तृणमूल को निशाना बना रहे हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल ने भाजपा शासित गोवा में कुछ ही महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को लड़ने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा, गोवा में सभी पार्टियों की भाजपा से साठगांठ है। लेकिन कांग्रेस ने भाजपा को हराने के लिए इतने सालों में कुछ नहीं किया। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से तृणमूल की लोकसभा सदस्य ने कहा, (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता) पी चिदंबरम के एक दिन यहां आने और सड़क पर चलने से कुछ नहीं होने वाला है। मैं यहां हर दिन मौजूद हूं। चिदंबरम यहां एक दिन के लिए आते हैं और चले जाते हैं। वह राज्य में हाल में निकाली गई मुद्रास्फीति के खिलाफ कांग्रेस की रैली का जिक्र कर रही थीं, जिसमें गोवा के लिए कांग्रेस के चुनाव पर्यवेक्षक चिदंबरम ने हिस्सा लिया था। मोइत्रा ने गोवा में तीन मुद्दों पर बात की - मोल्लेम वन क्षेत्र में तीन रैखिक परियोजनाओं के लिए पर्यावरण का विनाश, कला अकादमी परियोजना का नवीनीकरण और पुराने गोवा के पुरातात्विक रूप से संरक्षित क्षेत्र में अवैध संरचना।



बीजे मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टरों ने अहमदाबाद में राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर एनईईटी पीजी काउंसलिंग 2021 को स्थगित करने के मद्देनजर डॉक्टरों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान विरोध प्रदर्शन किया

### बीएसएफ व बीजीबी सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए

**कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बलों ने सीमा पार से अपराध पर लगाम लगाने और अतंरराष्ट्रीय सीमा के बेहतर प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक यह फैसला बीएसएफ के महानिरीक्षक और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के क्षेत्रीय कमांडर के सम्मेलन में हुआ। बीएसएफ ने बताया, दोनो सीमा सुरक्षा बलों ने सभी क्षेत्रों मे सूचना को साझा करने की प्रक्रिया को मजबूत करने का फैसला किया ताकि प्रभावी सीमा प्रबंधन प्रणाली सुनिश्चित कर सीमा पार अपराधों से लड़ा जा सके। गौरतलब है कि बीएसएफ और बीजीबी का चार दिवसीय सीमा समन्वय कार्यक्रम शुक्रवार को यहां संपन्न हुआ। बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे द्वारा की जा रही कोशिशों की प्रशंसा की जिससे अंतर सीमा अपराधो मे कमी आई है। दोनों पक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों मे विकास परियोजनाओं के निर्माण पर सहमति जताई। वे इस बात पर सहमत हुए कि विश्वास बहाल करने के कदमो से दोनो बलों के बीच समझ में सुधार आया है।

### जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की विशेष इकाई ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप मे सीमावर्ती इलाके से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरफ्तार निबाब खां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था। पुलिस महानिदेशक (खुफिया) उमेश मिश्रा ने यहां बताया कि जैसलमेर के चांदन से निबाब खां को गिरफ्तार किया गया है जो लंबे समय से आईएसआई के स्थानीय एजेंट के रूप मे काम कर रहा था। यहां जारी बयान के अनुसार आरोपी निबाब खां 2015 में पाकिस्तान यात्रा पर गया था। वह वहां आईएसआई के हैंडलर के संपर्क मे आया। उसे 15 दिन का प्रशिक्षण एवं 10000 रुपए दिए गए। भारत लौटने पर उसने जासूसी शुरू कर दी। इसके बाद भी वह दो-तीन बार और पाकिस्तान गया था।

### ओडिशा में कोरोना वायरस संक्रमण के 219 नए मामले, तीन की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा मे पिछले एक दिन मे कोरोना वायरस संक्रमण के 264 नए मामले सामने आए जिसके बाद कुल मामले बढ़कर 10,48,492 हो गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को जारी बुलेटिन मे यह जानकारी सामने आई। बुलेटिन के अनुसार, महामारी से तीन और मरीजो की मौत हो गई। जिससे मृतको की संख्या बढ़कर 8,406 पर पहुंच गई। संक्रमण के नए मामलों मे 41 बच्चे शामिल है। ओडिशा मे अभी कोविड-19 के 2,424 मरीज उपचाराधीन है अब तक महामारी से पीड़ति होने के बाद 10,37,609 मरीज ठीक हो चुके है।

### निर्यातक और आयातक एक ही जगह पर सुविधा

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक ने भारत में निर्यातकों और आयातकों को व्यापक डिजिटल बैंकिंग के साथ-साथ मूल्य वर्धित सेवाओं की पेशकश करने के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ट्रेड इमर्ज पेश किया। अपनी तरह की इस पहली पेशकश के जरिये सीमा पार व्यापार को परेशानी मुक्त, शीघ्र और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा क्योंकि यह एक ही स्थान पर सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करती है। जिसके बाद कंपनियों को कई टचपॉइंट के साथ समन्वय करने की आवश्यकता नहीं रह जाती। इस प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली बैंकिंग सेवाओं की सूची में चालू बचत खाते की पेशकश, व्यापक व्यापार सेवाएं साख पत्र, बैंक गारंटी, व्यापार ऋण आदि डिजिटल समाधान जैसे कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग और ट्रेड ऑनलाइनए अत्याधुनिक विदेशी मुद्रा समाधानए भुगतान और संग्रह समाधान और क्रेडिट कार्ड शामिल हैं। ये सेवाएं अपने संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाले भागीदारों के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।।

# बहुसंख्यकों के विचार से मेल खाने पर ही वाक स्वतंत्रता का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता सलमान खुर्शीद की किताब के प्रकाशन, वितरण और बिक्री पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बहुसंख्यकों के विचारों से मेल खाने पर ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए और असहमति का अधिकार जीवंत लोकतंत्र का सार होता है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें खुर्शीद की किताब सनराइज ओवर अयोध्या : नेशनहुड इन ओल्ड टाइम्स पर दूसरों की आस्था को चोट पहुंचाने का दावा किया गया था। न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समेत संविधान प्रदत अधिकारों को अप्रिय होने की आशंका के आधार पर प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता या उनसे वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर रचनात्मक आवाजों का गला घोंट दिया गया या बौद्धिक स्वतंत्रता को दबा दिया गया तो विधि के शासन से संचालित होने वाला लोकतंत्र गंभीर खतरे में पड़ जाएगा। अपने छह पन्नों के फैसले में न्यायाधीश ने वाल्टेयर का उद्धरण दिया, आप जो कह रहे हैं, मैं उससे बिलकुल भी इत्तेफाक नहीं रखता, लेकिन मैं अंतिम सांस तक आपकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करूंगा। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पूरे जोश के साथ रक्षा की जानी चाहिए , जबतक कि वह संवैधानिक या वैधानिक पाबंदियों के तहत नहीं आता हो।

### राजाजी बाघ अभयारण्य में मालगाड़ी की चपेट में आने से हाथी के बच्चे की मौत

**ऋषिकेश।** राजाजी बाघ अभयारण्य के मोतीचूर रेंज में शुक्रवार देर रात एक मालगाड़ी की टक्कर में हाथी के बच्चे की मौत हो गई। वन अभयारण्य के निदेशक धर्मेश कुमार सिंह ने बताया कि इस टक्कर में हाथी के चार साल के बच्चे की मौत हो गई, यह घटना शुक्रवार देर रात लगभग डेढ बजे हुई। ट्रेन के चालक ने कुछ मीटर की दूरी पर हाथियों के एक झुंड को पटरी पर खड़ा देखा, जिसके बाद ट्रेन की गति धीमी की गई और हॉर्न बजाया गया। ट्रेन जब तक रूकी तब तक झुंड के ज्यादातर हाथी समय पर पटरी से उतर गए थे।

## शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के साथ समन्वय में तृणमूल कांग्रेस को दिलचस्पी नहीं

**भाषा। कोलकाता**

**तृणमूल** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में उसे कांग्रेस के साथ समन्वय करने में दिलचस्पी नहीं है , लेकिन वह जनता के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अन्य विपक्षी दलों के साथ सहयोग करेगी। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पार्टी संभवत: कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा 29 नवंबर को बुलाई गई विपक्ष की बैठक में भी शामिल नहीं होगी। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस के इस बयान से पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता खड़गे ने कहा था कि शीतकालीन सत्र में कांग्रेस तृणमूल कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों के साथ समन्वय करेगी। दोनों पार्टियों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को सलाह दी है कि उसे उचित आंतरिक समन्वय स्थापित करना चाहिए और पहले अपने घर को ठीक करना चाहिए। पार्टी के फैसले की जानकारी रखने वाले तृणमूल कांग्रेस के नेता ने पीटीआई-भाषा को बताया, शीतकालीन सत्र में हमें कांग्रेस के साथ समन्वय में कोई दिलचस्पी नहीं है। कांग्रेस नेता पहले अपने बीच समन्वय स्थापित करें।

## सबरीमला यात्रा के लिए बच्चों की आरटी-पीसीआर जांच जरूरी नहीं : केरल

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल सरकार** ने कहा है कि सबरीमला तीर्थयात्रा में भाग लेने वाले बच्चों के लिए कोविड-19 की आरटी-पीसीआर जांच आवश्यक नहीं है। राज्य सरकार के 26 नवंबर के एक आदेश के अनुसार, बच्चों के साथ आने वाले माता-पिता और वयस्क यह सुनिश्चित करेंगे कि वे साबुन, सैनिटाइजर मास्क पास में रखें और सामाजिक दूरी, मास्क पहनने के नियमों का पालन करें। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि श्रद्धालुओं और सबरीमला में तैनात कर्मचारियों को 72 घंटों के भीतर की आरटी-पीसीआर जांच की नेगेटिव रिपोर्ट या टीके की दोनों खुराक लेने का प्रमाणपत्र रखना होगा। आदेश में कहा गया, सरकार यह भी स्पष्ट करना चाहती है कि बच्चों को आरटी-पीसीआर जांच के बिना सबरीमला तीर्थयात्रा पर जाने की अनुमति है।

### कश्मीर में न्यूनतम तापमान में सुधार के साथ लोगों को सर्दी से राहत

**श्रीनगर।** कश्मीर में ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में सुधार हुआ है और श्रीनगर में तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज किया गया जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दक्षिणी कश्मीर के कोकेरनाग को छोड़कर घाटी के बाकी इलाकों में रात के तापमान में सुधार हुआ। फिर भी श्रीनगर शहर एक मात्र ऐसा स्थान रहा जहां पारा जमाव बिंदु से ऊपर रहा। शुक्रवार रात तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले की रात वहां शून्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान दर्ज किया गया था।

### पाकुड़ में दो वाहनों की सीधी टक्कर में लगी आग में चार लोगों की जल कर मौत

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के कदवा गांव के पास शनिवार को तड़के दो वाहनों के बीच सीधी टक्कर में दोनों वाहनों में आग लग गई जिससे उनमें सवार चार लोगों की जल कर मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों वाहनों में लगी आग को बुझाया। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से चारों शवों को जली गाड़ियों से निकाला। उन्होंने बताया कि मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि घने कोहरे के चलते लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के धर्मपुर कदवा गांव के पास सीमेंट लदे ट्रक व चिप्स लदे एक अन्य वाहन में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टकराने के बाद दोनों वाहन एक दूसरे में फंस गए और दोनों के ड्राइवर - खलासी गाड़ी के केबिन में फंस गए।

## क्विक न्यूज

### केरल में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी नेता को मिलेगा घर और मानदेय

**वायनाड (केरल)।** केरल पुलिस के समक्ष पिछले महीने आत्मसमर्पण करने वाले शीर्ष माओवादी नेता लिजेश को जल्द ही घर के साथ मानदेय व नौकरी मिलने की उम्मीद है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला पुनर्वास समिति ने सरकार से लिजेश को आवास, नौकरी, मानदेय और जीविकोपार्जन के अन्य साधन राज्य सरकार द्वारा 2018 में घोषित आत्ममसर्पण सह पुनर्वास पैकेज के तहत देने की अनुशंसा की है।

### उत्तरी सैन्य कमांडर ने ब्रेवेस्ट ऑफ द ब्रेव से बातचीत की

**जम्मू।** उत्तरी सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल वाई. के. जोशी ने शनिवार को पंजाब में सैन्य शिविर में ब्रेवेस्ट ऑफ द ब्रेव से बातचीत की और उनसे देश को आंतरिक और बाहरी खतरों से बचाने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। जम्मू में सेना के जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) लेफ्टिनेंट कर्नल देवेन्द्र आनंद ने शनिवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के 300 से ज्यादा अनुभवी सैनिकों ने पठानकोट के मामुन सैन्य शिविर से निकाली गई रैली में हिस्सा लिया। इसमें 13वीं जम्मू-कश्मीर राइफल्स के युद्ध नायक भी शामिल थे। रैली में शामिल हुए कई युद्ध नायकों ने लेफ्टिनेंट जनरल जोशी के नेतृत्व में युद्ध लड़ा है। वह करगिल युद्ध के समय जम्मू-कश्मीर राइफल्स की 13वीं बटालियन के कमान अधिकारी थे।

### परिवार द्वारा आत्महत्या करने के मामले में, मरने वालों की संख्या तीन हुई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में भोपाल के पिपलानी इलाके में एक ही परिवार के पांच सदस्यों द्वारा शुक्रवार को जहर खाने की घटना में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर तीन हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कर्ज से परेशान मैकेनिक संजीव जोशी (47), उसकी मां नंदिनी (67), पत्नी अर्चना (45), बेटियां ग्रिशमा (21) और पूर्वी (16) ने बृहस्पतिवार की रात कथित रूप से जहर से भरी कोल्ड ड्रिंक पी ली थी, जोशी परिवार ने इस घटना का लाइव व्हाट्सएप पर भी किया था। अधिकारी ने बताया कि जोशी ने जहर का प्रभाव जांचने के लिए पहले अपने कुत्ते को जहर दिया था, जिसके बाद कुत्ता मर गया था।

### कुर्ला में 20 वर्षीय महिला की बलात्कार के बाद हत्या

**मुंबई।** मध्य मुंबई के कुर्ला में एक खाली रिहायशी इमारत में 20 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार शाम 13 मंजिला इमारत की छत पर महिला का क्षत-विक्षत शव मिला था। एक अधिकारी ने कहा कि कुछ लड़के एक वीडियो शूट करने के लिए इमारत की छत पर गए थे, तब उन्होंने शव देखा और पुलिस को सूचना दी।

### कोलकाता में वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में

**कोलकाता।** कोलकाता में वायु गुणवत्ता शनिवार को खराब से बेहद खराब श्रेणी के बीच दर्ज की गई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्मॉग को प्रदूषण का कारण बताया जो साल के इस मौसम में आम बात है। अधिकारी ने कहा कि शहर में वायु गुणवत्ता का स्तर पिछले एक सप्ताह में मध्यम से खराब हो गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को उत्तर कोलकाता में रवींद्र भारती वायु निगरानी स्टेशन पर अपराह्न एक बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 312 दर्ज किया गया जो कि बेहद खराब श्रेणी में था।

### पुणे हवाई अड्डे पर आने वाले यात्रियों को प्रतीक्षा समय में राहत दी गई : अजित पवार

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे हवाई अड्डे पर उतरने वाले हवाई यात्रियों को कोविड-19 नियमों के सत्यापन के लिए अधिक समय व्यतीत नहीं करना पड़ेगा क्योंकि हाल में इसमें छूट दी गई है यह जानकारी महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को दी। अब विमानन कंपनी के कर्मचारी ही टिकट की बिक्री और विमान में सवार होने के दौरान यात्री की टीकाकरण स्थिति या आरटी-पीसीआर जांच प्रमाण पत्र की जांच करेंगे।

## इंजन में खराबी के कारण आपात स्थिति में नागपुर हवाई अड्डे पर उतरा विमान

**भाषा।** नागपुर

**बेंगलुरू से** 139 यात्रियों को पटना ले जा रहे गो फर्स्ट के एक विमान के इंजन में खराबी आ जाने के कारण शनिवार को उसे नागपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विमान पूर्वाह्न सवा 11 बजे हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। हवाई अड्डे के निदेशक आबिद रूही ने पीटीआई-भाषा को बताया, गो फर्स्ट की उड़ान के पायलट ने नागपुर एटीसी से संपर्क कर बताया कि विमान के एक इंजन में समस्या आ रही है और उसने नागपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में विमान को उतारने का अनुरोध किया। चालक दल के सदस्यों के अलावा विमान में 139 यात्री सवार थे। रूही ने बताया, हमने इसे पूर्ण पैमाने पर आपातकाल घोषित करके सभी आवश्यक व्यवस्था की, जिसमें रनवे, दमकल, डॉक्टर, एम्बुलेंस उपलब्ध कराना और पुलिस के साथ समन्वय शामिल है। सौभाग्य से विमान सुरक्षित तरीके से उतरा।



पर्यटक आगरा में ऐतिहासिक ताजमहल का दीदार करते हुए

### पुणे के पास मिनी ट्रक की चपेट में आने से चार श्रद्धालुओं की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में कान्हे गांव के पास शनिवार तड़के एक मिनी ट्रक की चपेट में आने से भगवान विट्ठल के मंदिर का दर्शन करने जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 23 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। श्रद्धालु पुणे शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित आलंदी जा रहे थे, तभी मावल तहसील में सुबह करीब छह बजे यह घटना हुई। वडगांव मावल पुलिस थाने के निरीक्षक विलास भोसले ने बताया, वारकरियों (भगवान विट्ठल के भक्त) का एक समूह रायगढ़ जिले से पैदल आ रहा था। जब यह समूह पुराने मुंबई-पुणे राजमार्ग पर साटे फाटा पहुंचा, तो एक मिनी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

# खतरे की श्रेणी में डाले गए देशों से आने वाले यात्रियों को गुजरात पहुंचने पर करानी होगी कोविड जांच



**भाषा।** अहमदाबाद

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा खतरे की श्रेणी में डाले गए देशों से आने वाले उन यात्रियों को गुजरात पहुंचने के बाद कोविड-19 संक्रमण की जांच करवानी होगी जिन्होंने पूर्ण टीकाकरण नहीं कराया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने पर दुनिया भर में फैली चिंता के बाद नौ देशों को खतरे की श्रेणी में डाला गया है।

### पुडुचेरी में कोविड-19 के 35 नए मामले

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी मे शनिवार सुबह नौ तक पिछले 24 घंटे मे कोविड-19 के 35 नए मामले सामने आए है, जिसके बाद कुल संक्रमितो की संख्या बढ़कर 1,28,860 हो गई। पुडुचेरी मे 326 मरीजो का उपचार चल रहा है। पुडुचेरी, कराइकल, माहे और यानम मे पिछले 24 घंटे मे किसी मरीज की मौत नही हुई, जिसके बाद कुल मृतको की संख्या 1,872 बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक जी श्रीरामुलु ने एक विज्ञप्ति मे बताया कि पिछले 24 घंटे मे 30 मरीज संक्रमण मुक्त हुए, जिसके बाद कुल स्वस्थ हुए लोगो की संख्या बढ़कर 1,26,662 हो गई। विभाग ने अब तक टीके की 12,07,678 खुराक लोगो को दी है, इनमे 7,49,928 को पहली खुराक जबकि 4,57,750 लोगो को दूसरी खुराक दी गई।

### धारवाड़ मेडिकल कॉलेज में संक्रमितों की संख्या 281 हुई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने धारवाड़ मेडिकल कॉलेज मे कोविड-19 रोगियो की संख्या 281 तक पहुंचने तथा कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के खतरे को देखते हुए शनिवार को कुछ एहतियाती कदम उठाने के संकेत दिए। राज्य सरकार ने पहले से ही कुछ देशो से आने वाले यात्रियो के लिए दिशानिर्देश जारी किए है, जहां इस स्वरूप के मामले सामने आए है। इसका उद्देश्य वायरस के प्रसार को रोकना है। बोम्मई ने कहा, हमने धारवाड़, बेगलुरु और बेगलुरु ग्रामीण क्षेत्रो मे स्कूलो, कॉलेजो और छात्रावासो मे कोविड का प्रसार तथा पड़ोसी राज्य केरल मे मामलो मे वृद्धि देखी है।

### ओमीक्रोन स्वरूप : केरल सरकार ने एहतियात बरतने का आग्रह किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने रविवार को कहा कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप, ओमीक्रोन की विदेशो मे मौजूदगी के मद्देनजर राज्य मे निगरानी कड़ी कर दी गई है लेकिन फिलहाल के लिए राज्य मे इसे लेकर चिंता की कोई बात नही है। स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि राज्य केंद्र के दिशा-निर्देशो के अनुरूप सभी एहतियाती कदम उठा रहा है और सभी हवाई अड्डो पर निगरानी प्रक्रिया मजबूत की जाएगी।




रांची में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहुंचने के बाद सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों को अपना कोविड-19 डबल डोज़ प्रमाणपत्र दिखाया

# राज्यों के साथ कारोबार सुगमता के लिए अनुपालन के बोझ को कम करने का प्रयास

**भाषा।** नई दिल्ली



**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर देश में कारोबार सुगमता की स्थिति को बेहतर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अनुपालन की बोझिल लाइसेंसिंग और नवीकरण की प्रक्रिया को हटाने के लिए काम किया जा रहा है। गोयल ने शनिवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के आत्मनिर्भर भारत के लिए कारोबार सुगमता पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उद्योग और सरकार को मिलकर अदालतों में लंबित वाणिज्यिक मुद्दों के हल के लिए काम करना चाहिए।

गोयल ने कहा, हम राज्यों के साथ मिलकर अनुपालन के थकाऊ बोझ को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा प्रयास लाइसेंसिंग, नियामकीय और मंजूरियों की जरूरतों को कम करने और नवीकरण की प्रक्रिया को सुसंगत बनाने का है। आगे चलकर स्व-नियमन और स्व-प्रमाणन एक जरूरत बनने जा रहा है।

वाणिज्यिक विवादों के तेजी से निपटान पर गोयल ने कहा कि हम मध्यस्थता को एक पसंदीदा व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिससे हर कोई अदालतों का रुख नहीं करे। उन्होंने कहा कि सीआईआई के सदस्य कुछ शीर्ष वकीलों की सेवाएं ले सकते हैं और सरकार को यह समझ बनाने में मदद कर सकते हैं कि भारतीय प्रणाली के लिए क्या व्यावहारिक है।

उन्होंने कहा, कुछ नीतिगत बदलावों, ढांचागत बदलावों की जरूरत हो सकती है, कानून में कुछ संशोधनों की जरूरत हो सकती है, लेकिन कुछ चीजें मेरे नियंत्रण से बाहर है। इनमें रिट याचिकाएं शामिल हैं। मंत्री ने उद्योग से आग्रह किया कि वे नियामकीय अनुपालन पोर्टल और औद्योगिक लैंड बैंक पोर्टल पर जाएं और अपने सुझाव सरकार को दें। उन्होंने कहा, हम उचित कीमत पर औद्योगिक जमीन की तलाश कर रहे हैं। स्व-नियमन निश्चित रूप से नियम होना चाहिए। मैं उद्योग से कहूंगा कि वे पारदर्शिता और स्व-नियमन के लिए अपने सुझाव दें।

## गोयल ने रत्न, आभूषण क्षेत्र से निर्यात उत्पादों में विविधता पर ध्यान देने को कहा

**नई दिल्ली( भाषा )।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रत्न एवं आभूषण उद्योग से निर्यात उत्पादों के डिजाइन, उनमें विविधता और प्रयोगशाला में तैयार हीरे जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इससे निर्यात और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान इस क्षेत्र से निर्यात बढ़कर 23 अरब डॉलर हो गया है। उन्होंने रत्न और आभूषण विनिर्माण संघ के एक कार्यक्रम में कहा, आने वाले समय में चार बिंदुओं पर ध्यान दें। अच्छे डिजाइन का पेटेंट कराया जाना चाहिएअ निर्यात सामग्री में मोती, प्लैटिनम और फैशन आभूषण जैसी नई चीजें शामिल करेंअ फ्यूजन आभूषण के लिए अन्य देशों के व्यवसायों के साथ करार किया जाए और प्रयोगशाला में तैयार किए गए हीरे पर ध्यान केंद्रित किया जाए।



बेंगलुरु में शनिवार को बसवागुडी क्षेत्र के बाजार में मूंगफली की खरीदारी करतीं युवतियां

# हिंदुजा ने निजी बैंकों में प्रवर्तकों को 26% हिस्सेदारी के फैसले का किया स्वागत

**भाषा।** मुंबई

**हिंदुजा** समूह ने रिजर्व बैंक द्वारा निजी क्षेत्र के बैंकों में प्रवर्तकों को 26 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने की अनुमति देने के फैसले का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि हिंदुजा ने पूर्व में इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की अनुमति के लिए केंद्रीय बैंक के पास आवेदन किया था। हिंदुजा की इकाई, आईआईएचएल मॉरीशस इंडसइंड बैंक की प्रवर्तक है।

उसने बैंक में अपनी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत की पिछली सीमा से बढ़ाकर 26 प्रतिशत तक करने के लिए रिजर्व बैंक के पास आवेदन किया था। इसके अलावा हिंदुजा ने इस मामले में स्थिति साफ करने को भी कहा था कि क्योंकि उसके प्रतिद्वंद्वी कोटक महिंद्रा बैंक के प्रवर्तकों को अपनी हिस्सेदारी 26 प्रतिशत करने की अनुमति दी गई थी। हालांकि कोटक महिंद्रा को यह अनुमति रिजर्व बैंक को अदालतों में घसीटने के बाद मिली थी। आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा, हमारा मानना है कि प्रवर्तकों को अधिक हिस्सेदारी की अनुमति खासकर ऐसे समय जब भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है, सभी हितधारकों के लिए फायदेमंद होगी।

इसमें नियामक, बैंकिंग संस्थान और उसके ग्राहक सभी शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को निजी क्षेत्र के बैंकों पर संशोधित दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों के तहत प्रवर्तकों को निजी क्षेत्र के बैंकों में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने की अनुमति दी गई है। हालांकि, पूर्व गवर्नरों सहित विभिन्न हलकों के विरोध के बाद कॉरपोरेट समूहों को बैंकों के स्वामित्व की अनुमति नहीं दी गई है। रिजर्व बैंक के आंतरिक कार्यसमूह ने इस बारे में सिफारिश की थी।

## ओडिशा में जेएसडब्ल्यू की 50 हजार करोड़ की परियोजना के लिए जनसुनवाई

**भाषा।** पारादीप

**ओडिशा** के जगतसिंहपुर जिले में जिंदल स्टील वर्क्स (जेएसडब्ल्यू) के प्रस्तावित एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए शुक्रवार को जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जेएसडब्ल्यू ने 50,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एक विश्वस्तरीय 1.2 करोड़ टन वार्षिक क्षमता वाले कारखाने, 900 मेगावॉट के बिजली संयंत्र और 3,000 एकड़ भूमि में एक खुद के इस्तेमाल (कैप्टिव) के बंदरगाह का प्रस्ताव रखा है। बंदरगाह शहर पारादीप के पास दक्षिण कोरियाई इस्पात कंपनी पॉस्को के स्थल को प्रशासन ने जेएसडब्ल्यू परियोजना की स्थापना के लिए चुना है। दक्षिण कोरिया की कंपनी एक विशाल इस्पात परियोजना लगाने की अपनी योजना को वापस ले चुकी है। जेएसडब्ल्यू ने इससे पहले इसी महीने जिला स्तर पर गडकुजंग, नुआगांव और ढिंकिया ग्राम पंचायतों में त्रिपक्षीय बैठकें की थीं।

# भारत को जलवायु लक्ष्यों को पाने के लिए मौजूदा नजरिए में बदलाव लाना होगा: फिच

**भाषा।** नई दिल्ली

● कहा, भारत कार्बन उत्सर्जन में कमी के साथ मजबूत आर्थिक वृद्धि को संतुलित करने की चुनौती का सामना कर रहा है

**भारत** को वर्ष 2030 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपने मौजूदा नजरिए में बदलाव करना होगा। रेटिंग एजेंसी फिच इंडिया ने शुक्रवार को यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने सीओपी26 में घोषणा की थी कि भारत अपनी गैर-जीवाश्म ईंधन बिजली उत्पादन क्षमता को 5,00,000 मेगावॉट तक बढ़ाने के साथ अपनी ऊर्जा का 50 प्रतिशत नवीकरणीय स्रोतों से हासिल करेगा तथा कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन तक घटाएगा। फिच सॉलूशंस ने एक नोट में कहा, भारत वर्तमान में अपने कार्बन उत्सर्जन में कमी के साथ मजबूत आर्थिक वृद्धि को संतुलित करने की चुनौती का सामना कर रहा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, भारत को यदि अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करना है, तो उसे अपने वर्तमान नजरिए में पर्याप्त रूप से परिवर्तन करना होगा। वर्तमान स्थिति के आधार पर भारत अपने जलवायु उद्देश्यों को समय पर पूरा करने से काफी पीछे रह जाएगा। वर्ष 2020 तक देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में कोयले, तेल और प्राकृतिक गैस का हिस्सा क्रमशः 55, 28 और सात प्रतिशत था।

## एयरटेल ने ग्राहकों को भ्रम से बचाने के लिए कुछ पैक पर अतिरिक्त डेटा लाभ कूपन वापस लिए

**नई दिल्ली( भाषा )।** भारती एयरटेल ने कुछ प्रीपेड प्लान पर ऐप के जरिए दिए जा रहे डेटा लाभ कूपन वापस ले लिए हैं। कंपनी ने कहा कि यह कदम उपभोक्ताओं के बीच विभिन्न प्लान की पेशकश को लेकर किसी भी भ्रम की स्थिति से बचने में मदद करेगा। दूरसंचार कंपनी ने वॉयस प्लान, अनलिमिटेड वॉयस प्लान और डेटा टॉप-अप सहित विभिन्न प्रीपेड प्लान के दरों में 20-25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की थी और नई दरें शुक्रवार से लागू हो गईं। हालांकि, एयरटेल ने चुनिंदा पैक पर 500 एमबी के अतिरिक्त डेटा लाभ की पेशकश को जारी रखा है। एयरटेल के प्रवक्ता ने कहा, उद्योग में केवल ऐप के माध्यम से कूपन के रूप में कैशबैक या अतिरिक्त डेटा प्रदान करने का चलन है। हमने अपने ग्राहकों को किसी गलत तुलना की वजह से पैदा होने वाले भ्रम से बचाने के लिए ऐप में दिए जाने वाले कूपन ऑफर वापस ले लिए हैं।

## क्विक न्यूज

### आर के सिंह, नीतीश कुमार ने बिहार में दो बिजली इकाइयों को राष्ट्र को किया समर्पित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की बरौनी और बाढ़ में 1,160 मेगावॉट की क्षमता वाली दो बिजली इकाइयों को शनिवार को देश को समर्पित किया। बिजली मंत्रालय ने बयान में कहा कि 500 मेगावॉट क्षमता (250-250 गुना की दो इकाइयां) वाली एनटीपीसी के बरौनी ताप विद्युत केंद्र के दूसरे चरण और एनटीपीसी की बाढ़ अत्याधुनिक तापीय विद्युत परियोजना की पहली इकाई (660 मेगावॉट) को राष्ट्र को समर्पित किया गया। एनटीपीसी समूह की बिहार में स्थापित क्षमता 7,970 मेगावॉट है जबकि 1,980 मेगावॉट की क्षमता निर्माणाधीन है। बिजली क्षेत्र के विकास में तेजी लाने और बिजली की उपलब्धता एवं लागत दक्षता में वृद्धि के लिए बिहार सरकार ने दिसंबर, 2018 में बरौनी थर्मल ताप बिजली स्टेशन को एनटीपीसी लिमिटेड को सौंप दिया था।

### बाउंस ने बैटरी अदला-बदली ढांचा के लिए पार्कू के साथ भागीदारी की

**मुंबई।** किराए पर इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध कराने वाली स्टार्टअप कंपनी बाउंस ने शनिवार को 10 शहरों में 3,500 से अधिक स्थानों पर बैटरी अदला-बदली ढांचा स्थापित करने के लिए पार्किंग समाधान मंच पार्कू के साथ भागीदारी की घोषणा की। बाउंस अगले महीने की शुरुआत में अपना पहला ई-स्कूटर इन्फिनिटी उतारने जा रही है। कंपनी ने कहा कि यह स्मार्ट ढांचा आवासीय सोसायटियों, प्रमुख पार्किंग स्थलों, मॉल, कॉरपोरेट कार्यालय आदि स्थानों पर उपलब्ध होगा, ताकि ग्राहक अपने बाउंस ऐप या पार्कू ऐप पर निकटतम अदला-बदली स्टेशन ढूंढ सकें। कंपनी ने कहा किए एक ईंधन स्टेशन की तर्ज पर काम करेंगे। बाउंस बैटरी अदला-बदली स्टेशनों में चार्ज की हुई बैटरियां उपलब्ध होंगी जहां जाकर ग्राहक एक मिनट से भी कम समय में अपनी बैटरी को बदल सकते है। बाउंस ने कहा कि इस बुनियादी ढांचे के साथ ग्राहकों को स्कूटर के चार्ज होने की प्रतीक्षा नही करनी होगी और उन्हें बैटरी खत्म होने चिंता नही होगी।

### नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सऊदी अरब से मिलेगा तीन अरब डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सऊदी अरब से जल्द ही तीन अरब डॉलर का कर्ज मिलेगा। इस बीच, प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई में मंत्रिमंडल ने इस राशि को देश के केंद्रीय बैंक में रखने की सहमति दी है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी सरकार ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) में तीन अरब डॉलर का भंडार रखने का वादा किया था। समझौते के अनुसार, सहायता राशि एसबीपी के जमा खाते में एक साल तक रहेगी। आधिकारिक सूत्रों ने द न्यूज को बताया, एसबीपी ने सभी प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दे दिया है और अब सब कुछ ठीक है और यह राशि अगले कुछ दिन में प्राप्त हो जाएगी। एक आधिकारिक दस्तावेज के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की सहायता राशि को एसबीपी में रखने को मंजूरी दे दी है। वित्त पर प्रधानमंत्री के सलाहकार के प्रवक्ता मुजम्मिल असलम ने कहा कि पाकिस्तान अगले 60 दिन में सिर्फ तीन स्रोतों से सात अरब डॉलर प्राप्त करने की उम्मीद कर रहा है।

### नोएडा में तीन दिन ऑप्टिकल मेला शुरू

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक्सपो सेंटर में शनिवार से तीन दिन का इंडिया इंटरनेशनल ऑप्टिकल मेला शुरू हुआ। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के नागर विमानन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी) ने किया। इस अवसर पर भाजपा विधायक पंकज सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि देश में ऑप्टिकल उद्योग करीब 20,000 रुपए का है, लेकिन यह कारोबार पूरी तरह से चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोप से आने वाले तैयार सामान पर निर्भर है। उन्होंने स्थानीय उद्योगपतियों से इस कारोबार को आत्मनिर्भर बनाने की अपील की। वही ऑप्टिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुभाष बंसल ने कहा कि उत्पादन इकाई संचालित करने के लिए कच्चे माल से लेकर संयंत्र और मशीनरी पर आयात शुल्क अधिक है। इस कारण देश मे यह क्षेत्र उद्योग के रूप मे विकसित नही हो सका है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार कर नियमों में थोड़ा सा संशोधन कर दे, तो एक से दो साल में यह उद्योग 20 हजार करोड़ रुपए के आयात को बंद कर 10 हजार करोड़ का निर्यात शुरू कर सकता है।

### स्टार हेल्थ काआईपीओ 30 को खुलेगा

**मुंबई।** स्टार हेल्थ एंडएलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कंपनी अपने आईपीओ से संबंधित अपनी बोली ऑफर 30 नवंबर 2021 को खोलेगी। ऑफर का प्राइस बैंड 870 से से 900 रु प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 16 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 16 इक्विटी शेयरो के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। ऑफ़र में 20, 000 मिलियन तक का फ्रेश इश्यू शामिल है। फ्रेश इश्यू और 58,324, 225 इक्विटी शेयर्स तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है।

## जीएचसीएल तमिलनाडु में 500 करोड़ का निवेश करेगी सरकार के साथ समझौता

**चेन्नई ( भाषा )।** रसायन और कपड़ा कंपनी जीएचसीएल लिमिटेड तमिलनाडु में 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। उसने इस बारे में राज्य सरकार के साथ एक समझौता किया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जीएचसीएल (धागा प्रभाग) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एम शिवबालसुब्रमण्यम ने हाल ही में कोयंबटूर में आयोजित निवेश सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की उपस्थिति में इस बारे में समझौता ज्ञापन (एमओयू) दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। जीएचसीएल ने कहा कि वह सिंथेटिक और सिंथेटिक मिश्रण वाले धागे का उत्पादन करने के लिए तिरुचिरापल्ली जिले के मणप्पराई इलाके में 40,000 रिंग स्पिंडल स्थापित करेगी। कंपनी राज्य के मदुरई जिले में 24 बुनाई मशीनों के साथ 40,000 अन्य रिंग स्पिंडल स्थापित करेगी ताकि 100 प्रतिशत सूती धागे और बुने हुए कपड़े का उत्पादन किया जा सके।

# लोकतांत्रिक देशों को इंटरनेट को सुरक्षित, जवाबदेह बनाने के बारे में सोचने की जरूरत: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली( भाषा )।** इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि लोकतांत्रिक देशों को इंटरनेट को लेकर सुरक्षा, विश्वास और जवाबदेही तय करने के बारे में सोचने की जरूरत है, क्योंकि इंटरनेट की कोई सीमा नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय इंटरनेट एक्सचेंज (एनआईएक्सआई) द्वारा आयोजित पहले भारत इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (आईआईजीएफ) को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि भारत 80 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ दुनिया में इंटरनेट इस्तेमाल के मामले में सबसे बड़े देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े ग्रामीण ब्रॉडबैंड कार्यक्रम के साथ भारत में जल्द ही इंटरनेट पर एक अरब से अधिक लोग होंगे। चंद्रशेखर ने कहा, इंटरनेट और साइबर क्षेत्र के आकार को देखते हुए, जिसकी कोई सीमा नहीं है, उसे सहयोग की जरूरत है। दुनिया को इसके बारे में सोचने की जरूरत है, खासकर लोकतांत्रिक देशों और समाज को। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन प्रमुख उद्देश्यों के साथ डिजिटल इंडिया मिशन की शुरुआत की भारतीयों के जीवन को बदलने के लिए, डिजिटल उद्यमिता के साथ आर्थिक अवसरों का विस्तार करने के लिए और इंटरनेट सहित कुछ प्रौद्योगिकियों में रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, ताकि इंटरनेट का भविष्य उन देशों द्वारा संचालित किया जा सके जहां मुक्त समाज है, जो समान लोकतांत्रिक मूल्यों को साझा करता है और नागरिक अधिकारों का सम्मान करता है।

## पीएचडीसीसीआई का जीएसटी परिषद से कर दरों को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह

**नई दिल्ली( भाषा )।** उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई ने जीएसटी परिषद से कर की दरों को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया है। पीएचडीसीसीआई का कहना है कि मौजूदा जीएसटी दरें देश में मांग बढ़ाने और रोजगार सृजन की दृष्टि से अनुकूल नहीं हैं। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष प्रदीप मुल्तानी ने कहा, हम सरकार से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को 5%, 10% और 15% के तीन प्रमुख स्लैब में रखने का आग्रह करते हैं। कुछ वस्तुओं को 28% के स्लैब में रखा जा सकता है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि 12% के स्लैब में आने वाली वस्तुओं पर 10% और 18% के स्लैब में आने वाली वस्तुओं पर कर को घटाकर 15 प्रतिशत तक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 28% के ऊंचे स्लैब में उत्पादों की संख्या 25 से अधिक नहीं होने चाहिए।

# अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के फैसले पर पुनर्विचार करे सरकार

**भाषा।** मुंबई

**कोविड-19 के** नए वैरिएंट की चिंता के बीच ज्यादातर भारतीय चाहते हैं कि सरकार 15 दिसंबर से भारत आने-जाने वाली अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों के परिचालन की अनुमति के अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। यह सर्वेक्षण सरकार के अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू करने के निर्णय के तुरंत बाद किया गया है। भारत आने-जाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें कोविड-19 महामारी के कारण मार्च, 2020 से ही बंद हैं। ऑनलाइन मंच लोकलसर्किल द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 72 प्रतिशत भारतीय को कहना है कि सरकार को बोर्डिंग के साथ अधिक जोखिम वाले देशों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए कोविड की आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट को अनिवार्य करना चाहिए। लोकलसर्किल के अनुसार, सर्वेक्षण में 64 प्रतिशत भारतीयों ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से शुरू करने के सरकार के निर्णय को लेकर कहा है कि सुरक्षित रहना खेद महसूस करने से बेहतर है। वहीं 25 प्रतिशत भारतीयों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से शुरू करना महत्वपूर्ण है। इसके आलावा सर्वेक्षण में 11 प्रतिशत लोगों ने इस मामले पर अपनी कोई राय व्यक्त नहीं की। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा जारी ताजा अधिसूचना के अनुसार, भारत के लिए और भारत से अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 दिसंबर, 2021 से फिर से शुरू होंगी। वही14 देशों को जोखिम श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के नए स्वरूप को लेकर प्रोएक्टिव रहने की आवश्यकता जताई और संभावित खतरों के मद्देनजर अधिकारियों से अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों में ढील देने की योजना की समीक्षा करने को भी कहा।

# पेज एक का शेष

## कोरोना के...

चेतावनी संकेत के जरिए जांच की जाए। प्रधानमंत्री ने अनुक्रमण प्रयासों को बढ़ाने और इसे और अधिक व्यापक बनाने की आवश्यकता के बारे में बताया। बैठक के दौरान मोदी को टीकाकरण अभियान में प्रगति और हर घर दस्तक अभियान के तहत किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया। पीएमओ के मुताबिक मोदी ने दूसरी खुराक का दायरा बढ़ाने का निर्देश दिया और कहा कि जिन लोगों को पहली खुराक मिली है, उन्हें दूसरी खुराक समय पर दिया जाना राज्यों द्वारा सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री को समय-समय पर देश में होने वाले सीरो-पॉजिटिविटी और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया में इसके प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को राज्य और जिला स्तर पर उचित जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि ज्यादा कोविड मामलों वाली जगहों में गहन नियंत्रण और सक्रिय निगरानी जारी रहनी चाहिए और उन राज्यों को आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान की जानी चाहिए जहां इस समय ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने वायरस के वेंटिलेशन और वायुजनित व्यवहार के बारे में जागरूकता पैदा करने की जरूरत पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से पीएसए ऑक्सीजन संयंत्रों और वेंटिलेटर के उचित कामकाज सुनिश्चित के लिए राज्यों के साथ समन्वय करने को भी कहा।

## नया स्वरूप...

मरने की संभावना टीके से बहुत कम हो जाती है और अभी यह भविष्य में भी जारी रहेगी। ब्रिटेन ने वायरस के इस स्वरूप के चलते छह दक्षिणी अफ्रीकी देशों- दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, लेसोथो, इस्वातिनी, जिम्बाब्वे और नामीबिया को अपनी यात्रा प्रतिबंध सूची में शामिल कर लिया है, क्योंकि स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि वे वायरस के सबसे महत्वपूर्ण स्वरूप की जांच कर रहे हैं जो संभावित रूप से अधिक संक्रामक और टीका प्रतिरोधी हो सकता है।

## विपक्षी नेताओं...

है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा के गठबंधन के बाद बसपा प्रमुख मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जोड़ी को बुआ-बबुआ का नाम मिला था। योगी ने कहा, इन्हें तो पूरा मौका मिला था लेकिन उनकी सरकारों में भाई-भतीजे के लिए काम होता था। उनकी सरकारों में अपना-पराया था। जो आस्था का सम्मान करना जानते हैं, वह लोग अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सपा मुखिया पर तंज कसते हुए कहा, ए जो दंगाई हैं, जिन्ना के अनुयाई हैं, ये गन्ने की मिठास को क्या समझ पाएंगे। याद करिए जिन आतंकवादियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि पर हमला किया था, उन आतंकवादियों के मुकदमे को बड़ी बेशर्मी के साथ वापस लेने का कार्य पिछली सरकार ने किया।

## उत्तर प्रदेश...

बैटिंग करते जाइए। उन्होंने कहा, आज मुख्यमंत्री का नाम सुनते ही गुंडे माफियाओं के दिल में दहशत पैदा हो जाती है। राज्य में बेहतर कानून-व्यवस्था का दावा करते हुए उन्होंने कहा उप्र में पौने पांच लाख करोड़ रुपए का निवेश आया है जो आज तक उत्तर प्रदेश के इतिहास में कभी नहीं आया। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, 26 नवम्बर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले के बाद कांग्रेस ने कठोर कदम नहीं उठाया, यह मै नही कह रहा हूं खुद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने अपने किताब में लिखा है कि हमले के बाद जो कार्वाई करना चाहिए था वह नहीं किया गया। सिंह ने कहा, जब से हमारी सरकार बनी है, आतंकवाद पर पूरी तरह से लगाम लग गया है और आतंकी सीमा पर ही मारे जा रहे है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन्ना का जिन्न किस बोतल से निकाला। उन्होंने उत्तर प्रदेश में विगत साढ़े चार साल के भाजपा कार्यकाल में किए गए विकास, रोजगार और सामाजिक सद्भावना, अपराध मुक्त वातावरण की तारीफ करते हुए योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल की तारीफ की। उन्होंने देश की सुरक्षा पर कहा कि हम किसी को छेड़ेंगे नही, अगर कोई छेड़ा तो उसे छोड़ेंगे भी नही।

## 29 नवंबर...

मूल्य की गारंटी देने वाले कानून की मांग पर संसद में आश्वासन चाहता है। एसकेएम नेता दर्शन पाल ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हम सोमवार को प्रस्तावित संसद मार्च को स्थगित कर रहे हैं। हमने किसानों के खिलाफ मामले वापस लेने, (आंदोलन के दौरान) जान गंवाने वाले किसानों का स्मारक बनाने के लिए भूमि आवंटन, लखीमपुर खीरी हिंसा मामले को लेकर अजय मिश्रा टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल से निलंबित करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। दर्शन पाल ने कहा कि जवाब का इंतजार है और एसकेएम चार दिसंबर को एक और बैठक करेगा। एसकेएम ने यह भी मांग की है कि सरकार को उनके साथ सम्मानजनक तरीके से बातचीत शुरू करनी चाहिए। पिछले हफ्ते, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि तीन कृषि कानूनों को वापस ले लिया जाएगा।

## कानून वापसी...

पेश करेंगे। सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर कहा कि वे सोमवार को सदन में मौजूद रहें। लोकसभा की 29 नवंबर की कार्यवाही सूची के अनुसार, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) अधिनियम, 2020, कृषक (सशक्तिकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार अधिनियम 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम, 2020 को निरस्त करने और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 में संशोधन करने से संबंधित विधेयक पेश करेंगे।

## नक्सलियों ने...

रात करीब 8.30 बजे उसके तीन इंजन और 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों और रेल विभाग के अधिकारी घटनास्थल पहुंच गए थे। पटरियों के मरम्मत का कार्य शुरू किया जा रहा है। इस मार्ग पर रेल सेवा बहाल होने में कुछ समय लग सकता है। जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों के भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने पटरी से उतरे ट्रेन के डिब्बों पर बैनर लगाया है। जिसमें उन्होंने गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) में हुई मुठभेड़ की घटना का विरोध किया है तथा शनिवार को एक दिन के बंद का आह्वान किया है।

## अविवेकपूर्ण टिप्पणी...

टिप्पणियों के कुछ मामले सामने आए हैं। इन मंचों ने सूचनाओं को लोकतांत्रिक बनाने के लिए अद्भुत काम किया है, फिर भी उनका एक स्याह पक्ष भी है। इनके द्वारा दी गई नाम उजागर न करने की सुविधा का कुछ शरारती तत्व फायदा उठाते हैं। यह पथ से एक भटकाव है, और मुझे उम्मीद है कि यह अल्पकालिक होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि इस तरह के घटनाक्रम के पीछे क्या वजह हो सकती है। उन्होंने कहा कि क्या हम एक स्वस्थ समाज की खातिर सामूहिक रूप से इसके पीछे के कारणों की जांच कर सकते हैं। न्याय पाने में खर्च होने वाले धन के मुद्दे पर उन्होंने कहा, हमारे जैसे विकासशील देश में, नागरिकों का एक बहुत छोटा वर्ग न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने का खर्च वहन कर सकता है।

## ऐसी स्थिति...

सोचना होगा। उन्होंने कहा कि विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका, समाज के सभी वर्गों को सोचना होगा क्योंकि देश संविधान के अनुसार चलता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण और उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश उपस्थित थे। मंत्री की टिप्पणी सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आई है, जिसमें सरकार तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए एक विधेयक पेश करेगी। तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग एक साल से प्रदर्शन कर रहे लगभग 40 किसान संगठनों की प्रमुख मांगों में शामिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा था कि सरकार विरोध करने वाले किसानों को कानूनों के लाभों के बारे में नहीं समझा पाई। उन्होंने किसानों से धरना समाप्त करने और घर लौटने का भी आग्रह किया था।

# अफगानिस्तान के प्रमुख तालिबान नेताओं ने पाकिस्तानी मदरसे में की है पढ़ाई

● **दोनों आलोचक इसे जिहाद विश्वविद्यालय कहते हैं**

**भाषा।** पेशावर

**दारुल** उलूम हक्कानिया मदरसा पाकिस्तान के सबसे बड़े और पुराने मदरसे में से एक है और दशकों से पूरे क्षेत्र में हिंसा फैलाने में मदद करने के लिए इसके आलोचक इसे जिहाद विश्वविद्यालय कहते हैं। मीडिया में आई एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी स्कूल से अधिक इस मदरसे में कई तालिबान नेता पढ़ाई कर चुके हैं। मदरसे के पूर्व छात्र अब अफगानिस्तान में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित मदरसे का अफगानिस्तान में व्यापक प्रभाव पड़ा है। मदरसा के पूर्व छात्रों ने तालिबान आंदोलन की स्थापना की और 1990 के दशक में अफगानिस्तान पर शासन किया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवाईटी) में शुक्रवार को छपी रिपोर्ट के अनुसार, मदरसे ने तर्क दिया है कि तालिबान को यह दिखाने का मौका दिया जाना चाहिए कि वे अपने खूनी तरीकों से आगे बढ़ गए हैं क्योंकि उन्होंने पहली बार दो दशक पहले अफगानिस्तान पर शासन किया था। मदरसा के कुलपति राशिदुल हक समी ने एनवाईटी से कहा, दुनिया ने कूटनीतिक मोर्चे और युद्ध के मैदान दोनों पर अपनी जीत के माध्यम से देश को चलाने की उनकी क्षमताओं को देखा है। रिपोर्ट के मुताबिक सामी के पिता और सेमिनरी के दिवंगत चांसलर समीउल हक, जिनकी 2018 में इस्लामाबाद में उनके आवास पर हत्या कर दी गई थी, को तालिबान के जनक के रूप में जाना जाता है।

मदरसा मिराज: ए कंटेम्परेरी हिस्ट्री ऑफ इस्लामिक स्कूल्स इन पाकिस्तान के लेखक अजमत अब्बास ने कहा, तालिबान नेताओं की मातृ संस्था होने के नाते, हक्कानिया को निश्चित रूप से उनका सम्मान मिलता है। खबर में कहा गया है कि सिराजुद्दीन हक्कानी (41) इसके पूर्व छात्र हैं और उन्होंने तालिबान के सैन्य प्रयासों का नेतृत्व किया। अमेरिकी सरकार ने उनके सिर पर 50 लाख अमेरीकी डॉलर का इनाम रखा था और अब वह अफगानिस्तान के नए कार्यवाहक आंतरिक मंत्री हैं वहीं नए विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी और उच्च शिक्षा मंत्री अब्दुल बकी हक्कानी भी इसके पूर्व छात्र हैं। स्कूल प्रशासकों का कहना है कि न्याय मंत्री, अफगान जल और बिजली मंत्रालय के प्रमुख और कई गवर्नर, सैन्य कमांडर और न्यायाधीश भी हक्कानिया मदरसा से पढ़ाई कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हमें गर्व महसूस होता है कि अफगानिस्तान में हमारे छात्रों ने पहले सोवियत संघ को तोड़ा और अब अमेरिका को भी बोरिया बिस्तर बांधकर भेज दिया। मदरसे के लिए यह सम्मान की बात है कि इसके स्नातक अब मंत्री हैं और तालिबान सरकार में उच्च पदों पर आसीन हैं। कई पूर्व छात्र हक्कानी नाम को गर्व के प्रतीक के रूप में अपनाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हक्कानी नेटवर्क का नाम मदरसे के नाम पर रखा गया है। यह तालिबान की सैन्य शाखा है।



ला-पेज (बोलिविया) में आयोजित की गई क्रिसमस परेड का एक दृश्य

# बाइडन ने देश की विभिन्न समस्याओं के लिए कोविड को जिम्मेदार ठहराया

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** में महंगाई बढ़ रही है, उद्योग-धंधों की हालत खराब है, राष्ट्रपति जो बाइडन की राजनीतिक स्थिति भी प्रभावित हुई है और व्हाइट हाउस ने इन सभी समस्याओं के लिए कोविड-19 को जिम्मेदार ठहराया है। बाइडन की टीम देश की समस्या और उनकी राजनीतिक दिक्कतों के लिए महामारी को जिम्मेदार ठहरा रही है। व्हाइट हाउस का मानना है कि देश और बाइडन की राजनीति को पटरी पर लाने का एक ही उपाय है- देश में कोविड-19 पर नियंत्रण करना।

लेकिन कोरोना वायरस संक्रमण व्हाइट हाउस के लिए मुश्किल चुनौती साबित हो रहा है। पिछली गर्मियों में कोरोना को भगाने का दावा किया गया था, लेकिन वायरस का नया स्वरूप डेल्टा भयावह रूप में लौटा तथा सभी दावों को गलत साबित कर दिया। देश में स्थिति यह है कि लाखों की संख्या में अमेरिकी नागरिकों ने अब तक टीका नहीं लगवाया है और देश की अर्थव्यवस्था महामारी के वक्त पैदा हुई समस्याओं से जूझ रही है। इन सबके बीच अब कोरोना वायरस का नया स्वरूप ओमीक्रोन आ गया है। इसे लेकर स्वास्थ्य अधिकारी बेहद चिंता में हैं और नए सिरे से यात्राओं पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है, बाजार में भी दहशत का माहौल है। हालांकि, अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है, लेकिन अब भी तमाम ऐसे संकेत नजर आ रहे हैं कि महामारी खत्म होने के बाद भी कोविड अपना गहरा निशान छोड़ जाएगा। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने थैंक्सगिविंग की छुट्टियों के दौरान शुक्रवार को करीब एक घंटे नानटुकेट में खरीदारी की और क्रिसमस ट्री को लाइट से सजाने के वार्षिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान बाइडन के साथ उनके कुछ पोते-पोतियां भी थे। बाइडन और उनका परिवार मैसाचुसेट्स द्वीप पर थैंक्सगिविंग की छुट्टियां बिता रहा है।

# मुंबई हमले के दोषियों को सजा देने में काफी देरी हो गई है: ब्लिंकन

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 26।11 हमलों की 13वीं बरसी पर मुंबई वासियों की सहनशीलता की तारीफ करते हुए पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों द्वारा 2008 में किए गए नरसंहार के दोषियों को जल्द सजा देने की जरूरत पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 2008 को लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादी समुद्री मार्ग से मुंबई पहुंचे थे और उन्होंने कई स्थानों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसमें 18 सुरक्षा कर्मियों समेत 166 लोगों की मौत हो गई थी। हमलों में मारे गए लोगों में छह अमेरिकी भी शामिल थे।

ब्लिंकन ने शुक्रवार को ट्वीट किया, मुंबई में 26।11 आतंकवादी हमले को हुए 13 साल बीत गए हैं। आज बरसी पर हम छह अमेरिकियों समेत सभी मृतकों को और मुंबई वासियों की सहनशीलता को याद करते हैं।

# सत्ता में आने पर कालापानी, लिंपियाधुरा व लिपुलेख को भारत से वापस लेंगे : ओली

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** के पूर्व प्रधानमंत्री और मुख्य विपक्षी दल सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष के पी शर्मा ओली ने शुक्रवार को वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह भारत से कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख क्षेत्रों को बातचीत के जरिए वापस ले लेंगे। लिपुलेख दर्रा कालापानी के पास एक सुदूर पश्चिमी बिंदु है, जो नेपाल और भारत के बीच एक विवादित सीमा क्षेत्र है। भारत और नेपाल दोनों कालापानी को अपने क्षेत्र के अभिन्न अंग के रूप में दावा करते हैं। भारत उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के हिस्से के रूप में और नेपाल धारचूला जिले के हिस्से के रूप में इस पर दावा करता है।



काठमांडू से 160 किलोमीटर दक्षिण में चितवन में नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के 10वें आम सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ओली ने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में वापस आती है तो वह भारत से बातचीत के माध्यम से लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख जैसे विवादित क्षेत्रों को वापस ले लेगी। उन्होंने कहा, हम बातचीत के जरिए समस्याओं के समाधान के पक्ष में हैं, न कि पड़ोसियों से दुश्मनी करके। ओली ने विश्वास जताया कि सीपीएन-यूएमएल अगले साल होने वाले आम चुनाव में सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरेगा। भारत द्वारा उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे को धारचूला से जोड़ने वाली 80 किलोमीटर लंबी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क आठ मई, 2020 को खोले जाने के बाद द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। नेपाल ने सड़क के उद्घाटन का विरोध करते हुए दावा किया था कि यह उसके क्षेत्र से होकर गुजरती है। कुछ दिनों बाद, नेपाल लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपने क्षेत्रों के रूप में दिखाते हुए एक नया नक्शा लेकर आया। भारत ने इस कदम पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। अपने संबोधन में, ओली ने कहा कि उनकी पार्टी नेपाल की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच, उद्घाटन कार्यक्रम को विशेष अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने सभी राजनीतिक दलों से देश के विकास के लिए एक साथ आने और हाथ मिलाने का आग्रह किया।

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन में चार नई नदी पुनरुद्धार गंगा क्नेक्ट शाखा की शुरुआत

**लंदन।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनसीएमजी) और लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने नमामि गंगे नदी पुनरुद्धार एजेंडा के तहत भारत-ब्रिटेन सहयोग की कोशिशों के लिए यहां पर चार शाखाएं खोली हैं। ब्रिटेन में इस महीने की शुरुआत से ही गंगा कनेक्ट प्रदर्शनी चल रही है और इसका समापन इस सप्ताह लंदन स्थित इंडिया हाउस में लंदन, मिडलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में गंगा कनेक्ट की शाखाओं की शुरुआत करने के साथ हुआ है। प्रत्एक शाखा में समन्वयक होगा जो वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निवेशकों और समुदायों के सदस्यों सहित विभिन्न हित समूहों को नमामि गंगे कार्यक्रम से जोड़ेगा। गंगा नदी पुनरुद्धार प्रयासों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यशाला और जन अभियान का आयोजन करेगा। लंदन में भारतीय उच्चायुक्त गायत्री इस्सार कुमार ने कहा, यह भारतीय समुदाय को सूचना देने और उन्हें इसमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए है। उन्होंने कहा, प्रदर्शनी ने हितधारकों, संभावित साझेदारों जैसे विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संगठनों और निजी क्षेत्र के साझेदरों में जागरूकता पैदा करने में योगदान दिया।

### ब्रिटेन में तूफान की चपेट में आने से कम से कम दो लोगों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन में इस साल की सर्दियों के पहले तूफान में लगभग 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने इस तूफान को अर्वेन नाम दिया है। इंग्लैंड के उत्तरी हिस्से, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड मुख्य रूप से इस चक्रवात से प्रभावित हुए जिसकी वजह से सड़कें बंद करनी पड़ीं, ट्रेन देर से चल रही है, बिजली में कटौती हुई और समुद्र में ऊंची लहरों का सामना करना पड़ा। उत्तर पश्चिमी इंग्लैंड में कमब्रिया पुलिस ने कहा कि शुक्रवार को पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उत्तरी आयरलैंड में एक व्यक्ति की कार पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई।

### तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 19 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको में एक धार्मिक स्थल पर तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त होने से 19 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि ऐसा लगता है कि शुक्रवार को बस चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और बस मेक्सिको प्रांत में एक इमारत से टकराई। बस पश्चिमी मिचोआकन से चलमा की ओर जा रही थी। रोमन कैथोलिक तीर्थयात्री सदियों से इस शहर में जाते रहे हैं। घायल यात्रियों की हालत के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।

### जुआघर चलाने के आरोप में सनसिटी के मालिक हिरासत में

**बीजिंग।** चीन के स्वायत्त क्षेत्र मकाउ की पुलिस ने शनिवार को यहां के सबसे बड़े जुआघर संचालक के मालिक और अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया। मकाउ पुलिस ने यह कदम चीनी अधिकारियों द्वारा अंतर सीमा जुआ गिरोह चलाने के आरोप में इनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के बाद उठाया। दुनियाभर में अपने जुआघरों के लिए मशहूर मकाउ में यह गिरफ्तारी चीन के पूर्वी प्रांत झेजियांग के वेझोउ के अभियोजकों द्वारा शुक्रवार को सनसिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अल्विन चाए और एक अन्य व्यक्ति झांग निंगनिंग पर सीमा पार जुआ संबंधी गतिविधियां आयोजित कराने और पूरे चीन में जुआघर स्थापित करने के आरोप लगाने के बाद की गई।



# बुर्किना फासो में सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े

**औगाडोउगोउ (भाषा)।** बुर्किना फासो में अलकायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़ी हिंसा को रोकने में सरकार की नाकामी से नाराज जनता ने शनिवार को राजधानी औगाडोउगोउ में प्रदर्शन के दौरान पथराव किया,जिसके बाद उन्हें काबू में करने के लिए सुरक्षाबलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और राष्ट्रपति रोच मार्क क्रिश्चियन काबोरे के इस्तीफे की मांग की। राजधानी के केंद्र में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों के साथ झड़प हुई और उन्हें काबू में करने के लिए सेना और पुलिस कर्मी सड़कों पर नजर आए, जिन्होंने जगह-जगह अवरोधक लगाए थे जबकि प्रदर्शनकारियों ने टायर में आग लगाकर और और पत्थरबाजी कर विरोध जताया। इसाक पैगबराम ने कहा, हम बुर्किना फासो को नहीं खोएंगे। हम देश की सुरक्षा के लिए सक्षम व्यक्ति को तैनात करेंगे। हम पहले ही अपना दो तिहाई भूभाग खो चुके हैं। कोई भी शांति से देश में नहीं घूम सकता है। हमें न कहना ही होगा। हम तबतक बैठ नहीं सकते जबतक कि जिहादी औगाडोउगोउ में हमारी हत्या करने नहीं आते।

# वाशिंगटन के एक मॉल में गोलीबारी, एक व्यक्ति घायल

**एपी।** टैकोमा (अमेरिका)

**वाशिंगटन** राज्य के टैकोमा स्थित मॉल में शुक्रवार को हुई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और घबराए सैकड़ों लोग जान बचाने के लिए दुकानों के भीतर छिप गए। थैंक्सगिविंग के अगले दिन ब्लैक फ्राइडे पर खरादारी के लिए बड़ी संख्या में लोग टैकोमा मॉल में आए थे।

प्राधिकारियों ने बताया कि सिएटल के दक्षिण में स्थित टैकोमा स्थित मॉल के फूट कोर्ट (मॉल का ऐसा स्थान जहां रेस्तरां आदि होते हैं) के पास शाम करीब सात बजे के ठीक बाद गोलीबारी हुई। टैकोमा पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी के तत्काल बाद मॉल को बंद कर दिया गया और खरीदारी करने आए लोग दुकानों के भीतर छुप गए।

# दक्षिण अफ्रीका से उड़ानें रद्द होने पर यात्री फंसे

**भाषा।** जोहानिस्बर्ग

**पारिवारिक** और व्यावसायिक यात्राओं पर दक्षिण अफ्रीका आए सैंकड़ों विदेशी नागरिक फंस गए हैं क्योंकि देश में कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने के बाद कई देशों ने यात्रा प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि दक्षिण अफ्रीका और पांच पड़ोसी देशों से आने-जाने वाली सभी उड़ानें शुक्रवार दोपहर से प्रतिबंधित रहेंगी।

देश ने वायरस के नए स्वरूप के सामने आने के बाद यह घोषणा की। कई अन्य देशों ने भी इस तरह के कदम उठाए और यह संकेत दिया कि सिर्फ उनके अपने नागरिक ही वापस लौट पाएंगे और वे भी पृथकवास में रहेंगे। नई दिल्ली में केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से दक्षिण अफ्रीका से सीधे या दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना से होकर आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ाई से जांच के आदेश दिए हैं। यात्रा प्रतिबंध पर प्रतिक्रिया देते हुए दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका पर यात्रा प्रतिबंध इस समय अनुचित है। न्यूज24 ने फाहला को यह कहते हुए उद्धृत किया, मैं दक्षिण अफ्रीका के लोगों और दुनिया के लोगों को बताना चाहता हूं कि कुछ प्रतिक्रिया अनुचित हैं। मैं खास तौर पर यूरोप के देशों, ब्रिटेन और कई अन्य देशों की प्रतिक्रियाओं के बारे में यह कह रहा हूं।

मुझे यह बताया गया है कि यूरोपीय आयोग के देश भी इस तरह की प्रतिक्रिया पर विचार कर रहे हैं। शुक्रवार को सरकार के आदेश के अनुसार विमानन कंपनियां भारत और दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना के बीच 15 दिसंबर से 50 फीसदी क्षमता के साथ परिचालन कर सकती हैं।

# मादक पदार्थों की तस्करी के दोषी भारतीय मूल के दो लोगों की मौत की सजा बरकरार

**भाषा।** सिंगापुर

**सिंगापुर** की सर्वोच्च अदालत ने मार्च 2016 में 1.34 किलोग्राम मादक पदार्थ की तस्करी की साजिश रचने का दोषी ठहराए गए भारतीय मूल के दो व्यक्तियों की मौत की सजा को बरकरार रखा है। अखबार द स्ट्रेट्स टाइम्स ने यह खबर दी। भारतीय मूल के मलेशियाई कमलनाथन मुनियांडी (27) और भारतीय मूल के सिंगापुरी नागरिक चंद्रू सुब्रमण्यम (52) ने अपराध में संलिप्तता और मादक पदार्थ की जानकारी होने से इनकार किया था। अपीलीय अदालत ने मामले में शामिल एक तीसरे व्यक्ति भारतीय मूल के मलेशियाई नागरिक प्रवीणाश चंद्रन (26) की अपील को भी शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसे मादक पदार्थ रखने के जुर्म में आजीवन कारावास और 15 बेंत मारने की सजा सुनाई गई थी। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने पाया था कि प्रवीणाश मादक पदार्थ का मात्र वाहक था और अभियोजन पक्ष ने प्रमाणित किया था कि उसने मादक पदार्थों की तस्करी गतिविधियों को रोकने में मदद की थी। पांच मार्च, 2016 को कमलनाथन और प्रवीणाश दक्षिणी प्रायद्वीपीय मलेशिया को जोड़ने वाले मार्ग वुडलैंड्स चेकपॉइंट से होते हुए सिंगापुर पहुंचे। जब वे क्रांजी एमआरटी रेलवे स्टेशन पहुंचे तो प्रवीणाश के झोले में नशीले पदार्थ रखे गए थे। इसके बाद दोनों व्यक्ति पास की एक कॉफी शॉप में गए जहां कमलनाथन ने सुरेन नाम के एक व्यक्ति को बुलाया। बाद में वे क्रांजी रोड गए, जहां उन्होंने चंद्रू से संपर्क स्थापित किया, जिसने उन्हें पैसे और प्लास्टिक के खाली बैग दिए।

इन तीनों को अलग होने के तुरंत बाद सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो (सीएनबी) के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने शुक्रवार को जारी एक फैसले में कहा कि मादक पदार्थ प्रवीणाश के झोले में पाए गए थे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार अपीलीय अदालत ने अपने फैसले में कहा कि इन तीनों की सजा को पलटने या उनकी अनिवार्य सजा को कम करने का कोई आधार नहीं है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, मादक पदार्थ से जुड़े एक अन्य मामले में भारतीय मूल का मलेशियाई मादक पदार्थ तस्कर पन्नीर सेल्वम प्रंथमान (34) मौत की सजा के खिलाफ अदालत में चुनौती पेश करने की अपनी अपील में विफल रहे। पन्नीर को 2017 में सिंगापुर में 51.84 ग्राम हेरोइन आयात करने का दोषी ठहराया गया था और अनिवार्य मौत की सजा सुनाई गई थी।

# जापानी प्रधानमंत्री ने रक्षा शक्ति बढ़ाने का लिया संकल्प

**तोक्यो (एपी)।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने शनिवार को अपनी पहली सैन्य समीक्षा में दुश्मन के अड्डे पर हमला करने की क्षमता हासिल करने सहित सभी विकल्पों पर विचार करने की अपनी प्रतिज्ञा को दोहराया और चीन तथा उत्तर कोरिया से बढ़ते खतरों के बीच देश की रक्षा के लिए एक मजबूत आत्मरक्षा बल बनाने की प्रतिबद्धता जताई। किशिदा ने कहा कि जापान के आस-पास सुरक्षा स्थिति तेजी से बदल रही है और वास्तविकता पहले से कहीं ज्यादा गंभीर हो गई है जब उत्तर कोरिया अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हुए लगातार बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण कर रहा है और चीन सैन्य ताकत बढ़ाने के साथ ही क्षेत्र में हमलावर गतिविधियां बढ़ा रहा है। किशिदा ने ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के सैकड़ों सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा, मैं आवश्यक रक्षा शक्ति को मजबूत करने के लिए तथाकथित दुश्मन के अड्डे पर हमला करने की क्षमता रखने सहित सभी विकल्पों पर विचार करूंगा। अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले किशिदा ने तोक्यो के उत्तर में मुख्य सैन्य अड्डा शिविर असाका में आयोजित आत्मरक्षा बल की टुकड़ी की समीक्षा में शनिवार को पहली बार शीर्ष कमांडर के तौर पर कार्य किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, निरीक्षण के लिए लगभग 800 सैनिक एकत्र हुए।


टोक्यो (जापान) में ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के कार्यक्रम के दौरान टैंक में सवार प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा

## गंभीर बीमारी और मृत्य से बचाने में मददगार है टीकाकरण


हमने सीखा है कि टीकाकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रतिरक्षा समय के साथ कम हो जाती है और संक्रमण से उतनी रक्षा नहीं करती है लेकिन, गंभीर बीमारी और मृत्यु से बचाने में उपयोगी है। महामारी विज्ञान के विश्लेषणों में से एक यह देखना होगा कि कितने लोग बी.1.1.529 से संक्रमित हो चुके हैं। आशंका है कि बी.1.1.529 प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से बच सकता है, जो बेहद निराशाजनक है। आखिर में, बी.1.1.1.529 के बारे में अब तक जो कुछ भी ज्ञात है वह इस बात पर प्रकाश डालता है कि गैर औषधीय क्वायद के साथ गंभीर कोविड-19 के खिलाफ सार्वभौमिक टीकाकरण अब भी हमारा सबसे अच्छा दांव है और यह आने वाली लहर के दौरान स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सामना करने में मदद करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

**डॉक टॉक**


डॉ. सुवर्णा

सलाहकार नियोनेटोलॉजिस्ट

रोजवॉक अस्पताल

# पालन-पोषण की मास्टर कला



इससे पहले कि आपका शिशु बोल सके, वह भूख या पेट भरे होने के लक्षण दिखाएगा। अपने बच्चे के भूख के लक्षणों को समझना महत्वपूर्ण है ताकि आप उसे उस वक्त भी स्तनपान करा सकें जब वह शांत दिखता हो। इस तकनीक को रेस्पॉन्सिव फीडिंग कहा जाता है।

यहां, आपको ऐसे किसी भी संकेत पर ध्यान देना चाहिए जो आपका शिशु दे सकता है और उसे तुरंत जवाब देना चाहिए। इस तरह के फीडिंग में आप बच्चे को सही ढंग से दूध पिलाती हैं और पिलाना बंद कर सकती है जब वह उनका पेट भर जाए। बच्चे के समग्र विकास व पोषण के लिए रेसपॉन्सिव फीडिंग या प्रतिक्रियाशील आहार बहुत महत्वपूर्ण है। आपको यहां केवल प्रदान करना है और बाकी, आपका बच्चा तय करेगा। भूख के किसी भी संकेत पर हमेशा नजर रखें। शिशुओं के पास अधिक सक्रिय या सतर्क होकर या जब वे अपनी आंखें खुली रखने की कोशिश करते हैं, तो यह आपको बताने का उनका अपना तरीका होता है। कुछ अन्य लक्षण हैं जब वे अपने हाथों को मुंह पर रखते हैं, अपने सिर को स्तन की ओर मोड़ते हैं, हाथों को मुंह और छाती की ओर अधिक खींचते हैं या जब आप उन्हें दूध पिलाने में देरी होने पर रोते हुए देखते हैं। रोता हुआ हर बच्चा भूखा नहीं रहता और जरूरी नहीं कि हर भूखा बच्चा रोए। हर बार जब बच्चा होठ मारता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि बच्चा भूखा है। इसे पिछले स्तनपान और बच्चे के मूत्र उत्पादन के बीच के अंतराल के साथ सहसंबद्ध होना चाहिए। बच्चे में इस तरह की कार्रवाई, तुरंत या पिछले स्तनपान के डेढ़ घंटे के भीतर, अच्छे मूत्र उत्पादन के साथ, भूख को खत्म करती है। तभी इसे नजरअंदाज करना होगा।

**संकेत, कि बच्चे का पेट भरा हुआ है**

जब पेट भर जाता है, तो बच्चा आसानी से विचलित हो जाता है और अपना सिर स्तन से मोड़ लेता है। वे अपना मुंह भी बंद कर लेते हैं, अक्सर मुंह खोलते हैं, और चूसते समय धीमे हो जाते हैं। सबसे आम संकेत यह है कि वे अपने हाथों को आराम देते हैं, अपनी उंगलियां खोलते हैं, और फिर थूकने की कोशिश करते हैं। इसलिए इन संकेतों पर हमेशा नजर रखें।

**मिथक :** बच्चा भूखा है, स्तनपान अपर्याप्त है।

**हकीकत :** बच्चे के रोने की आखिरी वजह है भूख

ज्यादातर माताएं इस बात को लेकर असमंजस में रहती हैं कि जब उन्हें भूख नहीं है तो उनका बच्चा क्यों रो रहा है क्योंकि भूख बच्चे के रोने का आखिरी कारण होता है। लेकिन और भी कई कारण होते हैं जिनकी वजह से आपका बच्चा रोना शुरू कर सकता है। कुछ बच्चे बॉडी टच चाहते हैं, और वे चाहते हैं कि उनके माता-पिता उन्हें उठाएं। कभी-कभी असहज कपड़े या बहुत ज्यादा कपड़ों में लिपटा देना और गीले या गंदे डायपर रोने का कारण बन सकते हैं। जुकाम के दौरान सबसे आम कारण हैं। पलकों का झड़ना ज्यादातर आंखों में जलन पैदा करता है, या हो सकता है कि यह शिशु का पेट का दर्द हो।

**जब बच्चा रोए तो क्या करें?**

माता-पिता होने के दौरान के सबसे सामान्य प्रश्नों में से एक यह है कि जब बच्चा रोता है तो क्या करना चाहिए? आपको अलग-अलग उत्तर मिल सकते हैं, याद रखें, आपके बच्चे के साथ सब कुछ पूरी तरह से ठीक है। इसलिए जब आपका शिशु रोए तो घबराएं नहीं और गहरी सांस लें। कभी-कभी उन्हें ध्यान और प्यार की जरूरत होती है। आपका बच्चा भी नींद की कमी, शोर के कारण रो रहा होगा, बस आराम करें और असली जवाब खोजने की कोशिश करें। एक बच्चा जो बीच बीच में रोने के दौरान ठीक रहता है, अच्छी तरह से फलता-फूलता है, और शारीरिक जांच में कोई स्थानीय असामान्यता नहीं होती है, तो उसका आगे मूल्यांकन की आवश्यकता नहीं है। यदि आपका बच्चा बिना किसी कारण के रो रहा है, तो अपने बच्चे को त्वचा से त्वचा का पर्याप्त संपर्क दें और मां या परिवार के किसी सदस्य के साथ कंगारू देखभाल का अभ्यास करें। उसके बाद, बच्चे को ठीक से कपड़े पहनाना सीखें। बच्चे को बहुत कसकर न बांधें और आसपास के तापमान को ज्यादा गरम करने की कोशिश करें। गंदे नैपी को चेक करते रहें और स्किन केयर हाइजीन का अभ्यास करें। बंद नाक को साफ करने के लिए सेलाइन नेजल ड्रॉप्स का इस्तेमाल करें। अगर आपको लगता है कि आपका शिशु कहीं से गिर गया है, तो जांच लें कि कहीं कोई चोट तो नहीं लगी है। कोलिक निदान नहीं है। यह एक नैदानिक स्थिति है। यदि आवश्यक हो तो कृपया चिकित्सक से परामर्श लें। इसके लिए किसी भी घरेलू उपचार या हर्बल तैयारियों का प्रयोग न करें।


**अभ्यास मोती**

किसी भी बच्चे को रोने से रोकने की कोई दवा नहीं है। बोतल से दूध पिलाना हर रोने वाले बच्चे का जवाब नहीं होता। अपने बच्चे को समझने की कोशिश करें, गर्मजोशी और स्पर्श दें, और जब इसकी आवश्यकता हो। अंत में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## गर्म आहार



**गुड़ :** उत्तर भारत में गन्ने का उपयोग गुड़ बनाने में किया जाता है, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत में खजूर, नारियल या अन्य ताड़ के पौधों का उपयोग किया जाता है। यह हमारी खाने की परंपरा का आंतरिक हिस्सा है, भले ही आप भारत में कहीं से भी हों। बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि गुड़, जिसे भेली के नाम से भी जाना जाता है, के कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। गुड़ में कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, पोटैशियम और फॉस्फोरस की मात्रा अधिक होती है, जिसमें जिंक, कॉपर, थियामिन, राइबोफ्लेविन और नियासिन भरपूर मात्रा में होते हैं। अध्ययनों के अनुसार, गुड़ में बी विटामिन, कुछ पौधों के प्रोटीन और ढेर सारे फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। सर्दी के मौसम में गुड़ खाने से कई फायदे मिल सकते हैं। इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।



विश्व स्तर पर इस स्थिति से पीड़ित सात में से एक व्यक्ति के साथ माइग्रेन एक सामान्य घटना बन गई है। डॉ. प्रवीण जैकब उन मिथकों की चर्चा करते हुए बताते हैं कि इस रोग से स्वाभाविक रूप से कैसे लड़ सकते हैं

# क्या हैं सिरदर्द के कारण?

माइग्रेन – एक कष्टदायी सिरदर्द, जो मतली और प्रकाश व ध्वनि के प्रति संवेदनशीलता के साथ जुड़ा हुआ है – न केवल आपके नींद चक्र को बल्कि आपके जीवन की गुणवत्ता को भी बाधित करता है। विश्व स्तर पर इस स्थिति से पीड़ित सात में से एक व्यक्ति के साथ यह रोग काफी सामान्य घटना बन गया है। यह स्थिति आपको इतना असहाय बना देती है कि आप कष्टदायी दर्द को कम करने के लिए तैयार हो जाते हैं। दवाएं दर्द को प्रबंधित करने में मदद कर सकती हैं, और एंटीडिपेंटेंट्स और बीटा ब्लॉकर्स आवर्तक एपिसोड को रोकने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, इन सभी विधियों के संभावित दुष्प्रभाव होते हैं, जिनमें मतली, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप और दिल के दौरे शामिल हैं मगर नैदानिक अध्ययनों से पता चला है कि घरेलू उपचार पारंपरिक देखभाल की तुलना में अधिक प्रभावी दर्द से राहत प्रदान करते हैं।

**कारण**

अगर आपने अपने माइग्रेन के मूल कारण का पता लगा लिया है तो आधी लड़ाई जीत ली जाती है। निर्जलीकरण, उच्च रक्तचाप, गर्दन या कंधे में सख्त मांसपेशियां, भावनात्मक तनाव, कुछ दवाएं, पूरक या अन्य खाद्य पदार्थों की प्रतिक्रिया आदि माइग्रेशन के कुछ प्रमुख कारण हैं। यहां तक कि हेलिकोबैक्टर पाइलोरी, जिसे एच-पाइलोरी बैक्टीरिया के रूप में जाना जाता है, को माइग्रेन, अल्सर और पेट की अन्य समस्याओं के सबसे प्रभावी कारणों में से एक पाया गया है। इसलिए, माइग्रेन के लक्षणों का निदान करने के लिए प्राकृतिक उपचारों को अपनाना एक दवा-मुक्त तरीका है। ये घरेलू उपचार माइग्रेन को रोकने में मदद कर सकते हैं, या कम से कम उनकी गंभीरता और अवधि को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**मिथक**

**वे सामान्य सिरदर्द की तरह हैं**

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सिरदर्द माइग्रेन का केवल एक लक्षण है। सिरदर्द के साथ-साथ, माइग्रेन भी मतली, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, चक्कर, कमजोरी, उल्टी और चेतना की हानि का कारण बनता है।

**यह केवल वयस्कों को प्रभावित कर सकता है**

माइग्रेन बच्चों से लेकर बड़ों तक किसी को भी हो सकता है। यह 5 साल के बच्चे को प्रभावित कर सकता है। कष्टदायी सिरदर्द के अलावा, वे पेट में दर्द, चिड़चिड़ापन, प्रासंगिक भ्रम, गंभीर चक्कर आना, एकाग्रता में कठिनाई और अत्यधिक थकान का भी अनुभव कर सकते हैं।

**माइग्रेन के दौरान सिर के सिर्फ एक हिस्से में दर्द होता है**

माइग्रेन के सिरदर्द के लिए कोई निर्धारित पैटर्न नहीं है। यह या तो एकतरफा हो सकता है या वे पूरे सिर, या यहां तक कि सिर या गर्दन के पिछले हिस्से और कभी-कभी चेहरे को भी शामिल कर सकते हैं। माइग्रेन की चपेट में आने पर सभी मरीज उल्टी नहीं करते।

**महिलाओं को माइग्रेन होने का खतरा अधिक होता है**

महिलाओं को माइग्रेन होने की संभावना तीन गुना अधिक होती है, लेकिन पुरुष माइग्रेन से पीड़ित होते हैं। जहां 18-20 फीसदी महिलाएं माइग्रेन से पीड़ित होती हैं, वहीं 8-10 फीसदी पुरुष भी माइग्रेन से पीड़ित होते हैं। लेकिन वही स्पष्ट नहीं है।

**प्राकृतिक उपचार**

**स्वयं को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखें**

यदि आप बिना दवा के माइग्रेन का इलाज करना चाहते हैं, तो आपको ढेर सारा पानी या इलेक्ट्रोलाइट पेय पीना चाहिए। जब आप अच्छी तरह से हाइड्रेटेड नहीं होते हैं, तो डिहाइड्रेशन के कारण अक्सर सिरदर्द हो सकता है। यदि आप इलेक्ट्रोलाइट पेय का चयन कर रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि इसमें चीनी या रंग नहीं मिला है। अत्यधिक चीनी भी सिरदर्द को बढ़ा सकती है। विटामिन सी युक्त पेय लेना भी एक अच्छा विकल्प है।



डॉ. प्रवीण जैकब

वरिष्ठ सलाहकार, द लाइफकार्ट डॉट इन

**नियमित रूप से योग करें**

अध्ययनों से पता चला है कि योग सिर को नियंत्रित करने में कारगर हो सकता है। योग एक प्राचीन अनुशासन है जो श्वांस तकनीक और मुद्रा-संयोजन के माध्यम से दर्द प्रबंधन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। इन आसनों व प्राणायाम का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। एक प्रमाणित प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रतिदिन दो बार व्यायाम करने से माइग्रेन के दर्द की गंभीरता कम होगी और भविष्य के हमलों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

**एक्यूपंक्चर को आजमाएं**

इस वैकल्पिक चिकित्सा तकनीक के माध्यम से दर्द और ऐसे अन्य लक्षणों से राहत प्रदान करने के लिए शरीर पर दबाव बिंदुओं की पहचान की जाती है। अध्ययनों ने एक्यूपंक्चर को पुराने सिरदर्द से पीड़ित लोगों के लिए विश्वसनीय वैकल्पिक चिकित्सा में से एक के रूप में श्रेय दिया है। यहां तक कि टपकते माइग्रेन के दर्द का सामना कर रहे मरीज, जिन्होंने एक्यूपंक्चरिस्ट के साथ सत्र का प्रयास किया है, वे भी एक्यूपंक्चर को माइग्रेन के दौरान दर्द से राहत के लिए सबसे सुरक्षित गैर-दवा विकल्पों में से एक होने की वकालत करेंगे।

**सचेत ध्यान:**

**एक प्रभावी रणनीति**

चिंतनशील ध्यान में एक पूर्वाग्रह-मुक्त मन के साथ वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। यह हर तरह से तनाव को कम करने में मदद करता है, जो माइग्रेन के सबसे सामान्य कारणों में से एक है। ध्यान और विश्राम जैसी समझदारीपूर्ण तकनीक कभी-कभी सिरदर्द को शांत कर सकती है और तनाव को कम कर सकती है।

**व्यायाम**

माइग्रेन के हमलों की आवृत्ति और तीव्रता को कम करने के लिए नियमित रूप से कुछ शारीरिक गतिविधि करने से मदद मिल सकती है।

**स्व-मालिश हो सकती है मददगार**

माथे, कंधों और सिर के पिछले हिस्से पर मालिश करने से सिरदर्द में मदद मिल सकती है। मसाज थेरेपिस्ट के साथ काम करने से गर्दन व कंधे के पुराने तनाव का समाधान हो सकता है जो सिरदर्द का कारण बन सकता है। आपके अंगूठे और तर्जनी के आधार के बीच स्थित एलआई-4 कंप्रेसर, जिसे हेगू भी कहा जाता है, पर दबाव डालने की हमेशा अनुशंसा की जाती है। यह दर्द और सिरदर्द से राहत दिलाने में मदद करेगा।

**प्राकृतिक माइग्रेन राहत किट**

प्राकृतिक माइग्रेन राहत किट ऑनलाइन उपलब्ध हैं और माइग्रेन व सिरदर्द से लड़ने और ठीक करने के लिए 100 प्रतिशत प्राकृतिक उपचार प्रदान करती हैं। काला जीरा, जीरा, चांदनी, अदरक, और पुदीना सहित स्वदेशी जड़ी बूटियों से बने इन हर्बल प्रोबायोटिक किट का उद्देश्य आंतों को आपके पेट में पनपने की अनुमति देकर सिरदर्द और दर्द को हल करना है।

# अपनी पीठ को मजबूत करें



चूंकि हम में से अधिकांश लोग इस वर्क फ्राम होम यानी घर से काम करने की व्यवस्था में लंबे समय तक काम कर रहे हैं, डॉ. शुभांग अग्रवाल हमें बता रहे हैं कि रीढ़ की देखभाल कैसे करें

जहां घर से काम करने के कई व्यक्तिगत और पेशेवर लाभ हैं, वहीं काम के दौरान आपकी खराब मुद्रा के कारण यह आपको रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याओं के प्रति अतिसंवेदनशील भी बना रहा है। चूंकि हम में से अधिकांश इस नयी व्यवस्था में लंबे समय तक काम कर रहे हैं, असहज कुर्सी और काम के भीतर कोई ब्रेक नहीं होता है, और ये सभी कारण पीठ दर्द की वजह बन रहे हैं। हमारे घरों में जगह की कमी के कारण, आज के एर्गोनोमिक कार्यालय फर्नीचर को समायोजित करना मुश्किल है। इसलिए घर से काम करते समय अपने शरीर की मुद्रा का ध्यान रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि शरीर का कोई भी हिस्सा अजीब तरह से मुड़ा हुआ या झुका हुआ नहीं है। परिसंचरण को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर घूमना भी उतना ही आवश्यक है।

**आसन:** कोहनी और गर्दन से तनावमुक्त रखने के लिए व्यक्ति को अपनी मुद्रा का ध्यान रखना चाहिए। जब हम लंबे समय तक बैठते हैं, तो हमारी रीढ़ का एस-कर्व, सी-कर्व में बदल जाता है, जिससे आपकी मांसपेशियों, लिगामेंट्स और ऊतकों पर ज्यादा दबाव पड़ता है।

**अपनी सीट को समायोजित करें**

जब आप लैपटॉप पर काम कर रहे हों, तो अपनी सीट को समायोजित करना आवश्यक है ताकि यह आपकी आंखों के साथ-साथ आपकी पीठ के लिए भी आरामदायक हो। यदि आप डेस्कटॉप कंप्यूटर का उपयोग कर रहे हैं, तो आपकी आंखें आपकी स्क्रीन के शीर्ष से 3 इंच नीचे होनी चाहिए, या अपने लैपटॉप की स्क्रीन को 120 डिग्री पर झुकाएं। स्क्रीन कम से कम एक हाथ की दूरी पर होनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि आप कछुए की तरह अपनी कुर्सी पर सीधे नहीं बैठे हैं या आगे नहीं झुक रहे हैं। अपनी कुर्सी पर वापस बैठते समय, आपके शरीर के कुछ वजन को पीछे की कुर्सी द्वारा सहारा दिया जा रहा है और आराम से अपने की-बोर्ड और माउस तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पास बैठें।

**अपनी स्थिति बार-बार बदलें**

अपने काम में डूब मत जाएं। छोटे छोटे ब्रेक लें। इसके बजाय, हर 45-50 मिनट में उठने की कोशिश करें, भले ही यह सिर्फ कमरे में घूमने के लिए ही क्यों न हो। हर आधे घंटे के बाद खड़े हों, परिसंचरण को बढ़ावा देने और मांसपेशियों को आराम देने के लिए एक या दो मिनट के लिए बदन को खिंचाव दें और घूमें। आप एक गिलास पानी लेने के लिए चल भी सकते हैं या अपने लिए चाय या कॉफी बना सकते हैं। लेकिन अंत में खड़े होकर घंटों काम करने की कोशिश न करें। लंबे समय तक खड़े रहने से भी वैरिकाज नसों का खतरा बढ़ जाता है। हमारे शरीर में 360 जोड़ होते हैं और रक्त के उचित संचलन के लिए इन सभी को हिलने-डुलने की आवश्यकता होती है। इसलिए, स्ट्रेचिंग- ब्रेक महत्वपूर्ण हैं।

**मजबूत पीठ के लिए व्यायाम**

व्यायाम आपकी पीठ को मजबूत और सहारा देने में मदद कर सकता है। हर दिन 30 मिनट के लिए निर्धारित सैर आपकी पीठ के निचले हिस्से व आपकी रीढ़ को सहारा देने वाली मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए बहुत कारगर हो सकती है। व्यायाम को प्राथमिकता देने की जरूरत है। ऐसे कई बेहतरीन और प्रभावी घरेलू व्यायाम हैं जिन्हें आप बुनियादी घरेलू सामानों के जरिए कर सकते हैं। पीठ दर्द से राहत पाने के लिए आप ये कुछ आसान कदम उठा सकते हैं। याद रखें कि जितना अधिक आप तटस्थ मुद्रा में काम कर सकते हैं, और जितना अधिक आप घूम सकते हैं, रीढ़ की हड्डी में चोट लगने की संभावना उतनी ही कम होगी। लेकिन, अगर आप अभी भी ऐसे दर्द से जूझ रहे हैं जो आपके दैनिक जीवन में हस्तक्षेप करता है, तो किसी विशेषज्ञ से बात करने पर विचार करें।

**– लेखक हड्डी रोग व रोबोटिक जोड़ प्रतिस्थापन सर्जन और एनएचएस अस्पताल, जालंधर के निदेशक हैं।**

# रेडियोलॉजी और मेडिकल इमेजिंग का महत्व

## डॉ. संदीप शर्मा का कहना है कि प्राचीन काल से रेडियोलॉजी या डायग्नोस्टिक इमेजिंग ने रोग प्रबंधन में महत्वपूर्ण और केंद्रीय भूमिका निभाई है

दिसंबर 2019 में, चीन ने वुहान में अज्ञात एटियलजि के एक तीव्र श्वसन-रोग के मामलों की सूचना दी, और कुछ सप्ताह बाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)द्वारा इसे 11 मार्च 2020 को एक महामारी (एक बीमारी, जो आमतौर पर कई महाद्वीपों या दुनिया भर में प्रचलित एक संक्रामक प्रकृति) के रूप में घोषित करने के साथ कई अन्य देशों में इसका प्रकोप फैल गया।

वायरस –सार्स-कोव-2 जिसे आम तौर पर कोविड-19 या केवल कोरोनावायरस के रूप में जाना जाता है, जल्द ही हमारे अधिकांश जीवन में सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन गया और विश्व स्तर पर आधुनिक इतिहास में हमारी पीढ़ी की सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटना बन गया।

अनादि काल से, रेडियोलॉजी या डायग्नोस्टिक इमेजिंग ने रोग प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण और केंद्रीय भूमिका निभाई है, जिसमें असंख्य रोगों के उपचार के तौर-तरीकों का पता लगाने, वे किस चरण में हैं और उन्हें परिभाषित करने के लिए उपलब्ध उपकरणों व तकनीकों का एक विस्तृत विकल्प दायरा उपलब्ध है।

हालांकि, कोविड-19 की शुरुआत होने से, इस घातक संक्रमण का जल्द पता लगाने और रोकथाम हेतु किसी भी विश्वसनीय और सटीक (पढ़ें : अत्यधिक विशिष्ट और अत्यधिक संवेदनशील) परीक्षण का अभाव था।

इमेजिंग परीक्षण का मूल्य उन परिणामों के उत्पादन से संबंधित है जो नैदानिक रूप से या तो निदान की स्थापना के लिए या मार्गदर्शन प्रबंधन, या ट्राइएज के लिए व्यावहारिक हैं।

यहां, बेसलाइन एक्स-रे और थोरैक्स या चेस्ट की हाई रेजोल्यूशन कंप्यूटेड टोमोग्राफी (एचआरसीटी) सहित छाती इमेजिंग की महत्वपूर्ण भूमिका एक अनदेखी इमेजिंग तौर-तरीके के रूप में स्पष्ट हो गई, जो गोल्ड स्टैंडर्ड आरटी पीसीआर परीक्षण की तुलना में अधिक संवेदनशील और विशिष्ट जांच है। (दुनिया भर में किए गए कई अध्ययनों के अनुसार)।

कोविड-19 में एचआरसीटी चेस्ट के निष्कर्ष जैसे ग्राउंड ग्लास ओपेसिटीज (जीजीओ), कंसोलिडेशन, क्रेजी पेवमेंट पैटर्न, सेप्टल थिकेनिंग आदि और सीटी सेवरिटी स्कोरिंग (सीटीएसएस) से पता चलता है कि कोविड-19 वायरस द्वारा फेफड़ों को कितना नुकसान हुआ है, एक वायरस जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, जो चिकित्सकों को सटीक और बेहतर प्रबंधन के लिए अधिक विकल्प प्रदान करने के लिए एक उपयोगी उपकरण साबित हुआ – गंभीरता का निर्धारण, उपचार का मार्गदर्शन, जटिलताओं का प्रबंधन और विशेष रूप से कोविड- 19 के उच्च नैदानिक संदेह वाले रोगियों में उपचार प्रतिक्रिया का आकलन करना।

हालांकि, ग्रामीण संरचना में सीटी स्कैन मशीनों की अनुपलब्धता और कोविड रोगियों के लिए समर्पित मशीनें, मरीजों को मशीन या ढांचे में ले जाना, विशेष रूप से ऑक्सीजन सपोर्ट पर, मशीनों को कीटाणुरहित करने में कठिनाई और सख्त संक्र मण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन करना, आदि इस इमेजिंग तकनीक में कमियों के रूप में सामने आया।

अन्य रेडियोलॉजी और इमेजिंग जांच जैसे कि चेस्ट एक्स-रे (बेडसाइड) ने पोर्टेबिलिटी का अतिरिक्त लाभ प्रदान किया और रोग की प्रगति का अध्ययन करने और विकिरण के न्यूनतम जोखिम के साथ उचित प्रबंधन का मार्गदर्शन करने हेतु आधारभूत छवियों की नवीनतम छवियों से तुलना करने का प्रावधान प्रदान किया।

माना जाता है कि चेस्ट एक्स-रे को ट्राइएज की एक विधि के रूप में उपयोग करना व्यस्त स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था में रैपिड टेस्टिंग किट की तुलना में अधिक बेहतर है। एक्स-रे और सीटी स्कैन सहित चेस्ट इमेजिंग भी नैदानिक रूप से प्रकट होने से पहले ही न्यूमोथोरैक्स, फुफ्फुस बहाव आदि जैसी जटिलताओं का पता लगाने में सहायता करते हैं। इसके अलावा, पुरानी फेफड़ों की बीमारी या कंजेस्टिव हृदय की विफलता जैसी अंतर्निहित सहवर्ती बीमारियों से अनजान रोगियों को इन स्थितियों के साथ पता लगाया जा सकता है और बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। इसलिए, रेडियोलॉजी या मेडिकल इमेजिंग कोविड-19 रोगियों के निदान और प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण सहायक भूमिका निभाता है, विशेष रूप से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित लोगों में।

आर्थिक रूप से, इस महामारी का हानिकारक प्रभाव पड़ता है और राजस्व का महत्वपूर्ण नुकसान होता है, क्योंकि दुनिया भर की सरकारों ने सभी अनाावश्यक सेवाओं को आंशिक रूप से या पूरी तरह से बंद कर दिया है।

इन उपायों के कारण सभी इमेजिंग स्कैन में महत्वपूर्ण कमी आई थी क्योंकि पूर्व-कोविड समय की तुलना में बाह्य मरीजों की मात्रा 10-20 प्रतिशत तक कम हो गई थी। इसके अतिरिक्त, इन दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अल्ट्रासाउंड, रेडियोग्राफ, सीटी, एमआरआई और रेडियोलॉजिकल इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं सहित सभी गैर-आकस्मिक बाह्य मरीज इमेजिंग स्कैन को स्थगित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 5-6 महीनों के लिए उप-सामान्य राजस्व में मुख्य रूप से सीमित तौर तरीकों वाले विशिष्ट केंद्र प्रभावित हुए।

**– लेखक एमआरआई इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक्स रेस सेंटर लिमिटेड के निदेशक व सीनियर रेडियोलॉजिस्ट हैं।**

# वक्त के बंधन में कभी बंधी नहीं : सुनिधि चौहान

**भाषा।** मुंबई

**जानी** मानी गायिका सुनिधि चौहान ने कहा कि संगीत जगत में उनका दो दशक लंबा करियर लगातार सीखते रहने का सफर रहा है। चौहान पिछली दो पीढ़ियों की सबसे तेजी से लोकप्रिय होने वाली कलाकारों में रही हैं जिनके गाए गाने आज भी संगीत चार्ट में सबसे ऊपर रहते हैं। पार्श्व गायिका ने कहा कि उन्हें लगता है कि जैसे यह कल की ही बात है, जब उन्होंने 1996 में 13 साल की उम्र में अपना करियर शुरू किया था, लेकिन जिस चीज ने उन्हें संगीत जगत में प्रासंगिक बनाए रखा है, वह है प्रयोग करने की उनकी इच्छा। चौहान ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे नहीं पता कि यह 25 साल कैसे बीत गए। ये शानदार रहे। मैंने आगे बढ़ने का हर तरीका सीखा। मैंने जब इस उद्योग में कदम रखा था, तब मुझे पता था कि मेरी जरूरत नहीं है। लोग उनके पास जो था, उससे खुश थे और उस वक्त कई दिग्गज गायक थे। उन्होंने कहा, लेकिन सौभाग्य से मुझे वह एक मौका मिला, जब किसी ने मुझ पर भरोसा किया और महसूस किया कि वे बदलाव, एक नई आवाज चाहते हैं और मैंने गाना शुरू किया। फिर एक अलग समय आया, जब संगीत बदलने लगा और लोग जिस तरह का संगीत सुनते थे, वह भी बदलने लगा। मैं हर बदलाव का हिस्सा रही हूं, जिसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। चौहान सिर्फ 13 साल की थीं, जब उन्होंने 1996 की फिल्म शास्त्र के लिए लड़की दीवानी



लड़की दीवाना गीत के साथ पार्श्व गायिका के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। गायिका को उर्मिला मातोंडकर अभिनीत मस्त (1999) के साथ बड़ा ब्रेक मिला, जिसमें उन्होंने रुकी रुकी और मैं मस्त जैसे गाने गाए और इसके बाद फ़िज़ा का चार्टबस्टर महबूब मेरे गाया। चौहान 2000 के दशक में चमेली, धूम, ओंकारा, बंटी और बबली , रेस और लव आज कल जैसी फिल्मों में लगातार हिट के साथ सबसे लोकप्रिय पार्श्व गायकों में से एक के रूप में उभरीं। बीते एक दशक में, गायिका ने तेज गानों को गाने की अपनी खासियत बरकरार रखी, लेकिन धूम 3 से कमली , पीकू में शीर्षक गीत, राज़ी से ऐ वतन या पिछले साल की फिल्म दिल बेचारा से एआर रहमान की मसखरी जैसे अन्य गानों के साथ भी सफलतापूर्वक प्रयोग किया। 38 वर्षीय गायिका ने कहा कि उनकी कोशिश हमेशा वक्त के साथ चलते रहने की रही है। यूं तो उन्होंने हमेशा फिल्मों के लिए ही गाने गए हैं लेकिन अब वह स्वतंत्र संगीत की तरफ भी कदम बढ़ा रही हैं। गायिका ने खुलासा किया कि उन्होंने आइटम गीतों को अक्सर न कहा है क्योंकि वह नहीं चाहती कि लोग उन्हें सिर्फ ऐसे ही गानों के लिए पहचानें। यही कारण है कि डिज्नी प्लस हॉटस्टार की शृंखला दिल बेकरार में उन्हें जिस काम की पेशकश की जा रही थी, उसने उनका ध्यान खींचा। उन्होंने हितेश मोदक द्वारा रचित शृंखला के गीत ए प्यार मिलता है कहां के लिए अपनी आवाज दी है।



पणजी में फिल्म *नाइट फारेस्ट* की लेखिका कार्ट्रिन मिल्हान को 52वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में सम्मानित किया गया

# दुनिया भर की लेखिकाओं का जारी हुआ नया कहानी संग्रह

**भाषा।** नई दिल्ली

**दुनिया** भर की लेखिकाओं की 18 लघु कहानियां द पंच मैगजीन एंथोलॉजी ऑफ न्यू राइटिंग : सेलेक्ट स्टोरीज बाई वूमेन राइटर्स में बताया गया है कि किस तरह संस्कृति साहित्य का मार्गदर्शन करती है और नई जानकारियां देती है। पुस्तक का प्रकाशन नियोगी बुक्स ने किया है जिसका संपादन एवं प्रकाशन द पंच मैगजीन के संस्थापक एवं प्रकाशक शिरीन कादरी ने किया है। पुस्तक में कश्मीर से केरल और वॉशिंगटन से लंदन एवं रोम तक की संस्कृति को दर्शाती कहानियां लोगों के अंदर एवं बाहर की चिंताओं एवं मानसिक व्यस्तताओं को सामने लाती हैं। कादरी ने पुस्तक के बारे में कहा, लघु कहानियों ने हमेशा दुनिया भर के लेखकों को आकर्षित किया है। समकालीन लेखिकाओं के लघु कहानियों के इस संकलन में दिखाया गया है कि किस तरह से वे जीवन की जटिलताओं एवं विरोधाभासों का विस्तार करती हैं। इसमें हुमरा कुरैशी, अंजलि डोनी, अनिला एसके, गीता नायर जी., हेलेन हैरिस, मीना मेनन, मेहर पेस्टोनजी, जयश्री मिश्रा, लता अनंतरमन, रिनीता बनर्जी, रोशेल पोटकर, सारा रॉबर्टसन, शिल्पा रैना, टैमी आर्मस्ट्रांग, विनीता मोक्किल, वृंदा बलिगा और अमीता बल ने कहानियां लिखी हैं। वरिष्ठ कवि और गीतकार गुलजार ने भी पुस्तक की प्रशंसा की है।

# जाह्न्वी कपूर ने मिली की शूटिंग पूरी की

**भाषा।** मुंबई

**बॉलीवुड** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने मिली की शूटिंग पूरी की और पहली बार अपने पिता के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। जीवन में संघर्ष वाली इस फिल्म का निर्देशन मथुकुट्टी जेवियर ने किया है और यह 2019 की मलयालम फिल्म हेलन की रीमेक है। जेवियर ने मूल फिल्म का निर्देशन भी किया था। अभिनेत्री (24) ने शूटिंग खत्म करने के बाद शुक्रवार रात पहली बार अपने पिता के साथ काम करने के अनुभव के बारे में लिखा। उन्होंने लिखा, मिली की शूटिंग पूरी हो गई। पापा के साथ यह मेरी पहली फिल्म है, जिनके बारे में मैंने केवल एक निर्माता के रूप में कहानियां ही सुनी हैं। लेकिन अब मुझे यह समझ आ रहा है कि जब सभी कहते थे कि आप अपनी फिल्म में दिल और आत्मा दोनों देते हैं, तो उसका क्या मतलब होता था। इंस्टाग्राम पर इस पोस्ट के साथ उन्होंने कई तस्वीरें भी साझा कीं। मिली में अभिनेता मनोज पाहवा और सनी कौशल हैं।



# मैंने हार न मानना अपने परिवार से सीखा है : करण देओल

**भाषा।** मुंबई

**पल पल** दिल के पास से सिनेमा की दुनिया में कदम रखने वाले करण देओल ने कहा कि वह अपने काम को लेकर प्रतिबद्ध हैं और बेहतर अभिनेता बन रहे हैं। देओल की पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर पाई थी। देओल ने पल पल दिल के पास को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बारे में कहा कि इससे गुजरना काफी मुश्किल था। इस फिल्म का निर्देशन उनके पिता व अभिनेता से नेता बने सनी देओल ने किया था। हालांकि, अभिनेता ने कहा कि वह इस पड़ाव से आगे बढ़ चुके हैं और दादा धर्मेंद्र, बॉबी देओल और अभय देओल समेत परिवार के अन्य सदस्यों से उन्हें काफी प्रेरणा मिली क्योंकि ए ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपने जीवन में बुरे वक्त देखे हैं लेकिन हार कर बैठे नहीं। देओल ने पीटीआई-भाषा को बताया, पल-पल दिल के पास के परिणाम अच्छे नहीं थे। दुर्भाग्यवश मैं लॉकडाउन की वजह से काम पर वापस नहीं लौट पाया और बाकी लोगों की तरह ही घर पर बैठा रहा। मैंने सोचा कि ऐसे समय में मुझे खुद पर और अपने शिल्प पर काम करना चाहिए और चीजों को छोड़ना नहीं चाहिए। अभिनेता (31) ने कहा कि उन्होंने सोचा कि करियर में उतार-चढ़ाव तो आते रहेंगे क्योंकि यही जिंदगी है। अभिनय से मुझे प्रेम है और मैं यही करना चाहता हूं। अभिनेता फिलहाल वेले के प्रचार में व्यस्त हैं। यह तेलुगु फिल्म ब्रोचेवारेववारुरा का रीमेक है और इसके निर्माण में अजय देवगन भी शामिल हैं।



मुंबई में शनिवार को करण देओल को जन्म दिन पर आशीर्वाद देते उनके पिता सनी देओल

# सिद्धार्थ मल्होत्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस की योद्धा की शूटिंग शुरू की

**भाषा।** मुंबई

**अभिनेता** सिद्धार्थ मल्होत्रा ने धर्मा प्रोडक्शन की एक्शन फिल्म श्रृंखला की पहली फिल्म योद्धा की शूटिंग शुरू कर दी है। करण जौहर की प्रोडक्शन कंपनी और मल्होत्रा ने सेट से शूटिंग की तस्वीरें साझा कीं। मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर शूट की तस्वीरें पोस्ट कीं। धर्मा प्रोडक्शंस के आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, लाइट्स, कैमरा और... एक्शनउ योद्धा की शूटिंग शुरू। फिल्म का निर्देशन नवोदित निर्देशक जोड़ी पुष्कर ओझा और सागर आंब्रे करेगी। शशांक खेतान अपने बैनर मेंटर डिसिप्लिन फिल्म्स के जरिए इसका निर्माण भी कर रहे हैं। फिल्म 11 नवंबर, 2022 को रिलीज होने वाली है। योद्धा से पहले, मल्होत्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस की कई फिल्मों में अभिनय किया है, जिसमें उनकी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर, हंसी तो फंसी, कपूर एंड संस और उनकी हालिया हिट फिल्म शेरशाह शामिल हैं।



# दुधवा में 20 से बाघों की गणना शुरू होने की संभावना

**भाषा।** लखीमपुर खीरी

**दुधवा** बाघ अभयारण्य (डीटीआर) में बाघों की गणना 20 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। डीटीआर के क्षेत्र निदेशक संजय पाठक ने पीटीआई-भाषा को शनिवार को बताया कि बाघों और अन्य जानवरों की गणना का कार्य पहले 20 अक्टूबर से शुरू होना था, लेकिन दुधवा में भारी बाढ़, बेमौसम बारिश और बनबसा बैराज से शारदा नदी में अप्रत्याशित रूप से पानी के भारी बहाव के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। उन्होंने बताया कि बाघों के साथ-साथ जंगली हाथियों और अन्य मांसाहारी और खुर वाले जानवरों की संख्या का पता लगाने का कार्य 20 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहाकि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार गणना का काम दक्षिण खीरी वन मंडल के दुधवा, किशनपुर, दुधवा बफर जोन, मोहम्मदी



और गोला रेंज, कतर्नियाघाट (बहराइच) और पीलीभीत बाघ अभयारण्य (पीटीआर) में एक साथ किया जाएगा। पाठक ने बताया कि डेटा ऑपरेटरों का एक प्रशिक्षण सत्र 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा, क्योंकि इस साल गिनती का काम एक डिजिटल प्लेटफॉर्म ऐप के जरिए किया जाएगा और पहले की तरह मैनुएल (हाथ से) जानकारी नहीं भरनी होगी। उन्होंने कहाकि आंकड़ों की सटीकता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए, मास्टर प्रशिक्षकों (18 वन प्रभागों के 36 वन अधिकारियों) का प्रशिक्षण छह और सात दिसंबर को दुधवााकतर्नियाघाट में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहाकि ये मास्टर-प्रशिक्षक आकलन कार्य में सक्रिय रूप से लगे कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहाकि कैमरा ट्रैप और क्षेत्र पर सर्वेक्षण के माध्यम से आठ दिनों तक चलने वाले गणना के काम के लिए उपयुक्त स्थानों पर लगभग 2,600 कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें दुधवा और कतर्नियाघाट के ब्लॉक की गिनती के लिए 1,340 कैमरे और शेष कैमरे अन्य ब्लॉक में लगाए जाएंगे। पाठक ने कहा, आठ दिनों तक आकलन कार्य जारी रहेगा और इस दौरान मांसाहारी, खुर वाले जानवरों और हाथियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्र पर एकत्र किए गए आंकड़ों का बाद में सांख्यिकीय अध्ययन के माध्यम से विश्लेषण किया जाएगा, ताकि दुधवा और अन्य हिस्सों में बाघों की अनुमानित संख्या का पता लगाया जा सके। इससे पहले, 2021 में की गई बाघों की गिनती के अनुसार दुधवा बाघ अभयारण्य में बाघों की अनुमानित संख्या 107 है।

# वन अनुसंधान संस्थान पांच दिसंबर तक पर्यटकों के लिए बंद किया गया

**भाषा।** देहरादून

**वन अनुसंधान** संस्थान को एहतियात के तौर पर शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के पुराने छात्रावास को सूक्ष्म निषिद्ध क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद उक्त कदम उठाया गया है। लखनऊ में प्रशिक्षण के बाद लौटे कुल 48 आईएफएस अधिकारियों में से बृहस्पतिवार को 11 की कोविड जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पुराने छात्रावास को सूक्ष्म निषिद्ध क्षेत्र में बदल दिया गया है और सभी संक्रमित अधिकारियों को छात्रावास में ही पृथकवास में रखा गया है। यह छात्रावास वन अनुसंधान संस्थान के परिसर में स्थित है। एफआरआई के एक अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर वन अनुसंधान संस्थान पांच दिसंबर तक पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।

## दिग्गज गीतकार स्टीफन सोंडहेइम का निधन

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के दिग्गज गीतकार स्टीफन सोंडहेइम का निधन हो गया है। वह 91 वर्ष के थे। उन्होंने 20वीं सदी के उत्तरार्ध में जटिल तुकबंदी वाले गीतों, मंत्रमुग्ध करने वाली धुनों और असामान्य विषयों को सहजता से पेश करने की अपनी इच्छाशक्ति के जरिए अमेरिकी संगीत रंगमंच को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। डीसीकेओएंडएम के अध्यक्ष रिक मिरेमोंटेज ने सोंडहेइम के निधन की जानकारी दी। टेक्सास में रहनेवाले सोंडहेइम के अटॉर्नी रिक पैपस ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि कनेक्टिकट के रॉक्सबरी में अपने आवास पर शुक्रवार को सोंडहेइम ने अंतिम सांस ली। उन्होंने कंपनी, फॉलीज और स्वीनी टॉड में अपने बेहतरीन काम के जरिए रंगमंच गीतकारों की कई पीढ़ियों को प्रभावित किया।

# उत्तराखंड के गाँव में नीचे की ओर खिसक रहे घर

**भाषा।** पिथौरागढ़

## मानव बस्ती के लिए खतरा : विशेषज्ञ

**जिले के** धारचूला उपमंडल में दारमा घाटी का पहला गाँव दार जमीन की सतह कमजोर होने के कारण धीरे-धीरे ढलान से नीचे की ओर खिसक रहा है और यह स्थिति मानव बस्ती के लिए खतरा है। जिला प्रशासन के आदेश पर गाँव का सर्वेक्षण करने वाले एक भूविज्ञानी ने यह बात कही है। गाँव का सर्वेक्षण करने वाले भूविज्ञानियों की टीम का नेतृत्व करने वाले प्रदीप कुमार ने शनिवार को कहा, गाँव में रहनेवाले कुल 150 में से कम से कम 35 परिवारों को तुरंत स्थानांतरित करने की आवश्यकता है क्योंकि वे जिन घरों में रहते हैं वे धीरे-धीरे ढलान से नीचे खिसक रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाँव के नीचे की ओर खिसकने का कारण भूमिगत जल निकायों के नीचे की ओर रास्ता बनाने के अलावा सोबला-टिडांग मार्ग पर चौड़ीकरण का काम है जिसके परिणामस्वरूप उस भूमि की सतह कमजोर हो रही है, जिस पर गाँव स्थित है। कुमार ने कहा कि लगभग 200 साल पहले भूस्खलन के चलते ए जल निकाय कई टन मलबे में दब गए थे तथा ए धीरे-धीरे नीचे की ओर जा रहे हैं जिससे मिट्टी की ऊपरी परत और भी कमजोर हो गई है। उन्होंने कहा, "गाँव भूस्खलन के मलबे पर स्थित है और मिट्टी पहले से ही कमजोर है, जिसके नीचे कोई कठोर चट्टान नहीं है। कुमार ने कहा कि धारचूला और मुनस्यारी उपमंडलों के करीब 200 गांव सदियों से आसपास की पहाड़ियों में भूस्खलन के बाद जमा हुए मलबे पर स्थित हैं और भूस्खलन के लिहाज से ए अत्यधिक संवेदनशील हैं। दार गांव की प्रधान सविता देवी ने गांव के कुछ घरों के नीचे की तरफ खिसकने की शिकायत प्रशासन को पत्र लिखकर की थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने प्रदीप कुमार के नेतृत्व में भूवैज्ञानिकों की एक टीम को गाँव में सर्वेक्षण के लिए भेजा था। ग्राम प्रधान ने कहा, खतरे से जुड़े इन घरों में रह रहे लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर भेजे जाने की आवश्यकता है क्योंकि विपदा किसी भी समय आ सकती है। धारचूला के एसडीएम एके शुक्ला ने कहा कि भूवैज्ञानिकों की टीम से सर्वेक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्वाई की जाएगी।



मुंबई में शनिवार को बांद्रा में अपनी कार से उतरतीं अभिनेत्री नोरा फतेही

# सकारात्मक वृद्धावस्था के लिए मंत्रों को साझा किया गया

**भाषा।** नई दिल्ली

## नई किताब

**एक नई** किताब में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी मशहूर हस्तियों, चिकित्सकों, कलाकारों, वकीलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के रूप में सक्रिय रहे प्रख्यात लोगों की 50 कहानियां शामिल की गई हैं जो 75 साल से अधिक उम्र हो जाने के बाद भी समाज में किसी न किसी तरह से योगदान देते रहे हैं। मंत्राज फॉर पॉजिटिव एजिंग पुस्तक में इस मान्यता पर विचार किया गया है कि महामारी के बाद की दुनिया में इन लोगों के अनुभव की आवश्यकता है और संकलन अपने पाठकों से पूछता है कि "जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती जाएगी, क्या आप आशावादी, युवा और ऊर्जावान बने रहने में रुचि रखेंगे ? इनमें नेता कर्ण सिंह, मार्गरेट अल्वा और मणिशंकर अय्यर, लैंगिक अर्थशास्त्री देवकी जैन, वकील फली एस नरीमन, अभिनेत्री सुषमा सेठ और कार्यकर्ता सैयदा हमीद, सुभाषिनी अली, सुंदरलाल बहुगुणा, कमला भसीन और महात्मा गांधी की पोती तारा गांधी भट्टाचार्जी शामिल हैं। पिप्पा रन बुक्स एंड मीडिया द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) गिल्ड ऑफ सर्विस की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में लाई गई है और इसे संगठन की संस्थापक अध्यक्ष वी मोहिनी गिरि और कार्यकारी उपाध्यक्ष मीरा खन्ना ने सह-संपादित किया है। बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा ने इसकी प्रस्तावना लिखी है। उन्होंने इसमें कहा है कि पुस्तक में शामिल कई लेखक ऐसे दोस्त हैं जिन्हें मैं वर्षों से जानता हूं और हम एक साथ बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपना जीवन सार्थक रूप से जिएं और दूसरों को नुकसान पहुंचाने से बचें। गिरि ने कहा, सभी लेखक परिवर्तन की तलाश में रहे हैं और आज हम उनकी ताकतों का जश्न मनाते हैं। समाज के लिए खासा योगदान देने में उनकी ताकत और... उन्हें यह साबित करने में मदद की है कि उम्र केवल एक संख्या है। यह संकलन इस संदेश के साथ है कि आसमान उनकी हद है और पृथ्वी का विशाल क्षेत्र उनके लिए खेल का मैदान रहा।

# अक्षर-अश्विन की फिरकी में फंसे कीवी

## पहला टेस्टः भारत ने न्यूजीलैंड पर शिकंजा कसा, 63 रन की बढ़त




**भाषा।** कानपुर

बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के पांच विकेट की मदद से भारत ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को न्यूजीलैंड को पहली पारी में 296 रन पर आउट करके बढ़त ले ली हालांकि दूसरी पारी में मेजबान ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का विकेट जल्दी गंवा दिया। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत का स्कोर एक विकेट पर 14 रन था और कुल बढ़त 63 रन की हो गई है।

गिल दूसरे ही ओवर में एक के स्कोर पर काइल जैमीसन का शिकार हुए। चेतेश्वर पुजारा नौ और मयंक अग्रवाल चार रन बनाकर खेल रहे थे। तीसरे दिन का खेल भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय एक विकेट पर 196 रन था लेकिन बाद में नौ विकेट सौ रन के भीतर गिर गए। अक्षर ने दूसरे सत्र में उम्दा गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को दबाव में ला दिया था। उन्होंने आखिरी सत्र में भी दो विकेट लिए। भारत को मैच में लौटाने का श्रेय वैसे उमेश यादव को जाता है जिन्होंने लंच से ठीक पहले केन विलियमसन को सस्ते में आउट करके मेजबान को राहत दिलाई थी। अक्षर ने 34 ओवर में 62 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दूसरे सत्र में 13 रन के भीतर रोस टैलर (11), हेनरी निकोल्स (दो) और टॉम लाथम (282 गेंद में 95 रन) को पवेलियन भेजा। आखिरी सत्र में उन्होंने टॉम ब्लंडेल (13) और टिम साउदी (पांच) को बोल्ड किया। अश्विन ने 42.3 ओवर में 82 रन देकर तीन विकेट लिए। रविंद्र जडेजा ने रचिन रविंद्र (13) को आउट किया इससे पहले उमेश ने दूसरी नई गेंद से कामयाबी हासिल की और आफ स्टम्प पर जाती उनकी गेंद पर विलियमसन चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए। उन्होंने 64 गेंदें खेलकर 18 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में 68 रन जोड़े। सलामी बल्लेबाज विल यंग पहले टेस्ट शतक से चूक गए और 218 गेंद में 89 रन बनाने के बाद अश्विन का शिकार हुए। विलियमसन क्रीज पर आने के बाद से सहज नहीं दिखे। उन्होंने हालांकि रविंद्र जडेजा को दो चौके लगाकर दबाव कम करने का प्रयास किया। अश्विन ने यंग को स्थानापन्न विकेटकीपर श्रीकर भरत के हाथों लपकवाया। यंग और लाथम ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। यंग ने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 15 चौके लगाए। वहीं लाथम ने फ्रंटफुट पर शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। दूसरे सत्र में अक्षर ने शानदार गेंदबाजी की और बेहद खूबसूरत गेंद पर टेलर को आगे बढकर खेलने को मजबूर किया जिनका कैच विकेट के पीछे श्रीकर भरत ने लपका। निकोल्स स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए। वहीं लाथम को भी आगे बढकर खेलने का खामियाता भुगतना पड़ा और भरत ने स्टम्पिंग करने में चूक नहीं की। पहले सत्र के दौरान अश्विन और अंपायर नितिन मेनन के बीच बहस भी हुई। इससे पहले अश्विन जब विलियमसन को गेंदबाजी कर रहे थे तो उनके फॉलोथ्रू को लेकर मेनन ने ऐतराज जताया। अश्विन फॉलोथ्रू में डेंजर एरिया में जा रहे थे और अंपायर ने उन्हें कई बार टोका। अंपायर का कहना था कि वह सामने आएंगे तो उन्हें फैसले लेने में दिक्कत होगी क्योंकि कुछ नजर नहीं आएगा। अश्विन और कप्तान अजिंक्य रहाणे से बात करने के बाद मामला सुलझ गया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : 345 रन, **न्यूजीलैंड पहली पारी** : टॉम लाथम स्ट सब (केएस भरत) ओ अक्षर पटेल 95, विल यंग का सब (केएस भरत) बो अश्विन 89, केन विलियमसन पगबाधा बो यादव 18,रॉस टेलर का सब बो अक्षर पटेल 11, निकोल्स पगबाधा बो अक्षर पटेल 02,ब्लंडेल बो अक्षर पटेल 13, रविंद्र बो रविंद्र जडेजा 13,जैमीसन का अक्षर पटेल बो अश्विन 23, साउदी बो अक्षर पटेल 05,सोमरविले बो अश्विन 06,एजाज पटेल नाबाद 05, अतिरिक्त : 16 रन, कुल योग : 142.3 ओवर में सभी आउट : 296 रन,विकेट पतन :I-151, 2-197, 3-214, 4-218, 5-227, 6-241, 7-258, 8-270, 9-284 , गेंदबाजी : ईशांत 15-5-35-0, यादव 18-3-50-1, अश्विन 42.3-10 -82-3,जडेजा 33-10-57-1, पटेल 34-6-62- 5 **भारत दूसरी पारी** : मयंक नाबाद 4, गिल बो जैमीसन 1 , पुजारा नाबाद 9,अतिरिक्त : 0 , कुल योग : पांच ओवर में एक विकेट पर 14 रन, विकेट पतन :1-2, गेंदबाजी : साउदी 2-1-2 . 0, जैमीसन 2- 0- 8-1,पटेल 1-0 -4 -0

## खुद को सीमित ओवरों का विशेषज्ञ गेंदबाज के तौर पर कभी नहीं देखा थाः अक्षर

**कानपुर।** अपनी शुरूआती सात टेस्ट पारियों (चार मैच) में 32 विकेट झटकने वाले अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी सफलता का राज, खेल में उनके कौशल का लुत्फ उठाना है और उन्हें टी20 विशेषज्ञ नहीं कहा जा सकता है। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 62 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे भारतीय टीम मैच में वापसी करने में सफल रही। महज सात पारियों में उन्होंने पांचवीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने भले ही स्पिनरों की मददगार पिचों पर गेंदबाजी की हो लेकिन यह किसी अविश्वसनीय उपलब्धि की तरह है। गुजरात के इस गेंदबाज ने कहा, जब भी मैंने प्रथम श्रेणी या भारत ए खेला हूं, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मैंने खुद को कभी भी सफेद गेंद (सीमित ओवर का प्रारूप) के विशेषज्ञ के रूप में नहीं देखा है। यह सब बातें दिमाग में होती है कि आप खुद को क्या समझते हैं। एक सफेद गेंद विशेषज्ञ या लाल गेंद (टेस्ट) विशेषज्ञ। मुझे हमेशा से यह विश्वास था कि जब भी मौका मिलेगा मैं अच्छा करूंगा।

## स्पिनरों से निपटने के लिए स्टीड को श्रेय दिया न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज यंग ने

**कानपुर।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग ने शनिवार को भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी की मुश्किल परिस्थितियों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 89 रन की पारी खेली और स्पिन खेलने की कला सिखाने के लिए अपने कोच गैरी स्टीड को श्रेय दिया। यंग (29 वर्ष) ने अपनी पारी के दौरान 14 बार गेंद सीमारेखा के पार कराई। उन्होंने कहा कि स्टीड के साथ अपने करियर के शुरूआती दिनों में की गई कड़ी मेहनत ने उन्हें स्पिन गेंदों का डटकर सामना करने में मदद की। उन्होंने यहां वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, तीन या चार साल हो चुके हैं। मैंने उनसे कुछ साथी खिलाड़ियों के साथ भारत में स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी करने की कला के बारे में सीखा था। यंग ने कैंटरबरी क्रिकेट क्लब के साथ अपनी ट्रेनिंग की याद करते हुए कहा, एक समय ऐसा भी था जब गैरी और मैं करीब दो हफ्ते तक ट्रेनिंग कर रहे थे और इसमें से एक ड्रिल ऐसी थी कि मुझे फ्रंट पैड के बिना ही स्वीप करना था। उन्होंने कहा, यह गेंद स्वीप करने के बारे में था, वर्ना आपको चोट लग जाएगी। इसलिए गैरी ने मुझे यह बात बताई थी और हां, इस पर - स्वीप शॉट - काम जारी है। चोटिल डेवोन कोनवे की जगह टीम में शामिल किए गए यंग शतक से 11 रन से चूक गए। उनकी पारी रविचंद्रन अश्विन ने समाप्त की।

## क्विक न्यूज

### ग्लैडिएटर्स ने टी10 लीग में चौथी जीत दर्ज की

**अबुधाबी।** श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा के शानदार प्रदर्शन के दम पर डेक्कन ग्लैडिएटर्स ने अबु धाबी टी10 लीग में चेन्नई ब्रेव्स को पांच विकेट से हराकर चौथी जीत दर्ज की। चेन्नई की टीम पहली पारी मे 57 रन ही बना सकी। हसरंगा ने दो ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में डेक्कन ने भी रन बनाने की हड़बड़ी में शुरूआती विकेट गंवा दिए। खराब क्षेत्ररक्षण और कैच टपकाने का खामियाजा हालांकि चेन्नई को भुगतना पड़ा। डेविड वीसे और आंद्रे रसेल ने छठे ओवर मे डेक्कन को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

### भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा होगा : बेहार्डिएन

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला फरहान बेहार्डिएन को उम्मीद है कि नए कोरोना वायरस वैरिएंट के कारण भारतीय टीम का अगले महीने का दौरा रद्द नही होगा क्योंकि उनके देश के युवा क्रिकेटरों को इस श्रृंखला की बहुत जरूरत है। भारतीय टीम को जोहानिसबर्ग, सेंचुरियन, पार्ल और केपटाउन में तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी20 मैच खेलने है। नए कोरोना वैरिएंट के चलते दौरा खटाई मे पड़ता दिख रहा है। बीसीसीआई का कहना है कि श्रृंखला पर कोई भी फैसला सरकार की सलाह के आधार पर लिया जाएगा।

### रितु एमएमए फाइनल में फेयरटेक्स का सामना करेंगी

**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व पहलवान रितु फोगाट तीन दिसंबर को वन विमेंस एटम वेट (48 किग्रा वर्ग) वर्ल्ड ग्रां प्री चैंपियनशिप (मिक्स्ड मार्शल आर्ट) फाइनल मे किक-बॉक्सिंग विश्व चैंपियन थाईलैंड की स्टैम्प फेयरटेक्स से भिड़ेगी। फेयरटेक्स मॉय थाई की पूर्व विश्व चैंपियन भी है। मॉय थाई भी मार्शल आर्ट का एक रूप है जिसकी उत्पत्ति थाईलैंड मे हुई थी। इसे आठ अंगो की कला कहा जाता है। विश्व रैंकिंग मे चौथे स्थान पर काबिज रितु ने कहा कि वह सिंगापुर इंडोर स्टेडियम मे 48 किग्रा वर्ग के अपने आगामी मुकाबले की तैयारी मे कोई कसर नही छोड़ रही है।

### इटली और पुर्तगाल विश्व कप प्लेआफ में एक ही ड्रा में

**जिनेवा।** कतर मे 2022 मे होने वाले फुटबॉल विश्व कप मे या तो इटली की टीम खेलेगी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम। मौजूदा यूरोपीय चैम्पियन इटली और पूर्व चैम्पियन पुर्तगाल को शुक्रवार को निकाले गए प्लेआफ ड्रॉ में एक ही वर्ग मे रखा गया है यानी एक का बाहर होना तय है। इटली को मार्च मे प्लेआफ सेमीफाइनल मे नॉर्थ मेसेडोनिया से खेलना है।इसके विजेता का सामना विश्व कप मे जगह बनाने के लिए पुर्तगाल या तुर्की से होगा।

### वॉन ने रफीक को आहत करने पर माफी मांगी

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान माइकल वॉन ने काउंटी क्लब यॉर्कशर के प्रतिनिधित्व के दौरान नस्लवादी टिप्पणी करने से इनकार किया लेकिन इस मामले मे आहत हुए अजीम रफीक से माफी मांगी। रफीक के आरोपो के बाद नस्लवाद को लेकर इंग्लैंड क्रिकेट सुर्खियो मे है और इस मामले के बाद बीबीसी ने वॉन को अपने एक कार्यक्रम से बाहर कर दिया।

अदिति संयुक्त 22वें जबकि त्वेसा संयुक्त 55वें स्थान पर

## आईसीसी ने नए कोविड-19 वैरिएंट के आने के बाद महिला विश्व कप क्वालीफायर रद्द किए

**भाषा।** दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफ्रीकी क्षेत्र में कोविड-19 के नए स्वरूप का पता चलने के बाद अगले साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप के लिए हरारे में चल रहे क्वालीफायर शनिवार को रद्द कर दिए जिससे रैंकिंग के आधार पर पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश ने क्वालीफाई किया। दक्षिण अफ्रीका में नए स्वरूप के पता चलने के बाद दुनिया भर में डर पैदा हो गया है जिससे कई अफ्रीकी देशों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट को रोकने का फैसला उसकी इस चिंता के आधार पर लिया गया है कि ओमीक्रोन स्वरूप के बढ़ने के बाद इसमें भाग लेने वाली टीमें वापस कैसे लौटेंगी। यह फैसला नौ टीमों के शुरूआती लीग चरण के टूर्नामेंट के दौरान लिया गया है जिससे न्यूजीलैंड में होने विश्व कप 2022 विश्व कप के लिए अंतिम तीन क्वालीफायर के साथ आईसीसी महिला चैम्पियनशिप के अगले चक्र के लिए दो अतिरिक्त टीमों का फैसला होता। आईसीसी ने एक बयान में कहा, क्वालीफायर पर फैसला अब टीम रैंकिंग के आधार पर किया जाएगा जैसा की टूर्नामेंट खेलने की शर्तों में जिक्र किया गया है। इसलिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज अब न्यूजीलैंड में होने वाले टूर्नामेंट में क्वालीफाई करेंगी। शनिवार को तीन से दो निर्धारित मैचों का खेल - जिम्बाब्वे बनाम पाकिस्तान और अमेरिका बनाम थाईलैंड - शुरू हो गया था लेकिन दिन का तीसरा मैच वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच नहीं कराया जा सका क्योंकि श्रीलंकाई टीम के सहयोगी कर्मचारी का एक सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। आईसीसी के टूर्नामेंट प्रमुख क्रिस टेटले ने कहा, हम बचे हुए इस टूर्नामेंट को रद्द करके काफी निराश हैं लेकिन इतने कम समय में लगाए गए कई अफ्रीकी देशों

### कोविड-19 के नए स्वरूप के कारण मेजबान दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के आखिरी दो वनडे स्थगित

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका कोविड-19 के नए स्वरूप को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण मेजबान देश और नीदरलैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला को शनिवार को स्थगित कर दी गई। विश्व कप सुपर लीग के तहत खेली जा रही श्रृंखला का पहला एकदिवसीय मैच शुक्रवार को सेंचुरियन में भारी बारिश के कारण रद्द हो गया। अगले दो मैच भी उसी स्थान पर 28 नवंबर और एक दिसंबर को खेले जाने थे।कोविड-19 के नए स्वरूप ओमिक्रोन के आने के बाद दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड कोनिनक्लिजिके नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड (केएनसीबी) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने श्रृंखला को स्थगित करने का निर्णय लिया। सीएसए के कार्यकारी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) फोलेत्सी मोसेकी ने कहा, हम इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से निराश है। हमारे लिए हालांकि सभी मेहमान टीमों का ख्याल रखना सर्वोपरि है। उन्होने कहा, खिलाड़ियों की मानसिक भलाई सीएसए की सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम दौरा करने वाली टीमों के दृष्टिकोण का सम्मान करते है।

## कृणाल पंड्या ने बड़ौदा की कप्तानी छोड़ी

**वडोदरा।** मुंबई इंडियंस और भारत के हरफनमौला खिलाड़ी कृणाल पंड्या ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम की बेहद खराब अभियान के बाद बड़ौदा के कप्तान का पद छोड़ने का फैसला किया है। बड़ौदा क्रिकेट संघ के अजीत लेले ने बताया कि कृणाल ने शुक्रवार को राज्य निकाय को अपने फैसले से अवगत कराया लेकिन टीम की नेतृत्व की भूमिका छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया। वह एक खिलाड़ी के रूप में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने अपने फैसले से बोर्ड अध्यक्ष को अवगत करा दिया हैं। उनके उत्तराधिकारी का नाम चयनकर्ताओं की कल की बैठक के बाद होगा। इस 30 साल के खिलाड़ी ने भारत के लिए पांच वनडे और 19 टी20 मैच खेले हैं। अगले महीने शुरू होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के लिए केदार देवधर कप्तान के पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। बड़ौदा सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में एक जीत और चार हार के साथ टीम ग्रुप बी में चार अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रही। ईपीएल के नियमित खिलाड़ी दीपक हुड्डा ने पिछले साल कृणाल पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए बड़ौदा टीम का साथ छोड़ दिया था।

## सिंधू व सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में हारी

**भाषा।** बाली



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू को इंडोनिशया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैम्पियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन ने हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी रेचानोक ने 54 मिनट में 15-21, 21-9, 21-14 से हराया। यह लगातार तीसरी बार सिंधू की सेमीफाइनल में हार थी। वह पिछले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स और अक्टूबर में फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हारने से पहले तोक्यो ओलंपिक में भी सेमीफाइनल हार गई थी।

छठी वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी भी सुपर 1000 टूर्नामेंट से बाहर हो गई। दुनिया की 11वीं रैंकिंग की जोड़ी को सेमीफाइनल में मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी से 16 -21 18 -21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की नंबर एक जोड़ी, दो बार की पूर्व आल इंग्लैंड ओपन चैम्पियन और मौजूदा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक जोड़ी के खिलाफ यह भारतीय जोड़ी की लगातार 10वीं हार है। इस तरह 850,000 डालर राशि के टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी खत्म हो गया। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का रेचानोक के खिलाफ इस मैच से पहले 4-6 का रिकॉर्ड था। वह पिछले दो मुकाबले भी हारी थी। सिंधू ने अच्छी शुरूआत करते हुए जल्दी ही 8- 3 की बढ़त बना ली। रेचानोक ने यह अंतर 9-10 कर दिया और ब्रेक तक सिंधू के पास एक ही अंक की बढ़त थी। ब्रेक के बाद सिंधू ने लगातार तीन अंक बनाए और रेचानोक को मौका नहीं देकर पहला गेम जीत लिया। इसके बाद दूसरे गेम में रेचानोक ने ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। अगले दस में से नौ अंक भी उसने अपने नाम करके दूसरा गेम जीत लिया। तीसरे गेम में सिंधू ने कई गलतियां की जिसका थाई खिलाड़ी ने फायदा उठाया। सिंधू आखिरी बार स्विस ओपन के फाइनल में पहुंची थी।

## सरबजोत ने 10 मीटर एयर पिस्टल, शिव ने जूनियर एवं युवा वर्ग में स्वर्ण जीता



### राष्ट्रीय निशानेबाजी

**भाषा।** नई दिल्ली

**हरियाणा** के सरबजोत सिंह ने अपने छोटे से करियर में पहली बार पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा जीतकर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब शनिवार को अपने नाम किया, जबकि युवा सनसनी सौरभ चौधरी यहां चौथे स्थान पर रहे। सरबजोत 24 निशाने के फाइनल के अंतिम दो शॉट से पहले अपने राज्य के साथी शिव नरवाल से 0.5 अंकों से पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने 10 और 10.5 के स्कोर से यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में 242.3 अंक जुटाकर विजई हुए। शिव ने इस दौरान 10.1 और 9.3 अंक का स्कोर किया। वह 241.7 अंक के साथ रजत पदक जीते। दिल्ली के हर्ष गुप्ता (221.2) तीसरे जबकि शीर्ष रैंकिंग और एशियाई चैम्पियन सौरभ 200.9 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। शिवा ने हालांकि जूनियर पुरुष वर्ग के फाइनल में सौरभ चौधरी को 0.2 अंक के मामूली अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने फाइनल में 246.7 अंक बनाए जो नया राष्ट्रीय रिकार्ड भी हैं।


## सुपर सब केएस भरत ने किया प्रभावित, दूसरे विकेटकीपर के लिए साहा के सामने प्रतिस्पर्धी

**भाषा।** कानपुर



**रिद्धिमान साहा** के लिए अपने 11 साल के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अहम चीज उनकी शानदार विकेटकीपिंग रही है जो अब भी अच्छी है लेकिन स्थानापन्न विकेटकीपर के तौर पर विकेटों के पीछे श्रीकर भरत की काबिलियत बंगाल के 37 साल के विकेटकीपर के लिए रातों की नींद गंवाने के लिए काफी है। इससे भी खराब बात साहा का गलत समय पर चोटिल होना भी उनके खिलाफ ही जा रहा है और साथ ही उनकी बल्लेबाजी भी ऋषभ पंत के भारतीय टेस्ट प्रारूप में आने के बाद खराब ही होती जा रही है। शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से कुछ ही मिनट पहले साहा ने गर्दन में जकड़न की शिकायत की और दूसरे विकेटकीपर भरत को स्थानापन्न के तौर पर उतारा गया। पिच पर असमान उछाल था और भरत ने 85.3 ओवर के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दो बहुत ही अलग तरीके से कैच लपके, साथ ही स्टंपिंग के चतुर रिफलेक्स भी दिखाए जो असमान उछाल के कारण गलत भी हो सकते थे। पिछले तीन वर्षों से भारत ए टीम का हिस्सा रहे 28 साल के भरत के प्रदर्शन के बारे में जब दिन के नायक अक्षर पटेल से पूछा तो उन्होंने कहा, यह आसान नहीं है जब आप अंतिम 11 खिलाड़ियों में शामिल नहीं हो, और फिर अचानक से आपको खेलने के लिए कह दिया जाए। उन्होंने कहा, रिद्धि भाई की गर्दन में जकड़न थी और वह (भरत) अभ्यास और वार्मअप कर रहा था और मैच शुरू होने से 10 मिनट पहले ही उसे मैच में खेलने के लिए कहा गया। यह इतना आसान नहीं है।

## जोकोविच के दम पर सर्बिया ने डेविस कप फाइनल्स में आस्ट्रिया को हराया



**इंसब्रक (आस्ट्रिया)।** शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच ने डेविस कप फाइनल्स में सर्बिया को जीत दिलाई जबकि 40 वर्ष के फेलिसियानो लोपेज ने गत चैम्पियन स्पेन को शानदार शुरूआत दिलाई और युवा इतालवी टीम ने 32 बार के चैम्पियन अमेरिका को हराया। जोकोविच ने डेनिस नोवाक को 6-3, 6-2 से मात देकर सर्बिया को मेजबान आस्ट्रिया पर 2- 0 से बढत दिलाई। वही दुसान लाजोविच ने गेराल्ड मेल्जर को तीन सेटो मे हराया। डेविस कप एकल मैचो मे जोकोविच का विजय अभियान 15 मैचों का हो गया है। वही मैड्रिड में ग्रुप ए के मुकाबले में स्पेन को इक्वाडोर पर बढत मिल गई जब लोपेज ने राबर्टो क्विरोज को 6-3, 6-3 से मात दी। पाब्लो कारेनो बस्टा ने इसके बाद एमिलियो गोमेज को हराया। लोपेज को एकल मुकाबला इसलिए खेलना पड़ा क्योंकि कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण कार्लोस अलकाराज टीम से बाहर हो गए थे। ग्रुप ई मे अमेरिका को इटली ने हराया। लोरेंजो सोनेगो ने रीली ओपेलका को 6-3, 7-6 से मात दी जबकि जानिक सिनेर ने जॉन इसनेर को 6-2, 6-0 से हराया। युगल मे राजीव राम और जैक सॉक ने फेबियो फोगनिनी और लोरेंजो मुसेती को हराकर स्कोर 2-1 कर दिया।

## फ्रांस से हार बाद मनप्रीत और हरमनप्रीत की उत्साहवर्धक बातों ने जूनियर हॉकी टीम में भरा जोश

**भुवनेश्वर।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह और स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की उत्साहवर्धक बातों ने यहां एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में फ्रांस के खिलाफ निराशाजनक हार के बाद गत चैंपियन भारतीय टीम के खिलाड़ियो का मनोबल बढ़ाने मे मदद की। गत चैम्पियन भारत को इस बार भी खिताब का दावेदार माना जा रहा है लेकिन टूर्नामेंट के पहले मैच मे फ्रांस से 4-5 से हारने के बाद टीम ने कनाडा के खिलाफ शानदार वापसी की और 13-। की बड़ी जीत दर्ज की। मनप्रीत ने शनिवार को यहां ऑनलाइन मीडिया सम्मेलन मे कहा, मैने उन्हें सिर्फ खुद पर विश्वास करने और एक टीम के रूप मे खेलने के लिए कहा था। उनमे संघर्ष की भावना बहुत अधिक है। मैने सिर्फ उनके अपने खेल पर ध्यान देने का सुझाव दिया। हम उनसे लगातार बात कर रहे है। हरमनप्रीत ने कहा, मैने पहले मैच के बाद (कप्तान) विवेक (सागर प्रसाद) से बात की और उन्हे मैदान मे आगे बढ़कर नेतृत्व करने की सलाह दी।

## महिलाओं की चैलेंजर ट्रॉफी चार दिसंबर से विजयवाड़ा में, स्टार खिलाड़ियों को आराम




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार खिलाड़ियों जैसे शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना को शनिवार को चैलेंजर ट्रॉफी के लिए आराम दिया गया है जो चार दिसंबर से भारत ए और भारत बी की भिड़ंत के साथ शुरू होगी। चार टीम के टूर्नामेंट के सभी मैच विजयवाड़ा मे खेले जाएंगे जो नौ दिसंबर को समाप्त होगा। भारत ए की अगुआई स्नेह राणा और भारत बी की अगुआई तानिया भाटिया करेंगी। भारत सी की कप्तान शिखा पांडे होंगी जबकि भारत डी का नेतृत्व पूजा वस्त्राकर करेंगी। भारत सी और भारत डी टीम के बीच पहला मैच भी चार दिसंबर को ही होगा। मंधाना और शेफाली के अलावा अन्य स्टार खिलाड़ियो मे हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स भी इस टूर्नामेंट में नही खेलेंगी। ये सभी खिलाड़ी आस्ट्रेलिया मे महिला बिग बैश लीग में खेली थी। भारत डी की टीम मे 13 खिलाड़ी है जबकि अन्य तीन टीम मे 15-15 खिलाड़ियो को चुना गया है।

## महिला युगल, मिश्रित युगल पैडलर क्वार्टर फाइनल में

### टेबल टेनिस विश्व चैम्पियनशिप

**भाषा।** ह्यूस्टन



मनिका बत्रा विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के महिला युगल और मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जिससे भारत ऐतिहासिक पदक से सिर्फ एक जीत दूर है। मनिका और अर्चना कामथ ने हंगरी की डोरा माडाराज और जॉर्जिना पोटा को 11-4, 11- 9, 6-11, 11-7 से हराया। अब उनका सामना लक्जेमबर्ग की सारा डे नुटे और शिया लियान नि से होगा। सेमीफाइनल हारने वाले को भी कांस्य पदक मिलेगा। मिश्रित युगल में मनिका और जी साथियान ने दो गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की कनक झा और चीन के वांग मानयु को हराया। उन्होंने 15-17, 10-12, 12-10, 11- 6, 11- 7 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना जापान के हारिमोतो तोमोकाजू और हयाता हीना से होगा। यह शानदार टूर्नामेंट रहा है। मजबूत टीम के खिलाफ हमने अच्छी वापसी की। हम इस लय को कायम रखना चाहेंगे। जापानी जोड़ी के खिलाफ मुकाबला कठिन होगा लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मिश्रित युगल में अचंत शरत कमल और अर्चना को प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की जिया नान युआन और एमैन्युअल लेबेसन ने हराया।

## भारत ने पोलैंड को 8-2 से रौंदा

### क्वार्टरफाइनल में होगा बेल्जियम से सामना

**भाषा।** भुवनेश्वर

**संजय कुमार,** अरिजीत सिंह हुंडाल और सुदीप चिरमाको के दो दो गोल की मदद से गत चैम्पियन भारत ने शनिवार को यहां पोलैंड को 8-2 से हराकर एफआईएच पुरूष जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पहले दो मैचों में हैट्रिक बनाने के बाद उप कप्तान संजय (चौथे, 58वें मिनट) में शानदार फॉर्म जारी रखी जबकि कनाडा के खिलाफ हैट्रिक करने वाले हुंडाल (आठवें, 60वें मिनट) ने दो गोल दागे। चिरमाको (24वें और 40वें मिनट) ने भी टीम की जीत में योगदान दिया जबकि पूल बी के मैच में मेजबानों के लिए दो अन्य गोल उत्तम सिंह (34वें मिनट) और शरदानंद तिवारी (38वें मिनट) ने किए। पोलैंड ने अपने दोनों गोल चौथे और अंतिम क्वार्टर में किए। उसके लिए वोजसिएच रूतकोवस्की ने 50वें और रोबर्ट पावलाक ने 54वें मिनट में गोल किए। भारत का सामना अब एक दिसंबर को क्वार्टर फाइनल में पिछले चरण की उप विजेता बेल्जियम से होगा। बेल्जियम ने पूल ए में गोल अंतर में मलेशिया को पछाड़ा क्योंकि दोनों टीमों के सात सात अंक थे। टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में फ्रांस के हाथों मिली 4-5 की उलटफेर भरी हार के बाद भारत ने पूल के दूसरे मैच में कनाडा को 13-। से पस्त कर टूर्नामेंट में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखी थी।

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 41
लखनऊ, रविवार, 28 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





जाह्नवी कपूर ने मिली की शूटिंग पूरी की
विविध-11


# कोरोना के नए स्वरूप को लेकर सतर्क रहने की जरूरतः मोदी

## ओमीक्रोन का पता चलने के बाद प्रधानमंत्री ने शीर्ष अधिकारियों के साथ अहम बैठक की

**भाषा।** नई दिल्ली



**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन का पता चलने और इसे लेकर दुनिया भर में पैदा हुई आशंकाओं के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को प्रोएक्टिव रहने की आवश्यकता जताई और संभावित खतरों के मद्देनजर अधिकारियों से अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों में ढील देने की योजना की समीक्षा करने को भी कहा। प्रधानमंत्री ने लोगों से अत्यधिक सतर्क रहने तथा मास्क पहनने व उचित दूरी सहित बचाव के सभी अन्य उपायों का पालन करने की भी अपील की। देश में कोविड-19 की ताजा स्थिति और जारी टीकाकरण अभियान की समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री ने शीर्ष अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। लगभग दो घंटे चली इस बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को चिंता का विषय बने ओमीक्रोन और उसकी प्रकृति, विभिन्न देशों में इसके प्रभाव और भारत पर इसके असर के बारे में जानकारी दी और साथ ही संभावित प्रभावों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी ने नए स्वरूप को देखते हुए प्रोएक्टिव रहने की आवश्यकता के बारे में बताया। पीएमओ के मुताबिक उन्होंने कहा, नए खतरे को देखते हुए लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है और मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी का पालन करने जैसी उचित सावधानी बरतने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने जोखिम वाले देशों के रूप में चिह्नित किए गए देशों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी अंतरराष्ट्रीय आगमन की निगरानी और दिशानिर्देशों के अनुरूप यात्रियों की जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारियों से सामने आ रहे नए साक्ष्यों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों में ढील देने की योजना की समीक्षा करने को भी कहा। प्रधानमंत्री को देश में अनुक्रमण प्रयासों और फैल रहे कोरोना के स्वरूप का संक्षिप्त विवरण दिया गया। इस सिलसिले में उन्होंने निर्देश दिया कि जीनोम अनुक्रमण के नमूने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और समुदाय से नियमों के अनुसार एकत्र किए जाएं, उनकी आईएनएसएसीओजी (इंडियन सार्स-कोविड-2 कंसोर्टियम ऑन जिनोमिक्स) के तहत पहले से स्थापित प्रयोगशालाओं के नेटवर्क तथा कोविड-19 प्रबंधन के लिए चिह्नित शुरुआती चेतावनी संकेत के जरिए जांच की जाए। प्रधानमंत्री ने अनुक्रमण प्रयासों को बढ़ाने और इसे और अधिक व्यापक बनाने की आवश्यकता के बारे में बताया।

## नया स्वरूप कोई आपदा नहीं ब्रिटेन के शीर्ष वैज्ञानिकों ने कहा

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन के शीर्ष वैज्ञानिकों ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस का नया स्वरूप कोई बड़ा खतरा नहीं है और टीके अब भी इससे होने वाली बीमारी से बचाव कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वायरस के नए स्वरूप को संभवत: अधिक संक्रामक बताया जा रहा है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ओमीक्रोन नाम दिया है। वहीं अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. एंथनी फाउची ने कहा है कि अमेरिकी वैज्ञानिक कोरोना के नए स्वरूप ओमीक्रोन की जांच तथा यह पता लगाने के लिए बहुत सक्रियता से संवाद कर रहे हैं कि यह एंटीबॉडी को भेदता है या नहीं। ब्रिटेन सरकार के स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन स्थिति से जुड़े वैज्ञानिक सलाहकार समूह (एसएजीई) के एक सूक्ष्म जीवविज्ञानी प्रोफेसर कैलम सेम्पल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में सामने आया और दुनियाभर में सुर्खियों में छाया नया स्वरूप बी.1.1.1.529 (ओमीक्रोन) कोई बड़ी आपदा नहीं है। उन्होंने बीबीसी से कहा, यह कोई बड़ा खतरा नहीं है, और मेरे कुछ सहयोगियों के इसे भयानक बताने संबंधी सुर्खियां... मुझे लगता है कि स्थिति को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। सेम्पल ने कहा, टीकाकरण से मिलने वाली प्रतिरक्षा अब भी आपको गंभीर बीमारी से बचा सकती है। आपको सूंघने या सिरदर्द या सर्दी संबंधी दिक्कत हो सकती है, लेकिन आपके अस्पताल में भर्ती होने की संभावना, या गहन देखभाल या दुखद रूप से मरने की संभावना टीके से बहुत कम हो जाती है और अभी यह भविष्य में भी जारी रहेगी।

# विपक्षी नेताओं के बयानों से गिरगिट भी शरमा जाएः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोंडा, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग बार-बार रंग बदलते हैं और इनके बयानों से तो कभी गिरगिट भी शरमा जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को गोंडा जिले के बलरामपुर चीनी मिल परिसर, मैजापुर, में 450 करोड़ रुपए की लागत से 65.61 एकड़ में बनने वाले एथेनॉल संयंत्र का शिलान्यास करने के बाद एक समारोह यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ये लोग जातिवाद, क्षेत्रवाद, बेईमानी और भ्रष्टाचार फैलाते थे, दंगे करवाते थे, इनके दोहरे चरित्र में आप लोग कभी मत आना, इनके बहकावे में कभी मत आना, इनके बयानों से तो कभी गिरगिट भी शरमा जाए, ए लोग बार-बार रंग बदलते हैं।

उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, आज एशिया के सबसे बड़े एथेनॉल संयंत्र का शिलान्यास हो रहा है, बीजापुर चीनी मिल क्षमता को भी बढ़ाया गया है। यहां पर 15 मेगावाट बिजली भी बनाई जाएगी। इन कार्यों के लिए जनता को बधाई देते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने अयोध्या में बन रहे भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की चर्चा करते हुए कहा, अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने के लिए किसने रोका था। कांग्रेस को किसने रोका, बुआ (मायावती) को किसने रोका और बबुआ (अखिलेश यादव) को किसने रोका।



जौनपुर के टीडी कालेज में काशी क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण

## उत्तर प्रदेश को न बुआ चाहिए, न बबुआ चाहिए, सिर्फ बाबा चाहिएः राजनाथ

**जौनपुर (भाषा)।** रक्षामंत्री और भाजपा के काशी क्षेत्र के बूथ प्रभारी राजनाथ सिंह ने शनिवार को बसपा की अध्यक्ष मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उप्र. को न बुआ (मायावती) और न बबुआ (अखिलेश यादव) चाहिए, राज्य को सिर्फ बाबा (योगी आदित्यनाथ) चाहिए। यहां टीडी कालेज में काशी क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा उत्तर प्रदेश को न बुआ (मायावती) चाहिए न बबुआ (अखिलेश यादव) चाहिए, सिर्फ बाबा (योगी आदित्यनाथ) चाहिए। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा के गठबंधन के बाद बसपा प्रमुख मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जोड़ी को बुआ-बबुआ का नाम मिला था। सिंह ने कहा आप तो जानते ही हैं कि योगी जी कितने बड़े बल्लेबाज हैं, जिस दिन सोशल मीडिया में योगी जी के कंधे पर मोदी जी के हाथ रखी तस्वीर आई थी, तब जानते हैं कि मोदी जी ने क्या कहा था- योगी जी आप चिंता मत करिए, आप धड़ाधड़ बैटिंग करते जाइए। उन्होंने कहा, आज मुख्यमंत्री का नाम सुनते ही गुंडे माफियाओं के दिल में दहशत पैदा हो जाती है।

## तमिलनाडु में वर्षा का कहर जारी, सामान्य से 75 फीसद अधिक वर्षा हुई

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कई क्षेत्रों में मानसूनी बारिश का कहर अब भी जारी है और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को यहां जलमग्न क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए बड़े पंपों से पानी निकाले जाने की निगरानी की। राज्य में सामान्य से करीब 75 फीसद अधिक वर्षा हुई है। अधिकारियों ने बताया कि तिरूनेलवेली जैसे तमिलनाडु के उत्तरी एवं दक्षिणी हिस्सों में भारी वर्षा होने एवं 29 नवंबर की सुबह तक तट से सटे क्षेत्रों में वर्षा होने के मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर 11,329 लोगों को 123 आश्रय स्थलों पर ठहराया गया है। ये आश्रय स्थल तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपेट, कुड्डालोर, नागपट्टिनम, पुडाकोट्टई, तूतीकोरिन, अरियालूर, पेरंबलूर, डिंडिगुल, रानीपेट्टई, तिरूपत्तूर, तिरुवनमलाई और वेल्लोर जिलों में हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की इकाइयां चेंगलपेट और कांचीपुरम जिलों में तैनात की गई हैं। चेन्नई में 653 लोग छह आश्रय स्थलों में ठहराए गए हैं और आज उनके बीच खाने के 825 पैकेट बांटे गए।

# पराली जलाना अपराध नहीं होगा, सरकार ने किसानों की मांग मानी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रदर्शनकारी** किसानों से अपना आंदोलन समाप्त करने की अपील करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने पराली जलाने को अपराध की श्रेणी से बाहर करने की उनकी मांग पर सहमति जताई है। तोमर ने एक बयान में कहा कि किसानों की दूसरी मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और फसल विविधीकरण पर चर्चा की है। 19 नवंबर को गुरु पर्व के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित समिति के गठन के साथ यह मांग भी पूरी होगी। मंत्री ने कहा, किसानों की मांग पराली जलाने को अपराध से मुक्त करने की थी।

सरकार इस मांग पर सहमत हो गई है। आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ मामले वापस लेने के संबंध में तोमर ने कहा कि यह राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कहा, मामलों की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकारों को फैसला करना होगा और मुआवजे का मुद्दा भी उन्हें ही तय करना होगा। उन्होंने कहा कि हर राज्य अपने प्रदेश के कानून के अनुसार फैसला करेगा। यह कहते हुए कि सरकार द्वारा तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के बाद आंदोलन जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है, तोमर ने कहा, इसलिए मैं सभी किसान संगठनों से विरोध को नैतिक रूप से समाप्त करने और अपना बड़ा दिल दिखाने की अपील करता हूं। उन्हें वापस अपने घर लौटना चाहिए। मंत्री ने कहा कि विरोध करने वाले किसानों ने शुरू में तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग की थी, जिसे सरकार ने उनके हित को ध्यान में रखते हुए स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसे 29 नवंबर से शुरू होने वाले संसद के आगामी सत्र की शुरुआत में पेश किया जाएगा। तोमर ने यह भी कहा कि सरकार को इस बात का अफसोस है कि वह कुछ किसान संगठनों को इन कृषि कानूनों के लाभ के बारे में समझाने में सफल नहीं हो सकी। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे किसानों के आंदोलन को अब एक साल से अधिक हो गया है। दिल्ली की सीमाओं पर बैठे किसानों में ज्यादातर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों से यहां आए हैं।

## 29 नवंबर का संसद तक ट्रैक्टर मार्च स्थगित हुआ

**नई दिल्ली (भाषा)।** किसान नेताओं ने शनिवार को कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने संसद तक 29 नवंबर को आहूत अपने ट्रैक्टर मार्च को स्थगित कर दिया है और अगले महीने एक बैठक में आगे की कार्वाई तय की जाएगी। मार्च को स्थगित करने का निर्णय संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से दो दिन पहले किया गया है। संसद सत्र में तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया जाना है। पिछले एक साल से कानूनों का विरोध कर रहे किसान संगठनों का नेतृत्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा ने यह भी कहा कि वह किसानों को उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने वाले कानून की मांग पर संसद में आश्वासन चाहता है।

## कानून वापसी का बिल संसद में कल आएगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश करेगी जिसमें कहा गया है कि किसानों का एक छोटा समूह इन कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन समय की जरूरत है कि समावेशी विकास के लिए सबको साथ लेकर चला जाए। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन यानी सोमवार की लोकसभा की कार्यवाही सूची में इस विधेयक को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तीनों कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर निचले सदन में इस विधेयक को पेश करेंगे।

# नक्सलियों ने की तोड़फोड़, मालगाड़ी के तीन इंजन और 18 डिब्बे पटरी से उतरे

**भाषा।** दंतेवाड़ा

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में किरंदुल-विशाखापत्तनम रेल मार्ग पर नक्सलियों ने पटरियों को उखाड़ दिया है, जिससे इस घटना में एक मालगाड़ी के तीन इंजन और 18 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है। हालांकि जगदलपुर और किरंदुल के बीच ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई है।

दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने शनिवार को बताया कि नक्सलियों ने शुक्रवार रात जिले के भांसी और कामालूर रेलवे स्टेशनों के मध्य पटरियों को उखाड़ दिया है, जिससे मालगाड़ी के तीन इंजन और 18 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। पल्लव ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि लौह अयस्क से लदी ट्रेन बचेली से विशाखापत्तनम के लिए रवाना हुई थी। जब वह भांसी और कामालूर रेलवे स्टेशनों के मध्य पहुंची तब शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे उसके तीन इंजन और 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों और रेल विभाग के अधिकारी घटनास्थल पहुंच गए थे। पटरियों के मरम्मत का कार्य शुरू किया जा रहा है। इस मार्ग पर रेल सेवा बहाल होने में कुछ समय लग सकता है।

जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों के भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने पटरी से उतरे ट्रेन के डिब्बों पर बैनर लगाया है। जिसमें उन्होंने गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) में हुई मुठभेड़ की घटना का विरोध किया है तथा शनिवार को एक दिन के बंद का आह्वान किया है। गढ़चिरौली जिले के मरदनटोला गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने इस महीने की 13 तारीख को मुठभेड़ में नक्सली नेता मिलिंद तेलतुंबड़े समेत 26 नक्सलियों को मार गिराया था।

**एयरसेल-मैक्सिस मामला**

## चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति 20 दिसंबर को किए गए तलब

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने एयरसेल-मैक्सिस मामले में सीबीआई और ईडी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर शनिवार को संज्ञान लिया और उन्हें 20 दिसंबर को तलब किया। विशेष न्यायाधीश एम. के.नागपाल ने इस बात पर गौर करते हुए आदेश पारित किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में चिदंबरम और अन्य आरोपियों को समन भेजे जाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। सीबीआई और ईडी ने अदालत को सूचित किया कि ब्रिटेन और सिंगापुर को जांच से जुड़ी और सूचना प्राप्त करने के वास्ते अनुरोध पत्र भेजे गए हैं और इस संबंध में कुछ प्रगति हुई है। अदालत में ईडी का प्रतिनिधित्व विशेष लोक अभियोजक एन.के. मट्टा ने किया जबकि सीबीआई के लिए अधिवक्ता नूर रामपाल पेश हुए।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,107 | |
| निफ्टी | 17,026 | |
| सोना | 47,155 | /10g |
| चांदी | 62,145 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हिज्बुल मुजाहिदीन के दो मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलो ने शनिवार को पुलवामा जिले मे हिज्बुल मुजाहिदीन (एचएम) आतंकवादियो के दो सहयोगियो को गिरफ्तार किया है और उनके पास से गोला-बारुद तथा अपराध मे इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। पुलिस केएक प्रवक्ता ने बताया किउनकी पहचान मुजम्मिल अय्यूब भट और सुहैल मंजूर मोहंद केरुप मे हुई है। दोनो शाहाबाद खरपोरा बाला लाल गाम, अवंतीपोरा केनिवासी हैं। प्रवक्ता ने कहा, दक्षिण कश्मीर जिले के अवंतीपोरा इलाके में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्बुल-मुजाहिदीन केआतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने कहा किउनकेपास से गोला बारूद और अपराध मे इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है, जिसमें एके-47 के 383 कारतूस शामिल हैं।

# ईशनिंदा विरोधी कानून की मांग के विरोध में जावेद, शबाना, नसीरुद्दीन

## ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने की थी मांग

**भाषा।** नई दिल्ली



**ऑल** इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से ईशनिंदा विरोधी कानून की मांग किए जाने के कुछ दिनों बाद शनिवार को गीतकार जावेद अख्तर और अभिनेता नसीरुद्दीन शाह समेत कई बुद्धिजीवियों ने इस मांग का पुरजोर विरोध किया और कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में ईशनिंदा को अपराध ठहराने से संबंधित कोई कानून नहीं हो सकता। पिछले दिनों पर्सनल लॉ बोर्ड ने कुछ शरारती तत्वों द्वारा पैगम्बर मोहम्मद का अपमान किए जाने की ओर सरकार का ध्यान खींचा था और कहा था कि ईशनिंदा के खिलाफ कानून होना चाहिए। इंडियन मुस्लिम्स फॉर सेक्युलर डेमोक्रेसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ईशनिंदा विरोधी कानून की मांग करना असंवैधानिक है। इस बयान पर अख्तर, शाह, अभिनेत्री शबाना आजमी, फिल्मकार आनंद पटवर्धन तथा कुछ अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं। बयान में कहा गया है कि यह संगठन इस सिद्धांत का पुरजोर समर्थन करता है कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में ईशनिंदा को अपराध ठहराने का कोई कानून नहीं होना चाहिए।

# अविवेकपूर्ण टिप्पणी संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है

## संविधान दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने न्यायाधीशों से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने कहा है कि अविवेकपूर्ण टिप्पणी भले ही अच्छे इरादे से की गई हो, वह न्यायपालिका के महत्व को कम करने वाली संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है। उन्होंने न्यायाधीशों से कहा कि वे अदालत कक्षों में अपनी बात कहने में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें। वहीं प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण ने कहा कि विधायिका कानूनों के प्रभाव का आकलन या अध्ययन नहीं करती है, जो कभी-कभी बड़े मुद्दों की ओर ले जाते हैं और परिणामस्वरूप न्यायपालिका पर मामलों का अधिक बोझ पड़ता है।



संविधान दिवस पर कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा कि न्याय वह महत्वपूर्ण आधार है, जिसके चारों ओर एक लोकतंत्र घूमता है, तथा यह तब और मजबूत होता है जब राज्य की तीन संस्थाएं- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका- एक सामंजस्यपूर्ण ढंग से अस्तित्व में होती हैं। राष्ट्रपति ने कहा, संविधान में, प्रत्एक संस्था का अपना परिभाषित स्थान होता है जिसके भीतर वह कार्य करती है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यायपालिका ने अपने लिए उच्चतम मानक स्थापित किया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कोविंद के हवाले से कहा गया, इसलिए, न्यायाधीशों का यह भी दायित्व है कि वे अदालत कक्षों में अपने बयानों में अत्यधिक विवेक का प्रयोग करें। अविवेकपूर्ण टिप्पणी, भले ही अच्छे इरादे से की गई हो, न्यायपालिका के महत्व को कम करने वाली संदिग्ध व्याख्याओं को जगह देती है। कोविंद ने कहा कि लोग न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद संस्था मानते हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों के खिलाफ की जाने वाली टिप्पणियों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, ...सोशल मीडिया मंचों पर न्यायपालिका के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के कुछ मामले सामने आए हैं।

## ऐसी स्थिति में नहीं रहा जा सकता, जहां कानूनों का क्रियान्वयन मुश्किल होः किरेन रिजिजू


**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को यहां कहा कि ऐसी स्थिति में नहीं रहा जा सकता, जहां विधायिका द्वारा पारित कानूनों और न्यायपालिका द्वारा दिए गए फैसलों को लागू करना मुश्किल हो।



उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय संविधान दिवस कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कभी-कभी, अपने अधिकारों की तलाश में, लोग दूसरों के अधिकारों और अपने कर्तव्यों के बारे में भूल जाते हैं। मंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों के बीच संतुलन तलाशने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि संसद और राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयक और उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले देश के कानून होते हैं। रिजिजू ने हिंदी में कहा, ऐसी नौबत हम कैसे देख सकते हैं कि उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय, विधानसभा या संसद कानून पारित कर दे, फिर भी लागू करने में अगर मुसीबत होती है तो हम सबको सोचना होगा।






## सीट की तलाश

संगठन के फरमान के बाद से अब नेता जी परेशान हो गए हैं। संगठन ने साफ कहा है कि इस बार मंत्री भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। अब हमारे डिप्टी सीएम साहब उच्च सदन के सदस्य हैं और चुनाव नहीं लड़ा है। हां यह जरूर है कि नगर के प्रथम नागरिक जरूर रह चुके हैं। अब उनकी निगाह लखनऊ की सबसे सुरक्षित सीट की तलाश में है। डिप्टी साहब की नजर शहर की उस सीट पर है जिससे चुने एक जन प्रतिनिधि इस समय शहर के विकास का जिम्मा देख रहे हैं। अब जब उनको इस बात की भनक लगी तो वह भी परेशान हो गए हैं लेकिन अभी संगठन का वरदहस्त शहर का विकास कर रहे मंत्री जी के ऊपर ही है। अब डिप्टी साहब को चुनाव तो लड़ना ही है लेकिन किसी सुरक्षित सीट की तलाश तेज हो गई है ताकि उस सीट से चुनाव लड़ने में कोई अड़चन न आने पाए। अब डिप्टी साहब तो खुद परेशान हो ही गए हैं लेकिन उन्होंने कई माननीयों की टेंशन भी बढ़ा दी है।

## प्रदूषण की चुनौती

कैसे जाएगा प्रदूषण बड़े साहब! जब नगर निगम के एंटी गन वाटर स्प्रिंकल व्हीकल केवल मुख्यालय और उसके सामने की सड़कों तक ही सीमित रहेगा। नगर निगम एनजीटी के आदेश पर पूरे शहर में वायु प्रदूषण को खत्म करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। शहर की प्रथम महिला के आदेश भी बेअसर है। इसमें निर्माणाधीन साइट, अवैध निर्माण और पानी छिड़काव किया जा रहा है। एंटी गन वाटर स्प्रिंकल से वातावरण और पेड़ों पर जमीं धूल को हटाया जा रहा है। दुर्भाग्य से यह कार्य हजरतगंज, लालबाग में जरूर हो रहा है पर पूरे लखनऊ में नहीं किया जा रहा है। जहां हो रहा है, वहां केवल औपचारिकता ही निभायी जा रही है। यही नहीं केवल कुछ गिनी चुनी मशीनों से वातावरण में फैली धूल को कैसा हटाया जा सकेगा। खुले में सरकारी और गैरसरकारी निर्माण कार्य किया जा रहा है। सभी एलडीए और नगर निगम के क्षेत्रों पर बना रहे बिल्डरों पर स त कार्रवाई के स्थान पर उन्हें छूट दी गयी है जिसे ढका तक नहीं जा रहा है। ये हाल है पूरे क्षेत्र का जब स्प्रिंकल वाटर मशीनें तकरोही, केशव नगर, चिनहट, हरदासी खेड़ा, सरदार खेड़ा सहित दूसरे अर्धग्रामीण क्षेत्रों तक जाती ही नहीं हैं।

## जम नहीं रहा खेल

समाजवादी अब राजनीति के साथ ही खेल भी खेलने लगे। इस समाजवादी खेल को खेलने के लिए कैप्टन ऐसे आदमी को बनाया है जिसका बड़ा भाई गांधी परिवार के पंजे में पूरी तरह फंसा हुआ है। यह वही बड़े भैया हैं जो कभी हाथी पर बैठकर गांधी परिवार और समाजवाद को जी भर कोसा करते थे। आज वही बड़ के भैया हाथी से उतरकर गांधी के पंजों में जा बसे हैं और छोटे भैया खेल खिलाड़ी की भूमिका से दूर होकर समाजवाद की राजनीति करने उतरे हैं। समाजवादियों ने फिलहाल अभी इन महोदय को केवल खेल की ही जिम्मेदारी दी है लेकिन वह अभी कोई खास खेल दिखा नहीं पा रहे हैं। शायद उन्हें लगा था कि यह राजनीति भी उनके वॉलीबॉल खेल की तरह है कि बस हाथ मारेंगे गेंद पर ऊपर चली जाएगी लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है। जब से खेल की जिम्मेदारी मिली है तब से वह अपने समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष को रिझाने के लिए वह तरह तरह के करतब दिखा रहे हैं। कभी 'खेल गोला' बनाते हैं कभी कुछ और नया करने का प्रयास करते हैं लेकिन अभी तक फिलहाल केवल गोला ही बना पाए हैं। अब देखना है कि समाजवादी खेल प्रकोष्ठ के नए नवेले अध्यक्ष व प्रभारी महोदय कब तक गोला बनाकर अपने समाजवादी राष्ट्रीय अध्यक्ष को गोल गोल घुमाते हैं।

## परंपरा के वाहक

योगी सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री अपने पिता की रास्ते पर चल पडे है। उन्होंने ने पिछले दिनों मीडिया के साथ एक आयोजन करके पिता की परंपरा को आगे बढाया। कोरोना संकट के चलते यह पिछले कुछ सालों से टूट चुकी था। परंपरा को फिर से चालू होने पर सरकार के यह मंत्री बहुत भावुक हुये। इस दौरान मंत्री जी की आंखे कई बार भर आयी। खास बात यह थी कि आवास पर रखा गया यह आयोजन किसी अन्य आयोजनों से एकदम हटकर था जिसमे परिवार के सभी सदस्य कुछ इस तरह जुटे थे जैसे पिता के छोड़े किसी काम को आगे बढ़ा रहे है। मंत्री और उनके परिवार को पिता प्रेम इन दिनों नौकरशाही और मीडिया में चर्चा का विषय बना है और हर तरफ उनके व्यवहार की तारीफ हो रही है। आयोजन में आये लोग भी मंत्री जी के पिता की पुरानी यादों को ताजा करके चर्चा करते नजर आये। वैसे मंत्री जी को योगी सरकार में जिम्मेदारी पिता की विरासत के रूप में मिली है और कमोवेश वह उसी विभाग को देख रहे हैं जो यूपी की भाजपा सरकार में कभी उनके पिता देखा करते थे। मीडिया के बीच मंत्री के पिता को एक अच्छे नेता और अविभावक के रूप में गिना जाता है।

## इच्छाधारी संस्थान

उम्र के 100 वर्ष के पड़ाव को पार करने के बाद इच्छाधारी भावना लोकोक्तियों के अनुसार जन्म लेती है। ऐसा ही अपना विश्वविद्यालय हो गया है। जैसे चाहे वैसे करे। कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। बात संस्थान के सालाना जलसे दीक्षान्त से सम्बंधित है। पहले यह जलसा खुले मैदान में होते थे। बड़े बड़े टेंट, सैकड़ों कुर्सियां, साजसज्जा यह बताने के लिए काफी होते थे कि दीक्षान्त उत्सव मनाया जाने वाला है। नामचीन लोगो से लेकर संस्थान के आम छात्र इसमें शिरकत करते थे। मेडल पाने वाले छात्र घण्टों फोटो खींचते थे। अब तो बदली परम्परा में जबसे विभाग स्तर पर मेडल बंटने लगे तब से इसका क्रेज ही गिर गया है। कभी चर्चा भी नहीं होती इन मेडलों की। अब एक दिन पहले की ही बात ले लीजिए, 350 सीट वाले सभागार में आयोजित कार्यक्रम से छात्रों को ही दूर रखा गया। छात्र के नाम पर वही 15 छात्र बस मौजूद थे जिन्हें मेडल मिलना था। बाकी छात्रों को इस कार्यक्रम से दूर रखा गया। यहां तक की पीएचडी स्टूडेंट्स तक को प्रवेश की इजाजत नहीं थी। अगर सही से देखा जाय तो विवि के ही तकरीबन 500 शिक्षक हैं। ऊपर से तकरीबन 1500 के आसपास कर्मचारी। संस्थान का कार्यक्रम है। इसलिए नियमत: सभी को शामिल होने चाहिए। पर 350 सीट वाले सभागार में यह मुमकिन नही है और उसके ऊपर छात्र तो फिर आप अंदाजा लगा सकते हैं। मगर मुखिया की मर्जी पर सादे समारोह की तरह कार्यक्रम को निपटाया गया। अब ऐसे में इसे इच्छाधारी कहा जाय तो ज्यादा मुनासिब होगा।

# बुंदेलखंड पर घड़ियाली आंसू बहाना छोड़ें प्रियंका: खन्ना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बुंदेलखंड को लेकर प्रियंका गांधी वाड्रा के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि दशकों तक देश और प्रदेश में शासन करने वाली कांग्रेस ने बुंदेलखंड को भूखा, प्यासा और विकास से कोसों दूर रखा, आज जब मोदी-योगी सरकार में यहां के लोग भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं तो प्रियंका गांधी वाड्रा महोबा में घड़ियाली आंसू बहा रहीं हैं। प्रियंका को आंसू बहाना ही है तो थोड़ा राजस्थान में भी बहा लेतीं जहां दलितों पर अत्याचार की घटनाएं लगातार सुर्खियां बन रही हैं।

सुरेश खन्ना ने कहा कि यह राजनीतिक विडंबना ही है कि अखिलेश यादव को भाजपा के हर विकास कार्यों का श्रेय लेने और प्रियंका को विकास न देख पाने का रोग लग गया है। यही वजह कि प्रियंका को बुंदेलखंड के कायाकल्प की बदलती तस्वीर नहीं दिख रही है आज बुंदेलखंड में सिंचाई की वर्षों से लटकी योजनाएं जमीन पर उतर रहीं हैं। गत दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने बुंदेलखंड को अर्जुन सहायक नहर सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की सौगात दी। पाइप के जरिए घर-घर पानी पहुंच रहा है। 297 किमी लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण अंतिम दौर में, जिसके पूरा होते चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर और जालौन के विकास के नए द्वार खुलेंगे, डिफेंस कारिडोर से तरक्की और रोजगार के नये-नये अवसर सृजित होंगे।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल nnlko@up.nic.in

संख्या : 157/मु.अ./21-22 दिनांक : 26.11.2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु 10.12.2021 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 09.12.2021 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है । निविदा दिनांक 10.12.2021 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त, लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष मे रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को 10.12.2021 को अपरान्ह 4 बजे बाबू राजकुमार श्रीवास्तव नवीन समिति कक्ष मे निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व वाइब्रेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 12% GST | कूल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म. नं.-ई.डी.-1/349 के बगल वाली गली में नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 680960.00 | 13619.00 | 2 माह | 681.00 | 82.00 | 763.00 |
| 2 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म. नं.-एस.एस.-II/289 के सामने एस.एस.-II/268 तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। . | 730979.00 | 14620.00 | 2 माह | 731.00 | 88.00 | 819.00 |
| 3 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म.नं.-एस.एस.-II/324 से एस.एस.-II/304 तक सड़क व नाली का कार्य। | 857273.00 | 17145.00 | 2 माह | 857.00 | 103.00 | 960.00 |
| 4 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म.नं.-एस. एस./210 तथा एस.एस./865 के सामने आवासीय पार्कों में नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 576692.00 | 11534.00 | 2 माह | 577.00 | 69.00 | 646.00 |
| 5 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में मकान संख्या-एम./334 के आसपास क्षतिग्रस्त मैनहोल का सुधार व मन्दिर प्रांगण के सामने से सम्पर्क मार्ग तक अवशेष नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 801038.00 | 16021.00 | 2 माह | 801.00 | 96.00 | 897.00 |
| 6 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में मकान संख्या-ई.डी.-1/597 गुड्डू दीक्षित के घर के पास इण्टरलाकिग व नाली का कार्य। | 881112.00 | 17622.00 | 2 माह | 881.00 | 106.00 | 987.00 |
| 7 | विद्यावती प्रथम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एफ.में सामुदायिक केन्द्र से लेकर छोटे लाल कनौजिया के मकान तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 863610.00 | 17272.00 | 2 माह | 864.00 | 104.00 | 968.00 |
| 8 | विद्यावती प्रथम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-एफ.में म.सं. -एल.-1/23 के सामने पार्क तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 674113.00 | 13482.00 | 2 माह | 674.00 | 81.00 | 755.00 |
| 9 | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत रामगढ़ कालोनी में बीरपाल एडवोकेट के सामने से कानपुर रोड तक भूमिगत जल निकासी का कार्य। | 925217.00 | 18504.00 | 2 माह | 925.00 | 111.00 | 1036.00 |
| 10 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म.नं.-एस.एस.-III/157 से तिवारी जी के घर तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 880001.00 | 17600.00 | 2 माह | 880.00 | 106.00 | 986.00 |
| 11 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-जी. में मल्टीएक्टिविटी के कोने से नाला पुलिया तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 825812.00 | 16516.00 | 2 माह | 826.00 | 99.00 | 925.00 |
| 12 | विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-डी.-1 में म.नं.-एस.एस.-II/77 से डी.-1 में एस.एस.-II/59 तक नाली व इण्टरलाकिग का कार्य। | 869466.00 | 17389.00 | 2 माह | 869.00 | 104.00 | 973.00 |
| 13 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में जंगल की सफाई, जलकुंभी, जलीय पौधे व गाद आदि की सफाई का कार्य । | 863000.00 | 17260.00 | 2 माह | 863.00 | 104.00 | 967.00 |
| 14 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब के तटबन्ध हेतु मिट्टी भराई,ड्रेसिंग एवं पानी निकालने आदि का कार्य। | 823000.00 | 16460.00 | 2 माह | 823.00 | 99.00 | 922.00 |
| 15 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब की बाउण्ड्रीवाल, कॉलम एवं रिटेनिंग वॉल व बीम आदि का कार्य। | 863000.00 | 17260.00 | 2 माह | 863.00 | 104.00 | 967.00 |
| 16 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में लोहे के ग्रिल, गेट आदि का कार्य। | 859000.00 | 17180.00 | 2 माह | 859.00 | 103.00 | 962.00 |
| 17 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब के बाहर वॉक-वे के निर्माण का कार्य। | 885000.00 | 17700.00 | 2 माह | 885.00 | 106.00 | 991.00 |
| 18 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में रिटेनिंग दीवाल, प्लास्टर,रंगाई पुताई, कोटा स्टोन आदि का निर्माण कार्य। | 846000.00 | 16920.00 | 2 माह | 846.00 | 102.00 | 948.00 |
| 19 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में बच्चों के खेलने के उपकरण (झूले आदि) व सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 883000.00 | 17660.00 | 2 माह | 883.00 | 106.00 | 989.00 |
| 20 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में शौचालय का निर्माण कार्य। | 846000.00 | 16920.00 | 2 माह | 846.00 | 102.00 | 948.00 |
| 21 | सौनई कंजेहरा गाँव स्थित तालाब में ओपेन एयर जिम की स्थापना का कार्य। | 839000.00 | 16780.00 | 2 माह | 839.00 | 101.00 | 940.00 |

**शर्ते** :- 1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर , नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। धरोहर राशि 2 प्रतिशत निविदा के समय जमा करनी होगी एवं सफल निविदादाताओं को अनुबन्ध से पूर्व अवशेष जमानत धनराशि (रू0 40.00 लाख की धनराशि तक 8 प्रतिशत एवं 40.00 लाख के ऊपर अवशेष 3 प्रतिशत) जमानत राशि नियमानुसार नगर निगम कोष में जमा करानी होगी। 3. पेवर से सम्बन्धित कार्य पेवर/प्लान्ट से ही क्रियान्वित कराये जायेंगे परन्तु ऐसे कार्यों की निविदाओं में प्रतिभाग हेतु पेवर/प्लांट होना आवश्यक नही है। 4. 15 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदाओं को स्वतः निरस्त माना जायेगा। 5. 15 प्रतिशत कम तक की निविदा हेतु अतिरिक्त जमानत धनराशि (aditional Performance Guarantee) जमा करनी होगी। 6. 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटीध्परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। 7. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी.एस.टी. का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। 8. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019, दिनांक-20.09.19 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। 9. शासनादेश सं. -715/नौ-5-18-120बजट/2013, नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 17.03.2018 के द्वारा लिया गया निर्णय की "नगरीय सड़क सुधार योजनार्गत सीमेन्ट कंकरीट (सी.सी.) की सड़क पर 05 वर्षो तक रख-रखाव किये जाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदारों की होगी। बिटुमिन रोड के 05 वर्षो तक के रख-रखाव हेतु आगणन मे अतिरिक्त धनराशि सम्मिलित की जायें। परियोजना लागत की 05 प्रतिशत धनराशि परफार्मेश गारन्टी के रूप मे 05 वर्ष रोकने के उपरान्त सड़कों के समुचित रख-रखाव होने की दशा मे भुगतान सम्बन्धित ठेकेदार को किया जायें" के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित कराना होगा।

**मुख्य अभियन्ता**


## भूमिहीन किसानों के जीवन में लौटी मुस्कान

**लखनऊ।** राज्य के किसानों को अपने एजेंडा में आगे रखकर चल रही योगी सरकार भूमिहीन किसानों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने में सफल होती दिखी है। उन्हें सम्मान देने के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार के सरकार ने बड़े प्रयास किये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 254.04 करोड़ किसानों के खातों में 37388 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2 करोड़ 5 लाख किसानों का बीमा किया गया है। इससे रारज्य के 25 लाख 60 हजार किसानों को लाभ मिला। किसानों के खातों में 2208 करोड़ भेजा गया। एमएसपी में लगभग दोगुना बढ़ोत्तरी की गई है । किसानों से 433.86 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न खरीद कर 66 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। वर्ष 2020-21 में 66.84 लाख मी.टन धान की खरीद की गई । बीते 4 सालों में 2387.64 लाख मीट्रिक टन से अधिक कृषि उत्पादन हुआ।

# भाजपा सरकार ने महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दी

● बीजेपी के कमल शक्ति संवाद में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विपक्षी दलों पर जमकर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के कमल शक्ति संवाद कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने विश्वश्वरैया प्रेक्षागृह में शनिवार को आयोजित समारोह को संबोधित किया। स्मृति ईरानी ने इस दौरान राज्य और केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और उत्थान से जुड़ी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बात की गयी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सम्मान व सुरक्षा दी है।

महिलाओं से बात करते हुए उन्होंने कहा की एक मां अपने बच्चे को बतलाती है कि एक वक्त की रोटी परिजनों में कैसे बांटना है, बिना द्वेष की भावना से जो सबसे कमजोर है उसको कैसे खिलाना है। ऐसी माताएं इस देश की मजबूत स्तंभ हैं। साथ ही उन्होंने कहा की पहले इस राज्य में महिलाओं को सरेआम परेशान किया जाता था, उन्हें प्रताड़ित किया जाता था और विपक्षी पार्टी के नेताजी कहा करते थे की लड़के हैं गलती हो जाती है।

उन्होंने महिलाओं को पूर्व सरकार के कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा की वह डर जो केवल बेटी के लिए नहीं बल्कि मां के लिए भी अभिशाप बन जाता था। वह मां जो दरवाजे पर नजरें टिका कर रखती थी कि सूरज ढलने से पहले भगवान करे बेटी लौट आए और लौटे तो सम्मान से ही लौटे। उन्होंने कहा की महिला संरक्षण आज हमारी सरकार के लिए मात्र एक वाक्य नहीं बल्कि आज हमारे जीवन का आधार बन गया है।

आज जब हम घर की दहलीज लांघते हैं तो कहीं ना कहीं खुद को और परिवार को यह विश्वास होता है की बेटी-बहू घर से निकली है तो सर उठा कर गई है, सर झुका कर नहीं आएगी।

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा एंटी रोमियो स्क्वाड के गठन पर बात करते हुए उन्होंने कहा की कुछ लोगों ने इसका उपहास किया लेकिन महिलाओं ने समझा और आज एंटी रोमियो स्क्वायड की मदद से प्रदेश में 10 हज़ार गिरफ्तारियां की गयी हैं और आज मनचले सलाखों के पीछे हैं।

प्रदेश की 55 हज़ार बहन बेटियां बैंक सखी बन कर समाज की सेवा में जुड़ी हुई है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा की जब कांग्रेस सत्ता में थी तो आप पर एहसान मढ़ती थी और बीजेपी वह पार्टी है जो हाथ जोड़कर आप के प्रति आभार व्यक्त करती है। 50 साल से ऊपर एक ही परिवार का राज रहा लेकिन 5 लाख महिलाओं को टॉयलेट भी नहीं बनवा सके, जबकि मोदी जी के नेतृत्व में हमने राज्य में करोड़ों शौचालय बनवाकर महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दिया है।


पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

I, Hafeeza Bano (As per POR/Pension Certificate) spouse of Farid Ahmad resident of A-777, HAL Town Ship, Faizabad Road, Lucknow (U.P.) 226016, have changed my (Spelling) name and date of birth from Hafeeza Bano / 20-12-1968 (as per POR/ Pension Certificate to Hafeeja Bano/01-07-1969 (Correct name and date of birth) as per affidavit dated 02.09.2021.

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**

श्रीमती इन्दिरा गाँधी पी0जी0 कालेज डुमरी मर्यादपुर मऊ सम्बद्ध बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **स्नातकोत्तर स्तर पर अतिरिक्त सेक्शन हेतु विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान 02 पद व गणित 02 पद** पर प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता यू0जी0सी0 एन0सी0टी0ई0 उ0प्र0 शासन/वि0वि0 परिनियमावली/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, बायोडाटा एवं नवीनतम पासपोर्ट साईज के 04 फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।

प्रबंधक -मो0 9450755646,8795016774

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**

**स्व. जगन्नाथ पटेल मेवालाल पटेल महिला महाविद्यालय रसूलपुर लदिगंवा (बहुआ), फतेहपुर।**

परास्नातक संकाय (एम.ए.) हेतु निम्न विषयों के प्रवक्ताओं के चयन हेतु एक सप्ताह के अन्तर्गत सभी इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रजात स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में प्रेषित करें। विषय - हिन्दी, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, गृह विज्ञान, संस्कृत एवं शिक्षा शास्त्र। वेतनमान/योग्यता यूजीसी के मनकानुसार।

**प्रबन्धक** - जे०पी०एम०पी० महिला महाविद्यालय रसूलपुर लादिगंवा फतेहपुर। 9236093824


# भाजपा राज में पिछड़ गया है उत्तर प्रदेश: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश पिछड़ गया है। सबका काम छिन गया है। किसान को धान की कीमत नहीं मिली। नौजवान के पास रोजगार नहीं है। बिजली कारखाने नहीं लगे।

भाजपाई जीप चढ़ाते है और जीभ चलाते हैं। अंग्रेज बांटो और राज करो की नीति पर चलते थे भाजपाई डराकर कर रहे हैं। जनता इनको पहचान गई है। जनता बदलाव चाहती है। सन् 2022 के चुनावों में जनता भाजपा का सफाया करेगी। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अपील थी कि वह भाजपा के खिलाफ मतदान करे। भाजपा की इस बार ऐसी ऐतिहासिक हार होगी जिसका उन्हें अंदाज भी नहीं होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि किसान की आय दुगनी नहीं हुई। बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो गए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा वाले समाजवादियों के काम से अपना काम चला रहे हैं। कोरोना काल में लोगों को भाजपा सरकार ने अनाथ छोड़ दिया था।

# सपा प्रतिनिधिमंडल आज पीड़ित परिजनों से मिलने मथुरा जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 28 नवम्बर को मथुरा पहुंचेगा। समाजवादी पार्टी का यह प्रतिनिधिमंडल 23 नवम्बर 2021 को जनपद मथुरा के एक्सप्रेसवे पर चलती कार में हुई रेप की घटना की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में रामजी लाल सुमन पूर्व सांसद, डॉ. असीम यादव पूर्व एमएलसी, देवेन्द्र अग्रवाल पूर्व विधायक, लोकमणि कान्त जादौन जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी मथुरा, अबरार हुसैन महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मथुरा तथा प्रदीप चौधरी वरिष्ठ नेता सपा शामिल है। सपा प्रवक्ता ने बताया कि इसके साथ ही समाजवादी पार्टी का 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को जनपद इलाहाबाद पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल 25 नवम्बर को जनपद इलाहाबाद के ग्राम गोहरी (मोहनगंज) में दलित परिवार के 4 लोगों की हुई हत्या की जांच एवं पीड़ित परिवार से शोक संवेदना व्यक्त करेगा। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में मिठाई लाल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब वाहिनी, वासुदेव यादव सदस्य विधान परिषद, धर्मराज पटेल पूर्व सांसद, नागेन्द्र सिंह पटेल पूर्व सांसद, योगेश चन्द्र यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रयागराज तथा संदीप पटेल जिला महासचिव समाजवादी पार्टी प्रयागराज शामिल हैं।

# अखिलेश सरकार में यूपी बन गया था आतंकवाद और गुंडाराज का गढ़

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के पूर्व पुलिस महानिदेशक व राज्यसभा सांसद बृजलाल ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में अपराधों का रोना रोने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव शायद भूल गए है कि 2012 से 2017 की शुरुआत तक उनके कार्यकाल में प्रदेश में किस तरह का गुंडाराज और माफियाराज था। वे यह भी भूल गए कि जिस संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ से मुलायम सिंह यादव और खुद अखिलेश संसद पहुंचे वह किस तरह से आंतकवाद की फैक्ट्री में बदल गया था। और तो और वे यह भी भूल गए कि उन्होंने अपने घोषणा पत्र में न सिर्फ आंतकवादियों के खिलाफ मुकदमें वापस लेने का वादा किया था और सत्ता में आने के बाद मुकदमें वापस लेने की भरसक कोशिश भी की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा का चुनाव निशान लाइट मशीनगन होना चाहिए था क्योंकि एके 47 से कृष्णानन्द राय को 67 गोली मारी गई थी इस कांड में भी सपा का हाथ था।

बृजलाल ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अखिलेश सरकार में उत्तर प्रदेश आतंकवाद और गुंडाराज का गढ़ बन गया था। आतंकी, गुंडों और माफियाओं को सैफई परिवार की पूरी शह मिली हुई थी। यही अखिलेश यादव थे जिनके मुख्यमंत्री रहते हुए प्रतापगढ़ में एक जांबाज पुलिस अधिकारी जिया-उल-हक की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। यह अखिलेश यादव ही थे जिनके कार्यकाल में जवाहरबाग में अवैद्य कब्जा हटाने गए दो पुलिस अधिकारी मुकुल द्विवेदी और संतोष यादव शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि लोग कैसे भूल सकते है कि अखिलेश सरकार ने कैसे दिल्ली के बाटला हाउस, अजमेर ब्लास्ट, लखनऊ में कचहरी में हुए बम धामकों, वाराणसी में हुए सीरियल ब्लास्ट में शामिल इंडियन मुजाहिदीन के आंतकियों के खिलाफ दर्ज मुकदमें वापस लेने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मैं सलाम करता हूं न्यायालय को जिसने इनकों अपने मंसूबे पूरे नहीं करने दिये और बाद में कुछ आंतकियों को फांसी की सजा सुनायी और कुछ को आजीवन करावास से दंडित किया। पूर्व डीजीपी ने कहा कि हमने कई अपराधियों को पकड़ा था तब कांग्रेस और सपा रो रही थी। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर 2007 को सीआरपीएफ कैंप रामपुर पर अटैक हुआ था। अखिलेश की ही सरकार थी जिसमें मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बरेली, फैजाबाद, गजियाबाद को मिलाकर 200 से भी ज्यादा बड़े दंगे हुए थे। बृजलाल ने कहा कि योगी राज में हमारा प्रदेश दंगामुक्त हो चुका है। संगठित अपराध पर लगाम लगी है। मुख्तार अंसारी और अतीक सरीखें माफिया जेलों में सड़ रहे हैं। सपा के नेता बाहुबल का इस्तेमाल करते थे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसवाँ, जनपद- सीतापुर

संख्या- /न.पा.परिबि./2021-22, दिनांक- ........... 2021

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त इच्छुक अर्ह व्यक्ति/फर्म/संस्थान को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बिसवाँ, जनपद- सीतापुर के मैरिज हाल का (किराया अनुबन्ध) ठेका जो दिनांक 20 दिसम्बर 2021 से दिनांक 31 मार्च 2024 को स्वत्तः समाप्त होगी, की ई-निविदा बेसिक धनराशि (बेस प्राइज) रु0 24,00,000/- (चौबीस लाख) है जो वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.11.2021 के अपरान्ह समय 01:00 बजे से दिनांक 15.12.2021 के अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। टेक्निकल बिड 15.12.2021 को अपरान्ह 02:00 बजे व वित्तीय बिड दिनांक 15.12.2021 को अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित निविदा समिति के सदस्यों व निविदादाता/प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसवाँ, जनपद- सीतापुर में खोली जायेंगी। ई-निविदा की जमानत धनराशि रु0 2,40,000/- (रु० दो लाख चालीस हजार) जो (अर्नेस्टमनी व निविदा शुल्क) डिमाण्ड ड्राफ्ट/ई-बैंकिंग के माध्यम से नगर पालिका परिषद बिसवां के एक्सिस बैंक के खाता संख्या 919010015394642 (IFSC CODE-UTIB0000542) में जमा कर रसीद संलग्न व अपलोड करना अनिवार्य होगा। वित्तीय बिड में अधिकतम प्राप्त मूल्य की ई0 निविदा स्वीकार की जायेगी अधिकतम निविदा प्राप्त ठेकेदार/फर्म/संस्थान के साथ प्राविधानित कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार वेबसाइट से नियत अवधि में निविदा डाउनलोड/अपलोड कर सकते हैं। ई-निविदा के नियम, शर्तों का विवरण सन्दर्भित वेबसाईट पर देखा जा सकता है। ई-निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो ई- निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| कर अधीक्षक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| बिसवाँ- सीतापुर | बिसवॉ- सीतापुर | बिसवाँ- सीतापुर |

# सीएम बनारस में की समीक्षा बैठक

● पीएम के हाथों काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की तैयारियां परखीं

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**श्री काशी** विश्वनाथ की तैयारियां को पीएम के हाथों लोकार्पण की प्रगति देखेंगे। गंगा किनारे खिड़किया घाट पुनर्विकास, दशाश्वमेध घाट में टूरिस्ट प्लाजा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का पीएम के हाथों लोकार्पण की तैयारियां परखने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे बनारस। सर्किट हाउस में अफसरों के साथ कुछ देर में करेंगे बैठक। इसमें 13 दिसंबर को लोकार्पण के दौरान, उससे पहले और बाद में एक माह तक चलने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। विभिन्न आयोजनों की जिम्मेदारी अलग-अलग विभागों को दी गई है। इसका प्रस्तुतिकरण किया जाएगा और सीएम की स्वीकृति के बाद इसे अंतिम रूप देते हुए सूचीबद्ध किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को काशी विश्वनाथ धाम जाएंगे। विस्तारीकरण- सुंदरीकरण परियोजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य व बेनियाबाग में बनाई जा रही मल्टी लेवल पार्किंग का भी निरीक्षण करेंगे। इन तीनों परियोजनाओं का पीएम के काशी आगमन पर लोकार्पण प्रस्तावित है।

# निष्पक्षता व पारदर्शी तरीके से सूबे में डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैः डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● सूबे में 33 नए मेडिकल कालेज खुले हैं, सरकार ने हर जिले में एक मेडिकल कालेज खोलने का निर्णय लिया है




**उपमुख्यमंत्री डा.** दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास की अवधारणा पूरे देश में फैलाई है। जनता ने जो सपना देखा योगी-मोदी उसे पूरा कर रहे हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश पूंजी निवेश प्रदेश बन गया है। अगर उत्तर प्रदेश में सौ मोबाइल बिक रहा हैं तो इसमें रो 75 मोबाइल इसी प्रदेश के बने हुए। डिफेंस कॉरिडोर, पांच- पांच एक्सप्रेस वे, पांच शहरों में मेट्रो, 23 हवाई अड्डे से प्रदेश समृद्ध हुआ है। यहीं नहीं पूरे देश व प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं। सूबे में 33 नए मेडिकल कालेज खुले हैं। सरकार ने हर जिले में एक मेडिकल कालेज खोलने का निर्णय लिया है।वह शनिवार को बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से यूपी कालेज के खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि निष्पक्षता व पारदर्शी तरीके से सूबे में डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं, वह भी योग्यता के आधार पर। संस्कृत विद्यालयों में भी शिक्षकों की कमी पूरी हुई है। महाविद्यालयों में 25 सालों से रिक्त चल रहे प्राचार्यों की नियुक्ति की गई। पहले राज्य नकल प्रदेश के रुप में जाना जाता था। अब सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नकल विहीन परीक्षाएं हो रही हैं। नकल माफियाओं पर रासुका लगाकर कार्रवाई की जाती है।दूसरी ओर ढाई माह तक चलने वाली परीक्षाओं को अब दस से 15 दिनों में खत्म कर लिया जा रहा है। शैक्षणिक गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। इसके किए हाईस्कूल व इंटर में एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम लागू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल का गठन कराया गया है ताकि पढ़ने के बाद विद्यार्थियों को नौकरियों के लिए भटकना न पड़े। कहा कि प्लेसमेंट सेल से पढ़ते पढ़ते अब नौकरियां मिल रही हैं। कहा कि खेल से सामाजिक सद्भाव बढ़ता है। शिक्षकों से शैक्षणिक गुणवत्ता और बेहतर बनाने का आह्वान किया। बच्चों ने कराया काशी दर्शन- समारोह से पूर्व उच्च प्राथमिक विद्यालय (चक्का-हरहुआ) व्लाक के बच्चों ने बम-बम बोल रहा काशी व शिव स्तुति की प्रस्तुति कर काशी दर्शन कराने का प्रयास किया। स्वागत राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल व संचालन आशुतोष पांडेय ने किया ।समारोह में उदय प्रताप शिक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एसके सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. प्रदीप कुमार, एडी बेसिक अवध किशोर सिंह, पूर्व एमएलसी चेतनारायण सिंह, डिग्री कालेज के प्राचार्य डा धर्मेंद्र कुमार सिंह, बीएसए राकेश सिंह, इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा रमेश प्रताप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## क्विक न्यूज

### समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही नहीं होगी क्षम्यः एएसपी



**सकलडीहा/चंदौली।** शासन के निर्देश पर समाधान दिवस में पड़ने वाले समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश है। इसके बाद भी समस्या को लेकर फरियादी बार बार थाने और तहसील का चक्कर लगा रहा है। शनिवार को एसपी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी मुखर्जी व सीओ अनिरुद्ध सिंह समाधान दिवस पर फरियादियों से रूबरू रहे। इस दौरान राजस्व मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। वही थाना प्रभारी को उच्चाधिकारी के निर्देशों का समय से पालन कराने को बताया। अंत में थानों की विभिन्न चुनाव सम्बन्धित फाइलों का निरीक्षण किया। विधान सभा का चुनाव नजदीक है। जिसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा हर छोटी बड़ी घटना को लेकर मॉनिटरिंग ऑफ लाईन और ऑन लाइन किया जा रहा है। समाधान दिवस पर फरियादियों से रूबरू अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी मुखर्जी ने राजस्व मामलों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समय से कराने का निर्देश दिया। सभी थाना और चौकी प्रभारी को उच्चाधिकारियों के दिये गये निर्देश के क्रम में हर हाल में शांति बनाये रखने को बताया। चेताया कि शिकायतों के निस्तारण और फरियादियों को बार बार एक ही समस्या के लिये परेशान करने पर सम्बन्धित के खिलाफजांच कराकर रिपोर्ट भेजा जायेगा। अंत में राजस्व के चार प्रार्थना पत्र को सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक के माध्यम से लेखपाल को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सीओ अनिरूद्ध सिंहए कोतवाल अखिलेश मिश्राए चौकी प्रभारी हरिकेश रायए लेखपाल रंजना सिंहए संजय मौर्यए संजीव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्राकृतिक आत्मस्वरूप को अपनाने के हैं सशक्त प्रभाव

**प्रयागराज।** प्रकृति की अच्छी भावनाओं से प्रेरित एवं प्राकृतिक गुणों द्वारा निर्मित पपर्ल के प्राईवेट ब्रांड गुड वाइब्स ने यामी गौतम को ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने की घोषणा की है। यह बॉलीवुड सुंदरी ब्रांड के पहले फुल स्केल अभियान में दिखाई देंगी। गुड वाइब्स एवं इसकी सिग्नेचर रोज़हिप श्रृंखला प्रस्तुत करेगी। गुड वाइब्स पपर्ल के स्वामित्व का प्राईवेट लेबल है। इसमें अनेक स्किनकेयर एवं हेयर केयर समाधान हैं। जिनमें फेस वॉश सीरमए फेस मास्कए शैंपू शॉवर जेल एवं फेशियल आयल शामिल हैं। ये सभी उत्पाद प्राकृतिक गुणों से प्रेरित हैं। पिछले कुछ समय में यामी गौतम अपने प्राकृतिक आत्म स्वरूप को अपनाने के लिए एक सशक्त प्रभाव के रूप में सामने आई हैं। उन्होंने महिलाओं को अपने प्राकृतिक सौंदर्य को खोजने की प्रेरणा दी है।

### वर्षा सिंह का सब लेफ्टिनेंट पद पर चयन से गांव में जश्न

**गाजीपुर।** जनपद के सुहवल क्षेत्र की मेदिनीपुर निवासी 24 वर्षीय वर्षा सिंह पुत्री संतोष कुमार सिंह का इंडियन नेवी में सब.लेफ्टिनेंट के पद पर चयन उनके पहले ही प्रयास में हुआ है। चयन की खबर मिलते ही गाँव सहित पूरे घर.परिवार और शुभचिंतकों में उत्सव का माहौल निर्मित हो गया। उन्हें आगामी 26 दिसंबर को केरल की एजिमला भारतीय नौसेना अकादमी में रिपोर्ट करना हैएजहाँ से उनका सैन्य जीवन का सफर ट्रेनिंग के रूप में शुरू होगा।

# गुरू तेगबहादुर के शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है



**वाराणसी।** सिक्ख धर्म के नौवें गुरू श्री तेगबहादुर जी महराज के 400वें प्रकाश पर्व पर शनिवार को प्रदेश के डिप्टी सीएम डॉ0 दिनेश शर्मा गुरूबाग स्थित गुरूद्वारा में पहुँचे जहाँ उन्होंने मुख्यअतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्जवलन कर किया। मुख्य अतिथि डॉ0 दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे गुरू तेग बहादुर महराज की जयंती कार्यक्रम में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरू तेग बहादुर सिंह के शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वालों में तेग बहादुर साहब का स्थान अद्वितीय है। विद्यालय की निदेशक जगजीत कौर अहुवालिया ने डिप्टी सीएम को पुष्प् गुच्छेक देकर तथा स्मृति-चिन्ह, अंगवस्त्रम देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुमेधा ने धन्यवाद ज्ञापित प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि सिंह व नीलू कौर ने दिया।

# सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के क्षेत्रों में तेजी से कर रही है कार्यः डॉ. दिनेश शर्मा

● केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर जलशक्ति मंत्री डा महेंद्र सिंह ने कई कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा जलशक्ति मंत्री डा महेन्द्र सिंह केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। युनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कालेज नैनी में सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का समापन हुआ। उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा जलशक्ति मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में खेल गांव पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा जिम्नास्टिक का प्रदर्शन एवं सरदार पटेल इण्टर कालेज कोरांव के छात्रों द्वारा ड्रम पर योगा और जिम्नास्टिक का प्रदर्शन किया गया। सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने खेल का प्रारम्भ 16 नवम्बर को किया। जिसका 26 नवम्बर को समापन दिवस था। स्पर्धा में कबड्डी खेल का चयन किया गया। कबड्डी एसोशिएशन तथा प्रशासन के सहयोग से पूरी निष्पक्षता के साथ सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। विजयी खिलाड़ियों को उप मुख्यमंत्री एवं जलशक्ति मंत्री द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गणेश केशरवानी डा अजय भारतीय राजमणि कोल पी के पाण्डेय सीडीओ शिपू गिरि उपस्थित रहे। त्रिवेणीपुरम झूंसी में भारतीय संविधान दिवस एवं वीरांगना उदा देवी पासी की शहादत सम्मान दिवस पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा ने बाबा भीमराव अम्बेडकर व वीरांगना उदा देवी की चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कहा कि वीरांगना उदा देवी ने अंग्रेजों के साथ जिस वीरता के साथ लड़ाई लड़ी और कई अंग्रेजी सैनिकों को अपनी गोलियों से छलनी कर दिया और इतिहास में अपना नाम अमर करा लिया। केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी गणेश केशरवानी विधायक बारा डा अजय भारतीय प्रवीण पटेल उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा जलशक्ति मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने जिला पंचायत सभागार में संविधान दिवस पर आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी का दीप प्रज्जवलन कर एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।


**भागवन्ती एजूकेशन सेन्टर डिग्री कालेज**
मन्धना बिठूर रोड, कानपुर।
सम्बद्ध-सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर
**आवश्यकता है असिटेन्ट प्रोफेसर**
बी.ए. (दो वर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु असिटेन्ट प्रोफेसर की आवश्यकता है शैक्षिक अर्हता छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के नियमानुसार।
**नोटः-** आवेदन करें सम्पूर्ण अंकतालिकाओं की छायाप्रति, बायोडाटा एवं फोटो सहित कालेज परिसर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा ई-मेल becdc.kanpur@gmail.com **प्रबंधक**


# कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों की पहचान के बारे में प्रशिक्षण

**गाजीपुर।** कुपोषण मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार द्वारा लगातार पोषण मिशन कार्यक्रम व अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अति कुपोषित ;सैमद्ध व कुपोषित ;मैमद्ध बच्चों की पहचान और पोषण ट्रैकर के बारे में जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय की अध्यक्षता में वन स्टॉप सेंटर के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि द्वारा सभी ब्लॉक की मुख्य सेविका और बाल विकास परियोजना अधिकारी ;सीडीपीओद्ध को दिया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि बच्चों को सुपोषित करने के लिए कुपोषण पर वार जरूरी है। ऐसे में कुपोषण की स्थिति को जानने के लिए बच्चों की उम्र के हिसाब से वजन और लंबाई पर ध्यान देना जरूरी है। पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए कुपोषण की सही समय पर पहचान भी जरूरी है। कुपोषण से ग्रसित बच्चों में बाल्यावस्था की बीमारियों और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। शासन के दिशा.निर्देश पर जिले में सैम ;अति कुपोषितद्ध मैम ;कुपोषितद्ध बच्चों की पहचान के लिए वजन लेने का काम शुरू कर दिया गया है। वजन सप्ताह के तहत चिन्हित सैम और मैम का ब्यौरा बेसलाइन सर्वे माना जाएगा। इसी बेसलाइन सर्वे के मुताबिक कुपोषण की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण देने का काम किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को चिन्हित करने के लिए लंबाई और वजन नापने की मशीन विभाग को प्राप्त हो चुकी है।

सीडीपीओ कासिमाबाद अरुण कुमार दुबे ने बताया कि इस प्रशिक्षण में मुख्य सेविका और सीडीपीओ को मास्टर ट्रेनर बनाया जा रहा है।आजप्रशिक्षण लेने के पश्चात संबंधित ब्लॉकों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगी और घर घर जाकर ऐसे बच्चों को चिन्हित कर विभाग को रिपोर्ट देंगी। जिन्हें विभाग के द्वारा पोषित करने का काम किया जाएगा।

# इफ्को के एमडी ने किया कारडेट का दौरा

● अधिकारियों और कर्मचारियों से कहाए नई क्रांति की ओर कदम बढ़ा रहा इफ्को



इफ्को में कारडेट का निरीक्षण करते एमडी डा उदय शंकर अवस्थी

**प्रयागराज।** इफ्को फूलपुर इकाई के प्रशासनिक भवन में प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रबंध निदेशक डा उदय शंकर अवस्थी ने की। डा अवस्थी ने संक्षेप में इफ्को का सफर जब से शुरु हुआ तब से लेकर अभी तक के बारे में जानकारी दी। प्रबंध निदेशक डा अवस्थी ने इफ्को के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा जैसे पहले फूलपुर इकाई में एक सयंत्र था लेकिन वर्तमान में दो सयंत्र हैं और अब हम नैनो फर्टिलाइजर भी लगा रहे हैं। एक नई क्रांति की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों को हर समय तत्पर रहने की सलाह दी। प्रबंध निदेशक ने इफ्को कारडेट का दौरा किया। डा उदय शंकर अवस्थी का स्वागत कारडेट प्रमुख डी पी एस तोमर एवं राजेन्द्र यादव ने किया। जिसमें कारडेट के अधिकारियों ने कारडेट द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं के बारे में प्रबंध निदेशक को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर इफ्को ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष और जनसम्पर्क अधिकारी संजय कुमार मिश्रा महामंत्री स्वयं प्रकाश इफ्को कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय महामंत्री विनय यादव महाप्रबंधक गिरधर मिश्रा संयुक्त महाप्रबंधक एम डी मिश्र संजय वैश्य एस के सिंह एस के शुक्ल पी के सिंह संजय भंडारी प्रबंधक कार्मिक और प्रशासन प्रमुख दान वीर सिंह आदि वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।धन्यवाद ज्ञापन फूलपुर इकाई के प्रमुख संजय कुदेसिया ने किया। संचालन उप महाप्रबंधक आईटी संतोष कुमार शुक्ल ने किया।

# तिरंगा यात्रा में जमकर लगे भारत माता की जय के नारे

**बीजपुर/सोनभद्र।** अमृत महोत्सव आयोजन समिति के मार्गदर्शन में शनिवार की पूर्वाह्न अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्त्वावधान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत श्री राम चौक बीजपुर बाजार से किया गया। जिसमें दो पहिया व चार पहिया वाहन से तिरंगा यात्रा की रैली निकाली गई। यह यात्रा बीजपुर नगर के गलियों से होती हुई एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के स्वागत द्वार पर पहुँची। पुनः यात्रा ग्राम सभा सिरसोती होते हुए ग्राम सभा बीजपुर के टोला शांति नगर से गुजरते हुए बीजपुर के टोला पुनर्वास प्रथम होते हुए डोडहर में प्रवेश की। यात्रा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई बीजपुर के नगर अध्यक्ष राजू कुमार तहसील प्रमुख नंदलाल तहसील शाह प्रमुख अर्पित नगर मंत्री अर्चना नगर सह मंत्री संतोष कुमार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मीडिया प्रभारी अयोध्या पाल आयुष अर्जुन मंजू और अन्य सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में आदि के साथ साथ अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ग्राम सभा की जमीनों पर अवैध कब्जा धारकों के विरूद्ध अभियान चलाकर करें कार्रवाईः टीके शिबु

● थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**सोनभद्र।** नवम्बर महीने के चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन जिले के सभी थानों मे आयोजित किया गया। थाना पन्नूगंज में जिलाधिकारी टी0के0 शिबु व पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने थाना समाधान दिवस के मौके पर जनता की समस्याओं को बड़े सहज भाव से सुना और मौके पर मौजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों व पुलिस कर्मियों को समन्वय के साथ नागरिकों के समस्या के समाधान कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के मौके पर मौजूद सभी लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम सभा की जमीन पर जिन लेखपालों के क्षेत्र में अवैध कब्जा हुआ है अवैध कब्जा हटाने हेतु अभियान चलाकर उनके विरूद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मेरे द्वारा किसी भी ग्राम सभा का आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान यदि ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होती है, तो सम्बन्धित लेखपाल व कानून गो के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा है कि थाना समाधान दिवस का आशय है कि दोनों पक्षों को बुलाकर व जरूरत के मुताबिक पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर जाकर आपसी विवाद को सुलझायें और सुलझाते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी टी0के0 शिबु व पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर पन्नूगंज थाने में निर्माणाधीन विवेचना कक्ष आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरक्षी बैरक में ईंटों की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष रखने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दियें। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी व राजस्व कर्मी टीम बनाकर मौके पर जाकर जमीन सम्बन्धी विवादों का समाधान करें। जिलाधिकारी ने थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के विवादों को सुलझाने की हिदायत दी। थाना समाधान दिवस थाना पन्नूगंज में सी0ओ0 राहुल पाण्डेय थानाध्यक्ष राजेश सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित कार्मिकगण पुलिस कर्मी के साथ फरियादीगण मौजूद रहे।


**ARYAVART BANK आर्यावर्त बैंक**
(A Joint Undertaking of Govt. of India, U.P. Govt. & Bank of India) (भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय : लखनऊ, आर्यावर्त भवन, 569/20/के/1, स्नेह नगर, वी.आई.पी.रोड, अवध हॉस्पिटल के सामने, आलमबाग, लखनऊ

**कब्ज़ा नोटिस नियम-8(1) के तहत (अचल सम्पत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **आर्यावर्त बैंक** अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, के अन्तर्गत तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (प्रवर्तन) की धारा 13(12) के सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित खातों में उनके नाम के समूख लिखित तिथियों को मांग सूचना पत्र जारी किये थे जिनके द्वारा ऋणियों/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी से नोटिस मे लिखित राशियां ब्याज़ सहित उक्त नोटिस के 60 दिनों के अन्दर जमा करने हेतु कहा गया था। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी ने राशि का भुगतान नही किया। अतः ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से एवं आम जनता को सामान्य रूप से यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्तियों, जिनका विवरण निचे दिया गया है, का कब्जा उक्त एक्ट की धारा 13(4) की सहपठित रूल 8 के अन्तर्गत निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों का अग्रलिखित तिथियों को कब्ज़ा प्राप्त कर लिया है। ऋणकर्ता/ऋणी के विधिक उत्तराधिकारी को विशेष रूप से तथा जनता को आम रूप से चेतावनी दी जाती है कि उक्त सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार का संव्यवहार/खरीद फरोख्त न करें। सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार/खरीद फरोख्त **आर्यावर्त बैंक** के प्रभार के तहत बकाया राशि ब्याज़ सहित एवं अन्य व्यय आदि की अदायगी के अधीन होगा।

**उधारकर्ता/ज़मानतकर्ता का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**
**जिन सम्पत्तियों का कब्ज़ा लिया गया है उनका विवरण निम्नुसार हैं:-**

| ऋणी/ज़मानतकर्ता/का नाम एवं पता/शाखा | सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस के अनुसार बकाया धनराशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| **ऋणीः (1) श्रीमती पुष्पा** पत्नी संतोष यादव **और (2) श्री संतोष यादव** पुत्र जगन्नाथ यादव, दोनों निवासी 32, अल्लू नगर दिगौरिया, मड़ियाँव लखनऊ- 226021 **शाखाः मोहिबुल्लापुर** | **आवासीय सम्पत्तिः** प्लॉट सं. 6ए, खसरा सं. 34 मिंज, स्थित ग्राम दाउदनगर, वार्ड-फैजुल्लागंज, लखनऊ, सेल डीड दिनांक 01.08.2011 के अनुसार, **मालिक**- श्रीमती पुष्पा पत्नी श्री संतोष **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट सं. 5, **पश्चिमः** प्लॉट सं. 6बी, **उत्तरः** सड़क 20 फीट, **दक्षिणः** राम किशोर का खेत **क्षेत्रफलः 64.12 वर्गमीटर** | रू.5,54,002.03 एवं उस पर ब्याज / 03.07.2021 / 25.11.2021 |
| **ऋणीः (1) श्रीमती पूजा देवी** पत्नी जितेंद्र सिंह, निवासी प्लॉट सं. 19, गाटा सं. 80 स, मिर्जापुर, लखनऊ-226021 **और (2) श्री जितेंद्र सिंह** पुत्र सत्यपाल सिंह, दोनों निवासी 48, कटेठी, कानपुर देहात, कानपुर-209121 **शाखाः भितौली खुर्द** | **सम्पत्तिः** प्लॉट सं. 19 का भाग, गाटा सं. 80 स मिंज, स्थित ग्राम मिर्जापुर, परगना- लखनऊ, तहसील- बख्शी का तालाब जिला- लखनऊ, सेल डीड दिनांक 27.04.2017 के अनुसार, **मालिक**- श्रीमती पूजा देवी पत्नी श्री जितेंद्र सिंह **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट सं. 19 का भाग, **पश्चिमः** सड़क 18 फीट चौड़ी, **उत्तरः** सड़क 22 फीट चौड़ी, **दक्षिणः** प्लॉट सं. 18 **क्षेत्रफलः 74.349 वर्गमीटर** | रू.3,60,039.11 एवं उस पर ब्याज / 31.05.2021 / 25.11.2021 |
| **ऋणीः मेसर्स बाबा अमरनाथ बर्फानी** प्रो0- श्री शैलेश मेहरोत्रा निवासी 538के/984, श्रीपुरम त्रिवेणी नगर-2, निराला नगर, लखनऊ-226020 **शाखाः विकास नगर** | **आवासीय सम्पत्तिः** प्लॉट सं. 01, गाटा सं. 114 स मिंज, रूधि परगना-महोना, तहसील-बीकेटी, लखनऊ, सेल डीड दिनांक 17.12.2013 के अनुसार, **मालिक**- श्रीमती सुनिता गुप्ता पत्नी सुरेश चन्द्र गुप्ता **चौहद्दीः पूर्वः** 22 फीट चौड़ा रास्ता, **पश्चिमः** भूमि दीगर शक्स, **उत्तरः** प्लॉट सं. 02 (उर्मिला तिवारी), **दक्षिणः** एयर फोर्स रोड़ **क्षेत्रफलः 226.765 वर्गमीटर** | रू.8,35,319.01 एवं उस पर ब्याज / 21.08.2021 / 24.11.2021 |
| **ऋणीः मेसर्स रंजना इंटरप्राइजेज** प्रो0 श्रीमती रंजना सिंह पत्नी विमल सिंह, निवासी ग्राम- केशरमऊ कलां, पोस्ट- महोना, तहसील- बख्शी का तालाब लखनऊ-226203 **शाखाः इटौंजा** | **सम्पत्तिः** खसरा सं. 236केएच मिंज का एक प्लॉट स्थित केसरमऊ कलां परगना-महोना तहसील-बख्शी का तालाब जिला-लखनऊ, सेल डीड दिनांक 21.10.2010 के अनुसार, **मालिक**- श्रीमती मधुरानी पत्नी अवधराज सिंह **चौहद्दीः पूर्वः** खेत गाटा सं. 228, **पश्चिमः** गाटा सं. 237, **उत्तरः** गाटा सं. 237 व 227, **दक्षिणः** गाटा सं. 253 **क्षेत्रफलः 0.025 हेक्टेयर** | रू.21,05,171.08 एवं उस पर ब्याज / 31.07.2021 / 24.11.2021 |
| **ऋणीः श्री जलीस अहमद पुत्र अनीस अहमद,** निवासी 543/492/2, संगम सिटी मल्हापुर, राजाजीपुरम, लखनऊ-226017 **शाखाः राजाजीपुरम** | **आवासीय सम्पत्तिः** एक किता प्लॉट मिन खसरा सं. 487 स्थित मल्हापुर वार्ड हैदरगंज, लखनऊ, सेल डीड दिनांक 03.12.2014 के अनुसार, **मालिक**- श्री जलीस अहमद पुत्र अनीस अहमद **चौहद्दीः पूर्वः** अराजी दीगर, **पश्चिमः** सड़क 15 फीट चौड़ी, **उत्तरः** प्लॉट शाहजहां, **दक्षिणः** प्लॉट कनिजा खातून **क्षेत्रफलः 46.468 वर्ग मी0** | रू.2,75,378.02 एवं उस पर ब्याज / 27.07.2021 / 25.11.2021 |
| **ऋणीः मेसर्स जैगम इंटीरियर डेकोरेटर** (प्रो0 स्वर्गीय जैगम अली), पताः प्लॉट सं. 25 धनिया मेहरी पुल, अशोक नगर, मोहन रोड, देश भारती पब्लिक स्कूल के पास, राजाजीपुरम, लखनऊ-227107 एवं **कानूनी उत्तराधिकारी (1). मो. इब्राहीम** पुत्र स्वर्गीय जैगम अली, निवासी प्लॉट सं. 4, धनिया मेहरी पुल के पास, अशोक नगर, आलमनगर, राजाजीपुरम लखनऊ-226017 **(2). सुश्री ज़ैनब अली** पुत्री स्वर्गीय ज़ैगम अली, निवासी 355/25, आलमनगर, राजाजीपुरम लखनऊ-226017 **(3). सुश्री ज़ोहा अली** पुत्री स्वर्गीय ज़ैगम अली, इनके अभिभावक मोहम्मद इब्राहिम पुत्र स्वर्गीय जैगम अली, निवासी 356/225/384 अशोक नगर, धनिया मेहरी पुल, देश भारती पब्लिक स्कूल के सामने, राजाजीपुरम लखनऊ-226017 **शाखाः राजाजीपुरम** | **आवासीय सम्पत्तिः** प्लॉट सं. 25, खसरा सं. 136 व 138 मिंज, शेखपुर, हबीबपुर, लखनऊ, सेल डीड दिनांक 22.12.1998 के अनुसार, **मालिक**- श्री ज़ैगम अली पुत्र मुश्ताक अली **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट सं. 26, **पश्चिमः** श्रीमती फातिमा का मकान, **उत्तरः** प्लॉट सं. 24, **दक्षिणः** सड़क 20 फीट चौडी **क्षेत्रफलः 120.817 वर्ग मी0** | रू.2,43,266.26 एवं उस पर ब्याज / 28.07.2021 / 25.11.2021 |

**दिनांकः 28.11.2021** **स्थान : लखनऊ** **प्राधिकृत अधिकारी**

## स्वच्छता अभियान को आगे ले जाने की पहल

**वाराणसी।** वैश्विक महामारी में जिस प्रकार से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ऐसी स्थिति में वर्ल्ड टॉयलेट डे पर भारत सरकार की स्वच्छता अभियान आगे ले जाने की पहल को मजबूत करते हुए हार्पिक इंडिया कॉफी टैबल बुक 101 प्रेरणादायी कहानियां का भी अनावरण किया गया। यह पुस्तक भारत में सफाई कर्मचारियों की उम्मीदों और प्रेरणा की कहानियों का प्रदर्शन करती है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लि0, दही चौकी, उन्नाव ई–निविदा तिथि अग्रसारण की सूचना ई निविदा सं0 130/विविमं0/2021–22 जिसकी अपलोड करने की अन्तिम तिथि 08.11.2021 को 17:00 बजे तक तथा ई–निविदा खुलने की तिथि 09.11.2021 को 02:00 बजे अथवा उसके उपरान्त थी, अपरिहार्य कारणों से अब इस ई–निविदा की अपलोड करने की अन्तिम तिथि 06.12.2021 को 17:00 बजे तथा ई–निविदा खुलने की तिथि 07.12.2021 को 02:00 बजे अथवा उसके उपरान्त होगी। निविदा की शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी। साथ ही निविदा में संशोधित बिल ऑफ क्वालिटी अपलोड की जा रही है। **(अधीक्षण अभियन्ता) विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव।** पत्रांक–6186/वि0वि0मं0 उ0/उन्नाव/दिनांक– 27.11.2021 "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें" बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगाएं।

# एनटीपीसी में निर्मित 600 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट का हुआ लोकार्पण

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**एनटीपीसी** टांडा द्वारा सामुदायिक विकास के अन्तर्गत संयुक्त जिला चिकित्सालय, में निर्मित 600 एल.पी.एम के ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, आई.ए.एस., मण्डलायुक्त, अयोध्या ने किया। इस अवसर पर सैमुअल पॉल एन, आई.ए.एस., जिलाधिकारी, श्री घनश्याम मीणा, आई.ए.एस., मुख्य विकास अधिकारी, आलोक प्रियदर्शी, आई.पी.एस., पुलिस अधीक्षक, संजय कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी, जे.एस. अहलावत, महाप्रबंधक (परियोजना), एस.एन.पाणिग्राही, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डा0 श्रीकांत शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 ओम प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। 15 नवंबर को कमीशन किए गए इस 600 एल.पी.एम के ऑक्सीजन प्लांट का हस्तांतरण एस.एन. पाणिग्राही द्वारा डा0 ओम प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि एनटीपीसी की उपस्थिति इस जिले के लिए वरदान है एवं एनटीपीसी की सामुदायिक विकास की गतिविधियाँ सराहनीय है। कोविड की दूसरी लहर के दौरान देशभर में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए एनटीपीसी से यह अनुरोध किया गया था जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और रिकार्ड समय में यह ऑक्सीजन संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित किया। हम एनटीपीसी के निरंतर सहयोग के लिए आभारी है। अब इस क्षेत्र में ऑक्सीजन आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। मरीजो को भी इसका सुचारु लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए संजय कुमार सिंह ने कहा कि एनटीपीसी अपने सामुदायिक विकास के तहत अपने आसपास के क्षेत्र के लोगों के सभी आवश्यक जरुरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी के लिए स्वास्थ्य एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। कोविड-19 महामारी के दौरान हमने आसपास गाँवों में सैनिटाईजेशन, दो उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, एक शव वाहन का हस्तांतरण, पी.पी.ई किट, राशन, मास्क इत्यादि का वितरण सहित कई राहत कार्य किए। इसी कड़ी में यह आक्सीजन प्लांट इस क्षेत्र के स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए हम किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए तैयार करता है। यह जिले के लोगो के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। कोविड-19 की लड़ाई में आक्सीजन की बहुत अहम भूमिका है। विगत दिनों में कोविड संबंधित विपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार द्वारा देशभर में ऑक्सीजन प्लांट लोकार्पित किए जा चुके हैं।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**किछौछा, अम्बेडकरनगर।** अपराध तथा अपराधियों पर नियन्त्रण के लिए एसपी आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन तथा एडिशनल एसपी संजय राय व क्षेत्राधिकारी नगर अशोक कुमार सिंह की देखरेख में बसखारी थानाध्यक्ष श्रीनिवास पाण्डेय उपनिरीक्षक अनिल कुमार हेड कांस्टेबल राय साहब यादव हेड कांस्टेबल करुणा शंकर मिश्रा हेड कांस्टेबल राम कुमार यादव कांस्टेबल आशुतोष शर्मा के साथ टाण्डा रोड पर चेकिंग अभियान चला रहे थे कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया। पकड़े गये युवक की पहचान उत्तराखंड के मोहम्मद आरिफ पुत्र भूरे निवासी काशीपुर उधम सिंह नगर के रूप में हुई जिसके विरुद्ध बसखारी थाने में पहले से मुकदमा पंजीकृत था पकड़े गये अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। इस सन्दर्भ में बसखारी थानाध्यक्ष श्रीनिवास पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## क्विक न्यूज़

### पंखे में करंट आने से युवक की मौत

**मालीपुर, अम्बेडकरनगर।** फर्राटा पंखा से धान की ओसाई करते समय करंट आ जाने से चोट में आने से युवक की मौत हो गई घटना मालीपुर के टुटहवा मजरे की है।मिली जानकारी के अनुसार मालीपुर तुलहवा मजरे निवासी राम लगन यादव का पुत्र अंशुल यादव 21 वर्ष घर पर फर्राटा पंखा से धान की ओसाई कर रहा था कि बिजली चली गई,इस बीच अंशुल पंखा को हटाने लगा अचानक बिजली आ गयी और अंशुल बिजली की चोट में आ गया जिसके चलते अंशुल गंभीर रूप में घायल हो गया। आनन फानन में परिजन निजी चिकित्सक के पास ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।रोते बिलखते परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।जवान बेटे की असामयिक मृत्यु से घर में कोहराम मचा हुआ है।

### संजय वर्मा हत्याकाण्ड में दो और अभियुक्त गिरफ्तार

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** संजय वर्मा हत्याकांड में शामिल घटना की योजना बनाने वाले हिस्ट्रीशीटर अपराधी व साक्ष्य मिटाने में शामिल दो और अभियुक्तों को कोतवाली टाण्डा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया है। कोतवाल टाण्डा विजेंद्र शर्मा ने बताया कि संजय वर्मा की हत्या की योजना सम्मनपुर थाना के हिस्ट्रीशीटर अपराधी अनुपम वर्मा व एक अन्य ने बनाई थी जो फरार चल रहे थे पुलिस ने आज घटना में शामिल अनुपम वर्मा पुत्र त्रिलोकीनाथ निवासी ग्राम भरहुपुर थाना सम्मनपुर व घटना के साक्ष्य मिटाने की भूमिका अदा करने वाले मुख्य अभियुक्त के भाई पवन कुमार पटेल पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम बलुआ बहादुरपुर थाना सम्मनपुर को आज शनिवार की दोपहर में मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के त्रिमोहानी के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनो अभियुक्तों को न्यायालय चालान कर दिया गया है। बीते शुक्रवार को पुलिस ने उक्त घटना में प्रवीण पटेल व अजीत वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### आदित्य पालीवान को मिला पावर लिफ्टिंग का गोल्ड मेडल



**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन में आज 27 नवम्बरए 2021 दिन शनिवार को विश्वविद्यालय के खिलाड़ी छात्र आदित्य पालीवाल को अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 83 के0जी0 वेट कैटेगरी में सर्वाधिक वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीतने पर गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके पहले भी आदित्य पालीवाल ने सीनियर राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता है। इसके साथ ही कॉमनवेल्थ गेम्स के लिये क्वालीफाई किया। इस उपलब्धि पर कुलपति ने खिलाडी को बधाई देते हुये भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। मौके पर क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो जसवंत सिंह व क्रीड़ा सचिव डॉ आशीष प्रताप सिंह ने खिलाड़ी छात्र को विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिये बधाई दी। इस अवसर पर शारीरिक विभाग के शिक्षक डॉ. अनुराग पाण्डेय, गिरीश पंत, सुरेन्द्र प्रसाद, आशीष मौर्या, रामस्वारथ वर्मा, शिव कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### शिक्षिका ने की छात्र की पिटाई, नाराज परिजनों ने दर्ज कराया मुकदमा

**तिलोई, अमेठी।** मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र में स्थित सीबीएससी बोर्ड से संचालित शिवा पब्लिक स्कूल में कक्षा चार के बच्चे को शिक्षिका द्वारा पिटाई किए जाने का मामले से नाराज परिजनों ने स्थानीय कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत करवाया है।छात्र के कान में गंभीर चोट आई है। मामले की जानकारी मिलते ही तिलोई विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने पीड़ित के घर पहुंच कर हाल जाना व भरोसा दिलाया की दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक भिलाई ग्राम सभा के ग्राम प्रधान मोहम्मद अशरफकी बहन का बेटा मो0 वकार ;10द्ध शिवा पब्लिक स्कूल जामोदीप मे कक्षा 4 में पढ़ता है जो जिसे कल कक्षा के अंदर महिला शिक्षिका द्वारा नियम कानून को ताख पर रख करके जबरदस्त पिटाई कर दी गई जिससे उसके कान के पर्दे में तकलीफहोने के कारण तिलोई समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 अभिषेक शुक्ल ने जिला चिकित्सालय रेफर किया। छात्र के बड़े भाई मोहम्मद हुसैन पुत्र वकील की तहरीर पर आरोपी शिक्षिका के खिलाफधारा 323ए 504ए 506 के तहत स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं उक्त घटना से पूरे क्षेत्र के लोगों ने शिक्षिका के विरूद्ध आक्रोश व्यक्त किया है।

### उन्नत खेती का मन्त्र लेकर पंत नगर से लौटे किसान

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** गत तेईस नवंबर को अमेठी जनपद के 25 किसान राष्ट्रीय कृषि एवँ ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान द्वारा पाँच दिवसीय भ्रमण व प्रशिक्षण के लिए उत्तराखंड स्थित गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवँ प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय गये थे वहां से प्रशिक्षण लेकर उपरोक्त किसान आज वापस आ गए है एइन किसानो ने विश्वविद्यालय मे मशरूम की खेतीएसब्जी और मसालों की खेती के साथ साथ फूलों की खेती पशुपालनएमौन पालन सहित खेती के विभिन्न पहलुओं पर तकनीकी जानकारी हासिल कीएवहाँ पर किसानो को मशरूम बीज उपदान प्रयोगशालाएखाद्य प्रसंस्करण प्रयोगशाला मे भी सीखने का अवसर प्राप्त किया। बात चीत मे किसान रामदेव पांडेयएमोती चंदएदिनेश शुक्लाएराजेश शुक्लाएराम प्रताप ने मशरूम की खेती और काशी राम मौर्यए वीरेन्द्रा कुमारएचंद्र प्रकाश एअन्शुमांएसत्यम ने सब्जी की खेती तथा बाकी किसानो ने फूलएमौन पालन और पधुपालन करने की बात कहीएविदित हो की ये किसान पुरानी पद्धति को छोड़कर नए तरीके से खेती करेंगे जिससे प्रेरित होकर अन्य किसान भी उपरोक्त तकनीकी का प्रयोग अपने किसानो मे कर सके एजनपद वापसी पर इन किसानो का स्वागत किया गय।

### आरआरएसआईएमटी के विशाल ने जीता स्वर्ण और सिद्धांत को मिला रजत पदक

**अमेठी।** जिले के राजर्षि रणञ्जय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी आरआरएसआईएमटी के छात्रों ने लखनऊ मे आयोजित ज़ोनल स्तरीय डॉ0 अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फेस्ट मे बड़ी सफलता हासिल किया है। विगत 22 और 23 नवंबर को उत्तर प्रदेश के डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने लखनऊ मे एक ज़ोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जिसमे डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालयए लखनऊ से संवद्ध संस्थानों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस ज़ोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिता मे राजर्षि रणञ्जय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी के कम्प्युटर साइंस इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्र विशाल त्रिपाठी ने ऊंची कूद मे पहला स्थान प्राप्त किया जिसके लिए उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसी प्रतियोगिता मे संस्थान के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्र सिद्धान्त यादव ने 200 मीटर की दौड़ मे दूसरा स्थान प्राप्त किया जिसके लिए उन्हे रजत पदक प्रदान किया गया।

## कृषि विश्वविद्यालय ने गोष्ठी आयोजित कर किया गेहूं बीज का वितरण

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज द्वारा अयोध्या जनपद के ग्राम ढोली असकरनए ब्लॉक अमानीगंज में किसान गोष्ठी आयोजित कर गेहूं बीज का वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग में चल रही अखिल भारतीय समन्वित कृषि मौसम शोध परियोजना निकरा के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विकास हेतु डायरेक्ट एक्शन प्लान के तहत चयनित ग्राम. ढोली असकरन में गेहूं की उन्नतशील प्रजाति एच डी 3086 के 27ण्20 कुंतल बीज का निरूशुल्क वितरणए 115 अनुसूचित जाति के किसानों को किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
'ई-टेन्डर'
निविदा सूचना संख्या-एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/11/2021
मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरणः** एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/11/2021 पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के औडिहार-भटनी दोहरीकरण के क्रम में औडिहार जं. स्टेशन पर सिगनल इन्टरलाकिंग प्लान (SIP) एवं आर.डी.एस.ओ. स्पेशिफिकेशन सं. RDSO/SPN/192/2005 या नवीनतम (नवीनतम संशोधन यदि कोई हो) के आधार पर डिस्ट्रीब्यूटेड टाईप इलेक्ट्रानिक इन्टरलाकिंग (EI) प्रणाली का डिजाइन, प्रोग्रामिंग, संस्थापना, आपूर्ति, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग तथा सामग्री के आंशिक आपूर्ति के साथ इन्डोर एवं आउटडोर कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):** 12,91,20,817.16, **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** छः माह।, **निविदा बन्द होने की तिथिः** दिनांक 28.12.2021 को 15:00 बजे। **नोटः** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।
मु.सि.दू.इं./निर्माण गोरखपुर
मुजाधि/सिगनल-53
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# संत और महंतों ने हिंदू राष्ट्र के लिए जगतगुरु परमहंस का किया समर्थन

## भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकतीः जगतगुरु परमहंस

संवाददाता। अयोध्या



**हिंदू राष्ट्र** की मांग को जगद्गुरू स्वामी परमहंस आचार्य को बड़ी संख्या में संत.धर्माचार्यों का समर्थन मिला। यह संत.धर्माचार्य गुजरात समेत अन्य जगहों से थे। शनिवार को तपस्वी छावनीए रामघाट पर हजारों की संख्या में संत.धर्माचार्य इकट्ठा हुए। जिन्होंने हिंदू राष्ट्र के पक्ष में स्वामी परमहंस को अपना समर्थन दिया। साथ ही साथ हिंदू राष्ट्र के लिए संकल्प भी लिया। इस अवसर पर तपस्वी छावनी के महंत सर्वेश्वर दास महाराज ने जगद्गुरू परमहंस को अपना आशीर्वाद दिया। परमहंस आचार्य ने कहा कि अब भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक सकती है। क्योंकि अभी तक उन्हें हिंदूवादी संगठनों का साथ मिल रहा था। लेकिन आज हिंदू राष्ट्र के पक्ष में हजारों की संख्या में संत.धर्माचार्यों का समर्थन मिला है। जो गुजरात समेत अन्य प्रांतों से आए हुए थे। वह हमारे साथ कदम से कदम मिलकर चलेंगे। कुल मिलाकर अब भारत में हिंदू राष्ट्र की हवा बह चुकी है। भारत जल्द से जल्द हिंदू राष्ट्र बनेगा। यह हमारा वादा सभी से है। मैं जीवन की अंतिम सांस तक हिंदू राष्ट्र के लिए लड़ता रहूंगा। चाहे मेरे खून का एक.एक कतरा ही क्यों न बह जाए। लेकिन भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कराकर ही रहूंगा। यह मेरी भीष्म प्रतिज्ञा है। इस मौके पर दिगंबर अखाड़ा महंत सुरेश दास, बड़ाभक्तमाल महंत कौशलकिशोर दास, ब्रहर्षि ऋषि महाराज संजान गुजरात, रामानंद दास तपस्वी छावनी, आनंद दास वापी गुजरात, रामचित मानस विद्यापीठ महंत कमलादास रामायणी, हनुमानकिला महंत रामभजन दास रामायणी, महामंडलेश्वर बालकिशन दास लालकोठी आदि मौजूद रहे।

## तिरंगा यात्रा निकाल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बीकापुर अयोध्या।** अमृत महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में शनिवार को चौरे बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल भारत माता व अमर शहीदों की झांकी पर चौरे बाजारवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा का प्रारंभ बतौर मुख्य अतिथि अवध प्रांत के सा प्रचारक मनोज कुमार जिला प्रचारक शैलेंद्र कार्यक्रम के आयोजक कृष्ण कुमार उर्फ नान्हू शर्मा ने तिरंगा हाथ में लेकर किया। यात्रा में अमर क्रांतिकारियों के चित्र लगाकर झांकियां और भारत माता का रथ शामिल हुआ। यात्रा बेनीपुर से शुरू होकर चावड़ी बाजार होते हुए साहब सरकार पर आकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान सैकड़ों लोग भारत माता का जयघोष करते हुए देशभक्ति गीतों के साथ भारत मां की वंदना करते हुए आगे बढ़ रहा था। तिरंगा यात्रा में क्रांतिकारियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

# विधानसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने को 115 अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**2022** के विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यालय में काफी तेजी देखने को मिली जिससे निर्वाचन कार्यालय मे बढती सरगर्मी से विधानसभा चुनाव की आहट से राजनीतिक पार्टियां और जनता के बीच पहुंचकर संपर्क करने की हलचल से अब सरकारी मशीनरी भी चुनावी मोड में आ गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी सैमुअल पॉल ने विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए 115 अधिकारियों को जिलास्तर से ब्लाक स्तर के अधिकारियों में 31 प्रभारी एवं 10 नोडल समेत 74 अधिकारियों को सहयोगी बनाया गया है। चुनाव में कार्मिकों की व्यवस्था के लिए सीडीओ घनश्याम मीणा को प्रभारी और डीडीओ वीरेंद्र सिंह को नोडल बनाया गया है। इनके साथ तीन सहायक प्रभारी भी नामित हुए हैं। चुनाव कार्मिकों को प्रशिक्षण देने का प्रभार भी सीडीओ के हवाले करते हुए एनआरएलएम उपायुक्त आरबी यादव को प्रभारी तथा तीन अधिकारियों को सहायक बनाया गया है। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक राकेश प्रसाद को ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रभारी बनाया गया है। डीपीआरओ अवनीश श्रीवास्तव नोडल तथा चार अधिकारी सहायक बने हैं। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके चौरसिया को जिम्मेदारी मिली है। एआरटीओ बीडी मिश्र को यातायात व्यवस्था का प्रभारी बनाने के साथ दो सहायक बनाए गए हैं। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को लेखन व चुनाव सामग्री की व्यवस्था के लिए प्रभारी व तीन अधिकारियों को सहायक नामित किए गए है। चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए एडीएम अशोक कुमार कनौजिया प्रभारी व सभी एसडीएम को नोडल समेत तीन अधिकारी सहायक बने हैं। निर्वाचन का व्यय लेखाजोखा रखने के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी जगरोपनराम को प्रभारी तथा पांच अधिकारियों को सहायक बनाया है। एसएमएस और जीपीएस मानीटरिंग व संचार व्यवस्था के लिए सूचना विज्ञान अधिकारी अमरेंद्र प्रताप सिंह समेत दो अधिकारी सहायक बने हैं।

## कांग्रेस ने चलाया सदस्यता अभियान



**मिर्जापुर।** नगर के खजांची के चौराहे पर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान किया गया जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मिन्हाज अहमद छोटे खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनने के लिए मोबाइल से 82 3000 5000 मिस कॉल मार कर कांग्रेस पार्टी का सदस्य बन सकते हैं श्री खान ने कहा कि यह संविधान दिवस 26 नवंबर 2021 से शुरू किया गया है या कार्यक्रम 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा कार्यक्रम सभी ब्लॉक एवं न्याय पंचायत एवं सभी वार्डों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनाया जाएगा तभी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी एवं पूर्व राषटीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश की प्रभारी गरीबों की मसीहा श्रीमती प्रियंका गांधी जी का लक्ष्य पूरा होगा कांग्रेस नेता अमिताभ पांडे ने कहा कि यह सदस्यता अभियान सभी क्षेत्रों में चलाया जाएगा तभी जाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान होगी श्री पांडे ने कहा कि हम समस्त कांग्रेस जनों मिलकर सभी वार्डों में चला जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रमेश प्रजापति पप्पू अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष अशोक धर कार महेंद्र पांडे सिराज अहमद संतोष यादव जय सिंह कसेरा राजेंद्र विश्वकर्मा अमरचंद कसेरा दीनानाथ मिश्रा उर्मिला गौतम छोटू राजा अमरचंद मुन्ना लाल मोदनवाल महेंद्र पांडे रामसहाय सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

**मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लि0, उन्नाव अति अल्पकालिक ई–निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यो को सम्पादित कराने हेतु अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से ई–निविदायें दो भागों में अलग–अलग निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी/निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्तें ई–टेण्डरिंग की पोर्टल etender.up.nic.in वेबसाइट पर अवलोकित की जा सकती है। निविदा सूचना www.mvvnl.in पर भी अवलोकित की जा सकती है। सभी निविदाओं को अपलोड करने की अंतिम तिथि 08.12.2021 समय 17:00 बजे तक तथा प्रथम भाग खुलने की तिथि 09.12.2021 समय 14:00 बजे नियत है। निविदा में संशोधन, तिथि विस्तारण, पुर्नप्रकाशन आदि की सूचना भी उक्त पोर्टल पर एवं वेबसाईट पर उपलब्ध करायी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बतायें एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न कार्यो के मध्य विभक्त करने/संशोधन/मात्रा को ±10% घटाने/बढ़ाने करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **1. निविदा सं0–153/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 3400.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। **2. निविदा सं0–154/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 7200.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। **3. निविदा सं0–155/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 57500.00 निविदा शुल्क – रू0 3000+540=3540/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–तृतीय, पुरवा, उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। **4. निविदा सं0–156/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 7300.00 निविदा शुल्क – रू0 1000+180=1180/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–चतुर्थ, बांगरमऊ, उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। **5. निविदा सं0–157/वि0वि0मं0/उ0/2021–22** धरोहर धनराशि – रू0 15500.00 निविदा शुल्क – रू0 3000+540=3540/– जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) विद्युत वितरण खण्ड–पंचम, हसनगंज उन्नाव के अन्तर्गत अनमीटर्ड निजी नलकूप उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर स्थापित करने का कार्य। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, उन्नाव।** पत्रांक–6194 दिनांक–27.11.2021 "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें" बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगाएं।

# जिला अधिकारी ने ली नौनिहालों की क्लास

- बच्चों से सुनी कविता और हल करवाए सवाल
- सरकारी राशन की दुकान का भी किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हरीमऊए मीरान मुबारकपुर तथा सिंधियांवा का स्थलीय निरीक्षण कर बच्चों के पठन.पाठन की स्थिति का जायजा लिया एवं शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय हरीमऊ पहुंचकर विद्यालय का निरीक्षण कियाए यहां पर उन्होंने बच्चों से हिंदी और अंग्रेजी की किताब पढ़वाई तथा गणित के सवाल हल करवाएं, बच्चों को जूता.मोजा, ड्रेस, बैग व स्वेटर की स्थिति के बारे में जानकारी ली जिस पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस बार उक्त सामग्री क्रय करने हेतु बच्चों के अभिभावकों के खाते में धनराशि भेजी जा चुका है तथा अभिभावकों द्वारा सामग्री का क्रय किया जा रहा है, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मीरान मुबारकपुर पहुंच कर शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता देखी तथा बच्चों से सवाल पूछे। इस दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि विद्यालय में कायाकल्प योजना अंतर्गत कोई कार्य नहीं कराया गया है तथा पुराना जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण भी नहीं कराया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बच्चों को एमडीएम के अंतर्गत दिए जा रहे हैं मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई के साथ निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन बनाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंधियांवा का निरीक्षण किया जहां पर एमडीएम के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन में निर्धारित मेन्यू में आज आलू और सोयाबीन की सब्जी दी जानी थी परंतु मौके पर कद्दू की सब्जी पाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को कड़ी फटकार लगाई तथा निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन बनवाने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत ग्राम मीरान मुबारकपुर में सरकारी राशन की दुकान का स्थलीय निरीक्षण कर राशन वितरण की जानकारी ली तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि इस ग्राम में कुल 502 राशन कार्ड धारक हैं जिसमें से 109 अंत्योदय तथा 393 पात्र गृहस्थी कार्ड धारक हैंए इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को वितरित किए जा रहे राशन की अपने सामने तौल कराई तथा संबंधित कोटेदार को निर्धारित मात्रा में राशन वितरण करने के निर्देश दिए तथा गड़बड़ी करने की स्थिति में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एसपी सिंहए उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना राकेश कुमारए तहसीलदार मुसाफिरखाना संगीता पांडेय सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर (वीआरसी) रूम का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने आज तहसील मुसाफिरखाना में वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर ;वीआरसीद्ध रूम का स्थलीय निरीक्षण कर मतदाता फार्मो की फीडिंग की स्थिति की समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने फार्म 6ए 6एए 7ए 8ए 8ए की फीडिंग की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्मो की फीडिंग करते समय विशेष सावधानी बरतें तथा किसी भी फार्म की गलत फीडिंग ना करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग निष्पक्ष मतदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए मतदाता सूची का स्वच्छ एवं निष्पक्ष होना अत्यंत आवश्यक हैए फार्मो की फीडिंग करते समय विशेष सावधानी बरती जाए जिससे मतदाता सूची में किसी पात्र व्यक्ति का नाम न छूटे तथा अपात्रों का नाम मतदाता सूची से हटाया जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# वोटर लिस्ट जितना अच्छा, चुनाव उतना ही बेहतर

● सभी बीएलओ घर घर जाकर मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम कराएं शामिलः मण्डलायुक्त



संवाददाता। कानपुर देहात

**कानपुर मण्डल** के मण्डलायुक्त डा0 राज शेखर ने कलेक्टेªट सभाकक्ष में जन प्रतिनिधियों और जिले के सभी उप जिलाधिकारियों, ए.ई.आर.ओ., आर.ओ. के साथ बैठक की, इस बैठक का उद्देश्य आने वाले मतदान के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करना था। उन्होंने कहा कि मैं यहां के चुनाव के सुचारू रूप से संचालन हेतु रोल आब्जर्वर नियुक्त हुआ हूँ, कानपुर देहात के अलावा मैं कानपुर नगर और इटावा का भी रोल आब्जर्वर नियुक्त हूॅ, उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के भ्रमण के कारण मुझे यहां आने में विलम्ब हुआ, इसी कारण यह मीटिंग इतना विलम्ब से हो रही है। उन्होंने कहा मतदान को सुचारू और सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए सबसे जरूरी है कि वोटर लिस्ट, वोटर लिस्ट जितना अच्छा बनेगा, चुनाव उतना ही अच्छी तरीके से संचालित होगा, इसलिए जरूरी है कि हम अपने वोटर लिस्ट को व्यवस्थित कर ले। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, ए.ई.आर.ओ., आर.ओ. को सम्बोधित करते हुए कहा कि फार्म-6, फार्म- 7, फार्म- 8 के सम्बन्ध में सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध करा ले, जिससे कितने नये मतदाता शामिल हुए, कितने बाहर हुए, कितनो ने अपना नाम परिवर्तित कराया, की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके, साथ ही उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम शामिल कराऐं। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आयुक्त महोदय को तहसीलबार जानकारी देते हुए बताया कि अब तक हमारे यहां 22740 फार्म डिजिटलाइज रूप से भरे जा चुके है, जिसमें रसूलाबाद में 5757 फार्म भरे गये जिसमें 3725 नये मतदाता शामिल हुए, 1985 बाहर हुए और 47 के नामों के परिवर्तन किया गया। इसी तरह अकबरुपर रनियां में कुल 7364 फार्म भरे गये, जिसमें नये मतदाता 5705 शामिल हुए, 1574 मतदाता लिस्ट से बाहर किये गये, इसी तरह भोगनीपुर में 4644 फार्म भरे गये, जिसमें 3606 नये मतदाता शामिल हुए, जबकि 519 मतदाता बाहर हुए।

## बालिका से दुष्कर्म के प्रयास में दो सगे भाइयों पर एफआईआर

**फर्रुखाबाद**। बाग में खेलते समय बालिका से दुष्कर्म करनें के प्रयास में पुलिस नें दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस जाँच में जुटी है।थाना जहानगंज क्षेत्र के एक ग्राम निवासी 12 वर्षीय बालिका बाग में खेल रही थी। आरोप है कि नगला छंगे नगला निवासी शैलेन्द्र व साजन पुत्र राजेन्द्र उसे पकड़ ले गये और उसके साथ दुष्कर्म करनें का प्रयास किया। पुलिस नें घटना में एफआईआर दर्ज नही की। जिसके बाद डीएम के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस नें धारा 504, 354 ख, 506 व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जाँच दारोगा राजेश कुमार चौबे को दी गयी है।

## कार व डीसीएम भिड़त में बच्ची की दर्दनाक मौत

**फर्रुखाबाद**। शनिवार देर रात लगभग 3 बजे तेज रफ्तार डीसीएम व कार में भिंडत हो गयी। जिससे कार सबार मासूम बच्ची की मौत हो गयी। जबकि उसमे सबार उसके माँ-बाप सहित कुल आधा दर्जन सबारियां घायल हो गयी। मृतका के परिजन शव लेकर चले गये। जनपद मैंनपुरी के कुरावली निवासी 37 वर्षीय जितेन्द्र राठौर अपनी पत्नी 34 वर्षीय प्रियंका, 6 वर्षीय पुत्री आराध्या व 5 वर्षीय पुत्री अनन्या, भाई दिलीप राठौर, दिलीप की4 वर्षीय पुत्री पिंटू व 7 वर्षीय पुत्र आरव आदि के साथ कार से जा रहे थे। उसी दौरान कोतवाली फतेहगढ़ के सेन्ट्रल जेल चौराहे पर तेज रफ्तार डीसीएम व कार में भीषण भिडंत हो गयी। जिसमे कार सबार 7 लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। उन्हें उपचार के लिए लोहिया अस्पताल 3 बजकर 35 मिनट पर भर्ती किया गया। लेकिन चिकित्सक नें जितेन्द्र की पुत्री 5 वर्षीय अनन्या को मृत घोषित कर दिया।

## क्विक न्यूज

### धार्मिक स्थल पर अवैध कब्जे का आरोप

**बांगरमऊ उन्नाव**। नगर के मोहल्ला अंबेडकर नगर के नागरिकों ने कोतवाली में तहरीर देकर मोहल्ले के ही एक शख्स पर धार्मिक स्थल पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है । मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी सरोज कुमार सैनी ए श्री कृष्ण ए राजीव कुमार व अजय आदि ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि मोहल्ले में स्थित नजूल की भूमि पर काफी दिनों से शिवलिंग स्थापित था। जिसकी मोहल्लेवासी पूजा अर्चना करते थे । कुछ दिन पहले मोहल्ले के ही एक दबंग ने शिवलिंग हटाकर आम रास्ते में फेंक दिया । इसके बाद पूजा स्थल पर गोबर के कंडे पाथ रहा है । प्रार्थना पत्र में कानूनी कार्यवाही कर शिव लिंग स्थल मुक्त कराने की मांग उठाई गई है।

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फर्रुखाबाद**। शमसाबाद थाना के गांव भकुसी निवासी रिजवान शुक्रवार देर शाम कस्बा से अपने घर जा रहे थे। तभी मोहल्ला मीरादरवाजा में टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रिजवान घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रिजवान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रिजवान को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### महिला को घायल किया

**नवाबगंज फर्रुखाबाद**। गांव कलौली महबुल्लापुर निवासी ममता देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह यादव सुबह मवेशियों को चारा डाल रहीं थी। परिवार के ही युवक ने रंजिश को लेकर गाली गलौज किया। विरोध करने पर युवक व उसके स्वजन ने ममता देवी को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। ममता देवी ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### रुपये मांगने पर युवक से अभद्रता

**नवाबगंज फर्रुखाबाद**। गांव नया गनीपुर निवासी सुनील कुमार सागर शुक्रवार गांव बीसलपुर बांगर में कबाड़ा खरीदने गया था। गांव के युवक ने पुराना सामान बेंचने के लिए सुनील से मोल भाव किया। भाव करने के बाद युवक ने सुनील से 4300 रुपये ले लिए। इसके बाद कबाड़ा देने से मना कर दिया। सुनील ने रुपये मांगे तो युवक जातिसूचक गाली गलौज कर सुनील से मारपीट करने पर आमादा हो गया। सुनील ने नामजद युवक के खिलाफतहरीर दी।

### मारपीट में महिला सहित पांच घायल

फर्रुखाबाद। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव देवसनी निवासी श्यामपाल पुत्र रामगोपाल ने गांव के ही जितेंद्रए हीरालालए ज्योति व आलमा के खिलाफएनसीआर दर्ज कराई। जिसमें कहा कि उसने जितेंद्र को एक वर्ष पूर्व कुछ रुपये दिए थे। गुरुवार को रुपये वापस मांगे तो आरोपित गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके मां रेवती पिता रामगोपाल बहन ममता व भाई रामपाल को लाठी.डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

### मां से विवाद में पुत्र गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद**। कमालगंज कस्बा के मोहल्ला प्रताप नगर निवासी आयुष गुप्ता का शनिवार सुबह उसकी मां से विवाद हो गया। मां की शिकायत पर पहुंची पुलिस आयुष को थाने ले आई। पूछताछ के बाद पुलिस ने आयुष का शांतिभंग में चालान कर दिया। .

### थाने में पुलिस अभिरक्षा में दुष्कर्म के आरोपी ने पी डाई

**नवाबगंज फर्रुखाबाद**। दुष्कर्म के आरोपी नें पुलिस अभिरक्षा में थाने के भीतर डाई पी ली। जिससे पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। उसे सीएचसी लेकर गये। जहाँ से चिकित्सक ने हालत गंभीर होनें पर आरोपी को रिफर कर दिया गया। पुलिस उसे लोहिया ना ले जाकर कस्बे के निजी चिकित्सक से इलाज करा रही है। थाना क्षेत्र के गांव बछलैया निवासी युवक विपिन पर 3 माह पूर्व नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन पुलिस युवक को गिरफ्तार करने में असफल हुई थी इसके बाद पुलिस लगातार युवक को पकड़ने के लिए दबिश दे रही थी। शनिवार को पुलिस नें आरोपी विपिन को गिरफ्तार कर लिया।जिसके बाद अचानक पुलिस अभिरक्षा में आरोपी नें डाई-पी ली। जिससे हड़कंप मच गया। आनन फानन आरोपी युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले जाया गया जहां चिकित्सक वैभव यादव नें हालत गंभीर होनें पर उसे लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया। पुलिस अपनी और आरोपी दोनों की जान बचानें के चक्कर में कस्बे के ही एक निजी चिकित्सक के यहाँ उपचार करा रही है। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश नें बताया कि आरोपी नें डाई पी ली है। उसका इलाज कराया जा रहा है। आरोपी की हालत स्थिर है।


### हॉट बैलून फटने से चार छात्र घायल

**फतेहपुर**। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय बच्चों के लिए कराई जा रही सांसद क्रीड़ा स्पर्धा (प्रतियोगिता) के जिला स्तरीय कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर गैस से भरे गुब्बारों के गुच्छे छोड़े जाने के दौरान गुब्बारों में आग लग गई। जिससे प्रतिभाग करने आए कक्षा आठ के चार छात्र झुलस गए। आनन फानन उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। शहर के खेल-कूद स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करने केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी पहुंचे थे। शुभारंभ के दौरान गैस से भरे गुब्बारों को हवा में छोड़ा गया तो मौके पर प्रतिभाग करने आए बच्चों में गुब्बारों को पकड़ने की होड़ लग गई। बड़े बच्चों ने गुब्बारों की डोरी को पकड़ा तो छोटे बच्चे गुब्बारा पाने की ललक पर उन पर टूट पड़े। गैस से भरे गुब्बारे जमीन के घर्षण से फट गए और आग लग गई। जिससे भिटौरा ब्लॉक क्षेत्र के कक्षा आठ के विवेक (14), अभिषेक (14), नवनीत कुमार (15) एवं महेन्द्र कुमार (14) बुरी तरह से झुलस गए। घटना से अफरा तफरी मच गई। आनन फानन उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रेलवे स्टेशन परिसर में कैम्प कोर्ट आयोजित

**फतेहपुर**। स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज के नेतृत्व में वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सीजेएम के द्वारा कोविड-19 के प्रति यात्रियों को जागरूक करते हुए स्टेशन परिसर को साफसुथरा बनाये रखने की भी अपील की गयी। उन्होंने कैम्प कोर्ट का आयोजन कर 82 वादों का निस्तारण किया, जिसमे 47675 रूपये जुर्माना भी वसूल किया गया। स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज द्वारा कैम्प कोर्ट लगाई गयी। जिसमें कुल 82 वादों का निस्तारण करते हुए 47675 रूपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही साथ सभी अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा पुनः रेलवे अधिनियम के तहत अपराध की पुनरावृत्ति न करने हेतु चेतावनी गयी। इसके अलावा अवैध वेण्डर एवं बिना टिकट यात्रियों को चेकिंग का अभियान चलाया गया और उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करके ट्रायल करते हुए उन पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया। न्यायालय द्वारा रेलवे में कैम्प कोर्ट का प्रायोजन रेलवे में हैवी केस प्रापर्टी के सम्बन्ध में गवाही हेतु एवं न्याय को सुलभता से दूरगामी क्षेत्रों में पहुँचाने हेतु आयोजित किया जाता है। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मास्क लगाने एवं सफाई हेतु जागरूक किया गया। उक्त कैम्प कोर्ट में अमित ओझा, अरूण घोष के अलावा न्यायालय का स्टॉफएवं रेलवे के अभियोजन अधिकारी सुभाष चन्द्र तिवारी भी उपस्थित रहे।

## पालिकाकर्मियों ने छपाई कारखाने में लगाई सील, स्वामित्व का दावा



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**नगर पालिका** परिषद ने मुहल्ला अंगूरीबाग में मोर वाली बगिया के सामने स्थित एक छपाई कारखाने को शनिवार शाम सीज कर दिया। कारखाने में लगे तालों में पालिका ने अपनी सील लगा दी है। दूसरा नोटिस चस्पा कर कहा गया है कि यदि किसी को आपत्ति है तो पालिका कार्यालय में अपने अभिलेख पेश करे।

मोर वाली बागिया के सामने स्थित छपाई कारखाना बबलू साध का बताया जा रहा है। पालिका कर्मियों को जानकारी मिली कि बबलू इन दिनों शहर में नहीं रहते। पालिका ने बंदोबस्त कार्यालय से रिकार्ड निकलवाया और दावा किया कि संबंधित कारखाने की भूमि पालिका के स्वामित्व की है। इस पर अनाधिकृत रूप से कब्जा कर कारखाना बनाया गया था। उसके पास के कुछ भवनों पर भी पालिका अपना दावा कर रही है। 17 नवंबर को कारखाने के बाहर पालिका ने नोटिस चस्पा कर दिया थाए जिसमें कहा था कि यह संपत्ति नगर पालिका की है। यदि किसी को इस पर आपत्ति है तो वह आकर बता सकता है। पूर्व में इसी भूमि पर पालिका की बेड़ारास संचालित थी।

पालिका को नोटिस का जवाब नहीं मिला। अधिशासी अधिकारी रविद्र कुमार के निर्देश पर टैक्स निरीक्षक जगजीवन अन्य कर्मचारियों को लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कारखाने में लगे तालों पर अपनी सील लगा दी। दूसरा नोटिस चस्पा कर कहा कि यह संपत्ति पालिका ने सील कर दी है। किसी को आपत्ति हो तो पालिका कार्यालय में आकर अपने अभिलेख प्रस्तुत कर सकता है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में फार्म 6 नहीं है बूथ पर उपलब्ध


सपाईयो ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद** । मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में जब एमआईसी फतेहगढ़ के बूथ पर कई लोगों की शिकायतें मिली की फार्म नंबर 6 बूथ पर उपलब्ध नहीं है। इस समस्या को लेकर सपा के पूर्व जिला प्रवक्ता पुष्पेंद्र यादव एडवोकेट ने अपने साथियों सहित एडीएम फर्रुखाबाद को लिखित रूप से शिकायत पत्र दिया। जिसमें कहा गया कि मत देय स्थल पर फार्म 6 की कमी है। जिससे आम जनमानस अपना अपना वोट बनवाने का काम नहीं करवा पा रहा है । बूथ पर कहा जा रहा है कि फार्म सिर्फ एक दो ही उपलब्ध हैं। इन्हीं से फोटोकॉपी करवा लीजिए जिस कारण नए वोट बनने का कार्य बाधित हो रहा हैं। इस मौके पर रजत क्रांति करी , आदेश दिवाकर, रोहित, लालू यादव लल्ला वर्मा, एडवोकेट साजिद खान एडवोकेट, किशोरी वर्मा, पिंटू यादव, विपिन यादव एडवोकेट आदि साथ रहे।

## तहसील सभागार में स्थानांतरित सीओ को दी गयी भव्य विदाई



**बांगरमऊ उन्नाव**। स्थानीय तहसील सभागार में आज क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी ने आपस में भाईचारा बनाए रखने की अपील की। गौरतलब है कि क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार की नवीन तैनाती गत 20 अप्रैल को बांगरमऊ सर्किल में हुई थी। तैनाती के चंद दिन बाद 26 अप्रैल को उन्होंने शान्तिपूर्वक पंचायत चुनाव संपन्न कराए। करीब 9 माह बाद क्षेत्राधिकारी श्री कुमार का स्थानांतरण यातायात पुलिस उन्नाव हो गया । उनके स्थानांतरण पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने आज तहसील सभागार में उप पुलिस अधीक्षक का विदाई समारोह आयोजित किया । इस मौके पर क्षेत्राधिकारी ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए आपसी भाईचारा जरूरी है । इसलिए छोटी.छोटी बातों को नजरअंदाज कर आपसी भाईचारा बनाए रखें। समारोह में प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष मनीराम यादव अशोक गुप्ता मुकुंद गुप्ता कृष्ण गुप्ता विनोद कुमार नवनीत मिश्रा मनोज सेंगर व गुलिस्तान खान आदि सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। समारोह का संचालन प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष इनाम रसूल साहिल ने किया।

## नेत्र शिविर का आयोजन

**फतेहपुर**। अखण्ड भारत सेना के तत्वाधान से कानपुर के चिकित्सकों द्वारा जीटी रोड स्थित भावना दिव्यांग स्कूल में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्रामीण विकास राज्य केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने दीप प्रज्वलित किया। दिव्यांग बच्चों ने केन्द्रीय मंत्री साध्वी का माल्यार्पण कर के स्वागत किया। कानपुर से आये हुए डॉक्टर ने दिब्यांग बच्चों के साथ साथ 275 लोगो का परीक्षण किया। जिनमे से 16 मोतियाबिन्द के मरीजों को ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा गया। भावना स्कूल के अध्यक्ष डॉ0 तेज मानसिंह ने कानपुर से आए चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन के समय भावना श्रीवास्तव ने और अखंड भारत सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक राणा ने भी सभी को जानकारी दी की आगे और भी स्वस्थ से संबंधित कैंप का संचालन करा के लोगो को स्वस्थ का लाभ देते रहेंगे। कार्यक्रम में अन्नू श्रीवास्तव, विजय लक्ष्मी साहू, अपर्णा सिंह, नीलम, ज्योति सिंह तोमर, अंजू, माधुरी श्रीवास्तव, पूर्वी, नूरजहां, पीएन श्रीवास्तव, डॉ0 कृष्ण नारायण श्रीवास्तव, डॉ0 विनय अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

## नहीं मिला नंदनी का शव, खोजबीन में लगी टीम के हाथ फिर रहे खाली


गंगा नदी में शव ढूंढते टीम मेम्बर

**बांगरमऊ उन्नाव**। कोतवाली पुलिस गोताखोरों की मदद से करीब एक हफ्ते से गंगा नदी में नंदिनी की तलाश कर रही थी। सफलता न मिलने पर आज एसडीआरएफ की टीम ने गंगा नदी में नंदिनी की तलाश की। लेकिन एसडीआरएफ के हाथ भी खाली रहे। गौरतलब है कि क्षेत्र के ग्राम जगटापुर निवासी सुदीप की पत्नी नंदिनी बीते 19 सितम्बर को कार्तिक पूर्णिमा पर मेला देखने यहां के नानामऊ गंगा तट पर गयी थी। जहाँ उसका पति सुदीप भी पहुँच गया था । काफी देर तक मेला घुमाने के बाद पति सुदीप नन्दनी को बहाने से गंगा पुल पर ले गया और धक्का देकर गंगा की तेज धारा मे फेंक दिया था। नंदनी की बड़ी बहन सुभाषिनी पत्नी रविंद्र कुमार ने नंदिनी के पति सुदीप के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। कोतवाली पुलिस ने गोताखोरों द्वारा गंगा नदी में नंदिनी के शव की खोज की गई थी। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका था। पुलिस ने अपहरण के आरोप में नंदिनी के पति सुदीप को जेल भेज दिया था।नन्दनी को खोजने के लिए आज शनिवार लखनऊ से एस डीआर एफ की 14 सदस्यीय टीम इंस्पेक्टर सुशील कुमार के नेतृत्व में नानामऊ घाट पर पहुंची । टीम ने गंगा नदी में करीब 25 किलोमीटर तक नंदिनी की खोज की । लेकिन टीम को सफलता नहीं मिल सकी।

## 11 वर्ष में गरीबों का आशियाना नहीं बन पाई काशीराम कॉलोनी

● आवास परिषद काम पूरा होने की तो नगर पालिका अधूरे कामों की दे रही दुहाई

● गरीबों को घर मिलने से पहले ही उनके जर्जर होने का शुरू हो गया सिलसिला

● बसपा शासनकाल में 2010 में 360 कालोनियों के निर्माण की मिली थी स्वीकृति

● 9 वर्ष से कालोनियां बन कर तैयार, पर नहीं हो रहा आवंटन

संवाददाता। फतेहपुर

**शहर क्षेत्र के** सथरियांव में गरीबों के लिए बनाए जाने वाले घर अब तक उनके आशियाने नहीं बन सके हैं। वर्ष 2010 में बसपा शासनकाल में शुरू हुए निर्माण कार्य में पता नहीं नजर किसकी लगी कि बसपा के बाद सपा और अब भाजपा सरकार की विदाई की बेला है लेकिन 11 वर्षों में गरीबों के लिए बनाई जाने वाली कांशीराम कालोनियों का अब तक आवंटन नहीं किया जा सका है। हालात यह हैं कि गरीबों के रहने से पहले ही आवास जर्जर होने शुरू हो गए हैं। नगर पालिका व आवास विकास परिषद का एक-दूसरे के पाले में गेंद डालने की वजह से कांशीराम कॉलोनियों से जिले के अफसर भी मुंह मोड़े हुये हैं।

बसपा शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के ड्रीम प्रोजेक्ट कांशीराम कॉलोनियों की शुरुआत हुई तो जिले में भी महर्षि विद्या मंदिर के समीप, गडरियन पुरवा एवं अस्ती में कालोनियों का निर्माण कराया गया। वर्ष 2010 में गरीबों को आशियाना देने के लिए शहर क्षेत्र के सथरियांव में 360 कालोनियों के लिए प्रोजेक्ट की स्वीकृति हुई। इन कालोनियों में दो कमरे, शौचालय, बाथरूम तथा किचेन का निर्माण किया जाना था और इसके लिए 9 करोड रुपए की धनराशि भी आवास परिषद को समय-समय पर मुहैया करा दी गई। गरीबों को घर देने के लिए बसपा सरकार के कार्यकाल में ही काम को करीब-करीब पूरा कर लिया गया। सथरियांव में 360 गरीबों को आशियाना देने के लिए कालोनियों का निर्माण किया गया और सड़क, बिजली, पानी की मूलभूत जरूरतों को भी पूरा कराने के इंतजाम किए जाने थे लेकिन मौजूदा समय में बिजली की व्यवस्था पूरी नहीं की जा सकी है। बिजली न होने के चलते जल निगम का काम भी अधूरा है।हद तो यह हो गयी है कि करीब 9 वर्ष से बनकर तैयार हुए गरीबों के आशियाने जर्जर होने शुरू हो गए हैं लेकिन जिन गरीबों के लिए यह घर बनाए गए थे उनके आवंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि 2012 में आई समाजवादी पार्टी की सरकार में इन आशियानों की ओर किसी ने रुख नहीं किया और 2017 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भी कांशीराम कॉलोनियों की ओर ध्यान नहीं दिया गया। मानो सरकारों के लिए कांशीराम कॉलोनी अछूत हो गई हों। इसी का नतीजा है कि 11 वर्ष के बाद भी जिन गरीबों को आशियाने दिए जाने के सपने दिखाए गए थे उनके सपने फिलहाल पूरे नहीं हो सके हैं। वहीं आवास परिषद काम पूरा होने की बात कर रहा है और नगर पालिका के जिम्मेंदार काम आधा-अधूरा होने की बात कर कालोनियों को अपने सुपुर्दगी में नहीं ले रहे हैं।आवास परिषद के अधिशाषी अभियंता का कहना है कि जितना काम उन्हें करना था वह उन्होंने पूरा कर दिया है हालांकि कॉलोनी नगर पालिका को हैंड ओवर न करने के पीछे की हकीकत को वह नहीं बता पा रहे हैं। नगर पालिका अधूरे काम का वास्ता दे रही है। मामला कहां फंसा है यह तो अधिकारी ही जाने लेकिन गरीबों को घर देने से पहले उनके जर्जर होने का सिलसिला शुरू है। जनपद स्तरीय अधिकारी भी सथरियांव स्थित कांशीराम कॉलोनी को लेकर संजीता नहीं है और कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि एक के बाद एक सरकारें जाती रहीं और गरीबों के घरों का सपना फिलहाल सपना ही बना हुआ है।

**टीईटी परीक्षा आज, केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों को दिया गया प्रशिक्षणः** फर्रुखाबाद । जिले के 25 परीक्षा केंद्रों पर 28 नवंबर को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा ;टीईटी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा कराए जाने का प्रशिक्षण दिया गया। कक्ष निरीक्षकों को निर्देश दिए गए कि परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले केंद्रों पर पहुंच जाएं।टीईटी परीक्षा के लिए फर्रुखाबाद और फतेहगढ़ में 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं,जिसमें 20ए206 अभ्यर्थियों को परीक्षा देना है।

## 'सांसद खेल स्पर्धा' कार्यक्रम का हुआ समापन, खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता। कानपुर देहात



**सांसद खेल** स्पर्धा के तहत माती स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद देवेन्द्र सिंह भोले की अध्यक्षता में खेल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद जी ने खेल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फीता काटकर व हरी झण्डी दिखाकर रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

जिला स्टेडियम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को चिन्हित करें, ताकि उनके बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सके और उन्हें प्रदेश व देश के बेहतर प्रशिक्षण केंद्रों में भेजने हेतु कार्ययोजना बनाई जा सके। इस तरह की स्पर्धाएं बच्चों में मौजूद ऊर्जा को सही रास्ता प्रदान करती हैं। सांसद जी ने अच्छे तरीके से खेलों का आयोजन कराये जाने व अपने कार्यो के प्रति लगन व निष्ठा का मुख्य विकास अधिकारी की प्रशंसा भी की। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है। समाज के सभी वर्ग के लोगों को खेल प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। सांसद खेल स्पर्धा एक बेहतरीन विचार है, जिसके माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिताऐं विगत 10 नवम्बर से ग्राम पंचायत स्तर, ब्लाक स्तर, तहसील स्तर पर आयोजित करायी जा रही थी जिनका आज समापन कार्यक्रम किया गया है। इस दौरान अतिथियों के समक्ष 100 मीटर की फाइनल दौड़ व फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। पुखरायां व अकबरपुर की फुटबाल टीम के साथ प्रतियोगिता हुई, जिसमें 2 गोल मारकर अकबरपुर की टीम ने विजेता ट्राफी पर कब्जा किया, मैच में माधव मिश्रा की कार्नर किक पर हेडर के द्वारा वैभव गुप्ता ने 15वें मिनट पर पहला गोल किया। मैच के दूसरे हॉफ में लगातार दोनो टीमें एक दूसरे के ऊपर दबाव बनाये हुई थी, जिसमें मैच के अन्तिम समय पर अमन कुमार वेदज्ञ पाण्डेय के द्वारा दिये गये पास पर दूसरा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

# कुपोषण मुक्त होने के लिये गृह वाटिका लगाएं: एसपी सोनकर

संबाददाता। हमीरपुर


किसानों को संबोधित करते कृषि बैज्ञानिक

**कृषि विज्ञान** केंद्र कुरारा द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्री को विषय स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु घर में लगाएं सेहत की बगिया पर कार्यशाला का आयोजन केवीके सभागार में किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ मोहम्मद मुस्तफा ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो को बताया कि अपने अपने गांव में आंगनवाड़ी केंद्र पर गृह वाटिका मॉडल के रूप में स्थापित करें और शासन-प्रशासन की मंशा के अनुरूप कुपोषण मुक्त हमीरपुर बनाएं और घर की बगिया से शुद्ध ताजी जैविक सब्जी उत्पादन करें। डॉ एसपी सोनकर ने नवाचार तकनीकी अपनाने पर बल देते हुए कहा कि अधिक उपज देने वाली सब्जी व फल की क्षेत्र विशेष प्रजातियों का चयन कर घर की बगिया में लगाएं और भरपूर उत्पादन ले। डॉ.फूल कुमारी ने बताया कि संतुलित पोषण उत्तम स्वास्थ्य और सौंदर्य जीवन के लिए गृह वाटिका बहुत ही आवश्यक है गृह वाटिका के माध्यम से शुद्ध एवं रसायन युक्त सब्जी प्राप्त होती है। वाटिका से उगाई गई सब्जियों के सेवन से जो संतुष्टि मिलती है ।मनोवैज्ञानिक का मानना है कि इसमें 25 फीसदी बीमारी भी कम हो जाती है । उन्होंने चल चित्रों के माध्यम से पोषण वाटिका का रेखांकन लगाने की उत्तम विधि तथा वाटिका की देखभाल के बारे में बताया।डॉ चंचल सिंह ने घर की बगिया में रोग लगने के उपचार के बारे में घरेलू नुस्खे के साथ जैविक टिप्स भी दिए। डॉ सूर्य प्रताप सोमवंशी ने अच्छी गृह वाटिका को बनाने के वक्त साथ में केंचुआ खाद इकाई की आवश्यकता बताई डॉ शालिनी पोषक तत्व प्रबंधन के साथ खरपतवार नियंत्रण की महत्वपूर्ण विधियों पर चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन कृषि वैज्ञानिक डॉ एसपी सोनकर ने किया। इस मौके पर 25 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता थी।

## भिटारा मजार का सौंदर्यीकरण कराने की एसडीएम से मांग

संवाददाता। जालौन (उरई)

**राष्ट्रीय राजमार्ग** पर भिटारा के पास मजार स्थित है। मजार पर टीन शैड व चाहरदीवारी बनाने की मांग महिला ने की है। उरई जालौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर भिटारा के पास सड़क पर मजार स्थित थी। राष्ट्रीय राजमार्ग के दौरान उसे बगल में स्थानांतरित कर दिया गया था। मजार की संरक्षिका जैबुन निशा ने बताया कि मजार खुली हुई हैं जिसके कारण जानवर आ जाते हैं तथा गंदगी कर जाते हैं। उन्होंने तहसीलदार को प्रत्यावेदन देकर मांग की है कि मजार के ऊपर छाया के लिए टीन शैड लगवाया जाय तथा चाहरदीवारी बनवाकर सौन्दर्यीकरण कराया जाय जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। संरक्षिका की मांग पर तहसीलदार ने नियमानुसार कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है।

# यातायात नियमों का पालन कर बचाएं अमूल्य जीवन: जायसवाल


एसपी को बुके देकर स्वागत करते यातायात प्रभारी।

संवाददाता। चित्रकूट

**यातायात माह** में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की अध्यक्षता में संतथामस स्कूल में हुई यातायात गोष्ठी में नुक्कड नाटक में छात्रों व शिक्षकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बच्चों से कहा कि छात्रों ने नुक्कड नाटक कर लोगों को जागरूक किया है। छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यातायात नियमों के पालन की अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से लोग अपनी अमूल्य जिन्दगी को हादसों से बचा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक को यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने बुके देकर स्वागत किया। यातायात प्रभारी ने कहा कि यातायात नियमों के बारे में सभी जानते हैं। दुख तब होता है, जब लोग इसका पालन नहीं करते। नतीजतन सडक हादसों में तमाम लोग असमय जान गवां देते हैं। यातायात नियम सभी के लिए है। अपने परिजनों को भी यातायात नियमों का पालन करने के प्रति प्रेरित करें। इस मौके पर पीटीओ डॉ संतोष त्रिपाठी व संचालन पायनियर्स इंटरनेशनल क्लब के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी पंकज अग्रवाल, प्रधानाचार्य संतथामस स्कूल, पीआरओ शिवकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## कैलिया पुलिस ने गिरफ्तार किया वारंटी

**कोंच( जालौन )।** आसन्न विधानसभा चुनाव की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में वांछित आरोपियों की धरपकड़ किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कैलिया थानाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी के नेतृत्व में दरोगा रामचंद्र वर्मा ने सिपाही राहुल सिंह के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की शाम को क्षेत्र के ग्राम कैलिया निवासी गोविंद पांडेय को गिरफ्तार कर लिया।उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीते समय पूर्व थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

**माधौगढ़ ( जालौन )।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने अपराधियों का खात्मा करने के लिये जनपद की पुलिस को सक्रिय कर दिया जिससे पुलिस अधिकांश अपराधियों को गिरफ्तार कर हिरासत में भेज चुकी है अपराधियों की गिरफ्तार के चलाये जा रहे अभियान में माधौगढ़ व रामपुरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी जिसमें पुलिस ने गांजा की तस्करी करने वाले दो शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।


पकड़े गये गांजा तस्करों के बारे में जानकारी देते सीओ

क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में चलाये जा रहे रात्रि चैकिंग अभियान में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी व रामपुरा थानाध्यक्ष उप निरीक्षक कमलेश कुमार ने रात्रि करीब 1:30 बजे माधौगढ़ से ऊमरी को जाने वाली रोड पर बाइक यूपी 92 जेड 6316 बजाज सीटी 100 से जा रहे दो व्यक्तियों को सक की बनाह पर रोक लिया तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से 7 किलो 350 ग्राम गांजा, एक बाइक, एक मोबाइल रेडमी कम्पनी टच स्क्रीन बरामद हुआ पूछताछ के दौरान गांजा तस्करों के नाम प्रवीण कुमार श्रीवास्तव उर्फ आकाश श्रीवास्तव पुत्र सत्येन्द्र श्रीवास्तव उर्फ पिंटू पटवारी निवासी ग्राम भदरेखी थाना आटा, अजयपाल सिंह उर्फ अतबलदास पुत्र सुन्दर सिंह निवासी ग्राम सरसई थाना चुर्खी को पुलिस ने गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया व आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत वैधानिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी, रामपुरा थानाध्यक्ष उप निरीक्षक कमलेश कुमार, सिपाही विकास, देपेन्द्र, दीपक, प्रदीप, सुनील, अंकित, चालक माधौगढ़ रहीश, चालक रामपुरा थाना ब्रिजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# राठ कोतवाली के पुलिसकर्मी का पैसे मांगने का ऑडियो हुआ वायरल

संवाददाता। राठ( हमीरपुर)

**कोतवाली** के एक खास पुलिसकर्मी पर बसों की ट्रैवल एजेंसी संचालक से महीने की अवैध वसूली करने का ऑडियो सामने आया है। संचालक द्वारा महीना न देने पर पुलिस कर्मी ने दुकान से सामान आदि भर कोतवाली ले गया है। पीड़ित संचालक ने उच्चाधिकारियों से पुलिस कर्मी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

बसों की ट्रैवल एजेंसी के संचालक कमर ने बताया कि वह लोग राठ से दिल्ली जाने वाली प्राइवेट बसों में सवारियों की बुकिंग का काम करते हैं। आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस उन सभी लोगों से महीने के नाम पर अवैध रूप से वसूली करती है। कल उसका महीना खत्म होने पर

## ● महीना न देने पर पुलिसकर्मी ने गाली गलौज कर दुकान से उठवाया सामान

कोतवाली के खास सिपाही प्रमोद कुमार यादव जो कोतवाली के ड्राइवर भी हैं। उनका फोन उसके पास आया और अवैध वसूली की मांग की तथा रोडवेज के सामने शहंशाह मिठाई वाले को रुपये देने के लिये कहा। बताया कि कुछ समय के बाद उक्त पुलिसकर्मी का फोन दोबारा आया और जल्द से जल्द रुपया देने के लिये दबाव बनाया। आरोप लगाया कि पैसों का बंदोबस्त न हो पाने की वजह से वह कल पैसे देने में असमर्थ रहा। जिससे आक्रोशित उक्त पुलिसकर्मी आज सुबह संकट मोचन मंदिर के सामने उनकी दुकान पर आया और उसकी दुकान पर बैठे लोगों के साथ गाली गलौच करते हुए दुकान का सामान, टेबल, कुर्सी, बैनर, फ्लैक्स ई-रिक्शा में भरकर कोतवाली ले गया। आरोप लगाया कि बसों के संचालन के काम धंधे को बंद करने की धमकी दी। बताया कि वह लोग कोतवाली पुलिस के द्वारा की जा रही इस अवैध वसूली से त्रस्त हो चुके हैं। ट्रैवल एजेंसी के संचालक व पीड़ित कमर ने ऐसे भ्रष्ट पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। कोतवाली के इंस्पेक्टर राजेशचन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही है। यदि मामला उनके संज्ञान में आता है, तो संबंधित पुलिसकर्मी पर कार्यवाही की जायेगी।

## क्विक न्यूज

### दो पक्षों में लाठी डंडो से आधा दर्जन लोग घायल, तीन झांसी रिफर

**राठ(हमीरपुर)।** राठ कोतवाली के मवईगांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी, डंडें चले जिससे आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गये,डाक्टरों ने तीन लोगो को गंभीर हालत में इलाज के लिये झांसी रिफर कर दिया है। गांव के सरवर,धरमपाल पुत्रगण संतराम और अर्जुन पुत्र भागीरथ खेत पर काम कर रहे थे। तभी गांव के धीर सिंह, वीर सिंह, रामकिशोरी और अरविंद लाठी, डंडें व कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गये। मारपीट करने लगे। आवाज सुन जब परिजन पहुंचे तो उक्त लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। कुल्हाड़ी से हमला कर सरवर, धरमपाल और अर्जुन को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर पहुची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक सुप्रिया पटेल ने बताया कि सरवर, धरमपाल और अर्जुन की हालत गंभीर होने पर उन्हे झांसी रेफर कर दिया है। वहीं दूसरे पक्ष के धीर सिंह ने बताया कि वह अपने खेत का पलेवा करने के लिए घर से खेत जा रहे थे। तभी रास्ते में विपक्षियों ने उन्हें रोककर जमकर मारापीटा। मारपीट से उसके पिता रामकिशोरी पुत्र बृजलाल, मां संपतरानी तथा उसका भाई वीर सिंह घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिये राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### आग से दुकान का लाखो का सामान जलकर खाक

**राठ(हमीरपुर) ।** राठ कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड के अंदर रखी जनरल स्टोर की दुकान में बीती रात्रि अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। दुकान के अंदर रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं बगल में खड़ी पड़ी दुकान में आग की चपेट में आ गई। कस्बे के मियांपुरा मोहल्ला निवासी ममता पत्नी कैलाशचंद्र ने बताया कि वह रोडवेज के अंदर जनरल स्टोर की दुकान रखे हुये है। जिससे उसके परिवार का भरण पोषण होता है। शुक्रवार की रात करीब साढ़े दस बजे उसका पुत्र मनोज दुकान बंद करके घर आ गया। रात करीब 12 बजे दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगने की सूचना पर वह मौके पर पहुंची। सूचना पर आई फायर बिग्रेड की गाड़ी व पुलिस कर्मियों ने आग पर पानी डाल काबू पाया। आग लगने से दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित दुकानदार ने उच्चाधिकारियों ने मदद दिलाये जाने की गुहार लगाई है। वहीं आग में चपेट आने से बगल में खाली पड़ी दुकान भी जलकर खाक हो गई।

### कोर्ट का उल्लंघन कर अवैध कब्जा करने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के बहपुर गांव निवासी राधेश्याम पुत्र गयादीन ने बताया कि उसके पूर्वजों का मकान गांव के पिता पुत्रों ने गिरा दिया था। जिसके खिलाफउसने कोर्ट में 2018 में मुकदमा दायर किया था। अभी भी मुकदमा विचारधीन चल रहा है। पुलिस उक्त दोनों को उस मकान पर कोई कार्य करने से मना किया था। लेकिन उक्त दोनों कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन कर उसके मकान पर अवैध कब्जा कर रहे है। आरोप लगाया कि विरोध करने पिता पुत्र गाली गलौज कर मारने पीटने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राठ कोतवाली के टिकरिया गांव निवासी 45 वर्षीय अंजली पत्नी दिनेश ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन फानन में परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया।

### अमृत महोत्सव मे जगह जगह हो रहा स्वागत

**राठ(हमीरपुर) ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गांव गांव जाकर उनके सम्मान के लिए निकाले जा रहे अमृत महोत्सव यात्रा का लोग जगह-जगह स्वागत कर रहे हैं। इस दौरान संघ के लोग उनके अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना भर रहे हैं। आरएसएस के सह कार्यवाह चिल्ली निवासी रविकरण तिवारी ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के घर-घर जाकर उनका सम्मान कर वहां दीपक जलाकर उनको सम्मानित करने की पहल करते हुये संघ ने अमृत महोत्सव का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ मगरोठ के स्वतंत्रता सेनानी शत्रुघन सिंह की जन्मस्थली से प्रारम्भ किया गया। इसके बाद गुरौली, चंदवारी, बिलगांव, जिगनी, बंगरा, इटैलिया होते हुए नहदौरा में पूर्ण किया। इस मौके पर नारायण, शारदा, दीक्षित, राम कुमार, शशिकांत, मानसिंह, जितेंद्र, अशोक पालीवाल, महेश द्विवेदी, जीतेन्द्र, धीरज गुप्ता, अरविंद्र, आशीष, विवेक, हाकिम, रोहित ठाकुर, हाकिम सिंह जिगनी आदि मौजूद रहे।

### मतदाता पुनरीक्षण अभियान के आखिरी दिवस को सूची में नाम दर्ज कराने बूथों पर जुटे लोग

**कोंच(जालौन)।** मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जारी मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को माधोगढ़ विधानसभा के अंतर्गत कुल 236 व उरई विधानसभा(आंशिक) के अंतर्गत कुल 55 मतदेय बूथों पर आयोजित आखिरी बूथ दिवस पर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक बूथों पर काफी संख्या में वयस्क जुटे जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम बढबाने,पता दुरुस्त कराने, फोटो बदलबाने सहित अन्य त्रुटियों के सुधार हेतु अलग अलग फॉर्म भरकर बीएलओ के समक्ष जमा किये।एसडीएम रामकुमार ने उरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सतोह, अमीटा, नरी, भेंपता, सुनाया एवं माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पीपरी, कैलिया व सलैया बुजुर्ग के बूथों पर पहुंचकर बीएलओ की उपस्थिति देखी और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### पति ने दिया पत्नी को तीन तलाक, बोला दहेज लेकर आओ तब रखूंगा

**बांदा।** यूपी के बांदा में तीन तलाक का एक मामला सामने आया हैए जहां नरैनी कोतवाली की रहने वाली महिला को उसके पति ने तीन तलाक ये कहकर दे दिया कि अपने घर से पांच लाख रुपये दहेज लेकर आओ। महिला की शादी 2019 में प्रयाजराज के शंकरगढ़ इलाके में हुई थी। पीड़िता महिला के मुताबिक मेरे पति मेरे साथ मारपीट करते हैं और खाना भी नही देते पिछले 27 अक्टूबर को उन्होंने मुझे घर से निकाल कर तीन तलाक दे दिया और कहा कि यदि कहीं शिकायत करोगी तो और दहेज मांगूंगा। फिलहाल एएसपी ने मामला दर्ज कर कार्यवाही करने के लिए थाना प्रभारी को निर्देश दिया है। मामला नरैनी कोतवाली के कस्बे के है। एएसपी ने बताया कि एक नरैनी कोतवाली की महिला ने अपने पति पर तीन तलाक देने की शिकायत की है मामले में अभियोग पंजीकृत करके विधिक कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं।

### बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का जल्द करें निर्माण: डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने निर्माणाधीन बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को देखा। शनिवार को डीएम-एसपी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन से निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाये। निर्माण में गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर वह कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि पुल व पुलिया निर्माण कार्यों पर मैनपावर बढाकर तेजी से कार्य कराया जाये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य समयावधि के अन्दर पूरा हो जाना चाहिए। इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण दौरान कार्यदायी संस्था से संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## फाइलेरिया रोगियों को बताये दवा के तरीके

संवाददाता। चित्रकूट

जिले में एमबीए कार्यक्रम 22 नवम्बर से सात दिसम्बर तक किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर आज मॉबिडिटी मैनेजमेन्ट कैम्प में दस फाइलेरिया रोगियों को बुलाकर उनकी जांच की गई। शनिवार को जिला मलेरिया अधिकारी पीके शुक्ला ने बताया कि फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट व दवा उपलब्ध कराई गई है। उक्त किट से एक टब, बाल्टी, मग, तौलिया, साबुन व एंटी फंगल क्रीम उपलब्ध है। रोगी प्रतिदिन अपने फाइलेरिया से ग्रसित अंग को साबुन से धोने के बाद तौलिया से पोंछकर कटे हुए स्थानों पर एंटी फंगल क्रीम लगायेगा। ये कार्य रोगी प्रतिदिन करेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि इसी प्रकार कैम्प लगाकर प्रत्येक ब्लाक में फाइलेरिया रोगियों को दवा लगाने का तरीका बताया जाये। कैम्प में पाथ संस्था से डॉ शिवकान्त, सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक प्रगति चन्देल, जयशंकर गुप्ता, भानु प्रताप, तश्मियाजकी आदि मौजूद रहे।

# खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का सीएम शिवराज सिंह करेंगे शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट



**खजुराहो इंटरनेशनल** फिल्म फेस्टिवल के 7वें समारोह का शुभारम्भ मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। फेस्टिवल में कौशल हॉट लगेगा व फिल्मी सितारों का जमावड़ा रहेगा। प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। यूपी-एमपी बुंदेलखंड के 20 जिलों से लोगों को बुलाया जा रहा है।शनिवार को फिल्म फेस्टिवल के बुन्देलखण्ड प्रभारी बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर 5 से 11 दिसम्बर तक खजुराहो के मेला ग्राउंड में फिल्म फेस्टिवल होगा। मुम्बई से फिल्म अभिनेता गोविंदा, बॉबी देओल, रोहिताश गौड़, कॉमेडियन वीआईपी, सुरेश बेरी, फिल्म निर्देशक सुभाष घई, सिंगर शब्बीर, अभिनेत्री मल्लिका शेरावत, राखी सावंत, नवनी परिहार समेंत तमाम अभिनेता और अभिनेत्रियां फेस्टिवल की शोभा बढ़ाएंगी। यूपी-एमपी बुंदेलखंड के 20 जिलों से लोगों को बुलाया जा रहा है। बुन्देलखण्ड के इन्हीं जिलों की प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। टपरा टाकिजों के अलावा थियेटर में भी फिल्में आकर्षण का केंद्र बनेगीं। फेस्टिवल के संयोजक अभिनेता राजा बुन्देला ने एक माह पहले से आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी थी। उनके साथ अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी, राम बुन्देला, आरिफ शहडोली, जगमोहन जोशी, विराज तिवारी की टीम युद्धस्तर पर फेस्टिवल की सफलता के लिए प्रयासरत हैं। फेस्टिवल का शुभारम्भ मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह करेंगे।

# हत्यारोपी को भेजा जेल

**जालौन ( उरई )।** पैसों के लेनदेन को लेकर सिहारी दाउदपुर में हत्या हुई थी। दोस्तों द्वारा मिलकर चाकू से गला रेतकर दोस्त की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने फरार चल आरोपी को पकड़ा। जिसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया। बुधवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाउदपुर में भगवानदास के खेत के पास 26 वर्षीय युवक सतेंद्र का शव पड़ा मिला था। युवक मंगलवार की रात अपने दो दोस्तों के साथ पार्टी मनाने के लिए गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या में प्रयोग किए गए चौके और खून से सने कपड़े बरामद कर लिए थे। वहीं, मृतक के पिता राजकिशोर बुधौलिया की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कर ली थी। उक्त मामले में पुलिस ने हत्याकांड में शामिल शिवपाल को कुठौंदा खुर्द के पास कहीं बाहर भागने की फिराक में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की पूछतांछ में शिवपाल ने बताया कि सतेंद्र के नाम करीब 3 बीघा जमीन थी। जिसे उसने बेच दिया था। जिसका लगभग 6 से 7 लाख रुपये सतेंद्र के पास था। रुपये होने के चलते वह उनके साथी छोटे साहब और सतेंद्र तीनों अक्सर पार्टी किया करते थे। उसके घर कोई नहीं रहता है इसलिए मंगलवार की रात भी उसके घर पर ही शराब पी जा रही थी। छोटे साहब और वह दोनों सतेंद्र से रुपये मांगते थे और सतेंद्र रुपये देने से मना कर देता था। मंगलवार की रात भी छोटे साहब ने सतेंद्र से रुपये मांगे जब उसने रुपये देने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद और हाथापाई शुरू हो गई। गुस्से में आकर छोटे साहब ने सब्जी काटने वाले चाकू से सतेंद्र का गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उन्हें गलती का अहसास हुआ और शव का ठिकाने लगाने के लिए दोनों ने मृत सतेंद्र के गले में रस्सी बांधी और उसे घसीटकर भगवानदास के खेत के पास छोड़ आए।

## खाली जमीन पर दबंगों ने जमाया जबरन कब्जा

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुवंरपुरा में खाली पड़ी जमीन पर गांव के लोगों ने जबरन कब्जा कर रखा है। कब्जा हटाने की कहने पर ग्रामीण धमकी दे रहे हैं। कुवंरपुरा निवासी जाहर सिंह पुत्र श्याम सुंदर ने बताया कि उनकी गाटा संख्या 465 जिसका रकवा 0.178 खाली पड़ा हुआ है। खाली पड़ी जमीन पर गांव के नंदलाल व रामेश्वर अपने जानवरों को बांधते है तथा गोबर व कंडा रखे हुए हैं। जब उन्हें अपनी जमीन खाली करने के लिए कहा तो वह उनकी भूमि को खाली नहीं कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जमीन खाली करने की कहने पर वह झगड़ा करने पर आमदा हो जाते हैं।

# शिविर लगाकर सैकड़ों को दिलाई भाजपा की सदस्यता


सदस्यता अभियान के तहत भाजपाईयों ने लगाया कैम्प

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत भाजपा नेताओं द्वारा नगर के तिर्वा रोड पर सदस्यता कैम्प लगाया गया। जिसमे सैकड़ो लोगो को मिसकॉल करवाकर पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई। शनिवार को नगर के तिर्वा रोड पर भाजपा सदस्यता अभियान के तहत आयोजित सदस्यता कैम्प में प्रवासी श्रमिक संपर्क प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं विधान सभा प्रभारी संजीव गुप्ता उर्फ संजू, नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, नगर संयोजक सदस्यता अभियान अमित गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, ध्रुव गुप्ता, राकेश कौशल, संजय सोलंकी, टीटू गुप्ता ने सैकड़ों नागरिकों को मिस कॉल करा कर पार्टी की सदस्यता दिलाने के उपरांत कहा कि भाजपा में सभी वर्गों का हित सुरक्षित है। कहा कि भाजपा सरकार ने बगैर किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। देश व प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा पूरे विश्व समुदाय में भारत की एक अलग पहचान बनाई गई है। इस अवसर पर सूरज खान, आलोक सिंह, सभासद दीपक गुप्ता, राहुल सिंह, भैया लाल दुवे, दिनेश कश्यप, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वित्तीय वर्ष 2020-21 सोशल आडिट में खुली बैठक कर कार्यों को पढ़कर सुनाया

संवाददाता। कालपी (जालौन)



रिकॉर्ड देखती सोशल आडिट टीम कोआर्डिनेट अर्चना सिंह

**वित्तीय वर्ष** 2020-21 मे महेवा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत कीरतपुर मे मनरेंगा के तहत हुये कच्चे पक्के कार्यो को सोशल आडिट टीम की ब्लाक कोआर्डिनेट डकोर अर्चना सिंह, सोशल आडिट कमलेश, सोशल आडिट टीम दिनेश, उर्मिला, लोगश्री आदि ने स्थलीय निरीक्षण कर हकीकत परखी व पंचायत कार्यालय कीरतपुर मे सोशल आडिट की खुली बैठक की जिसकी अध्यक्षता जमील ने की जिसमे मनरेंगा से हुये वित्तीय वर्ष 2020-21 मे कच्चे बंधा, बंधी व संपर्क मार्ग , वृक्षारोपण आदि समस्त कार्यो को पढ़ कर सुनाया गया एवं पक्के कार्यो की गुणवत्ता देखी गई। व रिकॉर्ड का मिलान बरीखी से किया गया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता कर बारे मे बताया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 मे 301 जाबकार्ड एवं 8 प्रधानमंत्री आवास दिये गये। उक्त बैठक मे ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद ने ग्राम के चहुमुखी विकास हेतु ग्रामीणों से सुझाव मांगे एंव सचिव संदीप कुमार गुप्ता ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को क्रमबद्ध तरीके से जानकारी दी एवं माह दिसंबर को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का लाभ लेने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया जेई रामगोपाल निरंजन द्वारा तकनीकि जानकारी दी गई। उपस्थित लोगो द्वारा जाबकार्ड, प्रधानमंत्री आवास आदि की समस्या खुली बैठक मे रखी गई जिसका ब्लाक कोआर्डिनेट अर्चना सिंह ने मौके पर निस्तारित की व अन्य बिन्दु सचिव को नोट कराये गये। अंत मे सोशल आडिट की 3 दिवसीय प्रक्रिया बताई गई। इस मौके पर पंचायत मित्र गंगा प्रसाद, आगनवाडी कार्यकत्री स्नेहलता, आशा कांती देवी पाल, मोतीलाल, जमील, विजय सिंह, सत्यप्रकाश सहित अंधिकांश ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रदेश में सिर्फ झूठ और बंटवारे की राजनीति

● महाराजा सल्हीय अर्कवंशी के स्थापना दिवस पर बोले पूर्व सीएम अखिलेश यादव

संवाददाता। संडीला

**प्रदेश के पूर्व** मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले साढ़े चार साल में प्रदेश को केवल झूठे वादों सम्प्रदायिकता फैलाकर भाई को भाई से लड़ाने तथा जातियों का बंटवारा करने की राजनीति करके प्रदेंश को आर्थिक रुप से जर्जर बना दिया गया है। सपा सरकार आने पर प्रदेश पुन: विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेगा।

सुभहसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के साथ हुई इस संयुक्त जनसभा में भीड़ का जो सैलाब उमड़ा उसे देखकर राजनीतिक परिवेक्षक आश्चर्य में पड़ गये। श्रीराजभर एवं अखिलेश यादव ने महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी के चित्र. पर माल्यार्पण किया। विभिन्न लोगों द्वारा डा अश्वनी सिंह, अभिषेक दीक्षित, एमलएलसी मिस्बाहउद्दीन, जीतू वर्मा, शराफ्त अली, आरपी यादव, अवध कुमार सिंह बागी आदि समेत बड़ी संख्या में लोगों ने श्रीयादव को प्रतीक चिन्ह भेंट किये। पूर्व विधायक अनिल वर्मा ने इस अवसर पर सपा में शामिल होने की घोषणा की। जनसभा को सम्बोधित करते हुए एमएलसी राजपाल कश्यप ने कहा कि सुभह सपा और सपा का गठबंधन होने से प्रदेश में बीजेपी का दरवाजा सत्ता के लिए बंद हो गया है। क्योंकि तमाम पिछड़े समाज को केवल मुलायम और अखिलेश यादव ने ही सम्मान दिया है। इसी अवसर पर ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि यह लाल और पीले में डूबी भीड़ बताती है कि हम 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर ही दम लेगें। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रवक्ता ने स्व0 फूलनदेवी पर अमर्यादित टिप्पणी करके समस्त कश्यप बिन्द, राजभर समाजों का अपमान किया है।



उन्होंने कहा कि सरकार आने पर सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करायी जायेगी। कूर्मचारियों की बंद की पुरानी पेंशन को पुन: लागू किया जायेगा तथा पुलिसकर्मियों को आठ घण्टे ड्युटी के साथ साप्ताहिक छुट्टी गृहजनपदों में तैनाती का भी प्रावधान किया जायेगा। इसी अवसर पर बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि विशाल मैदान में बिखरे लाल पीले रंग को देखकर लखनऊ में बैठे लोग जरुर लाल पीले हो जायेंगें। उन्होंने कहा कि हमने सभी रंगों को जोड़कर प्रदेश को गुलदस्ता बनाने का काम किया है और यह काम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि देश का नीति आयोग यह बता रहा है कि उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। यही कारण है कि प्रदेश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है किसाी की आय दो गुनी कराने का वादा करके यह सरकार सत्ता में आयी थी। यह दोगुनी के बजाय और कम हो गयी है। उन्होंने कहा कि तीन काले कृषि कानूनो का विरोध करने वाले किसानों पर गृह राज्यमंत्री के इशारे पर गाड़ी चढ़ा दी जाती है और वह गृह राज्यमंत्री अभी तक पद पर बने हुए है। ऐसे में क्या न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अंग्रेजो की तरह लोगों को डराकर तथा जातियों को आपस में लड़ाकर शासन करना चाहते है लेकिन अब जनता जागरुक है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के सारे कार्यकाल में एक भी पावर प्लांट नहीं लगा जबकि सपा सरकार ने कई पावर प्लांट लगाये जिनकी बिजली प्रदेश को मिल रही है। पिछली सरकार के कार्यकाल में कई बड़े एमओयू पर हस्ताक्ष्रर हुए थे परन्तु वे सब ठण्डे बस्ते में चले गये। संडीला के औद्योगिक क्षे में उनकी सरकार के कार्यकाल में पेप्सी का प्लांट लगा था जो आज भी चल रहा है। उन्होंनें कहा कि अभी जेवर में एयरपोर्ट बनाने का बड़ा जबरदस्त प्रचार किया गया है जबकि सच्चाई यह है कि सरकारी पैसे से इस बनाकर उद्योग पतियों को बेच दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल है ऐसा लगता है कि जैसे पुलिस बदल गयी हो।

# हरगांव भाजपा में दिग्गज तो सपा में कई टिकट के दावेदार




संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर की** हरगांव सुरक्षित ऐसी विधानसभा सीट है, जहां पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री के बेटों ने अलग-अलग पार्टियों से टिकट पाने की उम्मीदों का दीया जला रखा हुआ है। छोटा बेटा भाजपा से मौजूदा विधायक है तो बड़ा बेटा इसी विधानसभा क्षेत्र से सपा से विधायक रह चुका है, जी हां हम बात कर रहे है केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री रहे स्व. रामलाल राही के छोटे बेटे विधायक सुरेश राही और बड़े बेटे पूर्व विधायक रमेश राही की। पिता के आंख बंद करते ही दिलों के अंदर की तलवारे बाहर निकल आयी। पैतृक घर में दीवाल खड़ी कर दी गई और अब पिता के बनाए विधानसभा क्षेत्र में दोनो भाइयों के बीच एक दूसरे को ही पटकनी देने की तैयारी कर ली गई है। आमने-सामने चुनाव होता है तो फिक्कर कैसी होगी, यह समय बताएगा लेकिन ब्लाक प्रमुख चुनाव में दोनो का टेऊलर सभी ने देख लिया है। भाजपा से यहां पूर्व कैबिनेट मंत्री बसपा से भाजपा में आए रामहेत भारती, लहरपुर से पूर्व ब्लाक प्रमुख परमेश्वर भार्गव और सपा से भाजपा में आए डा. अशोक भार्गव तथा निर्मलजीत राज भी हरगांव से भाजपा से ही टिकट पाने की उम्मीदों का दीया जलाए हुए है। सपा से टिकट मांगने वालों पूर्व विधायक रमेश राही है। और यही से सपा नेत्री किरन पासी भी टिकट की दावेदार है, यह क्षेत्र में सक्रीय होकर सपा की नीतियां बताने के साथ सपा के कार्यक्रमों मे प्रतिभाग करती है, खास बात यह है कि यह पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी की रिश्तेदार भी बताई जाती है। सपा से राजेश कनौजिया, इं. संदीप भार्गव, जिला पंचायत सदस्य प्रीती सिंह रावत, फूल चंद गिहार रवि कौशल, ग्राम प्रधान रतौली अरूण भार्गव पप्पू, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र भार्गव और अश्वपाल भार्गव उर्फ चुन्नू, रवि कौशल भी टिकट मांग रहे है। बसपा के हाथी की सवारी करने वालों का हरगांव विधानसभा क्षेत्र में फ्लिहाल अकाल सा पड़ा हुआ है। बसपा से टिकट पाने की उम्मीदों का दीया जलाने वालों में अभी तक सिर्फ रानू चौधरी का नाम सामने आया है। कांग्रेस से बनवारी लाल कनौजिया ने फ्रि एक बार टिकट पाने की उम्मीदों का दीया जलाया है। 2017 विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने बनवारीलाल कनौजिया को टिकट दिया था, लेकिन सपा से समझौते में बनवारी लाल कनौजिया का टिकट वापस करा दिया गया था। कांग्रेस से पूनम राज, ममता पासी ने भी टिकट पाने की उम्मीदों का दिया जलाया हुआ है।

# हक के लिए मशाल जुलूस के संग कर्मचारियों ने भरी हुंकार



संवाददाता। सीतापुर

**सरकारी कर्मचारी**- शिक्षक लंबे वक्त में अपने हक के लिए अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं, बावजूद इसके उनकी सरकार न तो सुन रही है और न ही उन्हें हक दे रही है, इससे कर्मचारी-शिक्षक योगी सरकार से खफा हैं। संगठन के प्रदेश व्यापी आहवान पर शनिवार की शाम को सीतापुर में भी सरकारी विभागों के कर्मचारी और शिक्षक विकास भवन के समक्ष एकत्र हुए। स्लोगन लिखी तख्तियों और हाथों में जलती मशाल के संग सड़कों पर उतरे और नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। साथ ही सरकार को चेताया कि अगर उनकी मांगें न मानी गई तो 9 दिसंबर से सभी विभागों के कर्मचारी, शिक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस हड़ताल में स्वास्थ्य और रोडवेज सेवाएं भी शामिल रहेंगी। आपको बता दें कि राज्य के सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारी व शिक्षक काफी समय से पुरानी पेंशन बहाली और बकाया एरियर भुगतान समेत आदि मांगों के लिए अपनी आवाज बुलंद किए हैं, कई दफा इनके द्वारा मांगपत्र भी दिए जा चुके हैं, लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया गया। इससे आक्रोशित कर्मचारी- शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने 27 नवंबर को प्रदेश व्यापी मशाल जुलूस के साथ विरोध प्रदर्शन का एलान किया था, संगठन के आहवान पर शनिवार को सीतापुर के विकास भवन के समक्ष प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारी, शिक्षक एकत्र होकर मशाल जुलूस निकाला, यह जुलूस लालबाग चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां पर प्रदेश मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र जिला प्रशासन को सौंपा। इस दौरान कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष आलोक मिश्रा, संरक्षक आरके मिश्रा, जिला मंत्री विनय कुमार सिंह, मंत्री मनोज दीक्षित, षिवम यादव, रोहित सक्सेना, अष्वनी कुमार आदि कर्मचारी व शिक्षक मौजूद थे।

## सरकारी अस्पतालों में संविदा कर्मियों ने बजाई ताली-थाली

● 29 नवंबर को एनएचएम कार्यालय का करेंगे घेराव

●30 से कोविड टीकाकरण व सैंपलिंग समेत एनएचएम कार्य भी करेंगे बाधित

संवाददाता। सीतापुर

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य** मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने एक बार फ्रि अपने हक के लिए हुंकार भरी। प्रांतीय संगठन के आवाहन पर चल रहे आंदोलन के क्रम में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों ने जिला महिला व पुरुष अस्पताल के अलावा जनपद की सभी 19 सीएचसी में थाली और ताली बजाकर विरोध प्रदर्शन किया और सात सूत्रीय मांगपत्र देकर शासन और प्रशासन का ध्यान भी आकृष्ट कराया। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी विनियमितिकरण, वेतन विसंगति, जॉब सुरक्षा, 7वें वेतन आयोग का लाभ, रिक्त पद पर स्थानांतरण, आशाओं को निर्धारित मानदेय आदि मांगों को लेकर 12 नवम्बर को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा था। इसके जरिए मांगों के समाधान की गुहार भी लगाई थी, लेकिन अभी तक उस ओर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है। जबकि 25 नवंबर को काला फीता बांध कर विरोध एवं 26 नवंबर को एक घंटे के कार्य बहिष्कार संविदा कर्मचारियों द्वारा किया जा चुका है। शायद यही वजह है कि शनिवार को जुटे संविदा कर्मचारी थाली-ताली बजाने मजबूर हुए, इस दौरान संविदा कर्मचारियों ने चेताया कि अगर मांगें न पूरी हुई, तो 29 नवम्बर को मिशन निदेशक कार्यालय एनएचएम लखनऊ का घेराव करेंगे ।साथ ही एनएचएम कर्मचारी 30 नवम्बर से सीएमओ आफ्सि में धरना देते हुए अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार पर चले जाएंगे, इससे टीकाकरण, सैंपलिंग सहित एनएचएम कर्मियों द्वारा किए जाने वाले समस्त कार्य बाधित होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# वाणिज्यकर अधिकारी ने बताए जीएसटी के फायदे

संवाददाता। मैगलगंज-खीरी

**वाणिज्यकर अधिकारी** खंड-4 ओम प्रकाश यादव ने एक साड़ी सेंटर पर एक बैठक आहूत की। इसमें उन्होंने जीएसटी पंजीयन के फायदे बताते हुए कहा कि यदि व्यापारी का जीएसटी में पंजीयन है और उस के साथ कोई अनहोनी होती है तो उसमें सुरक्षा कवच भी है। उनके आश्रितों को 200000 मिलेंगे। इसके अलावा 1000000 रुपए का दुर्घटना बीमा भी है। इस बीमा के लिए जीएसटी पंजीयन कराने वाले व्यापारियों का कोई प्रीमियम नहीं अदा करना होता है। उन्होंने बताया कि डेढ़ करोड़ रुपए का वार्षिक टर्नओवर करने वाले छोटे व्यापारियों के लिए सभी भाइयों के लिए समाधान योजना भी है। ऐसे व्यापारी जीएसटी में पंजीयन कराकर समाधान योजना का लाभ ले सकते हैं। व्यापारियों ने ऑनलाइन व्यापार को रोकने की मांग की। इस मौके पर मनोज मिश्रा राम शंकर गुप्ता मोहम्मद हसन राधे मोहन दुबे मोहम्मद मोबीन राम लखन गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



## करंट की चपेट में आये बालक की मौत

**खमरिया-खीरी।** ईसानगर क्षेत्र के ऐरा गांव में शनिवार को दोपहर बाद घर के बाहर खेल रहा दिवाकर (11) पुत्र सकटू अपने पड़ोसी शिवरतन पुत्र मथुरा के घर के बाहर लगे बिजली के खंभे के पास पहुच गया जहां दौड़ रही करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खम्भे में चिपके दिवाकर को देख ग्रामीणों ने किसी तरह उसे छुड़ाकर आनन-फानन में सीएचसी खमरिया ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई पुत्र की मौत के बाद उसके माता पिता समेत परिवार में मातम छा गया। वहीं इस मामले में बिजली विभाग चुप्पी साधे नजर आया जबकि ग्रामीणों ने खम्भे के जर्जर तारों को बदलने के लिए विभाग को काफी दिन से लगातार सूचना दे रहे थेए बावजूद ज़िम्मेदार बिजली कर्मचारियों ने उक्त लाइन को सही करने में रुचि नहीं ली जिसके चलते शनिवार को दिवाकर उसकी चपेट में आकर असमय ही काल के गाल में शमा गया।

# थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं

**लखीमपुर खीरी।** माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवसष् का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन ने थाना खीरी व कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी ।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम और तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। एसपी ने कहा कि अशांति का माहौल पैदा करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। इस दौरान पुलिस और राजस्व के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## मतदाता जागरुकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

**मोहम्मदी-खीरी।** मतदाता जागरूकता के अंतर्गत मोहम्मदी डिग्री कालेज मोहम्मदी में मतदाता जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गयी। इसमें उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने डिग्री कालेज के बालक और बालिकाओं को मतदाता बनने के लिऐ जागरूक किया। इस गोष्ठी में कालेज प्रबंध समिति सहित अध्यापक भी मौजूद रहे। वहीं उपजिलाधिकारी ने अनेकों बूथों का निरीक्षण किया। जिसमें महमदपुर दीना, अली नगर, नकेड़ा, पाल अभम, कचनार बूथों पर जाकर निरीक्षण किया। वही मोहम्मदी, निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज 27 नवम्बर को तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह ने अनेकों बूथों पर जाकर निरीक्षण किया। जिसमें जेपी इंटर कॉलेज, गुलेरिया परबस्तनगर, भूड़ा पिपरी, मंगरेना, धमौला, बौआ व तुरकहटाठप्पन गोकन सहित अन्य बूथों का निरीक्षण किया। मौजूद बीएलओ को उचित दिशा-निर्देश दिए। वहीं उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने संविलियन विद्यालय मोहमद पर दीना, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर, नकेड़ा व पाल अभय कचनार आदि के मतदान केंद्रों निरीक्षण किया तथा उचित दिशा निर्देश भी दिए।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण



**लखीमपुर-खीरी।** सलेमपुर कोन स्थित वृद्धा आश्रम में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर द्वारा वृद्ध जनों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु माह में एक कैंप आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए थे, जिनके क्रम में नवम्बर माह में यह कैंप शनिवार को आयोजित हुआ है। जिला अस्पताल से डॉक्टर और पैरामेडिकल की एक टीम सलेमपुर कोन वृद्धा आश्रम पहुंची। इस टीम में फ्जिीशियन डॉ. राजकुमार वर्मा और नेत्र चिकित्सक डॉ. राम अवध चक्रवर्ती सहित एमसीडी के लैब टेक्नीशियन रोहित पांडे, स्टाफनर्स नीरज कुमार और काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव मौजूद थे। टीम द्वारा 26 वृद्धजनों के ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच की गई। वहीं टीवी व कैंसर संबंधी स्क्रीन भी की गई। इसमें शुगर के 10 मरीज और ब्लड प्रेशर के 5 मरीज मिले हैं, इन सभी मरीजों की काउंसलिंग भी की गई।

## बाघ ने किसान को मार डाला

**तिकुनियां-खीरी।** तिकुनियां कोतवाली के अंतर्गत मंझरा पूरब गांव दुमेड़ा निवासी राममूर्ति पुत्र बिरजू खेत में गन्ना छील रहे थे। अचानक बाघ ने किसान पर हमला कर दिया। इससे किसान की मौके पर मौत हो गयी। पास के खेत में काम कर रहे ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ ने किसान को छोड़कर खेत के आस पास 15-20 मीटर की दूरी पर घूमता रहा। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग व तिकुनियां कोतवाली प्रभारी मौके पर परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है।

## पत्नी की हत्या करके थाने पहुंचा

**बरेली** । खाना बनाने को लेकर पत्नी से हुए विवाद के बाद पति ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी और फ्रि थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और मृतका की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । भमोरा थाना क्षेत्र के गांव सरदार नगर निवासी नेहा उर्फप्रेमवती की आज सुबह उसके पति संदीप ने घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी जिला अस्पताल में मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि भमोरा के गांव भगना पुर निवासी राजू की लड़की प्रेमवती का विवाह लगभग 3 वर्ष पूर्व संदीप से हुआ था वह इस समय एक बेटे की मां थी पति और पत्नी के बीच अक्सर छोटी.छोटी बातों पर झगड़ा होता था । पति अक्सर पत्नी को मायके जाने से रोकता था स लेकिन वह पति की बात सुने बिना अपने मायके चली जाती थी स जिसको लेकर दोनों में कई दिनों से विवाद चल रहा था स कल शाम खाना बनाने को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया स जिससे गुस्साए पति ने प्रेमवती को गोली मार दी स वह गंभीर रुप से घायल हो गई स गोली चलने की आवाज सुनकर गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए स सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वाले प्रेमवती को जिला अस्पताल लाए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया स इधर संदीप को पता चला कि उसकी पत्नी की मौत हो गई है तो वह खुद ही थाने पहुंच गया और अपनी पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली स उसने आत्मसमर्पण कर दिया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा मृतक की लाश को पुलिस ने पौस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# डीएम ने ईवीएम एफएलसी का किया निरीक्षण, जानी प्रगति

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शनिवार को** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के साथ ईवीएम मशीन की कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट व वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का निरीक्षण कर प्रगति जानी।

डीएम-एसपी ने सबसे पहले पंजिका में अपनी इंट्री दर्ज की, वहां पर लगाए गए पुलिसबल को पूरे परिसर पर पैनी निगाह रखकर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। निर्देश दिया कि चेकिंग करके केवल अनुमन्य व्यक्तियों को ही उनका परिचय पत्र देखकर ही एफ्एलसी हाल में इंट्री दें। डीएम ने भारत निर्वाचन आयोग के नामित इंजीनियरों व अधिकारियों-कर्मचारियों को सावधानीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

डीएम ने एफएलसी में लगे अफसरों व आयोग द्वारा नामित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के इंजीनियर से बातचीत करके भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एफएलसी की गाइडलाइन व प्रोटोकॉल का पूर्णतया अनुपालन करने के निर्देश दिए। मजिस्ट्रेट की देखरेख एवं आयोग द्वारा नामित इंजीनियर द्वारा सावधानीपूर्वक ईवीएम (कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट व वीवीपैट) की फर्स्ट लेवल चेकिंग की जाए। उन्होंने परिसर की बैरिकेडिंग देखी, तैनात पुलिस बल को जरूरी निर्देश दिए।

बताते चलें कि जनपद में बैलेट यूनिट 5616, कंट्रोल यूनिट 4484 एवं वीवीपैट 4822 की एफ्एलसी होनी प्रस्तावित है। शुक्रवार तक 3120 बैलट यूनिट एवं 3150 कंट्रोल यूनिट, 2680 वीवीपैट की एफ्एलसी हुई, जिनमें 20 बीयू व 50 सीयू व 140 वीवीपैट की एफएलसी में रिजेक्ट हुई। निरीक्षण में सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, आयोग द्वारा नामित इंजीनियर्स मौजूद रहे।

## आबकारी संयुक्त टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** सासिया कॉलोनी सुआभोज एवं ग्राम कुरयानी में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई जिसमें सैकडों लीटर कच्ची शराब व हजारों लीटर लहन को बरामद कर आधा दर्जन कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री करने वालों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। संयुक्त टीम में प्रेम सिंह आबकारी निरीक्षकगोला, अवधेश कुमार आबकारी निरीक्षक खीरी, रुद्रकांत आबकारी निरीक्षक, मोहम्मदी एव मनोज कुमार यादव आबकारी निरीक्षक निघासन द्वारा संयुक्त दबिश दी गयी,दबिश के दौरान लगभग 200 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा 5000 लीटर लहन बरामद कर नष्ट किया गया तथा शराब बनाने वाले 15 ड्रम एवं यंत्र बरामद किए गए।

# डीएम ने बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर हल कराए गणित के सवाल



**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों का निरीक्षण कर रहे थे, इस दौरान वह कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओयल पहुंचे, जहां उन्होंने संचालित विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर शैक्षिक गुणवत्ता का स्वयं मूल्यांकन किया। डीएम ने कक्षा 8 की क्लास में छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनका शैक्षिक स्तर आका। डीएम ने चौक डस्टर उठाया, ब्लैक बोर्ड पर गणित विषय का एक सवाल लिखा, जिसका छात्रा अनु कसेरा ने सही जवाब लिखा। इसके लिए डीएम ने ताली बजाकर उसका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने अन्य बालक बालिकाओं से भी कई सवाल किए। वही उसी कक्षा के छात्र अंकुश कुमार से 19 का पहाड़ा सुना। अगली कक्षा में पहुंचकर डीएम ने छात्र-छात्राओं से अंग्रेजी की पुस्तक की रीडिंग भी करवाई। उन्होंने विद्यालय की अध्यापिका निर्देश दिया कि पूरे मनोयोग से छात्र-छात्राओं को शिक्षित करें। वही कमतर बच्चों के लिए विशेष प्रयास शुरू किए जाएं। इस दौरान डीएम ने विद्यालय के शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी पड़ताल की। उन्होंने निर्देश दिए कि शौचालय की साफ-सफाई को प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाए।

## कर्मचारियों ने निकाला विशाल मशाल जुलूस



**लखीमपुर-खीरी।** पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत पुरानी पेंशन, वेतन विसंगतियों व स्थानांतरण प्रक्रिया सहित 12 सूत्रीय मांगों को राज्य कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने अध्यक्ष महन्थ सिंह व मंत्री ओम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में स्थानीय विलोबी मेमोरियल हाल से मशाल जुलूस निकाला। विलोबी हाल से निकलकर यह जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ गुजरा। जुलूस में शामिल लोग तरह-तरह की मांगें कर रहे थे। कर्मचारी हाथों में मशाल पकड़े थे। जुलूस वापस विलोबी हाल पहुंचा। जहां एक सभा हुई। निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। मांगें पूरी न हुईं तो 9 दिसम्बर से प्रदेश स्तरीय कार्यबंदी की जाएगी।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 28 नवंबर 2021



# सहकारिता को अपनाने से ही जीवन में प्रगति संभव: द्विवेदी

- किसी के पास अगर सहकारिता नहीं तो मनुष्य नहीं:तिवारी
- भारत में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल किया:सोनकर
- आडिटोरिएम में संपन्न हुई बस्ती जिला सहकारी बैंक की 9वी. वार्षिक सामान्य बैठक



सहकारिता पुस्तक का विमोचन करते पायनियर

## वर्ष 2021-22 के लिए बनाई गई कार्य योजना

2021-22 के लिए जो कार्य कलाप तैयार किए गए हैं, उनमें पैक्स द्वारा ई-वैलेट के जरिए विधुत उपभोक्ताओं से बिजली बिल कलेक्शन करना, चयनित समितियों के माध्यम से माइक्रो एटीएम से खाता खोलना और लेन देन करना, नाबार्ड की वित्तीय सहायता से मोबाइल एटीएम वैन संचालित करना, बैंक मुख्यालय एवं मुख्य शाखा शाखा तथा सचिव निवास के लिए आईसीडीपी के तहत भवन निर्माण करना, नाबार्ड की वित्तीय सहायता से पैक्स पर वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन करना, एटीएम की स्थापना करना, समितियों का कम्प्यूटराइजेशन कराना, बकाया/एनपीए ऋणों की वसूली के लिए ओटीएस लागू करना, अल्पकालीन ऋण वितरण के तहत गैर बकाएदार सदस्यों का सीधे बैंक शाखा से केवाईसी बनाना एवं दस लाख से कम बकाया वाली समितियों की अल्पकालीन फसली ऋण की सीमाएं निर्धारित करना, भारत सरकार की आत्म निर्भर योजना के तहत समितियों में पोस्ट हार्वेस्ट अवस्थापना विकसित किए जाने संबधी योजनाएं लागू करना एवं पैक्स को मल्टी सर्विस सेंटर के रुप में विकसित करने जैसी अन्य योजना है।

संवाददाता। बस्ती

**सहकारिता** सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास लेकर लक्ष्य प्राप्ति का साधन है। उक्त विचार प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, डॉ0 सतीश द्विवेदी ने व्यक्त किया। वे भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में जिला सहकारी बैंक के 9वें वार्षिक सामान्य बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि सहकारिता अपना कर ही हम जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकते है। उन्होने अमूल, पराग, ईफ्को, कृभको का उल्लेख करते हुए कहा कि समर्पित भाव से यदि संस्था को संचालित किया जाय, तो सहकारिता के बल पर सफलता हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर उन्होने बैंक की वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020-21 पुस्तिका का विमोचन किया। प्रभारी सहकारिता, पूर्व सांसद एवं सदस्य विधान परिषद विद्यासागर सोनकर ने कहा कि भारत में सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल किया है। भारत में सहकारिता पुरातनकाल से चली आ रही है। वर्तमान सरकार भी आधुनिक तकनीकी अपनाकर सहकारी बैंको को सुदृढ करने का प्रयास कर रही है। भारत सरकार में पहली बार उ0प्र0 से सांसद बी.एल. वर्मा को सहकारिता राज्य मंत्री बनाया गया है। उन्होने इस बात पर बल दिया कि जिला सहकारी बैंको में कर्मचारियों की संख्या बढाया जाना चाहिए। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ तिवारी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि नाबार्ड द्वारा बैंक को 'डी' से 'सी' ग्रेड में रखा गया है। कहा कि अगर किसी के पास सहकारिता नहीं तो वह मनुष्य नहीं। कहा कि बैंक के अंशपूजी में 31 मार्च 2020 के सापेक्ष 31 मार्च 2021 को 119.94 लाख बढोत्तरी हुयी है। जिले की सभी शाखाए कम्प्यूटरीकृत है एंव सी.बी.एस. प्रणाली पर कार्यरत है। सामान्य बैठक को विधायक दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला, महेश शुक्ला, अशोक सिंह, बाबूराम सिंह, दयाशंकर ने सम्बोधित किया। बैंक के सचिव पीपी गौतम ने बैठक का एजेण्डा प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन अजय पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर यशंकात सिंह, हरीश सिंह, अनूप खरे, जगदीश शुक्ल, अखंड प्रताप सिंह, जटाशंकर शुक्ल, पवन कसौधन, रामशंकर यादव, भोलू सिंह, उदयशंकर शुक्ल, मनमाहन श्रीवास्तव उर्फ काजू, सुशील सिंह, दिवाकर मिश्र, रघुनाथ सिंह, बैंक के संचालक सुनील कुमार, हमीर पाल, शत्रुघन पाल, श्रीमती सुधा, अमित प्रताप सिंह, उर्मिला यादव, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, हरीश चन्द्र, शिव कुमार, रंजीश कुमार तथा उप निबन्धक सहकारिता अशोक कुमार, राज कुमार शुक्ल तथा विभिन्न साधन सहकारी समिति के सभापति एंव सदस्य उपस्थित रहें उपस्थित रहें।

## किदवई पार्क में बछरावां प्रीमियर लीग टी20 का फाइनल मैच आज

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां नगर के किदवई पार्क में बीते रविवार से चल रहे बछरावां प्रीमियर लीग में शनिवार को दोनो सेमी फइनल मैच खेले गएएजिसमें एन डी बी जी लखनऊ और ट्रिपल एस एकेडमी रायबरेली ने जीत दर्ज की पहले मैच में एन डीबीजी ने क्रिक स्टार्स को 45 रनों से हराया वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में ट्रिपल एस ने ग्लोबल स्टार्स को 30 रनों से हराया। विजई टीमों के हीरो रहे प्रभूजोत सिंहएतथा सोमेंद्र सिंह को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए आयोजक मंडल से नगर पंचायतअध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जीए दीपक अवस्थीए पीएल रावतए सोनू सिंह जितेंद्र सिंहएमंजू चतुर्वेदीएमो साहिल ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। निर्णायक की भूमिका में पंकज तिवारी तथा अभिषेक शुक्ल रहे। सेमीफाइनल में विजई दोनों टीमों का फाइनल मैच आज खेला जाएगा।

# विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान का डीएम ने लिया जायजा

- लापरवाही पर बीएलओ को लगायी फटकार, दिया निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर



जायजा लेती जिलाधिकारी पायनियर

**जिला** निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत जनपद के मतदेय स्थलों पर लगाए गए कैम्पो का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के तहत तृतीय विशेष अभियान के दौरान मतदेय स्थलों मौलाना आजाद स्कूल, मड़या जूनियर हाई स्कूल, हीरा लाल इंटर कॉलेज में पहुंचकर उपस्थित बीएलओ से नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु प्राप्त फार्म सहित विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ करते हुए उन्हें एक भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से न छूटे की हिदायत दी तथा कई बिंदुओं पर उनका मार्गदर्शन भी किया। हीरालाल इंटर कॉलेज पर बीएलओ द्वारा मात्र 04 व्यक्तियों का पंजीकरण पाए जाने पर जिलाधिकारी ने फटकार लगाते हुए उन्हें बूथ क्षेत्र में घर-घर जाकर शत प्रतिशत पात्रों (अर्हता तिथि 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवक व युवतियां) का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फार्म-6 भरवा कर उन्हें मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए।

# देश के विकास व उत्थान के लिए कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

- एबीएम इण्टर कालेज में हुई कांग्रेसियों की प्रशिक्षण कार्यशाला, विधानसभा चुनाव जीतने का लिया मंत्र

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिला** कांग्रेस कमेटी के द्वारा खलीलाबाद शहर के एबीएम इंटर कालेज में प्रशिक्षण से पराक्रम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं कांग्रेस पार्टी के न्याय पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं सभी विधानसभा अध्यक्ष को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण देने वाले मुख्य अतिथि विष्णु शर्मा एडवोकेट ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के इतिहास और इस देश के निर्माण में कांग्रेस के योगदान से अवगत कराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस विषय पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्र को पुन: एकजुट होने एवं जाति-धर्म के ऊपर उठकर देश के विकास व उत्थान का संकल्प लिया। साथ ही सपा, बसपा व भाजपा के द्वारा समाज में फैलाए जा रहे नफरत और देश के विनाश के लिए उठाए जा रहे प्रदेश व केन्द्र सरकार के विभिन्न कदमों के विषय पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ता ही कांग्रेस के आधार स्तम्भ है और इनकी सक्रियता से ही प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। श्री पाण्डेय ने कहा कि भाजपा के शासन काल में महंगाई चरम पर है लेकिन भाजपाई सिर्फ अपनी पाठ थपथपाने में मस्त है उन्हें जनता के दु:ख दर्द से कोई सरोकार नहीं है। जिला उपाध्यक्ष दिलशाद अफसर ने कहा कि भाजपा की नीतियां सिर्फ जनता को परेशान व भ्रमित कर रही है। अबकी बार जनता ने भाजपा को भगाने का मन बना लिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने व कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। कांग्रेस नेता डॉ0 अमरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ता ही कांग्रेस संगठन का आधार है उनकी मेहनत व लगन से पार्टी अबकी बार प्रदेश में सरकार बनाने में सफल होगी। प्रशिक्षण में श्रीमती मीनू सिंह, जुल्फीकार अहमद, विजय कुमार शुक्ल व मोहम्मद नजीर ब्लाक अध्यक्ष सेमरियावां भुनेश्वर भारतीय ब्लाक अध्यक्ष खलीलाबाद, गुड्डू उपाध्याय, चमन सिंह, बिट्टू सिंह, राजू गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### दिव्यांग बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए डीईओ ने दिया पुरस्कार

**संतकबीरनगर।** राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशों की अनुपालन क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में दिव्याग बच्चों हेतू ब्लॉक का स्तर पर खेल कूद व सास्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है इस प्रकार के आयोजन में विद्यालयों में अध्यनरत दिव्याग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। दृष्टि दिव्याग बच्चो हेतु छूकर पहचानो ब्रेल लेखन मानसिक मन्दता से ग्रस्त बच्चों हेतु रंगोली कुर्सी दौड़ पढन दक्षता सहित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में खलीलाबाद सहित बघौली मेहदावल सेमरियावा एव वेलहर कला विकास क्षेत्र मे अद्यतन प्रतियोगिताओ का आयोजन किया पूर्ण कर लिया गया है। इस क्रम मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा बताया गया कि जिला समवयक समेकित शिक्षा व समस्त स्पेशल एजुकेटर को निदेशित किया गया है कि 3 दिसमबर से पूर्व ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम पूर्ण करा ले तथा विश्व दिव्यांग जन दिवस 3 दिसम्बर को जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद पर कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा।

### शान्तिकुंज हरिद्वार से आई टोली ने आनन्द बोधि वृक्ष पर दीपदान कर प्रार्थना की

**श्रावस्ती,कटरा।** गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आगामी वर्ष 2022 में होने वाले युग सृजेता संकल्प समारोह की तैयारियों से पहले गायत्री परिवार के कई जिले के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय टोली के पी दुबे के नेतृत्व में श्रावस्ती स्थित पवित्र आनन्द बोधि वृक्ष पर दीपदान कर आगामी कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर आसपास के कई जिलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। के पी दुबे ने बताया कि नवम्बर 2022 में इस पावन भूमि पर युवाओं को सृजन करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित होना तय हुआ हैए यंहा से भगवान बुद्ध ने करुणा और प्रेम के माध्यम से पूरे विश्व को शान्ति का सन्देश दिया। उन्हीं के संदेशों के माध्यम से मानवीय चेतना से समाज और राष्ट्र का नव निर्माण हो। नारी शसक्तीकरणए नशा उन्मूलनए वृक्षारोपण और युवाओं के अंत:करण का परिवर्तन कर मानव को मानवता का सन्देश देना है।

### तीन माह तक विवेचना नहीं कर पाएंगे एसआई 'राहुल गुप्ता'

**बस्ती।** कलवारी थाने में तैनात एसआई राहुल गुप्त पर एक पीड़ित बालिका को उसके माता-पिता को हैंडओवर करने के मामले में मनमानी और न्यायालय की अवमानना का आरोप प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्टेट/अध्यक्ष न्यायालय बाल कल्याण समिति प्रेरक कुमार ने लगाते हुए एसआई के आचरण, व्यवहार, न्यायालीय आदेशों का अवमानना एवं बाल अधिनियम की अवहेलना को देखते हुए एसपी से एसआई को बाल कल्याण न्यायालय से संबधित संवेदनशील एवं गंभीर विवेचनाओं से तीन माह के लिए अलग रखने और उन्हें विभागीय स्तर पर जेजे एक्ट का प्रशिक्षण देने की बात कही है। एसआई की मनमानी की रिपोर्ट एसओ कलवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में की। वहीं एसआई का कहना है, कि उसे डर है, कि कहीं बालिका की हत्या आनर किलिगं की शिकार न हो जाए। मगर मजिस्टेट परएसआई का दबाव बनाना चर्चा का विषय बना हुआ हैं, वह भी कड़े शब्दों में, इसी बात को न्यायालय ने संज्ञान में लेते हुए एसआई के खिलाफइस तरह का आदेश पारित किया। पहली बार इस तरह का आदेश पारित करने की बात कही गई है। सबसे अधिक चौकाने वाली एसओ कलवारी की वह रिपोर्ट हैं, जिसमें उन्होंने लिखा कि एसआई विवेचना कार्रवाई का पर्चा बिना उनके द्वारा अग्रसारित किए ही न्यायालय में भेज दिया जाता रहा। एसआई के द्वारा स्पष्टीकरण का प्रस्तुत न करना भी न्यायालय ने गंभीर माना। न्यायालय में खुद न उपस्थित होकर अपने पैकोकार को भेजना भी अवहेलना माना गया।

### मतदाता पुनरीक्षण के चलते नहीं हो सका संपूर्ण समाधान दिवस

लालगंज,रायबरेली। शनिवार को सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे और मतदाता सूची पुनरीक्षण समेत नाम बढ़ाने व काटने के आवेदन लेते रहे।हालांकि इस काम में लगे होने की वजह से कोई भी लेखपाल कोतवाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में नहीं पहुंचा।उल्लेखनीय है कि शनिवार को सभी बूथों पर इस माह का अंतिम विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कायर्क्रम आयोजित किया गया था। सुबह से ही बूथों पर बीएलओ के साथ सुपरवाइजर के रूप में लगे लेखपाल भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर शनिवार होने के चलते कोतवाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। लेकिन लेखपालों के बूथों पर होने के चलते वह कोतवाली नहीं पहुंचे जिसके चलते फरियादी भटकते रहे।

### साइकिल से भिड़न्त में बाइक सवार घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**नसीराबाद, रायबरेली।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बाइक और साइकिल की टक्कर में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया जबकि साइकिल सवार मौके पर साइकिल छोड़ कर भाग गया। बाबा का पुरवा मजरे अटावाँ निवासी पवनकुमार यादव पुत्र रामबहोर यादव आयु लगभग 25 साल अपने साथी सुरेन्द्र के साथ किसी काम से गया था।

## बाइक व एम्बुलेंस में भिड़ंत, एक की मौत व दो की हालत गंभीर

**श्रावस्ती,सिरसिया।** थाना सिरसिया अंतर्गत चिल्हरिया मोड़ के निकट बाइक सवारो को तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने जोरदार टक्कर मार दी इस दुर्घटना में बाइक चला रहे किशनू विश्वास की मौत हो गई जबकि पीछे बैठे मां बेटे गम्भीररूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो ने घायलों को सीएचसी सिरसिया में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने किशनू को मृत घोषित कर दिया जबकी घायल मा बेटे की हालत गम्भीर देख कर चिकित्सको ने उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें जिला अस्पताल भिनगा के लिए रेफर कर दिया है। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सिरसिया के ग्राम पूरेप्रसाद निवासी 40 वर्षिय किशनू विश्वास पुत्र नरायन विश्वास शनिवार को अपनी पत्नी लिपिका विश्वास व पुत्र कुशल के साथ बाइक से ताल बघौड़ा स्थित अपने बहन के घर जा रहे थे। जब उनकी बाइक चिल्हरिया मोड़ से थोड़ा आगे बभनी रोड पर पहुंची थी तभी था राजपुर मोड़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी।

# अतिकुपोषित बच्चों का आहार बेच दे रहीं समूह की महिलाएं

- पौष्टिक आहार के अभाव में गर्भवती महिलाएं कमजोर होती जा रही हैं
- विकास खंड बनकटी के ग्राम कोहड़वा की दो दर्जन गर्भवती महिलाओं ने की सीएम और डीएम से शिकायत
- सीडीपीओ ने भी माना कि समूह की महिलाएं आहार बेच रहीं, कार्रवाई के लिए लिखा

संवाददाता। बस्ती

**गर्भवती** महिलाओं और अतिकुपोषित बच्चों के नाम पर आने वाले आहार को खुले में बेच देने का मामला सामने आया है। विकास खंड बनकटी के ग्राम पंचायत कोहढ़वा की दो दर्जन गर्भवती महिलाओ और अतिकुपोषित बच्चों की माताओं ने सीएम, डीएम, सीडीओ बाल विकास परियोजना अधिकारी बनकटी को सामूहिक पत्र लिखकर आहार वितरित करने वाली महालक्ष्मी सहायता समूह की सखी आरती देवी के खिलाफ सरकार आहार का गबन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इन भुक्तभोगी महिलाओं का कहना है, सखी आधा आहार बेच देती हैं, और जो देती भी है, उसका मात्रा कम कर देती है। कहा कि अगस्त माह का आहार तो पूरी तरह बेच दिया। इस मामले में महिलाओं ने प्रधान और सीडीपीओ की भूमिका पर भी सवाल उठाए हुए पूछा कि जब नियम ही नहीं हैं, तो किस आधार पर समूह से आहार वितरित करवाया जा रहा है। इस पूरे मामले में एनएलआरएम के अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरें में है। सीडीपीओ अनुराधा पांडेय भी मानती है, कि आहार वितरण के मामले समूह की सखी मनमानी कर रही है, जिसकी रिपोर्ट एनएलआरएम के अधिकारियों से भी की गई है। बताया कि नियमानुसार आहार का वितरण आंगनबाड़ी के माध्यम से होना चाहिए, मगर समूह के लोग मनमाने तरीके से खुद वितरण कर रही है, और इनका विभाग ऐसे लोगों का सहयोग भी कर रहा है। प्रधान परसराम यादव ने भी माना कि माह अगस्त का वितरण नहीं हुआ। अब सावल उठ रहा है, जब वितरण ही नहीं हुआ तो प्रधान ने किस आधार पर वितरण होने का प्रमाण-पत्र दे दिया, इस पर प्रधान का कहना है, कि हमने कोई प्रमाण-पत्र नहीं दिया।

भुक्तभोगी गर्भवती महिलाएं रेहाना खातून, उर्मिला, बंदना, सावित्री, रीता, विधावती, सबाना खातून, साबरा खातून, प्रमिला, कुसुम, किरन, साबिना, रिंकी, रीता देवी, शाति, फूलमती, लक्ष्मी, फिरदोस एवं सुंदरी यादव सहित अन्य ने सीएम और अन्य अधिकारियों को लिखा कि समूह आरती देवी पत्नी राम सूरत के द्वारा गर्भवती महिलाओं को दाल देती है, तो तेल नहीं देती। तीन से छह वर्ष के कुपोषित बच्चों को किसी को आधा किलो दिया तो किसी को वह भी नहीं दिया। लाभार्थियों को तो एक ग्राम अनाज नहीं देती। इतना ही नहीं छह माह से तीन वर्ष के बच्चों को दाल देती है, तो तेल नहीं देती, किसी को आधा किलो तेल देती है, तो दाल नहीं देती। अतिकुपोषित बच्चों को तो कुछ भी नहीं देती। अगर सखी से पूछा जाता है, तो कहती है, कि केवल 72 बच्चों का ही आहार मिला, और वहीं पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता बताती है, कि वह कहती है, कि सात माह से तीन वर्ष के 56 बच्चों, तीन से छह वर्ष के 70 बच्चों एवं 40 गर्भवती महिलाओं के नाम पर आहार आता है। गांव में अतिकुपाषित बच्चों की संख्या दो हैं, उनका भी आहार समूह की सखी बेच देती है। इन महिलाओं ने समूह के सखी को हटाने और इनके खिलाफ अनाज की चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

## सड़क हादसे में दो लोगों की जान गई

**श्रावस्ती, सोनवा।** थाना सोनवा अंतर्गत दिकौली मोड़ के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पर चल रहे 2 लोगों को रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। इस सड़क हादसे में दोनों ब्यक्तियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सोनवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। थाना सोनवा क्षेत्र के ग्राम दिकौली निवासी इस्माइल व दिकौली मोड़ निवासी गड्डे शनिवार की शाम को पैदल ही दिकौली मोड़ से भिनगा बहराइच मार्ग पर बहराइच की तरफ जा रहे थे उसी समय बहराइच की तरफ से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने दोनों लोगों को रौंद दिया जब तक लोग कुछ समझ पाते तबतक वाहन चालक वाहन सहित बहराइच की ओर वापस फरार हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीण जब वहाँ पहुंचे तबतक दोनो की मौके पर ही मौत हो गई।

# दो माह के बाद भी रेपिस्ट की नहीं हो पाई गिरफ्तारी

**बस्ती/कप्तानगंज।** रेप के आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पीड़िता ने आईजी, डीएम और एसपी से शिकायती की है। पत्र में पीड़िता ने कहा कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला गांव का एक युवक शादी का झांसा देकर कई सालों तक उसका शोषण करता रहा जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा। कहा कि एसपी और डीआईजी से शिकायत करने के बावजूद मोकामी पुलिस इसके प्रति उदासीन है। जबकि आरोपी के परिवार की ओर से पीड़िता के परिवार को कई बार धमकी तक दी जा चुकी है। पास्को एक्ट के तहत तीन सितंबर 21 को कप्तानगंज पुलिस ने मामले युवक के खिलाफ केस दर्ज किया था। लगभग दो माह बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई, जिसके चलते पीड़िता का परिवार दहशत में जी रहा है। किया। कार्रवाई न होते देख पीड़िता पुन: मंगलवार को आईजी से मिली और उनसे आरोपी की गिरफ्तारी करने की की मांग की। आईजी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये कप्तानगंज पुलिस को निर्देश दिया हैं। पहीं कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल राम कहते हैं कि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी हो जाएगी। वहीं कप्तानगंज की पुलिस पर चोरी की घटनाओं को न रोक पाने का आरोप लग रहा है। थाना क्षेत्र के फरेंदा सेंगर गाँव में हुई चोरी हुए दो माह से अधिक समय बीत गया, मगर पुलिस चोरी के मामले का खुलासा तक नही कर पा रही हैं। जिससे पीड़ित परिवार थाने का चक्कर लगा रहा हैं। घटना 24 सितंबर 21 की है। उसी रात अज्ञात चोरों ने फरेंदा सेंगर गांव के सुभाष चन्द्र सिंह के मकान का ताला तोड़कर 34 हजार नकद, सोने की चूड़ियां सहित आलमारी में रखा लाखों का कीमती जेवर उठा ले गये थे। पीड़ित का कहना है, कि केस दर्ज होने के बाद जहां कार्रवाई होनी चाहिए, वहीं पुलिस ने ऐसा लगता है, कि मानो उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। कहा कि पुलिस विवेचना और छानबीन का बहाना बनाकर मामले को दबाना चाह रही हैं।

## गोवध और पुलिस पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**नसीराबाद/डीह,रायबरेली।** डीह थाना पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम, पशुक्रूरता निवारण अधिनियम और पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमले के दुर्दान्त अपराधी को मय नाजायज असलहे के गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उपनिरीक्षक पंकज राज शरद मय हमराह उपनिरीक्षक अशोक पाल, आरक्षीगण करन कुमार चौरसिया, सुखराम यादव, स्वामीनाथ दुबे और चालक प्रेम वीर शर्मा परशदेपुर अमेठी रोड पर ग्राम ननौती के पास जनपद प्रतापगढ़ की सीमा पर दि.27/11/2021को रात्रि गश्त कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 22/09/21 को मकन्दी का पुरवा मजरे बारा की बाग में वध के लिए लादे जा रहे पशुओं के मामले में पशुतस्करों द्वारा पुलिस पार्टी पर हमले का आरोपी चकरोड से मुख्य मार्ग की ओर जा रहा है। पुलिस पार्टी ने 5 क/8क गोवधनिवारण अधि., 11 पशुक्रूरता निवारण अधिनियम, और 307आई पीसी हत्या के प्रयास के आरोपी केदारनाथ पटेल पुत्र जागेश्वर पटेल निवासी पूरे मकन्दी थाना डीह को प्रात: 06=30बजे गिरफ्तार करके उसके पास से 315 बोर का एक नाजायज तमन्चा और एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया।

# देश बचाने के लिए कांग्रेस को जिताना होगा: दिग्विजय सिंह

संवाददाता। नसीराबाद/सलोन, रायबरेली



**काँग्रेस** की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गाँधी के निर्देश पर वर्तमान सरकार की मँहगाई, अन्याय, अत्याचार, शोषण व किसान विरोधी नीतियों के विरोध में सलोन विधानसभा क्षेत्र में काँग्रेस प्रतिज्ञा पदयात्रा के आठवें दिन जननेता शक्ति शेखर स्वदेश के नेतृत्व में काँग्रेस कार्यकर्ताओं सहित भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सलोन ब्लॉक के पकसरावाँ से चलकर समसपुर, बसन्तगंज, तेरहौं से होते हुए सलोन कस्बा तक जाने वाली लगभग 10 किलोमीटर की पदयात्रा में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, नेताओं, कार्यकर्ताओं, महिलाओं व नौजवानों का उत्साह देखते बनता था। मँहगाई और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कार्यकर्ता रास्ते में मिलने वालों को प्रियंका गाँधी की प्रतिज्ञाओं के बारे में समझाते हुए आगे बढ़ रहे थे। सलोन में समापनसभा को वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि देश बचाने के लिए काँग्रेस को जिताना होगा। टी.एन.तिवारी ने कहा कि भाजपा देश को विकास नहीं विनाश की ओर ले जा रही है। सभा को जिला महासचिव मोबीन अहमद चन्दन, विधानसभा प्रभारी हाजी इशरत हुसैन, श्रीमती निखत चौधरी, परमात्मा दीन तिवारी, चन्द्र शेखर रस्तोगी, ब्लॉक अध्यक्ष गण धर्मेन्द्र सिंह, शिवदर्शन पासी, विष्णु कान्त मिश्र आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में बेगम नूर, सीबू अन्सारी, अरविन्द मौर्य, तौफीक अहमद, इरफान डब्बू, कुल्लन, राजीव त्रिपाठी आदि का सराहनीय योगदान रहा। श्रीमती किरन देवी, श्रीमती सुमन रंजन, शक्ति शेखर स्वदेश, राजबहादुर पासी, तुलसी राम पासी, मैकूलाल पासी, रजवाड़ी प्रसाद पासी, अर्जुन पासी आदि सम्भावित प्रत्याशियों ने पूरे दमखम से अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# पाक ड्रोन का इस्तेमाल विस्फोटक गिराने के लिए करता है: जितेंद्र

भाषा। जम्मू

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान ड्रोन का इस्तेमाल भारतीय क्षेत्र में हथियार गिराने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए करता है लेकिन भारत इनका प्रयोग मानवता की सेवा के लिए करता है।

सिंह ने यह बात जम्मू कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोविड-19 रोधी टीकों को पहुंचाने के लिए एक ड्रोन की शुरुआत के मौके पर कही। स्वदेश में निर्मित मध्यम दर्जे के मानव रहित वायुयान (यूएवी) ने यहां स्थित सीएसआईआर- भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान परिसर से उड़ान भरी और कोविड-19 रोधी टीके की 50 शीशियों को सफलतापूर्वक जम्मू के मढ़ क्षेत्र में पहुंचाया जो भारत-पाकिस्तान सीमा के पास स्थित है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री सिंह ने कहा, पाकिस्तान अपने ड्रोन का इस्तेमाल लोगों को नुकसान पहुंचाने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए करता है लेकिन हमारे ड्रोन मानवता की भलाई के लिए संजीवनी बूटी ले जाने के रूप में काम करेंगे और इससे शांति का संदेश जाएगा। सिंह ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण में लगे स्वास्थ्यकर्मियों को दूरदराज के इलाकों और पर्वतीय क्षेत्रों तथा जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम स्थानों पर जाने में दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ड्रोन के इस्तेमाल से स्वास्थ्यकर्मियों की मदद होगी और सौ प्रतिशत टीकाकरण का सरकार का संकल्प पूरा होगा। एक अधिकारी ने बताया कि जीपीएस निर्देशित उक्त ड्रोन को राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं (एनएएल) ने विकसित किया है जो वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक इकाई है। उन्होंने कहा कि इस ड्रोन की रेंज 55 किलोमीटर तक है और यह 20 किलोग्राम तक भार वहन कर सकता है।



## जम्मू-कश्मीर में भाजपा नेता ने उपेक्षा का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दिया

**जम्मू।** भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रचार सचिव अरुण के. छिब्बर ने उपेक्षा और अपमान का आरोप लगाते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा की। छिब्बर (65) ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह पार्टी के साथ 40 साल से भी ज्यादा वक्त से जुड़े रहे हैं, पूरे समर्पण और निष्ठा से काम किया है।

छिब्बर ने कहा, अप्रैल 1980 में भाजपा की स्थापना के समय से ही मैं इससे जुड़ा हुआ था और जमीनी स्तर के कार्यकर्ता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैंने कभी अपने परिवार की परवाह नहीं की और देश की सेवा करने के पार्टी के एकमात्र लक्ष्य से प्रभावित रहा। स्नातकोत्तर छिब्बर ने कहा कि उन्होंने सरकारी नौकरी से ज्यादा तवज्जो भाजपा को दी और पार्टी नेतृत्व के हिसाब से हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं।



कन्नूर में पासिंग आउट परेड में भाग लेते भारतीय नेवल एकेडमी के कैडेट

## चेन्नई के विदेशी डाकघर में एमडीएमए की गोलियां और गांजा जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में स्थित विदेशी डाकघर से शनिवार को मादक पदार्थ एमडीएमए की 52 गोलियों के अलावा मेथ क्रिस्टल और गांजे से भरे हुए तीन पार्सल बरामद किए गए। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक जब्त किए गए मादक पदार्थों की कीमत 3.12 लाख रुपए आंकी गई है। अधिकारियों ने एक विशेष सूचना के आधार पर यह कार्वाई की। प्राप्त सूचना के मुताबिक एमडीएमए की गोलियां किसी विदेशी जगह से आ रही थी। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने इसके आधार पर पार्सल बरामद कर लिए। यह पार्सल नीदरलैंड और अमेरिका से आए थे। सीमा शुल्क विभाग की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक एक पार्सल में हरे रंग की 52 गोलियां थीं, जिनके मेथालेंडियोक्सी मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) होने की आशंका जताई जा रही है।

## राजस्थान के शाही परिवार की संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री व दो अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**कोटा।** एक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने बूंदी के पूर्व शाही परिवार की संपत्ति को हथियाने के लिए कथित रूप से धोखाधड़ी करने और न्यास दस्तावेज (ट्रस्ट डीड) बनाने के मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह और दो अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पुलिस ने बताया कि जितेंद्र, उनके ससुर बिजेंद्र सिंह और बूंदी के पूर्व जिला प्रमुख श्रीनाथ सिंह हाडा के खिलाफ 18 नवंबर को गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। अदालत ने पुलिस को तीनों को गिरफ्तार कर छह जनवरी, 2020 को पेश करने का आदेश दिया है। बूंदी नगर पुलिस ने दिसंबर, 2017 में जितेंद्र और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी), 467 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 471 (फर्जी दस्तावेज को असली के रूप में इस्तेमाल करना) और 120 (बी) (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया था। यह मामला पूर्व राजपरिवार के आखिरी राजा बहादुर सिंह के बेटे रंजीत सिंह के मित्र होने का दावा करने वाले अविनाश कुमार चांदना की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

जितेंद्र सिंह, रंजीत सिंह के भतीजे हैं। चांदना का आरोप है कि तीनों आरोपियों ने रंजीत सिंह की संपत्ति पर कब्जा करने के लिए षड्यंत्र रचा और मई, 2008 की पिछली तारीख का न्यास दस्तावेज तैयार कर उस पर उनके जाली हस्ताक्षर किए। रंजीत की कोई संतान नहीं थी। चांदना ने दावा किया कि रंजीत उनके दोस्त थे और वह 2010 में आखिरी सांस लेने तक दिल्ली स्थित उनके आवास में उनके साथ ही रहे थे। उन्होंने दावा किया कि शाही परिवार के वंशज ने 2009 में सारी संपत्ति उन्हें हस्तांतरित कर दी थी। चांदना का आरोप है कि जितेंद्र ने कुल देवी आशापुरा माताजी न्यास की स्थापना की और इसके माध्यम से रंजीत की सारी संपत्ति धोखे से अपने नाम कर ली। अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए कहा कि जितेंद्र और दो अन्य आरोपियों ने अनुचित लाभ लेने के लिए फर्जी न्यास दस्तावेज जमा कराके अदालत को धोखा देने की कोशिश की। अदालत ने इस बात पर भी गौर किया कि जितेंद्र ने जांच अधिकारी को दस्तावेज की मूल प्रति मुहैया नहीं कराई, बल्कि अधिकारी को एक निजी फोरेंसिक प्रयोगशाला द्वारा जारी एक फर्जी रिपोर्ट दी गई। जितेंद्र द्वारा जमा कराई गई इसी रिपोर्ट के आधार पर बूंदी पुलिस ने मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की थी।

## उपराष्ट्रपति ने लोगों से कार्बन उत्सर्जन कम करने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश के प्रमुख शहरों में, विशेषकर सर्दियों के दौरान बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर शनिवार को चिंता व्यक्त की और लोगों से यथासंभव कार्बन उत्सर्जन कम करने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थापित करने पर जोर दिया और निजी क्षेत्र से आह्वान किया कि वे सरकार के प्रयासों में सहयोग करते हुए अपने शहरी अस्पतालों के दूरस्थ केंद्र ग्रामीण इलाकों में खोले। उपराष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक उपराष्ट्रपति निवास से इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी के कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वाहनों से होने वाले प्रदूषण का वायु गुणवत्ता खराब होने के कारकों में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि स्थाई विकास को लेकर लोगों के नजरिए पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे जीवनशैली का मूल्यांकन करें और यथासंभव कार्बन उत्सर्जन कम करने की कोशिश करें। देश में फेफड़ों की बीमारियों सहित गैर संचारी रोगों के बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने युवाओं को सलाह दी कि वे स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाएं।

## इंदौर का नाम बदलने की अटकलें बेबुनियाद : सांसद

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर का नाम बदलने को लेकर सोशल मीडिया पर तूल पकड़ रहीं अटकलों को बेबुनियाद करार देते हुए स्थानीय सांसद शंकर लालवानी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार देश के सबसे स्वच्छ शहर का नाम बदलने के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। गौरतलब है कि इंदौर का नाम पूर्व होलकर राजवंश की शासक देवी अहिल्याबाई के नाम पर रखे जाने की अटकलों को लेकर सोशल मीडिया पर पिछले तीन दिन से बहस चल रही है। हालांकि, ज्यादातर लोग इंदौर के नाम परिवर्तन की बात के खिलाफ सोशल मीडिया पर विरोध जताते हुए कह रहे हैं कि शहर का नाम बदले जाने की कोई जरूरत नहीं है। लालवानी ने बयान जारी कर बताया, इंदौर का नाम बदलने की अटकलों को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मेरी चर्चा हुई है। उन्होंने मुझे बताया है कि प्रदेश सरकार इंदौर का नाम बदलने के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। सांसद ने कहा, इंदौर का नाम इंदौर ही रहेगा।


## बूस्टर खुराक के बारे में फैसला करना चाहिए केंद्र सरकार को: गहलोत

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान सहित पूरे देश में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को चिंताजनक बताते हुए शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को बूस्टर खुराक लगाने के बारे में फैसला करना चाहिए। इसके साथ ही गहलोत ने दूसरी खुराक लगाने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, देश में लोगों को दूसरी खुराक ही नहीं लगी है और जब तक आपको दूसरी खुराक नहीं लगे तब पहली का फायदा नहीं होता।

बचाव के लिए दोनों खुराक लेना जरूरी है। देश में दूसरी खुराक तो सिर्फ 35-40 प्रतिशत लगी है। तो एक अभियान चले देश में जिसमें दूसरी खुराक लग जाए, उसके बाद में नंबर आएगा बूस्टर डोज का। केंद्र सरकार द्वारा बूस्टर खुराक के बारे में फैसला किए जाने पर जोर देते हुए गहलोत ने कहा, हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है कि जिसको खुराक लगे सालभर होने को आ गया है, उसका प्रभाव कम हो जाता है, आपको चाहिए कि आप बूस्टर खुराक की अनुमति दें, जिसे दो खुराक लग गई उसको तीसरी बूस्टर खुराक भी लगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बारे में अभी फैसला नहीं किया है शायद वे चाहते हैं कि पहले लोगों को दूसरी खुराक लगे। गहलोत के अनुसार लेकिन जो बुजुर्ग हैं या बीमार हैं अगर उनको बूस्टर खुराक नहीं लगेगी तो फिर तकलीफ हो सकती है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर हमें कार्वाई करनी पड़ेगी। मुंबई यात्रा से यहां पहुंचे गहलोत ने यहां ईएचसीसी हॉस्पिटल में भर्ती जैन साध्वी प्रमुख कनकप्रभा जी से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम जानी।



बेंगलुरू में आने वाले यात्रियों की कोविड जांच के लिए सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी

## पूर्व आईएएस सहित तीन के खिलाफ केस वापस लेने की याचिका खारिज

एजेंसी। जयपुर

**एक** स्थानीय अदालत ने एकल पट्टा प्रकरण में एक पूर्व आईएएस सहित तीन अधिकारियों के खिलाफ केस वापस लेने की राज्य सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने राज्य सरकार की इस संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। सरकार ने पूर्व आईएएस जी एस संधू, सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी निष्काम दिवाकर व मौजूदा आरएएस अधिकारी ओंकार मल सैनी के खिलाफ केस को वापस लेने के लिए यह याचिका दायर की थी। परिवारी की ओर से इस मामले में 2014 में मामला दर्ज करवाया गया था। उसके वकील संदेश खंडेलवाल ने कहा, एसीबी अदालत ने तीनों के खिलाफ अभियोजन वापस लेने की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। उन्होंने बताया कि एसीबी ने इनके खिलाफ 2016 में आरोप पत्र दाखिल किया था। पूर्व आईएएस अधिकारी जीएस संधू इस समय शहरी विकास और आवास (यूडीएच) विभाग के सलाहकार हैं। वे 2011 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय प्रधान सचिव (यूडीएच) थे जब एक सोसायटी से सम्बद्ध 27301.50 वर्ग गज से अधिक भूमि का एकल पट्टा बिल्डर को जारी करने में कथित अनियमितताएं हुईं। यह पट्टा हालांकि बाद में रद्द कर दिया गया। इस सिलसिले में राम शरण सिंह ने 2014 में एसीबी में केस दर्ज कराया था। एसीबी ने जीएस संधू, निष्काम दिवाकर और ओंकारमल सैनी समेत छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। तीन अन्य आरोपी आम व्यक्ति हैं। जब 2018 में कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई तो उसने संधू और दो अन्य ने राज्य सरकार को मामला वापस लेने के लिए अभ्यावेदन दिया, जिसके बाद एक समिति गठित की गई।

## कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को लेकर ठेकेदारों की शिकायतों की जांच कराने की मांग की

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** में ठेकेदारों के संगठन की ओर से लगाए गए रिश्वत के आरोपों के संबंध में उच्चतम न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराने की अपनी मांग पर कायम कांग्रेस ने अधिकारियों द्वारा की जाने वाली जांच की विश्वसनीयता पर शनिवार को सवाल उठाया।

विपक्षी दल ने राज्य सरकार से इस मुद्दे पर गौर करने के लिए सदन की एक समिति गठित करने का भी आग्रह किया है। ठेकेदारों द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने जांच का आदेश दिया था। मुख्य सचिव पी रवि कुमार ने शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव (जल संसाधन) राकेश सिंह से 10 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले कार्य के संबंध में निविदा प्रक्रिया या बिल भुगतान में किसी भी तरह की अनियमितता पर रिपोर्ट मांगी और अनियमितताओं की शिकायतों की जांच करने को कहा। जुलाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे अपने पत्र में कर्नाटक स्टेट कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने मंत्रियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों और अन्य लोगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने का दावा करते हुए उन पर अनुबंध को मंजूरी देने के लिए निविदा राशि का 30 प्रतिशत तक और लंबित बिल को जारी करने के संबंध में 5-6 प्रतिशत की धनराशि मांग करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, पिछले दस वर्षों की जांच कर लें, हमें कोई आपत्ति नहीं है। इसमें जो भी शामिल है, चाहे वह कांग्रेस से हो या जनता दल (सेक्युलर) या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से, दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए, क्योंकि यह जनता का पैसा है, इसके लिए एक उचित खाता होना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश सिंह जांच कैसे करेंगे, यह सवाल उठाते हुए शिवकुमार ने कहा, वह (सिंह) एक अच्छे अधिकारी हो सकते हैं, यह अलग विषय है। उच्चतम न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश द्वारा जांच कराने का आदेश दें या सदन की समिति गठित करें। मैं सदन की समिति से जांच कराने की मांग करता हूं, भले उनकी ही पार्टी (सत्तारूढ़ दल) के सदस्य को इसका अध्यक्ष बनाया जाए। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के प्रमुख शिवकुमार ने कहा कि सरकार सदन की समिति का गठन ही कर दे क्योंकि वे न्यायिक समिति की जांच के लिए सहमत नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगामी सत्र के दौरान राज्य विधानमंडल में इस मुद्दे को उठाएगी। शिवकुमार ने कहा, यह ठेकेदारों के संगठन की शिकायत है, इस पंजीकृत संगठन से एक लाख सदस्य जुड़े हैं।

## तमिलनाडु के सीएम ने राज्यपाल से नीट से संबंधित विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजने का आग्रह किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को राज्यपाल आर एन रवि से आग्रह किया कि वह राज्य को नीट के दायरे से बाहर रखने तथा 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिला देने के लिए विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी के वास्ते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पास भेजें। स्टालिन ने यहां राजभवन में रवि से मुलाकात की और उनसे विधेयक को तत्काल कोविंद को भेजने का अनुरोध किया ताकि इसके लिए राष्ट्रपति की शीघ्र स्वीकृति मिल सके। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यहां कहा गया है कि मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन, स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम और शीर्ष सरकारी अधिकारी भी थे। राजभवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि भारी बारिश और कोविड-19 महामारी के संबंध में सरकार की पहलों पर भी बैठक में चर्चा हुई। इस साल मई में सत्ता में आने के बाद, द्रमुक सरकार ने सलेम में एक मेडिकल परीक्षार्थी की आत्महत्या की पृष्ठभूमि में यह विधेयक पारित कराया था। राज्य विधानसभा ने 13 सितंबर 2021 को तमिलनाडु स्नातक मेडिकल डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश विधेयक, 2021 पारित किया था। इस विधेयक में राज्य को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दायरे से बाहर रखने और 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर दाखिला देने की अनुशंसा की गई थी। विधेयक की प्रस्तावना के अनुसार, नीट दाखिले का उचित या न्यायसंगत तरीका नहीं है क्योंकि यह समाज के अमीर और समृद्ध वर्गों के पक्ष में है।

## माओवादी शिविर मामले में एनआईए ने मोबाइल फोन के दुकान की तलाशी ली

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पांच साल पहले केरल के निलांबुर जंगलों में भाकपा (माओवादी) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर से जुड़े मामले की जांच में शनिवार को मोबाइल फोन की एक दुकान पर छापा मारा।

पुलिस ने बताया कि कोच्चि की एक टीम ने प्रशिक्षण शिविर में शामिल रहे कुछ लोगों द्वारा उपयोग किए गए सिम कार्ड के मामले में वेल्लोर की एक दुकान पर छापा मारा और दुकान मालिक से पूछताछ की। एनआईए ने कुछ महीने पहले शहर में दानिश और दिनेश के आवासों पर छापा मारा था और ग्रामीण क्षेत्र में अंगलकुरीची में संतोष कुमार के आवास की तलाशी ली थी। पुलिस ने बताया कि निलांबुर में 23 अगस्त, 2016 से सात दिनों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर के संबंध में एनआईए ने 19 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें ए लोग भी शामिल हैं।

## सरकार को सर्दी के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने चाहिए: आजाद

भाषा। श्रीनगर



**कांग्रेस** के नेता गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि केंद्र को फरवरी तक जम्मू-कश्मीर में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करके सर्दी के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव कराने चाहिए। श्रीनगर से लगभग 75 किलोमीटर दूर दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के देवसर इलाके में कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए आजाद ने यह भी कहा कि सर्दी के अगले चार महीने में चुनाव कराना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, अगले चार महीने में चुनाव संभव नहीं हैं और अगर वे (केंद्र) चाहें तो भी हम ना कहेंगे। हम सभी ने (जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई) सर्वदलीय बैठक में कहा था कि पहले राज्य का दर्जा बहाल किया जाए और फिर परिसीमन होना चाहिए। आजाद ने पत्रकारों से कहा, लेकिन, सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया। इसलिए, उन्हें फरवरी तक परिसीमन प्रक्रिया समाप्त करनी चाहिए और सर्दी खत्म होने के बाद, अप्रैल में चुनाव होने चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्राथमिकता यह नहीं है कि कौन मुख्यमंत्री बने, बल्कि यह है जम्मू-कश्मीर में 4 अगस्त, 2019 की स्थिति को कैसे बहाल किया जाए। उन्होंने कहा, प्राथमिकता मुख्यमंत्री को लेकर नहीं है, यह मुद्दा ही नहीं है। प्राथमिकता यह है कि 4 अगस्त 2019 की स्थिति को कैसे बहाल किया जाए। ऐसा राज्य का दर्जा बहाल करने और फिर विधानसभा चुनाव कराने से होगा। आजाद ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कश्मीर केंद्रित नहीं है।

## कोडीन की तस्करी के आरोप में चिकित्सक समेत छह लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा के जरिए कोडीन आधारित कफ सिरप (सीबीसीएस) की तस्करी की कोशिश के आरोप में एक चिकित्सक सहित कम से कम छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के कोलकाता जोन ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए बृहस्पतिवार रात बैरकपुर में छापेमारी की गई और छह लोगों को गिरफ्तार किया। ए लोग कोडीन सिरप की कथित तौर पर तस्करी में शामिल एक गिरोह का हिस्सा हैं। नशे के आदी लोग इस सिरप का सेवन करते हैं। टीम ने कफ सिरप की 2,245 बोतलें भी जब्त की। अधिकारियों का दावा है कि दोनों देशों के बीच सीमा पर कांटेदार तार के जरिए इन बोतलों को तस्करी करके भेजने के लिए संग्रहित किया गया था। अधिकारी ने कहा, आरोपी हल्के छोटे वाहनों में बैरकपुर से नदिया तक कफ सिरप बोतलों की तस्करी में शामिल रहे हैं। पहले, हमने दो लोगों को पकड़ा और फिर उनसे पूछताछ के बाद चिकित्सक और डॉ रेड्डीज के एक चिकित्सा प्रतिनिधि को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक ने कफ सिरप बोतलों को भंडारित करने के लिए अपना गोदाम उपलब्ध कराया था, जबकि चिकित्सा प्रतिनिधि पूरी प्रक्रिया का समन्वय कर रहा था। उन्होंने कहा कि गोदाम बिना लाइसेंस का था।

## गिर में शेर सफारी कम से कम होनी चाहिए: उच्च न्यायालय

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने शेर सफारी के लिए गिर जंगलों में पर्यटकों की भीड़ जुटने पर चिंता जताते हुए कहा है कि एशियाई शेरों को शांति से रहने दिया जाना चाहिए तथा इंसानों और बिल्लियों की प्रजाति के इस विशालकाय जानवर के बीच संपर्क घटाया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति जे पी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर मेहता की खंडपीठ ने इस संबंध में दूसरे देशों द्वारा अपनाए गए कदमों का अध्ययन करने के बाद इस मामले में सरकार से नीति बनाने के लिए कहा।

गुजरात के गिरनार अभयारण्य में प्रस्तावित पर्यटन क्षेत्र का विरोध करने वाले एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि गिर अभयारण्य में सफारी गतिविधियां न्यूनतम होनी चाहिए और सरकार को मनुष्यों और जानवरों के बीच संपर्क को कम करने के लिए एक नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा, आपको इससे क्या मिलेगा? उन्हें शांति से रहने दें। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर उनका मानना है कि इंसानों को कभी भी जानवरों के साम्राज्य में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, शेर और शेरनियों को शांति से रहने दें, आप उन्हें क्यों परेशान करते हैं? अगर किसी को उन्हें देखने की इच्छा है तो वे चिड़ियाघर जा सकते हैं। प्रकृति में हस्तक्षेप न करें।


उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा हस्तक्षेप से शेरों को मजबूरन आबादी क्षेत्रों की तरफ आना पड़ेगा। एक करतब के लिए एक शेर को एक जीवित गाय से फुसलाने की हालिया खबर का हवाला देते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बड़ी बिल्लियों के शिकार कौशल को कम कर देंगे, और फिर वे मनुष्यों के लिए एक बड़ी समस्या पैदा करेंगे।

## गंभीर बीमारी और मृत्य से बचाने में मददगार है टीकाकरण

हमने सीखा है कि टीकाकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रतिरक्षा समय के साथ कम हो जाती है और संक्रमण से उतनी रक्षा नहीं करती है लेकिन, गंभीर बीमारी और मृत्यु से बचाने में उपयोगी है। महामारी विज्ञान के विश्लेषणों में से एक यह देखना होगा कि कितने लोग बी.1.1.529 से संक्रमित हो चुके हैं। आशंका है कि बी.1.1.529 प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से बच सकता है, जो बेहद निराशाजनक है। आखिर में, बी.1.1.1.529 के बारे में अब तक जो कुछ भी ज्ञात है वह इस बात पर प्रकाश डालता है कि गैर औषधीय कवायद के साथ गंभीर कोविड-19 के खिलाफ सार्वभौमिक टीकाकरण अब भी हमारा सबसे अच्छा दांव है और यह आने वाली लहर के दौरान स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सामना करने में मदद करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

## डॉक टॉक

डॉ. सुवर्णा
सलाहकार नियोनेटोलॉजिस्ट
रोजवॉक अस्पताल



## पालन-पोषण की मास्टर कला



इससे पहले कि आपका शिशु बोल सके, वह भूख या पेट भरे होने के लक्षण दिखाएगा। अपने बच्चे के भूख के लक्षणों को समझना महत्वपूर्ण है ताकि आप उसे उस वक्त भी स्तनपान करा सकें जब वह शांत दिखता हो। इस तकनीक को रेस्पॉन्सिव फीडिंग कहा जाता है।

यहां, आपको ऐसे किसी भी संकेत पर ध्यान देना चाहिए जो आपका शिशु दे सकता है और उसे तुरंत जवाब देना चाहिए। इस तरह के फीडिंग में आप बच्चे को सही ढंग से दूध पिलाती हैं और पिलाना बंद कर सकती है जब वह उनका पेट भर जाए। बच्चे के समग्र विकास व पोषण के लिए रेसपॉन्सिव फीडिंग या प्रतिक्रियाशील आहार बहुत महत्वपूर्ण है। आपको यहां केवल प्रदान करना है और बाकी, आपका बच्चा तय करेगा। भूख के किसी भी संकेत पर हमेशा नजर रखें। शिशुओं के पास अधिक सक्रिय या सतर्क होकर या जब वे अपनी आंखें खुली रखने की कोशिश करते हैं, तो यह आपको बताने का उनका अपना तरीका होता है। कुछ अन्य लक्षण हैं जब वे अपने हाथों को मुंह पर रखते हैं, अपने सिर को स्तन की ओर मोड़ते हैं, हाथों को मुंह और छाती की ओर अधिक खींचते हैं या जब आप उन्हें दूध पिलाने में देरी होने पर रोते हुए देखते हैं। रोता हुआ हर बच्चा भूखा नहीं रहता और जरूरी नहीं कि हर भूखा बच्चा रोए। हर बार जब बच्चा होंठ मारता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि बच्चा भूखा है। इसे पिछले स्तनपान और बच्चे के मूत्र उत्पादन के बीच के अंतराल के साथ सहसंबद्ध होना चाहिए। बच्चे में इस तरह की कार्रवाई, तुरंत या पिछले स्तनपान के डेढ़ घंटे के भीतर, अच्छे मूत्र उत्पादन के साथ, भूख को खत्म करती है। तभी इसे नजरअंदाज करना होगा।

**संकेत, कि बच्चे का पेट भरा हुआ है**

जब पेट भर जाता है, तो बच्चा आसानी से विचलित हो जाता है और अपना सिर स्तन से मोड़ लेता है। वे अपना मुंह भी बंद कर लेते हैं, अक्सर मुंह खोलते हैं, और चूसते समय धीमे हो जाते हैं। सबसे आम संकेत यह है कि वे अपने हाथों को आराम देते हैं, अपनी उंगलियां खोलते हैं, और फिर थूकने की कोशिश करते हैं। इसलिए इन संकेतों पर हमेशा नजर रखें।

**मिथक :** बच्चा भूखा है, स्तनपान अपर्याप्त है।

**हकीकत :** बच्चे के रोने की आखिरी वजह है भूख

ज्यादातर माताएं इस बात को लेकर असमंजस में रहती हैं कि जब उन्हें भूख नहीं है तो उनका बच्चा क्यों रो रहा है क्योंकि भूख बच्चे के रोने का आखिरी कारण होता है। लेकिन और भी कई कारण होते हैं जिनकी वजह से आपका बच्चा रोना शुरू कर सकता है। कुछ बच्चे बॉडी टच चाहते हैं, और वे चाहते हैं कि उनके माता-पिता उन्हें उठाएं। कभी-कभी असहज कपड़े या बहुत ज्यादा कपड़ों में लिपटा देना और गीले या गंदे डायपर रोने का कारण बन सकते हैं। जुकाम के दौरान सबसे आम कारण हैं। पलकों का झड़ना ज्यादातर आंखों में जलन पैदा करता है, या हो सकता है कि यह शिशु का पेट का दर्द हो।

**जब बच्चा रोए तो क्या करें?**

माता-पिता होने के दौरान के सबसे सामान्य प्रश्नों में से एक यह है कि जब बच्चा रोता है तो क्या करना चाहिए? आपको अलग-अलग उत्तर मिल सकते हैं, याद रखें, आपके बच्चे के साथ सब कुछ पूरी तरह से ठीक है। इसलिए जब आपका शिशु रोए तो घबराएं नहीं और गहरी सांस लें। कभी-कभी उन्हें ध्यान और प्यार की जरूरत होती है। आपका बच्चा भी नींद की कमी, शोर के कारण रो रहा होगा, बस आराम करें और असली जवाब खोजने की कोशिश करें। एक बच्चा जो बीच बीच में रोने के दौरान ठीक रहता है, अच्छी तरह से फलता-फूलता है, और शारीरिक जांच में कोई स्थानीय असामान्यता नहीं होती है, तो उसका आगे मूल्यांकन की आवश्यकता नहीं है। यदि आपका बच्चा बिना किसी कारण के रो रहा है, तो अपने बच्चे को त्वचा से त्वचा का पर्याप्त संपर्क दें और मां या परिवार के किसी सदस्य के साथ कंगारू देखभाल का अभ्यास करें। उसके बाद, बच्चे को ठीक से कपड़े पहनाना सीखें। बच्चे को बहुत कसकर न बांधें और आसपास के तापमान को ज्यादा गरम करने की कोशिश करें। गंदे नैपी को चेक करते रहें और स्किन केयर हाइजीन का अभ्यास करें। बंद नाक को साफ करने के लिए सेलाइन नेजल ड्रॉप्स का इस्तेमाल करें। अगर आपको लगता है कि आपका शिशु कहीं से गिर गया है, तो जांच लें कि कहीं कोई चोट तो नहीं लगी है। कोलिक निदान नहीं है। यह एक नैदानिक स्थिति है। यदि आवश्यक हो तो कृपया चिकित्सक से परामर्श लें। इसके लिए किसी भी घरेलू उपचार या हर्बल तैयारियों का प्रयोग न करें।


**अभ्यास मोती**

किसी भी बच्चे को रोने से रोकने की कोई दवा नहीं है। बोतल से दूध पिलाना हर रोने वाले बच्चे का जवाब नहीं होता। अपने बच्चे को समझने की कोशिश करें, गर्मजोशी और स्पर्श दें, और जब इसकी आवश्यकता हो। अंत में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## गर्म आहार

**गुड़ :** उत्तर भारत में गन्ने का उपयोग गुड़ बनाने में किया जाता है, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत में खजूर, नारियल या अन्य ताड़ के पौधों का उपयोग किया जाता है। यह हमारी खाने की परंपरा का आंतरिक हिस्सा है, भले ही आप भारत में कहीं से भी हों। बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि गुड़, जिसे भेली के नाम से भी जाना जाता है, के कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। गुड़ में कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, पोटैशियम और फॉस्फोरस की मात्रा अधिक होती है, जिसमें जिंक, कॉपर, थियामिन, राइबोफ्लेविन और नियासिन भरपूर मात्रा में होते हैं। अध्ययनों के अनुसार, गुड़ में बी विटामिन, कुछ पौधों के प्रोटीन और ढेर सारे फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। सर्दी के मौसम में गुड़ खाने से कई फायदे मिल सकते हैं। इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।





विश्व स्तर पर इस स्थिति से पीड़ित सात में से एक व्यक्ति के साथ माइग्रेन एक सामान्य घटना बन गई है। डॉ. प्रवीण जैकब उन मिथकों की चर्चा करते हुए बताते हैं कि इस रोग से स्वाभाविक रूप से कैसे लड़ सकते हैं

# क्या है सिरदर्द के कारण ?

माइग्रेन - एक कष्टदायी सिरदर्द, जो मतली और प्रकाश व ध्वनि के प्रति संवेदनशीलता के साथ जुड़ा हुआ है - न केवल आपके नींद चक्र को बल्कि आपके जीवन की गुणवत्ता को भी बाधित करता है। विश्व स्तर पर इस स्थिति से पीड़ित सात में से एक व्यक्ति के साथ यह रोग काफी सामान्य घटना बन गया है। यह स्थिति आपको इतना असहाय बना देती है कि आप कष्टदायी दर्द को कम करने के लिए तैयार हो जाते हैं। दवाएं दर्द को प्रबंधित करने में मदद कर सकती हैं, और एंटीडिपेंटेंट्स और बीटा ब्लॉकर्स आवर्तक एपिसोड को रोकने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, इन सभी विधियों के संभावित दुष्प्रभाव होते हैं, जिनमें मतली, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप और दिल के दौरे शामिल हैं मगर नैदानिक अध्ययनों से पता चला है कि घरेलू उपचार पारंपरिक देखभाल की तुलना में अधिक प्रभावी दर्द से राहत प्रदान करते हैं।

**कारण**

अगर आपने अपने माइग्रेन के मूल कारण का पता लगा लिया है तो आधी लड़ाई जीत ली जाती है। निर्जलीकरण, उच्च रक्तचाप, गर्दन या कंधे में सख्त मांसपेशियां, भावनात्मक तनाव, कुछ दवाएं, पूरक या अन्य खाद्य पदार्थों की प्रतिक्रिया आदि माइग्रेशन के कुछ प्रमुख कारण हैं। यहां तक कि हेलिकोबैक्टर पाइलोरी, जिसे एच-पाइलोरी बैक्टीरिया के रूप में जाना जाता है, को माइग्रेन, अल्सर और पेट की अन्य समस्याओं के सबसे प्रभावी कारणों में से एक पाया गया है। इसलिए, माइग्रेन के लक्षणों का निदान करने के लिए प्राकृतिक उपचारों को अपनाना एक दवा-मुक्त तरीका है। ये घरेलू उपचार माइग्रेन को रोकने में मदद कर सकते हैं, या कम से कम उनकी गंभीरता और अवधि को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**मिथक**

**वे सामान्य सिरदर्द की तरह हैं**

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सिरदर्द माइग्रेन का केवल एक लक्षण है। सिरदर्द के साथ-साथ, माइग्रेन भी मतली, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, चक्कर, कमजोरी, उल्टी और चेतना की हानि का कारण बनता है।

**यह केवल वयस्कों को प्रभावित कर सकता है**

माइग्रेन बच्चों से लेकर बड़ों तक किसी को भी हो सकता है। यह 5 साल के बच्चे को प्रभावित कर सकता है। कष्टदायी सिरदर्द के अलावा, वे पेट में दर्द, चिड़चिड़ापन, प्रासंगिक भ्रम, गंभीर चक्कर आना, एकाग्रता में कठिनाई और अत्यधिक थकान का भी अनुभव कर सकते हैं।

**माइग्रेन के दौरान सिर के सिर्फ एक हिस्से में दर्द होता है**

माइग्रेन के सिरदर्द के लिए कोई निर्धारित पैटर्न नहीं है। यह या तो एकतरफा हो सकता है या वे पूरे सिर, या यहां तक कि सिर या गर्दन के पिछले हिस्से और कभी-कभी चेहरे को भी शामिल कर सकते हैं। माइग्रेन की चपेट में आने पर सभी मरीज उल्टी नहीं करते।

**महिलाओं को माइग्रेन होने का खतरा अधिक होता है**

महिलाओं को माइग्रेन होने की संभावना तीन गुना अधिक होती है, लेकिन पुरुष माइग्रेन से पीड़ित होते हैं। जहां 18-20 फीसदी महिलाएं माइग्रेन से पीड़ित होती हैं, वहीं 8-10 फीसदी पुरुष भी माइग्रेन से पीड़ित होते हैं। लेकिन वही स्पष्ट नहीं है।

**प्राकृतिक उपचार**

**स्वयं को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखें**

यदि आप बिना दवा के माइग्रेन का इलाज करना चाहते हैं, तो आपको ढेर सारा पानी या इलेक्ट्रोलाइट पेय पीना चाहिए। जब आप अच्छी तरह से हाइड्रेटेड नहीं होते हैं, तो डिहाइड्रेशन के कारण अक्सर सिरदर्द हो सकता है। यदि आप इलेक्ट्रोलाइट पेय का चयन कर रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि इसमें चीनी या रंग नहीं मिला है। अत्यधिक चीनी भी सिरदर्द को बढ़ा सकती है। विटामिन सी युक्त पेय लेना भी एक अच्छा विकल्प है।



डॉ. प्रवीण जैकब
वरिष्ठ सलाहकार, द लाइफकार्ट डॉट इन

**नियमित रूप से योग करें**

अध्ययनों से पता चला है कि योग सिर को नियंत्रित करने में कारगर हो सकता है। योग एक प्राचीन अनुशासन है जो श्वांस तकनीक और मुद्रा-संयोजन के माध्यम से दर्द प्रबंधन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। इन आसनों व प्राणायाम का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। एक प्रमाणित प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रतिदिन दो बार व्यायाम करने से माइग्रेन के दर्द की गंभीरता कम होगी और भविष्य के हमलों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

**एक्यूपंक्चर को आजमाएं**

इस वैकल्पिक चिकित्सा तकनीक के माध्यम से दर्द और ऐसे अन्य लक्षणों से राहत प्रदान करने के लिए शरीर पर दबाव बिंदुओं की पहचान की जाती है। अध्ययनों ने एक्यूपंक्चर को पुराने सिरदर्द से पीड़ित लोगों के लिए विश्वसनीय वैकल्पिक चिकित्सा में से एक के रूप में श्रेय दिया है। यहां तक कि टपकते माइग्रेन के दर्द का सामना कर रहे मरीज, जिन्होंने एक्यूपंक्चरिस्ट के साथ सत्र का प्रयास किया है, वे भी एक्यूपंक्चर को माइग्रेन के दौरान दर्द से राहत के लिए सबसे सुरक्षित गैर-दवा विकल्पों में से एक होने की वकालत करेंगे।

**सचेत ध्यान: एक प्रभावी रणनीति**

चिंतनशील ध्यान में एक पूर्वाग्रह-मुक्त मन के साथ वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। यह हर तरह से तनाव को कम करने में मदद करता है, जो माइग्रेन के सबसे सामान्य कारणों में से एक है। ध्यान और विश्राम जैसी समझदारीपूर्ण तकनीक कभी-कभी सिरदर्द को शांत कर सकती है और तनाव को कम कर सकती है।

**व्यायाम**

माइग्रेन के हमलों की आवृत्ति और तीव्रता को कम करने के लिए नियमित रूप से कुछ शारीरिक गतिविधि करने से मदद मिल सकती है।

**स्व-मालिश हो सकती है मददगार**

माथे, कंधों और सिर के पिछले हिस्से पर मालिश करने से सिरदर्द में मदद मिल सकती है। मसाज थेरेपिस्ट के साथ काम करने से गर्दन व कंधे के पुराने तनाव का समाधान हो सकता है जो सिरदर्द का कारण बन सकता है। आपके अंगूठे और तर्जनी के आधार के बीच स्थित एलआई-4 कंप्रेसर, जिसे हेगू भी कहा जाता है, पर दबाव डालने की हमेशा अनुशंसा की जाती है। यह दर्द और सिरदर्द से राहत दिलाने में मदद करेगा।

**प्राकृतिक माइग्रेन राहत किट**

प्राकृतिक माइग्रेन राहत किट ऑनलाइन उपलब्ध हैं और माइग्रेन व सिरदर्द से लड़ने और ठीक करने के लिए 100 प्रतिशत प्राकृतिक उपचार प्रदान करती हैं। काला जीरा, जीरा, चांदनी, अदरक, और पुदीना सहित स्वदेशी जड़ी बूटियों से बने इन हर्बल प्रोबायोटिक किट का उद्देश्य आंतों को आपके पेट में पनपने की अनुमति देकर सिरदर्द और दर्द को हल करना है।

## अपनी पीठ को मजबूत करें



चूंकि हम में से अधिकांश लोग इस वर्क फ्राम होम यानी घर से काम करने की व्यवस्था में लंबे समय तक काम कर रहे हैं, **डॉ. शुभांग अग्रवाल** हमें बता रहे हैं कि रीढ़ की देखभाल कैसे करें

जहां घर से काम करने के कई व्यक्तिगत और पेशेवर लाभ हैं, वहीं काम के दौरान आपकी खराब मुद्रा के कारण यह आपको रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याओं के प्रति अतिसंवेदनशील भी बना रहा है। चूंकि हम में से अधिकांश इस नयी व्यवस्था में लंबे समय तक काम कर रहे हैं, असहज कुर्सी और काम के भीतर कोई ब्रेक नहीं होता है, और ये सभी कारण पीठ दर्द की वजह बन रहे हैं। हमारे घरों में जगह की कमी के कारण, आज के एर्गोनोमिक कार्यालय फर्नीचर को समायोजित करना मुश्किल है। इसलिए घर से काम करते समय अपने शरीर की मुद्रा का ध्यान रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि शरीर का कोई भी हिस्सा अजीब तरह से मुड़ा हुआ या झुका हुआ नहीं है। परिसंचरण को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर घूमना भी उतना ही आवश्यक है।

**आसन:** कोहनी और गर्दन से तनावमुक्त रखने के लिए व्यक्ति को अपनी मुद्रा का ध्यान रखना चाहिए। जब हम लंबे समय तक बैठते हैं, तो हमारी रीढ़ का एस-कर्व, सी-कर्व में बदल जाता है, जिससे आपकी मांसपेशियों, लिगामेंट्स और ऊतकों पर ज्यादा दबाव पड़ता है।

**अपनी सीट को समायोजित करें**

जब आप लैपटॉप पर काम कर रहे हों, तो अपनी सीट को समायोजित करना आवश्यक है ताकि यह आपकी आंखों के साथ-साथ आपकी पीठ के लिए भी आरामदायक हो। यदि आप डेस्कटॉप कंप्यूटर का उपयोग कर रहे हैं, तो आपकी आंखें आपकी स्क्रीन के शीर्ष से 3 इंच नीचे होनी चाहिए, या अपने लैपटॉप की स्क्रीन को 120 डिग्री पर झुकाएं। स्क्रीन कम से कम एक हाथ की दूरी पर होनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि आप कछुए की तरह अपनी कुर्सी पर सीधे नहीं बैठे हैं या आगे नहीं झुक रहे हैं। अपनी कुर्सी पर वापस बैठते समय, आपके शरीर के कुछ वजन को पीछे की कुर्सी द्वारा सहारा दिया जा रहा है और आराम से अपने की-बोर्ड और माउस तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पास बैठें।

**अपनी स्थिति बार-बार बदलें**

अपने काम में डूब मत जाएं। छोटे छोटे ब्रेक लें। इसके बजाय, हर 45-50 मिनट में उठने की कोशिश करें, भले ही यह सिर्फ कमरे में घूमने के लिए ही क्यों न हो। हर आधे घंटे के बाद खड़े हों, परिसंचरण को बढ़ावा देने और मांसपेशियों को आराम देने के लिए एक या दो मिनट के लिए बदन को खिंचाव दें और घूमें। आप एक गिलास पानी लेने के लिए चल भी सकते हैं या अपने लिए चाय या कॉफी बना सकते हैं। लेकिन अंत में खड़े होकर घंटों काम करने की कोशिश न करें। लंबे समय तक खड़े रहने से भी वैरिकाज नसों का खतरा बढ़ जाता है। हमारे शरीर में 360 जोड़ होते हैं और रक्त के उचित संचलन के लिए इन सभी को हिलने-डुलने की आवश्यकता होती है। इसलिए, स्ट्रेचिंग- ब्रेक महत्वपूर्ण हैं।

**मजबूत पीठ के लिए व्यायाम**

व्यायाम आपकी पीठ को मजबूत और सहारा देने में मदद कर सकता है। हर दिन 30 मिनट के लिए निर्धारित सैर आपकी पीठ के निचले हिस्से व आपकी रीढ़ को सहारा देने वाली मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए बहुत कारगर हो सकती है। व्यायाम को प्राथमिकता देने की जरूरत है। ऐसे कई बेहतरीन और प्रभावी घरेलू व्यायाम हैं जिन्हें आप बुनियादी घरेलू सामानों के जरिए कर सकते हैं। पीठ दर्द से राहत पाने के लिए आप ये कुछ आसान कदम उठा सकते हैं। याद रखें कि जितना अधिक आप तटस्थ मुद्रा में काम कर सकते हैं, और जितना अधिक आप घूम सकते हैं, रीढ़ की हड्डी में चोट लगने की संभावना उतनी ही कम होगी। लेकिन, अगर आप अभी भी ऐसे दर्द से जूझ रहे हैं जो आपके दैनिक जीवन में हस्तक्षेप करता है, तो किसी विशेषज्ञ से बात करने पर विचार करें।

**- लेखक हड्डी रोग व रोबोटिक जोड़ प्रतिस्थापन सर्जन और एनएचएस अस्पताल, जालंधर के निदेशक हैं।**

## रेडियोलॉजी और मेडिकल इमेजिंग का महत्व

**डॉ. संदीप शर्मा का कहना है कि प्राचीन काल से रेडियोलॉजी या डायग्नोस्टिक इमेजिंग ने रोग प्रबंधन में महत्वपूर्ण और केंद्रीय भूमिका निभाई है**

दिसंबर 2019 में, चीन ने वुहान में अज्ञात एटियलजि के एक तीव्र श्वसन-रोग के मामलों की सूचना दी, और कुछ सप्ताह बाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)द्वारा इसे 11 मार्च 2020 को एक महामारी (एक बीमारी, जो आमतौर पर कई महाद्वीपों या दुनिया भर में प्रचलित एक संक्रामक प्रकृति) के रूप में घोषित करने के साथ कई अन्य देशों में इसका प्रकोप फैल गया।

वायरस -सार्स-कोव-2 जिसे आम तौर पर कोविड-19 या केवल कोरोनावायरस के रूप में जाना जाता है, जल्द ही हमारे अधिकांश जीवन में सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन गया और विश्व स्तर पर आधुनिक इतिहास में हमारी पीढ़ी की सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटना बन गया।

अनादि काल से, रेडियोलॉजी या डायग्नोस्टिक इमेजिंग ने रोग प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण और केंद्रीय भूमिका निभाई है, जिसमें असंख्य रोगों के उपचार के तौर-तरीकों का पता लगाने, वे किस चरण में हैं और उन्हें परिभाषित करने के लिए उपलब्ध उपकरणों व तकनीकों का एक विस्तृत विकल्प दायरा उपलब्ध है।

हालांकि, कोविड-19 की शुरुआत होने से, इस घातक संक्रमण का जल्द पता लगाने और रोकथाम हेतु किसी भी विश्वसनीय और सटीक (पढ़ें : अत्यधिक विशिष्ट और अत्यधिक संवेदनशील) परीक्षण का अभाव था।

इमेजिंग परीक्षण का मूल्य उन परिणामों के उत्पादन से संबंधित है जो नैदानिक रूप से या तो निदान की स्थापना के लिए या मार्गदर्शन प्रबंधन, या ट्राइएज के लिए व्यावहारिक हैं।

यहां, बेसलाइन एक्स-रे और थोरैक्स या चेस्ट की हाई रेजोल्यूशन कंप्यूटेड टोमोग्राफी (एचआरसीटी) सहित छाती इमेजिंग की महत्वपूर्ण भूमिका एक अनदेखी इमेजिंग तौर-तरीके के रूप में स्पष्ट हो गई, जो गोल्ड स्टैंडर्ड आरटी पीसीआर परीक्षण की तुलना में अधिक संवेदनशील और विशिष्ट जांच है। (दुनिया भर में किए गए कई अध्ययनों के अनुसार)।

कोविड-19 में एचआरसीटी चेस्ट के निष्कर्ष जैसे ग्राउंड ग्लास ओपेसिटीज (जीजीओ), कंसोलिडेशन, क्रेजी पेवमेंट पैटर्न, सेप्टल थिकेनिंग आदि और सीटी सेवरिटी स्कोरिंग (सीटीएसएस) से पता चलता है कि कोविड-19 वायरस द्वारा फेफड़ों को कितना नुकसान हुआ है, एक वायरस जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, जो चिकित्सकों को सटीक और बेहतर प्रबंधन के लिए अधिक विकल्प प्रदान करने के लिए एक उपयोगी उपकरण साबित हुआ - गंभीरता का निर्धारण, उपचार का मार्गदर्शन, जटिलताओं का प्रबंधन और विशेष रूप से कोविड- 19 के उच्च नैदानिक संदेह वाले रोगियों में उपचार प्रतिक्रिया का आकलन करना।

हालांकि, ग्रामीण संरचना में सीटी स्कैन मशीनों की अनुपलब्धता और कोविड रोगियों के लिए समर्पित मशीनें, मरीजों को मशीन या ढांचे में ले जाना, विशेष रूप से ऑक्सीजन सपोर्ट पर, मशीनों को कीटाणुरहित करने में कठिनाई और सख्त संक्र मण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन करना, आदि इस इमेजिंग तकनीक में कमियों के रूप में सामने आया।

अन्य रेडियोलॉजी और इमेजिंग जांच जैसे कि चेस्ट एक्स-रे (बेडसाइड) ने पोर्टेबिलिटी का अतिरिक्त लाभ प्रदान किया और रोग की प्रगति का अध्ययन करने और विकिरण के न्यूनतम जोखिम के साथ उचित प्रबंधन का मार्गदर्शन करने हेतु आधारभूत छवियों की नवीनतम छवियों से तुलना करने का प्रावधान प्रदान किया।

माना जाता है कि चेस्ट एक्स-रे को ट्राइएज की एक विधि के रूप में उपयोग करना व्यस्त स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था में रैपिड टेस्टिंग किट की तुलना में अधिक बेहतर है। एक्स-रे और सीटी स्कैन सहित चेस्ट इमेजिंग भी नैदानिक रूप से प्रकट होने से पहले ही न्यूमोथोरैक्स, फुफ्फुस बहाव आदि जैसी जटिलताओं का पता लगाने में सहायता करते हैं। इसके अलावा, पुरानी फेफड़ों की बीमारी या कंजेस्टिव हृदय की विफलता जैसी अंतर्निहित सहवर्ती बीमारियों से अनजान रोगियों को इन स्थितियों के साथ पता लगाया जा सकता है और बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। इसलिए, रेडियोलॉजी या मेडिकल इमेजिंग कोविड-19 रोगियों के निदान और प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण सहायक भूमिका निभाता है, विशेष रूप से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित लोगों में।

आर्थिक रूप से, इस महामारी का हानिकारक प्रभाव पड़ता है और राजस्व का महत्वपूर्ण नुकसान होता है, क्योंकि दुनिया भर की सरकारों ने सभी अनाावश्यक सेवाओं को आंशिक रूप से या पूरी तरह से बंद कर दिया है।

इन उपायों के कारण सभी इमेजिंग स्कैन में महत्वपूर्ण कमी आई थी क्योंकि पूर्व-कोविड समय की तुलना में बाह्य मरीजों की मात्रा 10-20 प्रतिशत तक कम हो गई थी। इसके अतिरिक्त, इन दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अल्ट्रासाउंड, रेडियोग्राफ, सीटी, एमआरआई और रेडियोलॉजिकल इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं सहित सभी गैर-आकस्मिक बाह्य मरीज इमेजिंग स्कैन को स्थगित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 5-6 महीनों के लिए उप-सामान्य राजस्व में मुख्य रूप से सीमित तौर तरीकों वाले विशिष्ट केंद्र प्रभावित हुए।

**- लेखक एमआरआई इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक्स रेस सेंटर लिमिटेड के निदेशक व सीनियर रेडियोलॉजिस्ट हैं।**

# वक्त के बंधन में कभी बंधी नहीं : सुनिधि चौहान

भाषा। मुंबई



**जानी** मानी गायिका सुनिधि चौहान ने कहा कि संगीत जगत में उनका दो दशक लंबा करियर लगातार सीखते रहने का सफर रहा है। चौहान पिछली दो पीढ़ियों की सबसे तेजी से लोकप्रिय होने वाली कलाकारों में रही हैं जिनके गाए गाने आज भी संगीत चार्ट में सबसे ऊपर रहते हैं। पार्श्व गायिका ने कहा कि उन्हें लगता है कि जैसे यह कल की ही बात है, जब उन्होंने 1996 में 13 साल की उम्र में अपना करियर शुरू किया था, लेकिन जिस चीज ने उन्हें संगीत जगत में प्रासंगिक बनाए रखा है, वह है प्रयोग करने की उनकी इच्छा। चौहान ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे नहीं पता कि यह 25 साल कैसे बीत गए। ये शानदार रहे। मैंने आगे बढ़ने का हर तरीका सीखा। मैंने जब इस उद्योग में कदम रखा था, तब मुझे पता था कि मेरी जरूरत नहीं है। लोग उनके पास जो था, उससे खुश थे और उस वक्त कई दिग्गज गायक थे। उन्होंने कहा, लेकिन सौभाग्य से मुझे वह एक मौका मिला, जब किसी ने मुझ पर भरोसा किया और महसूस किया कि वे बदलाव, एक नई आवाज चाहते हैं और मैंने गाना शुरू किया। फिर एक अलग समय आया, जब संगीत बदलने लगा और लोग जिस तरह का संगीत सुनते थे, वह भी बदलने लगा। मैं हर बदलाव का हिस्सा रही हूं, जिसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। चौहान सिर्फ 13 साल की थीं, जब उन्होंने 1996 की फिल्म शास्त्र के लिए लड़की दीवानी लड़की दीवाना गीत के साथ पार्श्व गायिका के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। गायिका को उर्मिला मातोंडकर अभिनीत मस्त (1999) के साथ बड़ा ब्रेक मिला, जिसमें उन्होंने रुकी रुकी और मैं मस्त जैसे गाने गाए और इसके बाद फ़िज़ा का चार्टबस्टर महबूब मेरे गाया। चौहान 2000 के दशक में चमेली, धूम, ओंकारा, बंटी और बबली, रेस और लव आज कल जैसी फिल्मों में लगातार हिट के साथ सबसे लोकप्रिय पार्श्व गायकों में से एक के रूप में उभरीं। बीते एक दशक में, गायिका ने तेज गानों को गाने की अपनी खासियत बरकरार रखी, लेकिन धूम 3 से कमली, पीकू में शीर्षक गीत, राज़ी से ऐ वतन या पिछले साल की फिल्म दिल बेचारा से एआर रहमान की मसखरी जैसे अन्य गानों के साथ भी सफलतापूर्वक प्रयोग किया। 38 वर्षीय गायिका ने कहा कि उनकी कोशिश हमेशा वक्त के साथ चलते रहने की रही है। यूं तो उन्होंने हमेशा फिल्मों के लिए ही गाने गए हैं लेकिन अब वह स्वतंत्र संगीत की तरफ भी कदम बढ़ा रही हैं। गायिका ने खुलासा किया कि उन्होंने आइटम गीतों को अक्सर न कहा है क्योंकि वह नहीं चाहती कि लोग उन्हें सिर्फ ऐसे ही गानों के लिए पहचानें। यही कारण है कि डिज्नी प्लस हॉटस्टार की शृंखला दिल बेकरार में उन्हें जिस काम की पेशकश की जा रही थी, उसने उनका ध्यान खींचा। उन्होंने हितेश मोदक द्वारा रचित शृंखला के गीत ए प्यार मिलता है कहां के लिए अपनी आवाज दी है।



पणजी में फिल्म *नाइट फारेस्ट* की लेखिका कात्रिन मिल्हान को 52वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में सम्मानित किया गया

# दुनिया भर की लेखिकाओं का जारी हुआ नया कहानी संग्रह

भाषा। नई दिल्ली

**दुनिया** भर की लेखिकाओं की 18 लघु कहानियां द पंच मैगजीन एंथोलॉजी ऑफ न्यू राइटिंग : सेलेक्ट स्टोरीज बाई वूमेन राइटर्स में बताया गया है कि किस तरह संस्कृति साहित्य का मार्गदर्शन करती है और नई जानकारियां देती है। पुस्तक का प्रकाशन नियोगी बुक्स ने किया है जिसका संपादन एवं प्रकाशन द पंच मैगजीन के संस्थापक एवं प्रकाशक शिरीन कादरी ने किया है। पुस्तक में कश्मीर से केरल और वॉशिंगटन से लंदन एवं रोम तक की संस्कृति को दर्शाती कहानियां लोगों के अंदर एवं बाहर की चिंताओं एवं मानसिक व्यस्तताओं को सामने लाती हैं। कादरी ने पुस्तक के बारे में कहा, लघु कहानियों ने हमेशा दुनिया भर के लेखकों को आकर्षित किया है। समकालीन लेखिकाओं के लघु कहानियों के इस संकलन में दिखाया गया है कि किस तरह से वे जीवन की जटिलताओं एवं विरोधाभासों का विस्तार करती हैं। इसमें हुमरा कुरैशी, अंजलि डोनी, अनिला एसके, गीता नायर जी., हेलेन हैरिस, मीना मेनन, मेहर पेस्टोनजी, जयश्री मिश्रा, लता अनंतरमन, रिनीता बनर्जी, रोशेल पोटकर, सारा रॉबर्टसन, शिल्पा रैना, टैमी आर्मस्ट्रांग, विनीता मोक्किल, वृंदा बलिगा और अमीता बल ने कहानियां लिखी हैं। वरिष्ठ कवि और गीतकार गुलजार ने भी पुस्तक की प्रशंसा की है।

# जाह्न्वी कपूर ने मिली की शूटिंग पूरी की

भाषा। मुंबई



**बॉलीवुड** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने मिली की शूटिंग पूरी की और पहली बार अपने पिता के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। जीवन में संघर्ष वाली इस फिल्म का निर्देशन मथुकुट्टी जेवियर ने किया है और यह 2019 की मलयालम फिल्म हेलन की रीमेक है। जेवियर ने मूल फिल्म का निर्देशन भी किया था। अभिनेत्री (24) ने शूटिंग खत्म करने के बाद शुक्रवार रात पहली बार अपने पिता के साथ काम करने के अनुभव के बारे में लिखा। उन्होंने लिखा, मिली की शूटिंग पूरी हो गई। पापा के साथ यह मेरी पहली फिल्म है, जिनके बारे में मैंने केवल एक निर्माता के रूप में कहानियां ही सुनी हैं। लेकिन अब मुझे यह समझ आ रहा है कि जब सभी कहते थे कि आप अपनी फिल्म में दिल और आत्मा दोनों देते हैं, तो उसका क्या मतलब होता था। इंस्टाग्राम पर इस पोस्ट के साथ उन्होंने कई तस्वीरें भी साझा कीं। मिली में अभिनेता मनोज पाहवा और सनी कौशल हैं।

# मैंने हार न मानना अपने परिवार से सीखा है : करण देओल

भाषा। मुंबई

**पल पल** दिल के पास से सिनेमा की दुनिया में कदम रखने वाले करण देओल ने कहा कि वह अपने काम को लेकर प्रतिबद्ध हैं और बेहतर अभिनेता बन रहे हैं। देओल की पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर पाई थी। देओल ने पल पल दिल के पास को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बारे में कहा कि इससे गुजरना काफी मुश्किल था। इस फिल्म का निर्देशन उनके पिता व अभिनेता से नेता बने सनी देओल ने किया था। हालांकि, अभिनेता ने कहा कि वह इस पड़ाव से आगे बढ़ चुके हैं और दादा धर्मेंद्र, बॉबी देओल और अभय देओल समेत परिवार के अन्य सदस्यों से उन्हें काफी प्रेरणा मिली क्योंकि ए ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपने जीवन में बुरे वक्त देखे हैं लेकिन हार कर बैठे नहीं। देओल ने पीटीआई-भाषा को बताया, पल-पल दिल के पास के परिणाम अच्छे नहीं थे। दुर्भाग्यवश मैं लॉकडाउन की वजह से काम पर वापस नहीं लौट पाया और बाकी लोगों की तरह ही घर पर बैठा रहा। मैंने सोचा कि ऐसे समय में मुझे खुद पर और अपने शिल्प पर काम करना चाहिए और चीजों को छोड़ना नहीं चाहिए। अभिनेता (31) ने कहा कि उन्होंने सोचा कि करियर में उतार-चढ़ाव तो आते रहेंगे क्योंकि यही जिंदगी है। अभिनय से मुझे प्रेम है और मैं यही करना चाहता हूं। अभिनेता फिलहाल वेले के प्रचार में व्यस्त हैं। यह तेलुगु फिल्म ब्रोचेवारेववारुरा का रीमेक है और इसके निर्माण में अजय देवगन भी शामिल हैं।



मुंबई में शनिवार को करण देओल को जन्म दिन पर आशीर्वाद देते उनके पिता सनी देओल

# सिद्धार्थ मल्होत्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस की योद्धा की शूटिंग शुरू की

भाषा। मुंबई



**अभिनेता** सिद्धार्थ मल्होत्रा ने धर्मा प्रोडक्शन की एक्शन फिल्म श्रृंखला की पहली फिल्म योद्धा की शूटिंग शुरू कर दी है। करण जौहर की प्रोडक्शन कंपनी और मल्होत्रा ने सेट से शूटिंग की तस्वीरें साझा कीं। मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर शूट की तस्वीरें पोस्ट कीं। धर्मा प्रोडक्शंस के आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, लाइट्स, कैमरा और... एक्शनउ योद्धा की शूटिंग शुरू। फिल्म का निर्देशन नवोदित निर्देशक जोड़ी पुष्कर ओझा और सागर आंब्रे करेंगी। शशांक खेतान अपने बैनर मेंटर डिसिप्लिन फिल्म्स के जरिए इसका निर्माण भी कर रहे हैं। फिल्म 11 नवंबर, 2022 को रिलीज होने वाली है। योद्धा से पहले, मल्होत्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस की कई फिल्मों में अभिनय किया है, जिसमें उनकी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर, हंसी तो फंसी, कपूर एंड संस और उनकी हालिया हिट फिल्म शेरशाह शामिल हैं।

# दुधवा में 20 से बाघों की गणना शुरू होने की संभावना

भाषा। लखीमपुर खीरी

**दुधवा** बाघ अभयारण्य (डीटीआर) में बाघों की गणना 20 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। डीटीआर के क्षेत्र निदेशक संजय पाठक ने पीटीआई-भाषा को शनिवार को बताया कि बाघों और अन्य जानवरों की गणना का कार्य पहले 20 अक्टूबर से शुरू होना था, लेकिन दुधवा में भारी बाढ़, बेमौसम बारिश और बनबसा बैराज से शारदा नदी में अप्रत्याशित रूप से पानी के भारी बहाव के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। उन्होंने बताया कि बाघों के साथ-साथ जंगली हाथियों और अन्य मांसाहारी और खुर वाले जानवरों की संख्या का पता लगाने का कार्य 20 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहाकि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार गणना का काम दक्षिण खीरी वन मंडल के दुधवा, किशनपुर, दुधवा बफर जोन, मोहम्मदी और गोला रेंज, कतर्नियाघाट (बहराइच) और पीलीभीत बाघ अभयारण्य (पीटीआर) में एक साथ किया जाएगा। पाठक ने बताया कि डेटा ऑपरेटरों का एक प्रशिक्षण सत्र 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा, क्योंकि इस साल गिनती का काम एक डिजिटल प्लेटफॉर्म ऐप के जरिए किया जाएगा और पहले की तरह मैनुएल (हाथ से) जानकारी नहीं भरनी होगी। उन्होंने कहाकि आंकड़ों की सटीकता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए, मास्टर प्रशिक्षकों (18 वन प्रभागों के 36 वन अधिकारियों) का प्रशिक्षण छह और सात दिसंबर को दुधवाकतर्नियाघाट में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहाकि ये मास्टर-प्रशिक्षक आकलन कार्य में सक्रिय रूप से लगे कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहाकि कैमरा ट्रैप और क्षेत्र पर सर्वेक्षण के माध्यम से आठ दिनों तक चलने वाले गणना के काम के लिए उपयुक्त स्थानों पर लगभग 2,600 कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें दुधवा और कतर्नियाघाट के ब्लॉक की गिनती के लिए 1,340 कैमरे और शेष कैमरे अन्य ब्लॉक में लगाए जाएंगे। पाठक ने कहा, आठ दिनों तक आकलन कार्य जारी रहेगा और इस दौरान मांसाहारी, खुर वाले जानवरों और हाथियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्र पर एकत्र किए गए आंकड़ों का बाद में सांख्यिकीय अध्ययन के माध्यम से विश्लेषण किया जाएगा, ताकि दुधवा और अन्य हिस्सों में बाघों की अनुमानित संख्या का पता लगाया जा सके। इससे पहले, 2021 में की गई बाघों की गिनती के अनुसार दुधवा बाघ अभयारण्य में बाघों की अनुमानित संख्या 107 है।



# वन अनुसंधान संस्थान पांच दिसंबर तक पर्यटकों के लिए बंद किया गया

भाषा। देहरादून

**वन अनुसंधान** संस्थान को एहतियात के तौर पर शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के पुराने छात्रावास को सूक्ष्म निषिद्ध क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद उक्त कदम उठाया गया है। लखनऊ में प्रशिक्षण के बाद लौटे कुल 48 आईएफएस अधिकारियों में से बृहस्पतिवार को 11 की कोविड जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पुराने छात्रावास को सूक्ष्म निषिद्ध क्षेत्र में बदल दिया गया है और सभी संक्रमित अधिकारियों को छात्रावास में ही पृथकवास में रखा गया है। यह छात्रावास वन अनुसंधान संस्थान के परिसर में स्थित है। एफआरआई के एक अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर वन अनुसंधान संस्थान पांच दिसंबर तक पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।

## दिग्गज गीतकार स्टीफन सोंडहेइम का निधन

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के दिग्गज गीतकार स्टीफन सोंडहेइम का निधन हो गया है। वह 91 वर्ष के थे। उन्होंने 20वीं सदी के उत्तरार्ध में जटिल तुकबंदी वाले गीतों, मंत्रमुग्ध करने वाली धुनों और असामान्य विषयों को सहजता से पेश करने की अपनी इच्छाशक्ति के जरिए अमेरिकी संगीत रंगमंच को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। डीसीकेओएंडएम के अध्यक्ष रिक मिरेमोंटेज ने सोंडहेइम के निधन की जानकारी दी। टेक्सास में रहनेवाले सोंडहेइम के अटॉर्नी रिक पैपस ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि कनेक्टिकट के रॉक्सबरी में अपने आवास पर शुक्रवार को सोंडहेइम ने अंतिम सांस ली। उन्होंने कंपनी, फॉलीज और स्वीनी टॉड में अपने बेहतरीन काम के जरिए रंगमंच गीतकारों की कई पीढ़ियों को प्रभावित किया।

# उत्तराखंड के गाँव में नीचे की ओर खिसक रहे घर

## मानव बस्ती के लिए खतरा : विशेषज्ञ

भाषा। पिथौरागढ़

**जिले के** धारचूला उपमंडल में दारमा घाटी का पहला गाँव दार जमीन की सतह कमजोर होने के कारण धीरे-धीरे ढलान से नीचे की ओर खिसक रहा है और यह स्थिति मानव बस्ती के लिए खतरा है। जिला प्रशासन के आदेश पर गाँव का सर्वेक्षण करने वाले एक भूविज्ञानी ने यह बात कही है। गाँव का सर्वेक्षण करने वाले भूविज्ञानियों की टीम का नेतृत्व करने वाले प्रदीप कुमार ने शनिवार को कहा, गाँव में रहनेवाले कुल 150 में से कम से कम 35 परिवारों को तुरंत स्थानांतरित करने की आवश्यकता है क्योंकि वे जिन घरों में रहते हैं वे धीरे-धीरे ढलान से नीचे खिसक रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाँव के नीचे की ओर खिसकने का कारण भूमिगत जल निकायों के नीचे की ओर रास्ता बनाने के अलावा सोबला-टिडांग मार्ग पर चौड़ीकरण का काम है जिसके परिणामस्वरूप उस भूमि की सतह कमजोर हो रही है, जिस पर गाँव स्थित है। कुमार ने कहा कि लगभग 200 साल पहले भूस्खलन के चलते ए जल निकाय कई टन मलबे में दब गए थे तथा ए धीरे-धीरे नीचे की ओर जा रहे हैं जिससे मिट्टी की ऊपरी परत और भी कमजोर हो गई है। उन्होंने कहा, "गाँव भूस्खलन के मलबे पर स्थित है और मिट्टी पहले से ही कमजोर है, जिसके नीचे कोई कठोर चट्टान नहीं है। कुमार ने कहा कि धारचूला और मुनस्यारी उपमंडलों के करीब 200 गांव सदियों से आसपास की पहाड़ियों में भूस्खलन के बाद जमा हुए मलबे पर स्थित हैं और भूस्खलन के लिहाज से ए अत्यधिक संवेदनशील हैं। दार गांव की प्रधान सविता देवी ने गांव के कुछ घरों के नीचे की तरफ खिसकने की शिकायत प्रशासन को पत्र लिखकर की थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने प्रदीप कुमार के नेतृत्व में भूवैज्ञानिकों की एक टीम को गाँव में सर्वेक्षण के लिए भेजा था। ग्राम प्रधान ने कहा, खतरे से जुड़े इन घरों में रह रहे लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर भेजे जाने की आवश्यकता है क्योंकि विपदा किसी भी समय आ सकती है। धारचूला के एसडीएम एके शुक्ला ने कहा कि भूवैज्ञानिकों की टीम से सर्वेक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्वाई की जाएगी।



मुंबई में शनिवार को बांद्रा में अपनी कार से उतरतीं अभिनेत्री नोरा फतेही

# सकारात्मक वृद्धावस्था के लिए मंत्रों को साझा किया गया

## नई किताब

भाषा। नई दिल्ली

**एक नई** किताब में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी मशहूर हस्तियों, चिकित्सकों, कलाकारों, वकीलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के रूप में सक्रिय रहे प्रख्यात लोगों की 50 कहानियां शामिल की गई हैं जो 75 साल से अधिक उम्र हो जाने के बाद भी समाज में किसी न किसी तरह से योगदान देते रहे हैं। मंत्राज फॉर पॉजिटिव एजिंग पुस्तक में इस मान्यता पर विचार किया गया है कि महामारी के बाद की दुनिया में इन लोगों के अनुभव की आवश्यकता है और संकलन अपने पाठकों से पूछता है कि जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती जाएगी, क्या आप आशावादी, युवा और ऊर्जावान बने रहने में रुचि रखेंगे? इनमें नेता कर्ण सिंह, मार्गरेट अल्वा और मणिशंकर अय्यर, लैंगिक अर्थशास्त्री देवकी जैन, वकील फली एस नरीमन, अभिनेत्री सुषमा सेठ और कार्यकर्ता सैयदा हमीद, सुभाषिनी अली, सुंदरलाल बहुगुणा, कमला भसीन और महात्मा गांधी की पोती तारा गांधी भट्टाचार्जी शामिल हैं। पिप्पा रन बुक्स एंड मीडिया द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) गिल्ड ऑफ सर्विस की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में लाई गई है और इसे संगठन की संस्थापक अध्यक्ष वी मोहिनी गिरि और कार्यकारी उपाध्यक्ष मीरा खन्ना ने सह-संपादित किया है। बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा ने इसकी प्रस्तावना लिखी है। उन्होंने इसमें कहा है कि पुस्तक में शामिल कई लेखक ऐसे दोस्त हैं जिन्हें मैं वर्षों से जानता हूं और हम एक साथ बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपना जीवन सार्थक रूप से जिएं और दूसरों को नुकसान पहुंचाने से बचें। गिरि ने कहा, सभी लेखक परिवर्तन की तलाश में रहे हैं और आज हम उनकी ताकतों का जश्न मनाते हैं। समाज के लिए खासा योगदान देने में उनकी ताकत और... उन्हें यह साबित करने में मदद की है कि उम्र केवल एक संख्या है। यह संकलन इस संदेश के साथ है कि आसमान उनकी हद है और पृथ्वी का विशाल क्षेत्र उनके लिए खेल का मैदान रहा।

# अक्षर-अश्विन की फिरकी में फंसे कीवी

## ● पहला टेस्टः भारत ने न्यूजीलैंड पर शिकंजा कसा, 63 रन की बढ़त

**भाषा।** कानपुर





बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के पांच विकेट की मदद से भारत ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को न्यूजीलैंड को पहली पारी में 296 रन पर आउट करके बढ़त ले ली हालांकि दूसरी पारी में मेजबान ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का विकेट जल्दी गंवा दिया। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत का स्कोर एक विकेट पर 14 रन था और कुल बढ़त 63 रन की हो गई है।

गिल दूसरे ही ओवर में एक के स्कोर पर काइल जैमीसन का शिकार हुए। चेतेश्वर पुजारा नौ और मयंक अग्रवाल चार रन बनाकर खेल रहे थे। तीसरे दिन का खेल भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय एक विकेट पर 196 रन था लेकिन बाद में नौ विकेट सौ रन के भीतर गिर गए। अक्षर ने दूसरे सत्र में उम्दा गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को दबाव में ला दिया था। उन्होंने आखिरी सत्र में भी दो विकेट लिए। भारत को मैच में लौटाने का श्रेय वैसे उमेश यादव को जाता है जिन्होंने लंच से ठीक पहले केन विलियमसन को सस्ते में आउट करके मेजबान को राहत दिलाई थी। अक्षर ने 34 ओवर में 62 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दूसरे सत्र में 13 रन के भीतर रोस टैलर (11), हेनरी निकोल्स (दो) और टॉम लाथम (282 गेंद में 95 रन) को पवेलियन भेजा। आखिरी सत्र में उन्होंने टॉम ब्लंडेल (13) और टिम साउदी (पांच) को बोल्ड किया। अश्विन ने 42.3 ओवर में 82 रन देकर तीन विकेट लिए। रविंद्र जडेजा ने रचिन रविंद्र (13) को आउट किया इससे पहले उमेश ने दूसरी नई गेंद से कामयाबी हासिल की और आफ स्टम्प पर जाती उनकी गेंद पर विलियमसन चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए। उन्होंने 64 गेंदें खेलकर 18 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में 68 रन जोड़े। सलामी बल्लेबाज विल यंग पहले टेस्ट शतक से चूक गए और 218 गेंद में 89 रन बनाने के बाद अश्विन का शिकार हुए। विलियमसन क्रीज पर आने के बाद से सहज नहीं दिखे। उन्होंने हालांकि रविंद्र जडेजा को दो चौके लगाकर दबाव कम करने का प्रयास किया। अश्विन ने यंग को स्थानापन्न विकेटकीपर श्रीकर भरत के हाथों लपकवाया। यंग और लाथम ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। यंग ने अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 15 चौके लगाए। वहीं लाथम ने फ्रंटफुट पर शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। दूसरे सत्र में अक्षर ने शानदार गेंदबाजी की और बेहद खूबसूरत गेंद पर टेलर को आगे बढकर खेलने को मजबूर किया जिनका कैच विकेट के पीछे श्रीकर भरत ने लपका। निकोल्स स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए। वहीं लाथम को भी आगे बढकर खेलने का खामियाता भुगतना पड़ा और भरत ने स्टम्पिंग करने में चूक नहीं की। पहले सत्र के दौरान अश्विन और अंपायर नितिन मेनन के बीच बहस भी हुई। इससे पहले अश्विन जब विलियमसन को गेंदबाजी कर रहे थे तो उनके फॉलोथ्रू को लेकर मेनन ने ऐतराज जताया। अश्विन फॉलोथ्रू में डेंजर एरिया में जा रहे थे और अंपायर ने उन्हें कई बार टोका। अंपायर का कहना था कि वह सामने आएंगे तो उन्हें फैसले लेने में दिक्कत होगी क्योंकि कुछ नजर नहीं आएगा। अश्विन और कप्तान अजिंक्य रहाणे से बात करने के बाद मामला सुलझ गया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी** : 345 रन, **न्यूजीलैंड पहली पारी** : टॉम लाथम स्ट सब (केएस भरत) ओ अक्षर पटेल 95, विल यंग का सब (केएस भरत) बो अश्विन 89, केन विलियमसन पगबाधा बो यादव 18, रॉस टेलर का सब बो अक्षर पटेल 11, निकोल्स पगबाधा बो अक्षर पटेल 02, ब्लंडेल बो अक्षर पटेल 13, रविंद्र बो रविंद्र जडेजा 13, जैमीसन का अक्षर पटेल बो अश्विन 23, साउदी बो अक्षर पटेल 05, सोमरविले बो अश्विन 06, एजाज पटेल नाबाद 05, अतिरिक्त : 16 रन, कुल योग : 142.3 ओवर में सभी आउट : 296 रन, विकेट पतन : I-151, 2-197, 3-214, 4-218, 5-227, 6-241, 7-258, 8-270, 9-284, गेंदबाजी : ईशांत 15-5-35-0, यादव 18-3-50-1, अश्विन 42.3-10 -82-3, जडेजा 33-10-57-1, पटेल 34-6-62- 5 **भारत दूसरी पारी** : मयंक नाबाद 4, गिल बो जैमीसन 1 , पुजारा नाबाद 9, अतिरिक्त : 0 , कुल योग : पांच ओवर में एक विकेट पर 14 रन, विकेट पतन :1-2, गेंदबाजी : साउदी 2-1-2 . 0, जैमीसन 2- 0- 8-1, पटेल 1-0 -4 -0

## खुद को सीमित ओवरों का विशेषज्ञ गेंदबाज के तौर पर कभी नहीं देखा थाः अक्षर

**कानपुर।** अपनी शुरूआती सात टेस्ट पारियों (चार मैच) में 32 विकेट झटकने वाले अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी सफलता का राज, खेल में उनके कौशल का लुत्फ उठाना है और उन्हें टी20 विशेषज्ञ नहीं कहा जा सकता है। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 62 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे भारतीय टीम मैच में वापसी करने में सफल रही। महज सात पारियों में उन्होंने पांचवीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने भले ही स्पिनरों की मददगार पिचों पर गेंदबाजी की हो लेकिन यह किसी अविश्वसनीय उपलब्धि की तरह है। गुजरात के इस गेंदबाज ने कहा, जब भी मैंने प्रथम श्रेणी या भारत ए खेला हूं, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मैंने खुद को कभी भी सफेद गेंद (सीमित ओवर का प्रारूप) के विशेषज्ञ के रूप में नहीं देखा है। यह सब बातें दिमाग में होती है कि आप खुद को क्या समझते हैं। एक सफेद गेंद विशेषज्ञ या लाल गेंद (टेस्ट) विशेषज्ञ। मुझे हमेशा से यह विश्वास था कि जब भी मौका मिलेगा मैं अच्छा करूंगा।

## स्पिनरों से निपटने के लिए स्टीड को श्रेय दिया न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज यंग ने

**कानपुर।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग ने शनिवार को भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी की मुश्किल परिस्थितियों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 89 रन की पारी खेली और स्पिन खेलने की कला सिखाने के लिए अपने कोच गैरी स्टीड को श्रेय दिया। यंग (29 वर्ष) ने अपनी पारी के दौरान 14 बार गेंद सीमारेखा के पार कराई। उन्होंने कहा कि स्टीड के साथ अपने करियर के शुरूआती दिनों में की गई कड़ी मेहनत ने उन्हें स्पिन गेंदों का डटकर सामना करने में मदद की। उन्होंने यहां वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, तीन या चार साल हो चुके हैं। मैंने उनसे कुछ साथी खिलाड़ियों के साथ भारत में स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी करने की कला के बारे में सीखा था। यंग ने कैंटरबरी क्रिकेट क्लब के साथ अपनी ट्रेनिंग की याद करते हुए कहा, एक समय ऐसा भी था जब गैरी और मैं करीब दो हफ्ते तक ट्रेनिंग कर रहे थे और इसमें से एक ड्रिल ऐसी थी कि मुझे फ्रंट पैड के बिना ही स्वीप करना था। उन्होंने कहा, यह गेंद स्वीप करने के बारे में था, वर्ना आपको चोट लग जाएगी। इसलिए गैरी ने मुझे यह बात बताई थी और हां, इस पर – स्वीप शॉट – काम जारी है। चोटिल डेवोन कोनवे की जगह टीम में शामिल किए गए यंग शतक से 11 रन से चूक गए। उनकी पारी रविचंद्रन अश्विन ने समाप्त की।

## क्विक न्यूज

### ग्लैडिएटर्स ने टी10 लीग में चौथी जीत दर्ज की

**अबुधाबी।** श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा के शानदार प्रदर्शन के दम पर डेक्कन ग्लैडिएटर्स ने अबु धाबी टी10 लीग मे चेन्नई ब्रेव्स को पांच विकेट से हराकर चौथी जीत दर्ज की। चेन्नई की टीम पहली पारी मे 57 रन ही बना सकी। हसरंगा ने दो ओवर मे नौ रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब मे डेक्कन ने भी रन बनाने की हड़बड़ी में शुरूआती विकेट गंवा दिए। खराब क्षेत्ररक्षण और कैच टपकाने का खामियाजा हालांकि चेन्नई को भुगतना पड़ा। डेविड वीसे और आंद्रे रसेल ने छठे ओवर मे डेक्कन को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

### भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा होगा : बेहार्डिएन

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला फरहान बेहार्डिएन को उम्मीद है कि नए कोरोना वायरस वैरिएंट के कारण भारतीय टीम का अगले महीने का दौरा रद्द नही होगा क्योंकि उनके देश के युवा क्रिकेटरों को इस श्रृंखला की बहुत जरूरत है। भारतीय टीम को जोहानिसबर्ग, सेंचुरियन, पार्ल और केपटाउन में तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी20 मैच खेलने है। नए कोरोना वैरिएंट के चलते दौरा खटाई मे पड़ता दिख रहा है। बीसीसीआई का कहना है कि श्रृंखला पर कोई भी फैसला सरकार की सलाह के आधार पर लिया जाएगा।

### रितु एमएमए फाइनल में फेयरटेक्स का सामना करेंगी

**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व पहलवान रितु फोगाट तीन दिसंबर को वन विमेंस एटम वेट (48 किग्रा वर्ग) वर्ल्ड ग्रां प्री चैंपियनशिप (मिक्स्ड मार्शल आर्ट) फाइनल मे किक-बॉक्सिंग विश्व चैंपियन थाईलैंड की स्टैम्प फेयरटेक्स से भिड़ेंगी। फेयरटेक्स मॉय थाई की पूर्व विश्व चैंपियन भी है। मॉय थाई भी मार्शल आर्ट का एक रूप है जिसकी उत्पत्ति थाईलैंड मे हुई थी। इसे आठ अंगो की कला कहा जाता है। विश्व रैंकिंग मे चौथे स्थान पर काबिज रितु ने कहा कि वह सिंगापुर इंडोर स्टेडियम मे 48 किग्रा वर्ग के अपने आगामी मुकाबले की तैयारी मे कोई कसर नही छोड़ रही है।

### इटली और पुर्तगाल विश्व कप प्लेआफ में एक ही ड्रा में

**जिनेवा।** कतर मे 2022 मे होने वाले फुटबॉल विश्व कप मे या तो इटली की टीम खेलेगी या क्रिस्टियानो रेनाल्डो की पुर्तगाल टीम। मौजूदा यूरोपीय चैम्पियन इटली और पूर्व चैम्पियन पुर्तगाल को शुक्रवार को निकाले गए प्लेआफ ड्रॉ में एक ही वर्ग मे रखा गया है यानी एक का बाहर होना तय है। इटली को मार्च मे प्लेआफ सेमीफाइनल मे नॉर्थ मेसेडोनिया से खेलना है।इसके विजेता का सामना विश्व कप मे जगह बनाने के लिए पुर्तगाल या तुर्की से होगा।

### वॉन ने रफीक को आहत करने पर माफी मांगी

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान माइकल वॉन ने काउंटी क्लब यॉर्कशर के प्रतिनिधित्व के दौरान नस्लवादी टिप्पणी करने से इनकार किया लेकिन इस मामले में आहत हुए अजीम रफीक से माफी मांगी। रफीक के आरोपों के बाद नस्लवाद को लेकर इंग्लैंड क्रिकेट सुर्खियों में है और इस मामले के बाद बीबीसी ने वॉन को अपने एक कार्यक्रम से बाहर कर दिया।

अदिति संयुक्त 22वें जबकि त्वेसा संयुक्त 55वें स्थान पर

## आईसीसी ने नए कोविड-19 वैरिएंट के आने के बाद महिला विश्व कप क्वालीफायर रद्द किए

**भाषा।** दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफ्रीकी क्षेत्र में कोविड-19 के नए स्वरूप का पता चलने के बाद अगले साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप के लिए हरारे में चल रहे क्वालीफायर शनिवार को रद्द कर दिए जिससे रैंकिंग के आधार पर पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश ने क्वालीफाई किया। दक्षिण अफ्रीका में नए स्वरूप के पता चलने के बाद दुनिया भर में डर पैदा हो गया है जिससे कई अफ्रीकी देशों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट को रोकने का फैसला उसकी इस चिंता के आधार पर लिया गया है कि ओमीक्रोन स्वरूप के बढ़ने के बाद इसमें भाग लेने वाली टीमें वापस कैसे लौटेंगी। यह फैसला नौ टीमों के शुरूआती लीग चरण के टूर्नामेंट के दौरान लिया गया है जिससे न्यूजीलैंड में होने विश्व कप 2022 विश्व कप के लिए अंतिम तीन क्वालीफायर के साथ आईसीसी महिला चैम्पियनशिप के अगले चक्र के लिए दो अतिरिक्त टीमों का फैसला होता। आईसीसी ने एक बयान में कहा, क्वालीफायर पर फैसला अब टीम रैंकिंग के आधार पर किया जाएगा जैसा की टूर्नामेंट खेलने की शर्तों में जिक्र किया गया है। इसलिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज अब न्यूजीलैंड में होने वाले टूर्नामेंट में क्वालीफाई करेंगी। शनिवार को तीन से दो निर्धारित मैचों का खेल – जिम्बाब्वे बनाम पाकिस्तान और अमेरिका बनाम थाईलैंड – शुरू हो गया था लेकिन दिन का तीसरा मैच वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच नहीं कराया जा सका क्योंकि श्रीलंकाई टीम के सहयोगी कर्मचारी का एक सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। आईसीसी के टूर्नामेंट प्रमुख क्रिस टेटले ने कहा, हम बचे हुए इस टूर्नामेंट को रद्द करके काफी निराश हैं लेकिन इतने कम समय में लगाए गए कई अफ्रीकी देशों

### कोविड-19 के नए स्वरूप के कारण मेजबान दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के आखिरी दो वनडे स्थगित

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका कोविड-19 के नए स्वरूप को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण मेजबान देश और नीदरलैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला को शनिवार को स्थगित कर दी गई। विश्व कप सुपर लीग के तहत खेली जा रही श्रृंखला का पहला एकदिवसीय मैच शुक्रवार को सेंचुरियन में भारी बारिश के कारण रद्द हो गया। अगले दो मैच भी उसी स्थान पर 28 नवंबर और एक दिसंबर को खेले जाने थे।कोविड-19 के नए स्वरूप ओमिक्रोन के आने के बाद दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड कोनिनक्लिजके नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड (केएनसीबी) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने श्रृंखला को स्थगित करने का निर्णय लिया। सीएसए के कार्यकारी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) फोलेत्सी मोसेकी ने कहा, हम इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से निराश है। हमारे लिए हालांकि सभी मेहमान टीमों का ख्याल रखना सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों की मानसिक भलाई सीएसए की सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम दौरा करने वाली टीमों के दृष्टिकोण का सम्मान करते है।

## कृणाल पंड्या ने बड़ौदा की कप्तानी छोड़ी

**वडोदरा।** मुंबई इंडियंस और भारत के हरफनमौला खिलाड़ी कृणाल पंड्या ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम की बेहद खराब अभियान के बाद बड़ौदा के कप्तान का पद छोड़ने का फैसला किया है। बड़ौदा क्रिकेट संघ के अजीत लेले ने बताया कि कृणाल ने शुक्रवार को राज्य निकाय को अपने फैसले से अवगत कराया लेकिन टीम की नेतृत्व की भूमिका छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया। वह एक खिलाड़ी के रूप में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने अपने फैसले से बोर्ड अध्यक्ष को अवगत करा दिया हैं। उनके उत्तराधिकारी का नाम चयनकर्ताओं की कल की बैठक के बाद होगा। इस 30 साल के खिलाड़ी ने भारत के लिए पांच वनडे और 19 टी20 मैच खेले हैं। अगले महीने शुरू होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के लिए केदार देवधर कप्तान के पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। बड़ौदा सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में एक जीत और चार हार के साथ टीम ग्रुप बी में चार अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रही। ईपीएल के नियमित खिलाड़ी दीपक हुड्डा ने पिछले साल कृणाल पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए बड़ौदा टीम का साथ छोड़ दिया था।

## सिंधू व सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में हारी

**भाषा।** बाली



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू को इंडोनिशया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैम्पियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन ने हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी रेचानोक ने 54 मिनट में 15–21, 21–9, 21–14 से हराया। यह लगातार तीसरी बार सिंधू की सेमीफाइनल में हार थी। वह पिछले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स और अक्टूबर में फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हारने से पहले तोक्यो ओलंपिक में भी सेमीफाइनल हार गई थी।

छठी वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी भी सुपर 1000 टूर्नामेंट से बाहर हो गई। दुनिया की 11वीं रैंकिंग की जोड़ी को सेमीफाइनल में मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी से 16 –21 18 –21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की नंबर एक जोड़ी, दो बार की पूर्व आल इंग्लैंड ओपन चैम्पियन और मौजूदा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक जोड़ी के खिलाफ यह भारतीय जोड़ी की लगातार 10वीं हार है। इस तरह 850,000 डालर राशि के टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी खत्म हो गया। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का रेचानोक के खिलाफ इस मैच से पहले 4–6 का रिकॉर्ड था। वह पिछले दो मुकाबले भी हारी थी। सिंधू ने अच्छी शुरूआत करते हुए जल्दी ही 8– 3 की बढ़त बना ली। रेचानोक ने यह अंतर 9–10 कर दिया और ब्रेक तक सिंधू के पास एक ही अंक की बढ़त थी। ब्रेक के बाद सिंधू ने लगातार तीन अंक बनाए और रेचानोक को मौका नहीं देकर पहला गेम जीत लिया। इसके बाद दूसरे गेम में रेचानोक ने ब्रेक तक 11–7 की बढ़त बना ली। अगले दस में से नौ अंक भी उसने अपने नाम करके दूसरा गेम जीत लिया। तीसरे गेम में सिंधू ने कई गलतियां की जिसका थाई खिलाड़ी ने फायदा उठाया। सिंधू आखिरी बार स्विस ओपन के फाइनल में पहुंची थी।

## सरबजोत ने 10 मीटर एयर पिस्टल, शिव ने जूनियर एवं युवा वर्ग में स्वर्ण जीता



● राष्ट्रीय निशानेबाजी

**भाषा।** नई दिल्ली

**हरियाणा** के सरबजोत सिंह ने अपने छोटे से करियर में पहली बार पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा जीतकर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब शनिवार को अपने नाम किया, जबकि युवा सनसनी सौरभ चौधरी यहां चौथे स्थान पर रहे। सरबजोत 24 निशाने के फाइनल के अंतिम दो शॉट से पहले अपने राज्य के साथी शिव नरवाल से 0.5 अंकों से पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने 10 और 10.5 के स्कोर से यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में 242.3 अंक जुटाकर विजई हुए। शिव ने इस दौरान 10.1 और 9.3 अंक का स्कोर किया। वह 241.7 अंक के साथ रजत पदक जीते। दिल्ली के हर्ष गुप्ता (221.2) तीसरे जबकि शीर्ष रैंकिंग और एशियाई चैम्पियन सौरभ 200.9 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। शिवा ने हालांकि जूनियर पुरुष वर्ग के फाइनल में सौरभ चौधरी को 0.2 अंक के मामूली अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने फाइनल में 246.7 अंक बनाए जो नया राष्ट्रीय रिकार्ड भी हैं।

## सुपर सब केएस भरत ने किया प्रभावित, दूसरे विकेटकीपर के लिए साहा के सामने प्रतिस्पर्धी

**भाषा।** कानपुर



**रिद्धिमान साहा** के लिए अपने 11 साल के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अहम चीज उनकी शानदार विकेटकीपिंग रही है जो अब भी अच्छी है लेकिन स्थानापन्न विकेटकीपर के तौर पर विकेटों के पीछे श्रीकर भरत की काबिलियत बंगाल के 37 साल के विकेटकीपर के लिए रातों की नींद गंवाने के लिए काफी है। इससे भी खराब बात साहा का गलत समय पर चोटिल होना भी उनके खिलाफ ही जा रहा है और साथ ही उनकी बल्लेबाजी भी ऋषभ पंत के भारतीय टेस्ट प्रारूप में आने के बाद खराब ही होती जा रही है। शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से कुछ ही मिनट पहले साहा ने गर्दन में जकड़न की शिकायत की और दूसरे विकेटकीपर भरत को स्थानापन्न के तौर पर उतारा गया। पिच पर असमान उछाल था और भरत ने 85.3 ओवर के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दो बहुत ही अलग तरीके से कैच लपके, साथ ही स्टंपिंग के चतुर रिफलेक्स भी दिखाए जो असमान उछाल के कारण गलत भी हो सकते थे। पिछले तीन वर्षों से भारत ए टीम का हिस्सा रहे 28 साल के भरत के प्रदर्शन के बारे में जब दिन के नायक अक्षर पटेल से पूछा तो उन्होंने कहा, यह आसान नहीं है जब आप अंतिम 11 खिलाड़ियों में शामिल नहीं हो, और फिर अचानक से आपको खेलने के लिए कह दिया जाए। उन्होंने कहा, रिद्धि भाई की गर्दन में जकड़न थी और वह (भरत) अभ्यास और वार्मअप कर रहा था और मैच शुरू होने से 10 मिनट पहले ही उसे मैच में खेलने के लिए कहा गया। यह इतना आसान नहीं है।

## जोकोविच के दम पर सर्बिया ने डेविस कप फाइनल्स में आस्ट्रिया को हराया



**इंसब्रक (आस्ट्रिया)।** शीर्ष रैंकिंग वाले नोवाक जोकोविच ने डेविस कप फाइनल्स में सर्बिया को जीत दिलाई जबकि 40 वर्ष के फेलिसियानो लोपेज ने गत चैम्पियन स्पेन को शानदार शुरूआत दिलाई और युवा इतालवी टीम ने 32 बार के चैम्पियन अमेरिका को हराया। जोकोविच ने डेनिस नोवाक को 6-3, 6-2 से मात देकर सर्बिया को मेजबान आस्ट्रिया पर 2- 0 से बढत दिलाई। वही दुसान लाजोविच ने गेराल्ड मेल्जर को तीन सेटों में हराया। डेविस कप एकल मैचों में जोकोविच का विजय अभियान 15 मैचों का हो गया है। वही मैड्रिड में ग्रुप ए के मुकाबले में स्पेन को इक्काडोर पर बढत मिल गई जब लोपेज ने राबर्टो क्विरोज को 6-3, 6-3 से मात दी। पाब्लो करेनो बस्टा ने इसके बाद एमिलियो गोमेज को हराया। लोपेज को एकल मुकाबला इसलिए खेलना पड़ा क्योंकि कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण कार्लोस अलकाराज टीम से बाहर हो गए थे। ग्रुप ई में अमेरिका को इटली ने हराया। लोरेंजो सोनेगो ने रीली ओपेलका को 6-3, 7-6 से मात दी जबकि जानिक सिनेर ने जॉन इसनेर को 6-2, 6-0 से हराया। युगल में राजीव राम और जैक सॉक ने फेबियो फोगनिनी और लोरेंजो मुसेती को हराकर स्कोर 2-1 कर दिया।

## फ्रांस से हार बाद मनप्रीत और हरमनप्रीत की उत्साहवर्धक बातों ने जूनियर हॉकी टीम में भरा जोश

**भुवनेश्वर।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह और स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की उत्साहवर्धक बातो ने यहां एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में फ्रांस के खिलाफ निराशाजनक हार के बाद गत चैंपियन भारतीय टीम के खिलाड़ियो का मनोबल बढ़ाने मे मदद की। गत चैम्पियन भारत को इस बार भी खिताब का दावेदार माना जा रहा है लेकिन टूर्नामेंट के पहले मैच मे फ्रांस से 4-5 से हारने के बाद टीम ने कनाडा के खिलाफ शानदार वापसी की और 13-। की बड़ी जीत दर्ज की। मनप्रीत ने शनिवार को यहां ऑनलाइन मीडिया सम्मेलन मे कहा, मैंने उन्हे सिर्फ खुद पर विश्वास करने और एक टीम के रूप मे खेलने के लिए कहा था। उनमे संघर्ष की भावना बहुत अधिक है। मैंने सिर्फ उनके अपने खेल पर ध्यान देने का सुझाव दिया। हम उनसे लगातार बात कर रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा, मैंने पहले मैच के बाद (कप्तान) विवेक (सागर प्रसाद) से बात की और उन्हें मैदान में आगे बढ़कर नेतृत्व करने की सलाह दी।

## महिलाओं की चैलेंजर ट्राफी चार दिसंबर से विजयवाड़ा में, स्टार खिलाड़ियों को आराम





**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार खिलाड़ियों जैसे शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना को शनिवार को चैलेंजर ट्राफी के लिए आराम दिया गया है जो चार दिसंबर से भारत ए और भारत बी की भिड़ंत के साथ शुरू होगी। चार टीम के टूर्नामेंट के सभी मैच विजयवाड़ा मे खेले जाएंगे जो नौ दिसंबर को समाप्त होगा। भारत ए की अगुआई स्नेह राणा और भारत बी की अगुआई तानिया भाटिया करेंगी। भारत सी की कप्तान शिखा पांडे होंगी जबकि भारत डी का नेतृत्व पूजा वस्त्राकर करेंगी। भारत सी और भारत डी टीम के बीच पहला मैच भी चार दिसंबर को ही होगा। मंधाना और शेफाली के अलावा अन्य स्टार खिलाड़ियों मे हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स भी इस टूर्नामेंट में नही खेलेंगी। ये सभी खिलाड़ी आस्ट्रेलिया में महिला बिग बैश लीग में खेली थी। भारत डी की टीम मे 13 खिलाड़ी है जबकि अन्य तीन टीम मे 15-15 खिलाड़ियों को चुना गया है।

# महिला युगल, मिश्रित युगल पैडलर क्वार्टर फाइनल में

## ● टेबल टेनिस विश्व चैम्पियनशिप

**भाषा।** ह्यूस्टन



मनिका बत्रा विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के महिला युगल और मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जिससे भारत ऐतिहासिक पदक से सिर्फ एक जीत दूर है। मनिका और अर्चना कामथ ने हंगरी की डोरा माडाराज और जॉर्जिना पोटा को 11–4, 11– 9, 6–11, 11–7 से हराया। अब उनका सामना लक्जेमबर्ग की सारा डे नुटे और शिया लियान नि से होगा। सेमीफाइनल हारने वाले को भी कांस्य पदक मिलेगा। मिश्रित युगल में मनिका और जी साथियान ने दो गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की कनक झा और चीन के वांग मानयु को हराया। उन्होंने 15–17, 10–12, 12–10, 11– 6, 11– 7 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना जापान के हारिमोतो तोमोकाजू और हयाता हीना से होगा। यह शानदार टूर्नामेंट रहा है। मजबूत टीम के खिलाफ हमने अच्छी वापसी की। हम इस लय को कायम रखना चाहेंगे। जापानी जोड़ी के खिलाफ मुकाबला कठिन होगा लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मिश्रित युगल में अचंत शरत कमल और अर्चना को प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की जिया नान युआन और एमैन्युअल लेबेसन ने हराया।

## बांग्लादेश पहली पारी में 330 रन पर सिमटा पाकिस्तान की अच्छी शुरूआत

**भाषा।** चटगांव

**पाकिस्तान ने** तेज गेंदबाज हसन अली के पांच विकेट की बदौलत शनिवार को यहां शुरूआती टेस्ट के दूसरे दिन बांग्लादेश को पहली पारी में 330 रन पर समेटकर बिना विकेट गंवाए 145 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज आबिद अली और पदार्पण कर रहे अब्दुल्ला शफीक ने बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर दूसरे और तीसरे सत्र में बढ़िया बल्लेबाजी की जिससे पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश से 185 रन से पिछड़ रही है। आबिद ने साथ ही अपने 15वें टेस्ट में 1000 रन भी पूरे किए और स्टंप तक 93 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे वह अपने चौथे शतक के करीब हैं। शफीक ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया और वह नाबाद 52 रन बनाकर खेल रहे हैं। सुबह बांग्लादेश ने चार विकेट पर 253 रन से आगे खेलना शुरू किया। लेकिन अली ने दूसरे दिन चार विकेट झटक लिए जिससे बांग्लादेश की टीम बाकी के छह विकेट गंवाकर महज 77 रन ही जोड़ सकी। अली ने छठी बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया जिसमें उन्हें नई गेंद के जोड़ीदार शाहीन शाह अफरीदी का पूरा साथ मिलका जिन्होंने 70 रन देकर दो विकेट झटके और मध्यम गति के गेंदबाज फहीम अशरफ ने 54 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास 114 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।